सीमा सन्देश # नोहर । पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये गये। क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्योरानी, दलपतपुरा, पदमपुरा व उज्जलवास में शिविर लगाये गये। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। श्योरानी में प्रधान सोहन ढिल द्वारा प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किये गये। इसके अलावा अनेक कार्य मौके पर निपटाये गये। शिविरों का अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजू पारीक ने निरीक्षण भी किया। उन्होंने शिविरों में होने वाले कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दीं। एडीएम ने शिविरों में होने वाले कार्य मौके पर ही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करें। विकास अधिकारी पवन कुमार ने शिविरों में होने वाले कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि शिविरों में सरकार द्वारा तय किये गये कार्य मौके पर हो रहे है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीण मौके पर ही लाभान्वित हो रहे है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बजरंग लाल, नायब तहसीलदार हनुमान पूनिया, सहायक कृषि निदेशक रामप्रताप गोदारा, ग्राम विकास अधिकारी पालाराम, जसवंतराम, लक्ष्मणराम, गजेन्द्रसिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।





Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

**तेज** | हनुमानगढ़ जंक्शन | गुरुवार, 3 जुलाई 2025 | हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, रावतसर, न

# 20 वर्षों से लंबित खाता विभाजन का हुआ समाधान, भाइयों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**» विरासत नामांतरण से खुश हुए वारिस, अंत्योदय पखवाड़ा बना राहत का माध्यम**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित राजस्व मामलों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 2 जुलाई 2025 को ग्राम पंचायत 6-8 एल.एल.डब्ल्यू. में आयोजित शिविर कई किसानों के लिए राहत और समाधान की सौगात लेकर आया। शिविर में असगर अली, आसम अली, हाकम अली व हैदर अली पुत्र अली मोहम्मद का लगभग 20 वर्षों से लंबित खाता विभाजन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण रुका हुआ था। यह मामला न केवल भाइयों के आपसी संबंधों में दूरी का कारण बना हुआ था, बल्कि सरकारी योजनाओं से भी उन्हें वंचित कर रहा था। तहसीलदार हरीश सारण के पर्यवेक्षण में गिरदावर सुरेश स्वामी, हल्का पटवारी मनीषा चौधरी व राजस्व विभाग की टीम ने बैठकर समझाइश कराई, जिससे सहमति बनी और मौके पर ही खाता विभाजन करवा दिया गया। इस निर्णय से सभी भाइयों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उक्त शिविर में रास्ता विवाद एवं शुद्धीकरण संबंधी कई मामलों का भी मौके पर निपटारा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि इकबाल, गमदुर सिंह, हाजी मुंशा, शिवकातुला, आरिफ व अन्य ग्रामीणों ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए इस पहल की सराहना की। इसी दिन ग्राम पंचायत श्रीनगर, तहसील हनुमानगढ़ में आयोजित शिविर में एक और महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ। राजपाल पुत्र राजेश कुमार जाति निवासी 4 सी छोटी, श्रीगंगानगर की ओर से अपने नाना काशीराम पुत्र बस्तीराम की मृत्यु के पश्चात कृषि भूमि पर विरासत नामांतरण की मांग लंबे समय से लंबित थी। नायब तहसीलदार भावना शर्मा के पर्यवेक्षण में भू.अ. निरीक्षक रामकुमार स्वामी, पटवारी श्रवण कुमार व सुनीता ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर मौके पर ही ऑनलाइन नामांतरण दर्ज कर कार्य संपन्न किया। शिविर में सभी विभागों से संबंधित कार्य भी सुचारु रूप से निपटाए गए। तहसीलदार हरीश सारण ने बताया कि सरकार के निर्देशों अनुसार फॉलोअप कैंपों में तुरंत कार्यवाही कर जनता को राहत पहुंचाई जा रही है। इस मौके पर सरपंच नवनीत संधू व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। राजस्व विभाग की तत्परता और प्रशासनिक टीम की सक्रियता से यह शिविर ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण साबित हुआ।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# रासलाना शिविर में 12 किसानों को खाता विभाजन से राहत, 30 से अधिक प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

## राजस्व, कृषि, आवास और खाद्य सुरक्षा योजनाओं से ग्रामीणों को मिला प्रत्यक्ष लाभ



हनुमानगढ़/ भादरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को भादरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रासलाना में शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगाए गए इस शिविर में किसानों व ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में 7 खाता विभाजन प्रकरणों में आपसी सहमति से कार्रवाई की गई, जिससे 12 काश्तकार लाभान्वित हुए। इन खातों का कुल रकबा 17.456 हेक्टेयर रहा। इसके अतिरिक्त रास्ते के 7, सीमाज्ञान के 10, शुद्धि धारा 136 के 2, शुद्धि धारा 166 व एक तरमीम दुरुस्ती का प्रकरण भी मौके पर निस्तारित किया गया। राजस्व विभाग की सक्रियता से वर्षों पुराने कई विवादों का पटाक्षेप हुआ। खाद्य सुरक्षा, पीएम किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों में भी त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र लोगों को योजना का लाभ दिया गया। कृषि विभाग की कृषि पर्यवेक्षक श्रीमती सुनीता पुनिया द्वारा मृदा नमूना संग्रहण के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए, जिससे किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरक उपयोग में सहायता मिलेगी। शिविर में विधायक संजीव बैनीवाल, सरपंच भीमसिंह फड़ोलिया, एसडीएम श्रेय कल्पित श्योराण, तहसीलदार धर्मेन्द्र जांदू, नायब तहसीलदार हरबंसलाल नैण, भू-अभिलेख निरीक्षक कलावती मीणा, पटवारी संदीप सिहाग व अशोक मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकांश प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने सरकार के प्रति आभार जताया।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# शिविर में मिला कन्यादान योजना का लाभ



हनुमानगढ़/ संगरिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत नुकेरां में आयोजित शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आया। शिविर में डीसा सिंह पुत्र लाल सिंह, निवासी नुकेरा को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत उनकी पुत्री गगनदीप कौर के विवाह उपरांत वित्तीय सहायता प्रदान की गई। बीपीएल श्रेणी में आने वाले सिंह द्वारा पूर्व में योजना हेतु आवेदन किया गया था, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों की कमी के चलते प्रकरण लंबित था। शिविर के दौरान ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र ने मौके पर ही दस्तावेजों को पूर्ण करवाया और तत्काल भुगतान स्वीकृति आदेश जारी करवा दिए। लाभ मिलने पर डीसा सिंह ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस योजना से उन्हें संबल मिला है और इस प्रकार के शिविर ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए बहुत सहायक हैं। शिविर में तहसीलदार मोनिका बंसल, सरपंच रणवीर कौर, जसविंदर सिंह बांदर, गिरदावर हनुमान मंडा एवं समाज कल्याण अधिकारी सुभाष चन्द्र सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे और लाभार्थी को योजना की मंजूरी प्रदान की गई।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# बरवाली शिविर में वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा



हनुमानगढ़/नोहर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बरवाली में आयोजित शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया। प्रार्थीगण रोहताश, विनोद कुमार व शंकरलाल पुत्रगण गंगाराम ने वर्षों से लंबित भूमि विवाद के समाधान के लिए शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। रोहिताश ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम 12 एनटीआर व 11 बारानी में संयुक्त खातों में दर्ज थी, जिससे व्यक्तिगत स्वामित्व और उपयोग में वर्षों से कठिनाई हो रही थी। शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर ही सीमा चिन्हित कर खाता विभाजन की प्रक्रिया पूर्ण की। यह त्वरित समाधान प्रार्थियों के लिए राहत का कारण बना। उन्होंने राजस्थान सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस पहल से किसानों को असली संबल मिला है। ग्रामीणों ने भी बताया कि इस प्रकार के कैंप शासन की जमीनी पकड़ और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। शिविर में तहसीलदार बजरंग लाल, एडीओ रणवीर सिंह, गिरदावर निरमा व महावीर, पटवारी राकेश कुमार, सरपंच राजाराम पूनिया, तथा सहयोगी जगदीश प्रसाद और मदन लाल बाना मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

स लाबत खाता विभाजन आपसी था। तहसीलदार हरीश सारण के

# ग्राम पंचायत सिंहपुरा में शिविर का आयोजन




हनुमानगढ़। ग्राम पंचायत सिंहपुरा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार जैन जैन द्वारा किया गया। जिसमें राज्य सरकार एंव केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य से राज्य सरकार द्वारा लगाया गया। पात्र परिवारों को पट्टामय, 40 प्रोपर्टी कार्ड वितरण, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अन्तर्गत सर्वे का पात्र परिवारों के बैंक खाता सत्यापन। शिविर में मौके पर की कई कार्य हो जाने से ग्रामीण बहुत खुश हुए।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# खाराखेड़ा शिविर में आमजन बने टीबी मुक्त भारत के 'निक्षय मित्र'

» 16 विभागों ने दी सेवाए, मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान हुआ लाभान्वित



हनुमानगढ़/टिब्बी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत खाराखेड़ा में आयोजित जनकल्याण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत का ठिकाना बना। 'जन रो हक, जन रे द्वार' और 'अंत्योदय' के संकल्प को साकार करते हुए शिविर में 16 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवा दी। शिविर की खास बात रही कि टीबी मुक्त भारत अभियान में आमजन की भागीदारी भी देखने को मिली। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सीएचसी सुरेवाला की प्रेरणा से ग्रामीणों ने निक्षय मित्र बनकर आगे आते हुए 3 टीबी रोगियों को पोषण सामग्री वितरित कर सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश की। कृषि विभाग की ओर से किसान भूपचंद पुत्र जगमाल (चक 1 सीडीआर) को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। भूपचंद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वह मिट्टी की गुणवत्ता को समझकर सही उर्वरकों का चयन कर सकेंगे और इससे फसल की पैदावार व गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने सरकार और कृषि विभाग का आभार जताया। शिविर के सफल संचालन में शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पतराम गोदारा सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# 25 साल पुराना भूमि विवाद शिविर में सुलझा, राजस्व विभाग की त्वरित कार्यवाही से 36 नामांतरण भी मौके पर स्वीकृत

**इबादत न्यूज**

हनुमानगढ़/रावतसर, 1 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत 6-7 डीडब्ल्यूडी में आयोजित प्रशासनिक शिविर में वर्षों पुराने विवाद का समाधान हुआ। शिविर के दौरान राजस्व विभाग ने करीब 25 वर्षों से लंबित भूमि विभाजन प्रकरण का निस्तारण मौके पर कर दिया। प्रकरण ग्राम 7 डीडब्ल्यूडी के नंदकिशोर व गणेश कुमार पुत्र बृजलाल से जुड़ा था, जिनके बीच संयुक्त कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर लंबे समय



से मतभेद बना हुआ था। शिविर में प्रशासन की पहल एवं समझाइश से दोनों पक्षों में सहमति बनी और विवादित खाता का मौके पर ही विभाजन किया गया। इस समाधान से दोनों पक्षों ने राहत की सांस ली और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

राजस्व टीम में उपखंड अधिकारी संजय अग्रवाल, नायब तहसीलदार देवीलाल बालान, गिरदावर शिवकुमार बिश्नोई और पटवारी राजाराम सहित अन्य मौजूद रहे, जिन्होंने मौके पर तत्परता से कार्यवाही कर यह पुराना विवाद सुलझाया।

इसके अलावा शिविर में 36 लंबित नामांतरण प्रकरणों को भी तत्काल स्वीकृत कर संबंधित लाभार्थियों को राहत दी गई। प्रार्थीगण ने न्यायसंगत समाधान एवं समय पर कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक बन रहे हैं।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

पत्रिका

# लाभान्वित किया

**संगरिया.** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत ग्राम नुकेरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े दौरान डीसासिंह पुत्र लालसिंह निवासी नुकेरां को आर्थिक सहायता से लाभावित किया। उसने अपनी पुत्री गगनदीपकौर के विवाह उपरांत बीपीएल श्रेणी में आवेदन किया था। [पसं.]

03/07/2025 | Hanumangarh Zila |
Page : 10
Source :
https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamScanner

# रासलाना शिविर में 12 किसानों को खाता विभाजन से राहत, 30 से अधिक प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

## राजस्व, कृषि, आवास और खाद्य सुरक्षा योजनाओं से ग्रामीणों को मिला प्रत्यक्ष लाभ



**मरूधर विशेष**

**हनुमानगढ (प्रभु राम) :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को भादरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रासलाना में शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगाए गए इस शिविर में किसानों व ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में 7 खाता विभाजन प्रकरणों में आपसी सहमति से कार्रवाई की गई, जिससे 12 काश्तकार लाभान्वित हुए। इन खातों का कुल रकबा 17.456 हेक्टेयर रहा। इसके अतिरिक्त रास्ते के 7, सीमाज्ञान के 10, शुद्धि धारा 136 के 2, शुद्धि धारा 166 व एक तरमीम दुरुस्ती का प्रकरण भी मौके पर निस्तारित किया गया। राजस्व विभाग की सक्रियता से वर्षों पुराने कई विवादों का पटाक्षेप हुआ।

खाद्य सुरक्षा, पीएम किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों में भी त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र लोगों को योजना का लाभ दिया गया। कृषि विभाग की कृषि पर्यवेक्षक सुनीता पुनिया द्वारा मृदा नमूना संग्रहण के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए, जिससे किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरक उपयोग में सहायता मिलेगी। शिविर में विधायक संजीव बैनीवाल, सरपंच भीमसिंह फड़ोलिया, एसडीएम श्रेय कल्पित श्योराण, तहसीलदार धर्मेन्द्र जांदू, नायब तहसीलदार हरबंसलाल नैण, भू-अभिलेख निरीक्षक कलावती मीणा, पटवारी संदीप सिहाग व श्री अशोक मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकांश प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने सरकार के प्रति आभार जताया।

Scanned with CamScanner

मरूधर विशेष

# बरवाली शिविर में वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा, किसानों को राहत



## मरूधर विशेष

**हनुमानगढ (प्रभु राम):** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बरवाली में आयोजित शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया। प्रार्थीगण रोहताश, विनोद कुमार व शंकरलाल पुत्रगण गंगाराम ने वर्षों से लंबित भूमि विवाद के समाधान के लिए शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। रोहिताश ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम 12 एनटीआर व 11 बारानी में संयुक्त खातों में दर्ज थी, जिससे व्यक्तिगत स्वामित्व और उपयोग में वर्षों से कठिनाई हो रही थी। शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर ही सीमा चिन्हित कर खाता विभाजन की प्रक्रिया पूर्ण की। यह त्वरित समाधान प्रार्थियों के लिए राहत का कारण बना। उन्होंने राजस्थान सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस पहल से किसानों को असली संबल मिला है। ग्रामीणों ने भी बताया कि इस प्रकार के कैंप शासन की जमीनी पकड़ और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। शिविर में तहसीलदार बजरंग लाल, एडीओ रणवीर सिंह, गिरदावर निरमा व महावीर, पटवारी राकेश कुमार, सरपंच राजाराम पूनिया, तथा सहयोगी जगदीश प्रसाद और मदन लाल बाना मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# शिविर में मिला कन्यादान योजना का लाभ, पिता ने जताया आभार



## मरूधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम) :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत नुकेरां में आयोजित शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आया। शिविर में श्री डीसा सिंह पुत्र लाल सिंह, निवासी नुकेरा को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत उनकी पुत्री गगनदीप कौर के विवाह उपरांत वित्तीय सहायता प्रदान की गई। बीपीएल श्रेणी में आने वाले श्री सिंह द्वारा पूर्व में योजना हेतु आवेदन किया गया था, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों की कमी के चलते प्रकरण लंबित था। शिविर के दौरान ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र ने मौके पर ही दस्तावेजों को पूर्ण करवाया और तत्काल भुगतान स्वीकृति आदेश जारी करवा दिए। लाभ मिलने पर श्री डीसा सिंह ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस योजना से उन्हें संबल मिला है और इस प्रकार के शिविर ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए बहुत सहायक हैं। शिविर में तहसीलदार मोनिका बंसल, सरपंच रणवीर कौर, जसविंदर सिंह बांदर, गिरदावर श्री हनुमान मंडा एवं समाज कल्याण अधिकारी सुभाष चन्द्र सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे और लाभार्थी को योजना की मंजूरी प्रदान की गई।

Scanned with CamScanner



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला -प्रतापगढ़

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक
कांठल की आवाज
प्रतापगढ़

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हुआ स्कूटी वितरण कार्यक्रम







[illegible]

# शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा : राजस्व मंत्री मीणा

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में स्कूटी वितरण



प्रतापगढ़। स्कूटी वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व प्रतिभागीजन।



**नवज्योति ब्यूरो, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। केंद्र सरकार धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत देश के हजारों जनजाति बाहुल्य गांवों में योजनाओं एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न कार्य कर रही है। इसलिए शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा। यह बात राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। मंत्री ने कहा कि राजस्थान को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सतत प्रयासरत हैं। वे भलीभांति जानते हैं कि यह सपना आधी आबादी अर्थात महिला शक्ति के सशक्तिकरण के बिना साकार नहीं हो सकता। इसी दिशा में राज्य सरकार छात्राओं एवं महिलाओं के लिए अनेक लोक कल्याणकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही प्रदेश का समग्र विकास संभव है। राज्य सरकार इस दिशा में प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने कालीबाई भील मेधावी छात्रा व देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के लाभार्थियों को स्कूटी वितरण किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में मंत्री मीणा ने कहा कि अब तक 383 स्कूटी दी गई थी वहीं 2024-25 में 583 दी जाएगी। स्कूटी की बढ़ी हुई संख्या यह इंगित करती है कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर बालिका शिक्षा के लिए प्रयास किए जा रहे है। कार्यक्रम में कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा स्कूटी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर नई ऊंचाइयों को छूएं। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य बनवारीलाल मीणा ने बताया कि सत्र 2021-22 में 246 स्कूटी दी गई थी, 2022-23 में 288 को 9 जुलाई तक दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत वितरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2023-24 सत्र की 383 स्कूटी भी वितरित की जा चुकी है। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर विजयेश कुमार पंड्या, एसीईओ धनदान देथा, समाज सेवी उत्सव जैन, डॉ. नारायणलाल निनामा, रितेश सोमानी, गोपाल धाभाई, धर्मवीर मीणा, उत्सव जैन, कन्हैयालाल मीणा, धनराज मीणा, पार्षद अमित जैन, विकास चनाल, शुभम शर्मा, नवलराम मीणा, श्यामलाल मीणा उदमातीया, विशाल डांगी आदि उपस्थित रहे।



# शिविर का उपखण्ड अधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवज्योति ब्यूरो, प्रतापगढ़।** जिला कलक्टर के निर्देशन में उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्योल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया व शिविर के अंतर्गत हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

**आज यहांलगेंगे शिविर:-** प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा, वजपुरा, गाडरियावास, चित्तौड़िया, धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिहारा, देवपुरा, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोडलपुर, प्रतापगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बोरी, बडीलांक, बरोठा, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुम्हारियों का पठार, भाट भमरिया, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जाजली, बड़वास कलां, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कूपड़ा, केलामेला व छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सूबी, नाराणी व गागरोल में शिविर आयोजित होंगे।

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े शिविर का उपखण्ड अधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया के मार्गदर्शन में जिले भर में ग्राम पंचायत में कार्य योजना के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न सुविधाओं व योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को पखवाड़े के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्योल ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया व शिविर के अंतर्गत हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

## 3 जुलाई को यहां होंगे शिविर



प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 3 जुलाई, गुरुवार को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा, वजपुरा, गाडरियावास, चित्तौड़िया, धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिहारा, देवपुरा, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोडलपुर, प्रतापगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बोरी, बडीलांक, बरोठा, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुम्हारियों का पठार, भाट भमरिया, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जाजली, बड़वास कलां, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कूपड़ा, केलामेला व छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सूबी, नाराणी व गागरोल में शिविर आयोजित होंगे।

पत्रिका

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े में आज यहां लगेंगे शिविर

प्रतापगढ़ @ पत्रिका. पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया के निर्देशन में पखवाड़े के तहत मंगलवार को धमोत्तर की चिकलाड, देवगढ़ व सुहागपुरा की पण्डावा में, प्रतापगढ़ की बजरंगगढ़, पीलू, पानमोड़ी, दलोट की चौखली पीपली, आम्बीरामा, अरनोद की बेड़मा, मण्डावरा, पीपलखूंट कालीघाटी, बावड़ी, छोटीसादड़ी की ग्राम पंचायत हडमतिया जागीर, चांदोली व बम्बोरी में शिविर आयोजित होंगे।

01/07/2025 | Chittorgarh | Page : 2

Source : https://epaper.patrika.com/

### प्रतापगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत स्कूटी वितरण कार्यक्रम

# शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा, जनजाति क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार: मंत्री





पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का किया निरीक्षण



[illegible]



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बूंदी

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को आयोजित होगा दिव्यांगता शिविर



**नोताडा.** रेबारपुरा में आयोजित शिविर में पट्टे वितरण करते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बूंदी.** पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल योजना के तहत सामान्य चिकित्सालय बूंदी में दिव्यांगता शिविर प्रत्येक सोमवार को प्रातः आठ से दो बजे तक एवं प्रत्येक गुरुवार दोपहर बारह से दो बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने दी है।

**नोताडा.** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रेबारपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बुधवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पट्टे सहित अनेक कार्य हुए। शिविर में तहसीलदार राजेन्द्र मीणा, कानुनगा रूमाली बाई, अतिरिक्त विकास अधिकारी यशवेन्द्र कुमार, सहायक विभाग अधिकारी महेश कुमार जेसवानी, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश नामा सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहें। ग्रामीण भागचंद रायका ने बताया की शिविर में पहुंचे तहसीलदार को रेबारपुरा पंचायत में चारागाह व सिवायचक, भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन सौंपा कर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई।

# अंत्योदय पखवाड़े में लगेंगे शिविर

बूंदी. जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा चल रहा है। सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे।

3 जुलाई को शिविर बूंदी तहसील की धनातरी, गुमानपुरा में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रायथल में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा, कैथूदा में लगेंगे। इसी प्रकार तहसील केशवरायपाटन की ग्राम पंचायत करवाला की झोपड़िया, जयस्थल में, तहसील इंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत लबान, पापड़ी में, तहसील हिंडौली की ग्राम पंचायत डाटूंदा, ओवन, गुढ़ा में कैंप लगाए जाएंगे।

# आंतरदा व कैथूदा शिविर में लोगों को आवासीय पट्टे बांटे

भास्कर न्यूज | कवर

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को आंतरदा और कैथूदा पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाए गए। इन शिविरों में राजस्व, पंचायतराज, खाद्य सुरक्षा, कृषि और समाज कल्याण से जुड़े कार्यों का निस्तारण किया। स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे भी दिए गए।

नैनवां की एसडीएम प्रीति मीणा ने आंतरदा शिविर में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आंतरदा में लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे दिए गए। खाद्य सुरक्षा के तहत एनएफएसए के लंबित आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा, केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की गई और मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी दिए गए। आंतरदा सरपंच मेघराज गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी विजय बैरवा, खुशराज सिंह राठौड़, देवेश राठौर शामिल रहे।



कवर. आंतरदा शिविर में एसडीएम प्रीति मीणा आवासीय पट्टा देती हुई।

इधर, कैथूदा में राजीव गांधी सेवा केंद्र में शिविर सरपंच बसंती बैरवा की अध्यक्षता में हुआ। कवर के नायब तहसीलदार कैलाश नारायण मीणा ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने, आपसी बंटवारे में विवाद से बचने और भाईचारे से समाधान करने की सलाह दी। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत पट्टे और स्वामित्व कार्ड भी दिए गए। खाद्य विभाग ने एनएफएसए के लंबित आवेदनों का निस्तारण किया। आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी पूरी की गई।

कृषि विभाग ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे और मृदा नमूने लिए। राजस्व विभाग को सीमाज्ञान, नामांतरण, आपसी सहमति से बंटवारे और नाम शुद्धि के आवेदन मिले, जिनका मौके पर निपटारा किया। डिस्कॉम ने बिजली से संबंधित कार्य भी करवाए। ग्राम विकास अधिकारी मनीषकुमार वर्मा, डिस्कॉम जेईएन लखपत मीणा, शंकरलाल गुर्जर शामिल रहे।

## जाखमुंड में मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए

तालेड़ा| पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए गए। जाखमुंड पंचायत क्षेत्र के किसानों को उनकी भूमि के स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र यानी

मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए किए। यह कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि किसानों के लिए उनकी भूमि की क्षमता को समझने और अधिकतम फसल उत्पादन प्राप्त करने का एक वैज्ञानिक माध्यम है। अब तक किसान, पारंपरिक तरीकों और अनुमान के आधार पर अपने खेतों में उर्वरकों का उपयोग कर रहे थे। इससे न उनकी लागत बढ़ती थी, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था और अपेक्षित फसल भी नहीं मिल पाती थी। किसानों के अनुसार पहले हम अंदाजे से ही डीएपी और यूरिया डालते थे। कभी फसल अच्छी हो जाती तो कभी लागत भी नहीं निकल पाती थी। शिविर में उन्हें अपना मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला।

## रास्ते को राजस्व में दर्ज किया जाए

पेच की बावड़ी| करीबी टोकड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाया गया। इसमें सरपंच व ग्रामीणों के माध्यम से ग्राम टोकड़ा का महुरा कालीडूंगरी का आम रास्ता, पेच की बावड़ी वाया टोकड़ा थाना और ग्रेवल रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया गया। शिविर प्रभारी के निर्देश पर पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक ने रास्ते का मौका मुआयना किया।

## पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त में देरी

# लाभार्थी हो रहे परेशान, बारिश के चलते झोपड़ी व तिरपालों के मकान में रहने को मजबूर

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



सुवासा कस्बे में दूसरी किस्त के इंतजार में अधूरे पड़े आवास।



पत्रिका

**सुवासा.** तालेड़ा उपखंड के सुवासा ग्राम पंचायत में पीएम आवास की किस्तों के भुगतान में हो रही देरी से 67 लाभार्थियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मकानों के काम तो बीच में ही अटक गए हैं। और कहीं लाभार्थी कर्ज लेकर आवास को पूर्ण करने की तैयारी में है, जिससे उन्हें बारिश के मौसम में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। किसी को दूसरी तो किसी को तीसरी किस्त का इंतजार है। लाभार्थियों के द्वारा पीएम आवास स्वीकृत होने के बाद खाते में पहले किस्त 15000 रुपए आते ही अपने पुराने मकान को गिराकर नया मकान बनाना शुरू कर दिया है। डीपीसी लेवल व जीरो टैकिंग होने के बाद दूसरी किस्त आनी थी, लेकिन दो माह के बाद भी दूसरी दूसरी किस्त 45000 रुपए लाभार्थियों के खातों में नहीं आई है। मजबूरन लाभार्थी बारिश के चलते मकानों में तिरपाल डालकर झोपड़ी बनाकर व दूसरे के मकान को किराए में लेकर अपना समय निकाल रहे हैं। किस्त के लिए बार-बार पंचायत के चक्कर लगाने के बावजूद भी उनके खातों में पीएम आवास किस्त नहीं आने से पीएम आवास अधूरे पड़े हैं, जिससे लाभार्थी परेशान है। सुवासा निवासी ममता पत्नी महावीर मेघवाल, संतोष पत्नी भगवान मेघवाल ने बताया दो माह पहले हमारे पीएम आवास स्वीकृत हुए थे, जिसकी पहले किस्त 15000 रुपए खाते में आ चुकी है। हमारे द्वारा कर्ज कर छत लेवल मकान खड़ा करने के बाद भी हमारी दूसरी किस्त नहीं आई है। रहने की जगह नहीं है। दो माह से किराए के मकान में रहकर आवास का निर्माण करवा रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि पीएम आवास योजना का शीघ्र भुगतान करें। ताकि गरीब लोगों के आवास का निर्माण बारिश के पहले ही पूरे हो सके।

सुवासा पंचायत में 83 पीएम आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 75 लाभार्थियों के खाते में पहले किस्त 15000 डाली जा चुकी है। आठ लाभार्थियों के खाते में दूसरी किस्त 45000 रुपए डाली जा चुकी है। 30 लाभार्थियों की छत लेवल आवास बनने के बाद उनकी जीरो टैकिंग कर बूंदी जिला परिषद जीरो टैकिंग कर फोटो भेज दिए गए हैं। जैसे ही वहां से वैरीफिकेशन होगा लाभार्थियों के खाते में दूसरी किस्त आ जाएगी।

**ओम प्रकाश सैनी,** एलडीसी, ग्राम पंचायत सुवासा

जो मकान डीपीसी लेवल तक पूरे हो गए हैं। उनकी जीरो टैकिंग करने के लिए ग्राम विकास अधिकारी को फोटो खींचकर जीरो टैकिंग कर जिला परिषद भिजवाने को बोल रखा है। वैरीफिकेशन में देरी हो रही है। लाभार्थियों को दूसरी किस्त की आवश्यकता है। प्रशासन को शीघ्र ही दूसरी किस्त लाभार्थी के खाते में डाल देना चाहिए।

**प्रियंका गोस्वामी,** पंचायत प्रशासक सुवासा

हमारे पास सुवासा के पांच जीरो टैकिंग किए हुए फोटो पेंडिंग है। बाकी सभी वैरिफिकेशन हो चुके हैं।

**देवेंद्र,** एलडीसी जिला परिषद बूंदी



मामले की जानकारी की जाएगी। शीघ्र ही सुवासा पंचायत में चल रहे पीएम आवास की दूसरी किस्त लाभार्थियों के खातों में जल्दी ही डलवा दी जाएगी।

**नीला पारीक,** विकास अधिकारी तालेड़ा

# अंत्योदय संबल पखवाड़े से संवरता जीवन, सच हो रहा अंत्योदय का सपना

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बूंदी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का ह्यअंत्योदयह्व का सपना, यानी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना, बुधवार को तलवास और आंतरदा ग्राम पंचायतों में साकार होता दिखा। ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाह्व के तहत आयोजित शिविर ने दो परिवारों के जीवन में आशा और स्वाभिमान की एक नई किरण जगाई।

**देवप्रकाश को मिली नई उम्मीद :** देवप्रकाश तलवास पंचायत के हीरापुरा गांव के एक मेहनती किसान हैं। वर्षों से अपनी जमीन पर पारंपरिक तरीकों से खेती करते आ रहे थे। उन्हें इस बात की चिंता सताती थी कि उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही हैं और लागत के अनुरूप मुनाफा नहीं मिल पा रहा हैं। इसी चिंता के बीच, जब उन्हें पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहे शिविर के बारे में पता चला, तो वे एक उम्मीद लेकर वहां पहुंचे। शिविर में अधिकारियों ने उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड सौंपा। वह कार्ड महज एक दस्तावेज नहीं, बल्कि उनकी समृद्धि का नया रास्ता था। अब देवप्रकाश को यह पता चल गया हैं कि उनके खेत की मिट्टी को किस पोषक तत्व की कितनी आवश्यकता हैं। इस कार्ड से उन्हें अनावश्यक उर्वरकों पर होने वाले खर्च से मुक्ति मिलेगी, लागत घटेगी और सही पोषण मिलने से पैदावार में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उनके चेहरे पर खुशी और संतोष का भाव था, क्योंकि अब वे अपनी मेहनत का सही मोल पा सकेंगे।

## मेरा घर, मेरा हक, प्रेम बाई का स्वाभिमान

दूसरी ओर ग्राम पंचायत आंतरदा के देवपुरा गाँव निवासी प्रेम बाई पत्नी राजाराम गुर्जर के लिए यह दिन किसी सपने के सच होने जैसा था। वह वर्षों से अपने पुश्तैनी मकान में रह तो रही थीं, लेकिन उनके पास मालिकाना हक का कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं था। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में जब स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्हें आवासीय भूखंड का पट्टा दिया गया, तो उनकी आँखों में खुशी के आँसू छलक आए। यह पट्टा उनके लिए आत्मसम्मान, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी हैं। अब वे गर्व से कह सकती हैं कि यह घर उनका हैं। इस मालिकाना हक से उन्हें न केवल सामाजिक सुरक्षा मिली हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी वे सशक्त हुई हैं।

# जाखमुंड शिविर में वितरित किए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बूंदी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जिससे उनकी कृषि पद्धतियों में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद हैं।



जाखमुंड ग्राम पंचायत के किसानों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा एक नई सुबह लेकर आया। इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में, किसानों को उनकी भूमि के स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रदान किए गए। यह कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि किसानों के लिए उनकी भूमि की क्षमता को समझने और अधिकतम फसल उत्पादन प्राप्त करने का एक वैज्ञानिक माध्यम हैं। अब तक किसान, पारंपरिक तरीकों और अनुमान के आधार पर अपने खेतों में उर्वरकों का उपयोग कर रहे थे। इससे न उनकी लागत बढ़ती थी, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था, और अपेक्षित फसल भी नहीं मिल पाती थी। किसानों के अनुसार पहले हम अंदाजे से ही डीएपी और यूरिया डालते थे। कभी फसल अच्छी हो जाती, तो कभी लागत भी नहीं निकल पाती थी। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविर में उन्हें अपना मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला। कार्ड में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि उनकी मिट्टी में किन पोषक तत्वों की कमी है और किनकी अधिकता। साथ ही, आगामी फसल के लिए उर्वरकों की सही मात्रा और प्रकार की सिफारिश भी की गई थी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बूंदी।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेशभर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे।

**यहां लगेंगे शिविर:** 3 जुलाई को शिविर बून्दी तहसील की ग्राम पंचायत धनातरी, गुमानपुरा में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रायथल में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा, कैथूदा में, तहसील के.पाटन की ग्राम पंचायत करवाला की झौंपडिया, जैथल में, तहसील इन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत लबान, पापडी में, तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत डाटूंदा, ओवन, गुढा में आयोजित किये जाएंगे।

# गादेगाल पंचायत में पांच परिवारों को किया पट्टा वितरण

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बूंदी।** ग्राम पंचायत गादेगाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर लगा। विकास अधिकारी मनोज जैन, लेखराज प्रजापत, विशाल खरेदिया, नायब तहसीलदार, सरपंच देवप्रकाश मेघवाल द्वारा 5 परिवार को पटे बांटे गए एवं पौधारोपण का कार्यक्रम किया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि सोनू मेघवाल और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर लगाया

- निरीक्षक न्यूज नेटवर्क -



**केशवरायपाटन | 2 जुलाई।** गामछ पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी लक्ष्मी मीणा रहे। ग्रामीणों ने तहसीलदार मनीष मीणा को समस्याओं से अवगत करवाया।

सरपंच नरेंद्र गुर्जर, समाज कल्याण विभाग सूचना सहायक सत्य प्रकाश मालव, कृषि पर्यवेक्षक दिनेश मीणा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रदीप, एएनएम आरती महावर, मोनिका कुमारी, सीएडी जेइएन मिथलेश सैनी, पशु चिकित्सक जगदीश मीणा,बिजली विभाग जेइएन मनीष सैनी,लाइनमैन रामस्वरूप, पटवारी राजेश रेगर, प्रधानाचार्य शिवानी चौधरी, व्याख्याता भोमराज योगी, शारीरिक शिक्षक बृजमोहन शर्मा, कनिष्ठ सहायक ममता मीणा, ग्राम रोजगार सहायक बनवारी लाल केवट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी मेघवाल, मोहर बाई, आशा सहयोगिनी चमेली प्रजापत, ममता मालव, दुर्गेश गोचर, मंजू बाई सहित अन्य उपस्थित रहे।



# 3 जुलाई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

बून्दी, 2 जुलाई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे।

**3 जुलाई को यहां लगेंगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर**-3 जुलाई को शिविर बून्दी तहसील की ग्राम पंचायत धनातरी, गुमानपुरा में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रायथल में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा, कैथूदा में, तहसील के.पाटन की ग्राम पंचायत करवाला की झौंपडिया, जैथल में, तहसील इन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत लबान, पापडी में, तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत डाटूंदा, औवन, गुढा में आयोजित किये जाएंगे।

# जाखमुंड शिविर में वितरित हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड- किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण

बूंदी, 2 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जिससे उनकी कृषि पद्धतियों में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है। जाखमुंड ग्राम पंचायत के किसानों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा एक नई सुबह लेकर आया। इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में, किसानों को उनकी भूमि के स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रदान किए गए। यह कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि किसानों के लिए उनकी भूमि की क्षमता को समझने और अधिकतम फसल उत्पादन प्राप्त करने का एक वैज्ञानिक माध्यम है। अब तक किसान, पारंपरिक तरीकों और अनुमान के आधार पर अपने खेतों में उर्वरकों का उपयोग कर रहे थे। इससे न उनकी लागत बढ़ती थी, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था, और अपेक्षित फसल भी नहीं मिल पाती थी। किसानों के अनुसार पहले हम अंदाजे से ही डीएपी और यूरिया डालते थे। कभी फसल अच्छी हो जाती, तो कभी लागत भी नहीं निकल पाती थी। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविर में उन्हें अपना मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला। कार्ड में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि उनकी मिट्टी में किन पोषक तत्वों की कमी है और किनकी अधिकता। साथ ही, आगामी फसल के लिए उर्वरकों की सही मात्रा और प्रकार की सिफारिश भी की गई थी।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े से संवरता जीवन, सच हो रहा अंत्योदय का सपना

बूंदी, 2 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'अंत्योदय' का सपना, यानी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना, बुधवार को तलवास और आंतरदा ग्राम पंचायतों में साकार होता दिखा। 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा' के तहत आयोजित शिविर ने दो परिवारों के जीवन में आशा और स्वाभिमान की एक नई किरण जगाई।

**देवप्रकाश को मिली नई उम्मीद**-देवप्रकाश तलवास पंचायत के हीरापुरा गाँव के एक मेहनती किसान हैं। वर्षों से अपनी जमीन पर पारंपरिक तरीकों से खेती करते आ रहे थे। उन्हें इस बात की चिंता सताती थी कि उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही हैं और लागत के अनुरूप मुनाफा नहीं मिल पा रहा हैं। इसी चिंता के बीच, जब उन्हें 'पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा' के तहत आयोजित हो रहे शिविर के बारे में पता चला, तो वे एक उम्मीद लेकर वहाँ पहुँचे। शिविर में अधिकारियों ने उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड सौंपा। यह कार्ड महज् एक दस्तावेज नहीं, बल्कि उनकी समृद्धि का नया रास्ता था। अब देवप्रकाश को यह पता चल गया हैं कि उनके खेत की मिट्टी को किस पोषक तत्व की कितनी आवश्यकता हैं। इस कार्ड से उन्हें अनावश्यक उर्वरकों पर होने वाले खर्च से मुक्ति मिलेगी, लागत घटेगी और सही पोषण मिलने से पैदावार में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उनके चेहरे पर खुशी और संतोष का भाव था, क्योंकि अब वे अपनी मेहनत का सही मोल पा सकेंगे।

**मेरा घर, मेरा हक, प्रेम बाई का स्वाभिमान**-दूसरी ओर, ग्राम पंचायत आंतरदा के देवपुरा गाँव निवासी प्रेम बाई पत्नी राजाराम गुर्जर के लिए यह दिन किसी सपने के सच होने जैसा था। वह वर्षों से अपने पुश्तैनी मकान में रह तो रही थीं, लेकिन उनके पास मालिकाना हक़ का कोई पुख्ता दस्तावेज़ नहीं था।

'पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा' शिविर में जब स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्हें आवासीय भूखंड का पट्टा दिया गया, तो उनकी आँखों में खुशी के आँसू छलक आए। यह पट्टा उनके लिए आत्मसम्मान, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी हैं। अब वे गर्व से कह सकती हैं कि यह घर उनका हैं। इस मालिकाना हक़ से उन्हें न केवल सामाजिक सुरक्षा मिली हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी वे सशक्त हुई हैं।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - भीलवाड़ा

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# आकोला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित ग्रामीणों की समस्या का मौके पर हुआ निस्तारण

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** कस्बे में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ । ग्राम पंचायत प्रशासक शिव लाल जाट ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की समस्या का मौके पर निस्तारण हुआ जिसे ग्रामीण खुश नजर आए। शिविर में 25 ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। राजस्व विभाग के नामांतरण 11, पत्थरगड़ी 5, रास्ता प्रकरण एक,सीमा ज्ञान तीन ,तथा कोर्ट कैंप के प्रभारी अरुण जैन ने एक प्रकरण निस्तारण किया, शिविर में आंगनवाड़ी,शिक्षा विभाग,राशन विभाग, चिकित्सा व आयुर्वेद विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा में पशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिमेष जांगिड़ की उपस्थिति में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को बीमा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। राजस्थान सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत आकोला में कुल 112 लाभार्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इनमें से अब तक 98 लाभार्थियों की पॉलिसी सफलतापूर्वक जनरेट की जा चुकी है। तथा शेष कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं के आकस्मिक निधन या दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक संबल एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत पशुपालकों को बीमा सुरक्षा मिलने से उनकी आजीविका को स्थिरता एवं भविष्य में सुरक्षा मिलती है। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने योजना को सरकार की दूरदर्शी पहल बताया और इस प्रयास के लिए राजस्थान सरकार एवं पशुपालन विभाग का आभार व्यक्त किया। शिविर में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, कोटडी प्रधान करण सिंह बेलवा, कोटडी उप प्रधान कैलाश चंद्र सुथार, बडलियास उपतहसील नायब तहसीलदार मदन लाल शर्मा, राजस्व विभाग के गिरदावर, पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिविर में कई मामलों का निस्तारण, खिले चेहरे







**बिजौलियां.** मकरेड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपखंड अधिकारी ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजन से शिविर का अधिकतम लाभ लेने की अपील कि गई। शिविर के दौरान राजस्व विभागकी ओर से कईद निस्तारण किया गया एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पट्टों का वितरण किया गया।

**आकोला.** कस्बे में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ । ग्राम पंचायत प्रशासक शिव लाल जाट ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की समस्या का मौके पर निस्तारण हुआ। शिविर में 25 ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। प्रभारी अरुण जैन ने एक प्रकरण निस्तारण किया।।शिविर में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, कोटडी प्रधान करण सिंह बेलवा, कोटडी उप प्रधान कैलाश चंद्र सुथार, बडलियास उपतहसील नायब तहसीलदार मदन लाल शर्मा, राजस्व विभाग के गिरदावर, पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

**बदनोर.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत बदनोर के सामुदायिक भवन व ग्राम पंचायत परा मुख्यालय पर शिविर आयोजित हुआ।

**काछोला.** क्षेत्र के थलकलां ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत थलकलां के सरपंच धर्मीचंद संचेती की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी राजकुमार व्यास, तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा ने शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# थलकलां शिविर में समस्याओं का हाथोंहाथ किया समाधान, ग्रामीणों को राहत दी

दास्तानें भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

**काछोला।** मांडलगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के थलकलां ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत थलकलां के सरपंच धर्मीचंद संचेती की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी राजकुमार व्यास, तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा ने शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए और शिविर स्थल पर ग्रामीणों की समस्याओं का हाथोंहाथ समाधान किया। चिकित्सा विभाग ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के कार्ड वितरण किए। राजस्व,कृषि विभाग पंचायतीराज विभाग ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर थलकलां सरपंच धर्मीचंद संचेती, राजगढ़ सरपंच शिवकुमार गुर्जर, सीआर प्रतिनिधि हरिश चौधरी, सीआर प्रतिनिधि राधाकिशन गुर्जर, गिरदावर प्रकाश मूंदड़ा, थलकलां ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह मीणा, सहायक सचिव अभिषेक कुमार पारीक, पटवारी सना खान,



विनोद चौधरी, अशोक शर्मा, घनश्याम पाराशर, कैलाश चन्द्र वैष्णव, वार्डपंच शंकरलाल गुर्जर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदमल रेगर, घीसुलाल कहार, नन्दलाल गुर्जर सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रूपपुरा गांववासियों ने तहसीलदार कैलाश चन्द्र मीणा को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत थलकलां के रूपपुरा गांव को राजस्व गांव घोषित करने की मांग की।



बनेड़ा के उपरेड़ा में आयोजित शिविर में जांच करते हुए। -नवज्योति



पारोली के कोठाज में आयोजित महिला को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति



बडलियास के आकोला में आयोजित शिविर में लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# पात्रताधारियों को किया योजनाओं से लाभान्वित, ग्रामीणों ने गिनाई समस्याएं, हुआ समाधान

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित किये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न उपखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने पहुंच कर अपनी समस्याएं बताई। इस पर उनका हाथों हाथ निस्तारण भी किया गया। वहीं पात्रताधारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया।

**बिजौलिया न्यूज सर्विस के अनुसार** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को उपखंड के ग्राम पंचायत मकरेड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी और आमजन से अधिकतम लाभ लेने की अपील की। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 02 सीमाज्ञान, 02 पत्थरगढ़ी, 04 नामांतरण, 06 रास्ता प्रकरण, 02 आपसी सहमति से बटवारा प्रकरण का निस्तारण किया एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 23 पट्टों का वितरण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी. रोग से ग्रसित व्यक्तियों को 02 पोषण किट वितरण किए गए। मृदा कार्ड वितरण 05 किये।

**बागोर न्यूज सर्विस के अनुसार** कस्बे स्थित राजीव गांधी बस स्टैंड पर अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम छोटू लाल शर्मा, विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, नायब तहसीलदार बलवीर सिंह राठौड़ सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान की।

**गंगापुर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के सुवाणा व महाराजपुरा पंचायत में पं. दिनदयाल उपाध्याय शिविर में लोगों को राहत तो मिली लेकिन बरसात के कारण ग्रामीण शिविर में नहीं पहुंच पाए। बरसात शुरू होते ही शिविर में सन्नाटा पसर गया। दिन भर बरसात से शिविर में अधिकारी व कर्मचारी ही बैठे हुए दिखाई दिए। अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीणों को बाट जोहते रहे। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा निःशुल्क दवाइयों के किट वितरण किए गए। इस मौके पर तहसीलदार शिवराज गुर्जर, ब्लॉक सीएमएचओ विपिन शर्मा, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**बडलियास न्यूज सर्विस के अनुसार** आकोला में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन पर अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत प्रशासक शिव लाल जाट ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की समस्या का मौके पर निस्तारण किया। वहीं 25 ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। राजस्व विभाग के नामांतरण 11, पत्थरगढ़ी 5, रास्ता प्रकरण एक, सीमा ज्ञान तीन तथा कोर्ट केस के प्रभारी अरुण जैन ने एक प्रकरण निस्तारण किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जांगिड़ की उपस्थिति में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को बीमा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। शिविर में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, कोटड़ी उप प्रधान कैलाश चंद सुथार, बडलियास उपतहसील नायब तहसीलदार मदन लाल शर्मा, गिरदावर, पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

**पारोली न्यूज सर्विस के अनुसार** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत कोठाज में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार रामकिशोर मीणा और पंचायत प्रशासक गोपाल सिंह कानावत ने बरसाती बारिश और घनघोर छाई काली घटाएं में हुए अंधेरे के कारण मोबाइल टॉर्च जला शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान के निर्देश दिए। शिविर में छीतर सिंह जी का खेड़ा और कोठाज उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का हाथों हाथ पट्टे बनाकर सौंपा। ग्रामीणों को जॉब कार्ड और पेंशन के प्रपत्र वितरण किये। ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया कि पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 और भागवानपुरा में चंबल परियोजना का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस पर परियोजना ठेकेदार को पाबंद करते दिन में पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। किसानों ने खेतों का रास्ता खुलवाने, बंटवारा हेतु आवेदन किया जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार भैरू लाल जाट, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण लखारा, गिरदावर गोपाल लाल शर्मा, पटवारी बालकिशन सैन, वार्ड चंद जैन, पूर्व मोहम्मद कालूनखानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बनेड़ा न्यूज सर्विस के अनुसार** ग्राम पंचायत उपरेड़ा में आयोजित अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में प्रभारी उपखण्ड अधिकारी बीकाना व्यास के समक्ष नेत्रहीन व्यक्ति नारायण लाल अपनी व्यथा बयान की और अपने जीवन में होने वाली समस्याएं बताई। जिस पर शिविर प्रभारी ने प्रार्थी को मंच के समीप आसन पर बिठाया तथा पंचायती राज विभाग से पुश्तैनी मकान का पट्टा दिलवाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाया एवं जन्म प्रमाण पत्र जारी किया। राजस्व विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि योजना में लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा इनकी बच्ची को स्कूटी के लिए आवेदन करवाया, इनकी पत्नि को श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कार्ड हेतु आवेदन करवाया, बुवाई हेतु बीज प्रदान किये। शिविर प्रभारी ने शेष सभी विभागों को प्रार्थी नारायण लाल को अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने हेतु निर्देशित किया गया।



गंगापुर क्षेत्र में आयोजित शिविर में लाभार्थी महिला को किट वितरित करते हुए। -नवज्योति



बागोर में आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति



बिजौलिया के मकरेड़ी में आयोजित शिविर में लाभार्थियों को राहत पहुंचाते हुए। -नवज्योति

दैनिक नवज्योति bhilwara - 03 Jul 2025 - Page 13

# शिविर में जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ढींकोला

ग्राम पंचायत ढींकोला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया।

शिविर प्रभारी तहसीलदार भीवराज परिहार ने शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से पौधरोपण किया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पुष्पा चौहान ने बताया कि शिविर में देवकिशन रैगर को पोषण किट दिया। आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से वंचित लाभार्थियों के फॉर्म भरे व लाभार्थी जोड़े और ईकेवाईसी की गई और आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषाहार की जानकारी दी गई। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्राम में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज ठीक करवाने के लिए विभाग को शिविर प्रभारी ने निर्देश दिए। नौगांवा घाटी के देवनारायण पर लगे ट्रांसफार्मर में पावर कम होने के कारण नहीं चल रहा इस ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए बिजली विभाग को निर्देशित किया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान 8, पत्थर गढ़ी 5, नामांतरण 12, सहमति बंटवारे 2, रास्ता प्रकरण 2 का निस्तारण किया। खेतों पर जाने वाले रास्तों पर ग्रेवल डलवाने के लिए शिविर प्रभारी को आवेदन प्रस्तुत किए। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र वितरित किए। ग्राम पंचायत द्वारा जॉब कार्ड 5 12 बंद पेंशन चालू की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में 25 सेल्फ सर्वे का सत्यापन किया। कार्यक्रम में ढींकोला नायब तहसीलदार रामप्रसाद मेघवंशी, प्रशासक आशादेवी खटीक, पूर्व सरपंच गणपत खटीक, ग्राम विकास अधिकारी सुखपाल जाट, रामसुख गाडरी, अलोलदेवी मीणा, मुन्नालाल मथुरिया, बजरंग धाकड़, गौरव शर्मा, छीतर सेन, संदीप पटवारी, छीतर दास वैष्णव, भेरूलाल खंडेलवाल, लक्ष्मण खारोल, राजू खटीक, सुरेश गुर्जर, अशोक सेन, राजेश सेन, सुरेश भाट, बालकिशन शर्मा, बृजराज सोलंकी, ओमप्रकाश रैगर, सुनील यादव, पूजा गुर्जर, डॉ. मोहनचंद्र, भगवती खटीक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



ढींकोला। शिविर के दौरान अधिकारियों को ज्ञापन देते ग्रामीण। कुलदेवी मीणा

### भोजपुरा में कई लंबित कार्यों का निस्तारण

ढिंकोला। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत भोजपुर में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में अर्जुन पुत्र मांगू बलाई एवं रामपाल पुत्र मांगू बलाई, जिनके पिता मांगू पुत्र गंगाराम बलाई, जिनकी मृत्यु हुई। 9 वर्ष बीत जाने पर भी भूमि का नामांतरण नहीं खुल पाया था। शिविर मे उपस्थित होकर विरासत में नामान्तरण को लेकर आवेदन किया। इस पर शिविर प्रभारी विकास अधिकारी प्रकाश चन्द्र स्वर्णकार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियो को निर्देश देकर उक्त विरासत का नामान्तरण कैम्प मे खुलवा दिया। जिससे प्रार्थी के खुशी के मारे आखें छलक आई। अन्य विभागों में राजस्व, पंचायतीराज, कृषि, चिकित्सा, खाद्य, बिजली, पशु पालन व अन्य सभी विभागों द्वारा शिविर में ग्रामीणो के लंबित कार्यों का निस्तारण किया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रकाशचन्द्र स्वर्णकार, प्रशासक ग्राम पंचायत भोजपुर सायरदेवी गुर्जर पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल गुर्जर, चिकित्सा प्रभारी सोनिया सोलंकी, ग्राम विकास अशोक गुर्जर मौजूद थे।

# मकरेड़ी ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

## विभिन्न विभागों ने किया समस्याओं का मौके पर निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत मकरेड़ी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 2 सीमाज्ञान, 2 पत्थरगड़ी,4 नामांतरण, 6 रास्ता विवाद, और 2 आपसी सहमति से बंटवारे के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 23 पात्र लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए। वहीं, चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगियों को 2 पोषण किट प्रदान की, जबकि कृषि विभाग द्वारा 5 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 98 लाभार्थियों को वितरित किए गए बीमा प्रमाणपत्र



आकोलाः शिविर में विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित अन्य

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत आकोला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान पशुपालकों को बीमा प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, उप प्रधान कैलाश सुथार, आकोला सरपंच शिवलाल जाट, पूर्व मंडल महामंत्री प्रियदर्शी पारीक, सहित कई जनप्रतिनिधि, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 112 लाभार्थियों ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया, जिनमें से 98 लाभार्थियों की पॉलिसी सफलतापूर्वक जनरेट कर दी गई है। शेष आवेदनों की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही पूर्ण कर दी जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं की अकस्मात मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक राहत एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे उनकी आजीविका में स्थिरता बनी रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - उदयपुर

—:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::—

# भूताला शिविर में 25 साल बाद पूरी हुई किसान की मुराद, वसीयत के आधार पर हुआ नामांतरण

राजस्थान दर्शन




**गोगुंदा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्भल पखवाड़ा-2025 के तहत ग्राम पंचायत भूताला, पंचायत समिति बडगांव में आयोजित राजस्व शिविर में एक अनूठी सफलता की कहानी सामने आई, जिसने प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही को उजागर किया।राजस्व ग्राम गायरियों का गुड़ा निवासी काश्तकार मांगीलाल ढोली ने शिविर में पहुंचकर बताया कि उनके बड़े पिताजी द्वारा 25 वर्ष पूर्व एक नोटरीशुदा वसीयत तैयार की गई थी, जिसके तहत उन्होंने अपनी कृषि भूमि मांगीलाल के नाम की थी। दुर्भाग्यवश, वसीयतकर्ता का निधन 20 वर्ष पूर्व ही हो चुका था, लेकिन उचित जानकारी व मार्गदर्शन के अभाव में राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन नहीं हो पाया था। शिविर में उपस्थित मु.अ.नि. नरेश कुमार मोरवानिया द्वारा तत्क्षण पत्रावली तैयार कर, वसीयत में उल्लिखित गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मौके पर ही मौतबिरान से तथ्यात्मक जानकारी लेकर मौका परचा बनाया गया तथा हल्का पटवारी डालचंद जाट द्वारा संपूर्ण जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसे शिविर प्रभारी व बडगांव तहसीलदार हितेश त्रिवेदी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की गंभीरता व साक्ष्यों की पुष्टि के आधार पर तहसीलदार त्रिवेदी ने मौके पर ही वसीयत के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण का आदेश पारित करते हुए काश्तकार मांगीलाल को रिकॉर्ड की प्रमाणित प्रति भी प्रदान की। भूमि के मालिकाना हक की पुष्टि होते ही मांगीलाल ढोली के चेहरे पर संतोष और खुशी छलक उठी। काश्तकार ने इस त्वरित न्याय और सुविधा हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच मोहन सिंह राजपूत सहित कई जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविरों में सौहार्दपूर्ण तरीके से खुल रही सुलह की राहें

▶▶ समझाइश से निपट रहे बरसों पुराने राजस्व प्रकरण ▶▶ अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित

अन्य विभागों की सेवाओं का भी मिल रहा भरपूर लाभ

आत्मा की ज्वाला

[illegible]

[illegible]

[illegible]

465 को मिले पट्टे

[illegible]

कृषि व पशुपालन को भी संबल

[illegible]

बिजली, पानी, सिंचाई सुविधा में भी राहत

[illegible]

यह सेवाएं भी दे रही संबल

[illegible]

# शिविरों में सौहार्दपूर्ण तरीके से खुल रही सुलह की राहें

उदयपुर, 2 जुलाई (पंजाब केसरी): पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर वर्षों पुराने विवाद सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं। जिले में 24 जून से 1 जुलाई तक कुल 152 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से अब तक 213 युडीआईडी कार्ड वितरित किए। वहीं पीएमजेएवाय के तहत 4052 प्रकरणों में ईकेवायसी पूर्ण की तथा 1880 कार्ड वितरित किए।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



**फतहनगर (पुकार)** । समीपवर्ती खेमपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाडिया के निर्देशन में आयोजित सम्बल शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर प्रभारी प्रवीण मीणा द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्रसिंह असोलिया, विधानसभा क्षेत्र संयोजक रोशनलाल सुथार,सरपंच बाबूलाल गाडरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी अनिल श्रीमाली,संयोजक जगदीश पालीवाल,पूर्व सरपंच केशव छाजेड, दिलीप गुर्जर, गोपाल गुर्जर,किशन सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा ब्लॉक उपाध्यक्ष बाबूलाल मेघवाल शिवलाल सुथार सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स व अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। पशुपालन विभाग की ओर से जारी मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से, 6 माह के शिशु को प्रथम अन्न ग्रहण समारोह, गोद भराई समारोह, 3 वर्ष के बालक को पहली बार आंगनवाड़ी में प्रवेश करने पर अभिनंदन एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार वितरण किया गया।

पंचायती राज विभाग की ओर से स्वामित्व के पट्टे वितरण किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सुविधाओं के वाउचर वितरण किए गए।

पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : समझाइश से निपट रहे बरसों पुराने राजस्व प्रकरण

# शिविरों में सौहार्दपूर्ण तरीके से खुल रही सुलह की राहें

**अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित**

**अन्य विभागों की सेवाओं का भी मिल रहा भरपूर लाभ**

जयपुर (पुकार)। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रास्तों और भूमि से जुड़े छोटे-मोटे विवाद परिवारों के बीच बरसों तक मनमुटाव का कारण बने रहते हैं, लेकिन पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर इन विवादों में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं। बरसों पुराने राजस्व प्रकरण आपसी समझाइश से निस्तारित होने से भावपूर्ण व्यवहार के बीच गांवों में माहौल खुशनुमा बना हुआ है। इतना ही नहीं शिविरों में अन्य विभागों की सेवाएं भी ग्रामीणों खासकर वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान की पवित्र मंशा के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में 24 जून से 9 जुलाई तक पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत तहसीलवार प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसमें राजस्व, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, विद्युत, पीएचईडी, जल संसाधन, वन, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, चिकित्सा, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आदि की ओर से 63 से अधिक तरह की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उदयपुर जिले में 24 जून से 1 जुलाई तक कुल 152 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

**वर्षों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण**

अभियान के तहत राजस्व विभाग की ओर से बरसों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया जा रहा है। अब तक आयोजित कुल 152 शिविरों में रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए।

**465 को मिले पट्टे**

शिविरों में पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए जा रहे हैं। इसमें अब तक जिले भर में 465 लोगों को स्वामित्व कार्ड-पट्टा जारी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग ने 961 जल संरचनाओं की मरम्मत भी कराई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 418 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही योजना के द्वितीय चरण के लिए 986 परिवारों को चिन्हित भी किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 48917 आवेदन भी प्राप्त किए।

**भूमिपुत्रों व पशुपालकों को भी संबल :** अभियान के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से मृदा जांच के लिए 2386 नमूने लिए गए। वहीं 2273 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी जारी किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 233 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वहीं 66 में प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक छोटे-बड़े 54 हजार से अधिक पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं 43 हजार 611 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

**बिजली, पानी, सिंचाई सुविधा में भी राहत**

शिविरों के दौरान विद्युत निगम ने झूलते तारों से जुड़ी 1020 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं विद्युत पोल दुरुस्त करने से 714 केस निपटाए। तारों पर झुकी पेड़ों की टहनियों की छंटाई से जुड़ी 11 हजार 681 शिकायतों का भी निस्तारण किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 241 लंबित कनेक्शन जारी किए। 223 विभागीय जलाशयों की सफाई कराई। लीकेज से जुड़ी 394 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं पाइप लाइन मरम्मत से बूस्टिंग कुल 7882 मीटर सड़कों को दुरुस्त करवाकर राहत प्रदान की। जल संसाधन विभाग ने 21 हजार 856 मीटर नहरों के पाटों की सफाई व मरम्मत का कार्य पूर्ण किया। वहीं 19 हजार 999 मीटर तक नहरों में गाद निकालने की कार्यवाही की। बांधों व नहरों के गेट की मरम्मत व ग्रीस कार्य से जुड़े 43 प्रकरण निस्तारित किए।

**यह सेवाएं भी दे रही संबल**

अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से अब तक 213 यूडीआईडी कार्ड वितरित किए। वहीं पीएमजेएवाय के तहत 4052 प्रकरणों में ईकेवायसी पूर्ण की तथा 1880 कार्ड वितरित किए। इसके अलावा शिविरों स्थलों पर आयोजित मेडिकल कैम्प में टीबी, एनसीडी के तहत जांच, गर्भवती माताओं की जांच व टीकाकरण आदि कार्य भी किए जा रहे हैं। टीएडी विभाग ने 34 आवासीय स्कूल व छात्रावास भवनों में साफ सफाई कराई। 13 भवनों की मरम्मत तथा 81 पानी की टंकियों की सफाई कराई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 395 पंजीयन किए। वहीं पोषण ट्रैकर पर एफआरएस एवं ईकेवायसी के 378 प्रकरण निस्तारित किए। विभाग की ओर से शिविर स्थलों पर गर्भवती माताओं की गोद भराई तथा बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से 4716 पेंशन प्रकरणों का सत्यापन किया गया। वहीं खाद्य विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लंबित 1823 प्रकरणों का सत्यापन किया।

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में 2758 शौचालयों की सफाई तथा 484 की मरम्मत कराई गई। 390 अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण किया गया।

प्रातःकाल

# दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

फतहनगर (प्रातःकाल संवाददाता)। समीपवर्ती खेमपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाड़िया के निर्देशन में आयोजित सम्बल शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर प्रभारी प्रवीण मीणा द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा समाधान किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्रसिंह असोलिया, विधानसभा क्षेत्र संयोजक रोशनलाल सुथार,सरपंच बाबूलाल गाडरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी अनिल श्रीमाली,संयोजक जगदीश पालीवाल,पूर्व सरपंच केशव छाजेड़, दिलीप गुर्जर, गोपाल गुर्जर,किशन सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा ब्लॉक उपाध्यक्ष बाबूलाल मेघवाल शिवलाल सुथार सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स व अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।



खेमपुर में लाभार्थी को योजना का लाभ प्रदान करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण। -विकास चावड़ा

पशुपालन विभाग की ओर से जारी मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से, 6 माह के शिशु को प्रथम अन्न ग्रहण समारोह, गोद भराई समारोह, 3 वर्ष के बालक को पहली बार आंगनवाड़ी में प्रवेश करने पर अभिनंदन एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग की ओर से स्वामित्व के पट्टे वितरण किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सुविधाओं के वाउचर वितरण किए गए।

# अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित

## पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

**उदयपुर (वि.)**। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रास्ते और भूमि से जुड़े छोटे-मोटे विवाद परिवारों के बीच बरसों तक मनमुटाव का कारण बने रहते हैं, लेकिन पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर इन विवादों में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं।

बरसों पुराने राजस्व प्रकरण आपसी समझाईश से निस्तारित होने से मानसूनी बयार के बीच गांवों में माहौल खुशनुमा बना हुआ है। राजस्व, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, विद्युत, पीएचईडी, जल संसाधन, वन, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, चिकित्सा, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आदि की ओर से 63 से अधिक तरह की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उदयपुर जिले में 24 जून से 1 जुलाई तक कुल 152 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

### वर्षों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण

अभियान के तहत राजस्व विभाग की ओर से बरसों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया जा रहा है। अब तक आयोजित कुल 152 शिविरों में रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए। शिविरों में पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए जा रहे हैं। इसमें अब तक जिले भर में 465 लोगों को स्वामित्व कार्ड-पट्टा जारी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग ने 961 जल संरचनाओं की मरम्मत भी कराई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 418 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही योजना के द्वितीय चरण के लिए 986 परिवारों को चिन्हित भी किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 48917 आवेदन भी प्राप्त किए।

### भूमिपुत्रों व पशुपालकों को भी संबल

अभियान के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से मृदा जांच के लिए 2386 नमूने लिए गए। वहीं 2277 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी जारी किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 233 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वहीं 66 में प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक छोटे-बड़े 54 हजार से अधिक पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं 43 हजार 611 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

### बिजली, पानी, सिंचाई सुविधा में भी राहत

शिविरों के दौरान विद्युत निगम ने झुलते तारों से जुड़ी 1020 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं विद्युत पोल दुरूस्त करने से 714 केस निपटाए। तारों पर झुकी पेड़ों की टहनियों की छंगाई से जुड़ी 11 हजार 681 शिकायतों का भी निस्तारण किया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 241 लंबित कनेक्शन जारी किए। 223 विभागीय जलाशयों की सफाई कराई। लीकेज से जुड़ी 394 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं पाइप लाइन मरम्मत से क्षतिग्रस्त कुल 7882 मीटर सड़कों को दुरूस्त कराकर राहत प्रदान की। जल संसाधन विभाग ने 21 हजार 856 मीटर नहरों के पटरों की सफाई व मरम्मत का कार्य पूर्ण किया। वहीं 19 हजार 999 मीटर तक नहरों में गाद निकालने की कार्यवाही की। बांधों व नहरों के गेट की मरम्मत व ग्रीस कार्य से जुड़े 43 प्रकरण निस्तारित किए।

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगे शिविर

# वंचितों को योजनाओं से किया लाभान्वित



















पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**झाड़ोल.** ग्राम पंचायत फलासिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें पंचायतीराज विभाग ने पालनहार योजना के लिए 3 लाभार्थियों जन आधार अपूव करवाकर आवेदन करवाया। ई-केवाईसी से वंचित 9 लाभार्थियों का सत्यापन मौके पर किया गया। हरियालो राजस्थान के तहत 500 पौधों का रोपण किया गया। 43 जाति प्रमाण-पत्र, 30 मूल निवास प्रमाण-पत्र, 10 जन्म प्रमाण-पत्र एवं 3 मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किए गए। चिकित्सा विभाग ने 8 आयुष्मान कार्ड, 20 आभा कार्ड बनाए गए। इस दौरान भाजपा फलासिया मंडल अध्यक्ष भोपालसिंह शक्तावत, शिविर प्रभारी डॉ. रमेशचंद्र बडेरा तहसीलदार फलासिया, सुगना देवी प्रशासक, प्रकाशचंद्र भील अतिरिक्त विकास अधिकारी, रमेश पटेल उपसरपंच फलासिया, दिनेश हिम्मत समाजसेवी, दीपेश जैन ग्राम विकास अधिकारी, हाकरचंद डूंगरी भू-अभिलेख निरीक्षक, रतनलाल बोदर पटवारी आदि मौजूद रहे।

**खेमली.** क्षेत्र के डबोक ग्राम पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन हुआ जिसमें महिला अधिकारिता विभाग उदयपुर के अंतर्गत संचालित जतन संस्थान की सामाजिक काउंसलर वैदेही वैष्णव ने ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम रमेश सीरवी पुनाड़िया सहित अधिकारियों की मौजूदगी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत शपथ व बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी अदा की गई।

**धरियावद.** पंचायत समिति क्षेत्र की गरडा ग्राम पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान उप जिला प्रमुख सागरमल बोहरा ने शिविर का निरीक्षण कर मौजूद आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना। बोहरा ने शिविर में प्रमुख विभागों के सक्षम अधिकारियों के नहीं पहुंचने व आमजन की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी जताई।

**नयागांव.** ग्राम पंचायत थाणा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत बेटी जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। जहां बेटी के नाम से पौधरोपण किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक प्रियंका मीणा एवं साथिन संगीता सालवी ने महिला अधिकारिता विभाग से संबंधित योजनाओं लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना एवं घरेलू हिंसा से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी।

**रूण्डेड़ा.** ग्राम पंचायत रूण्डेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कनिष्ठ लेखाकार विनय गुर्जर ने शिविर पूर्व तैयारी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में दस्तावेजों के अभाव में लंबित आवेदन में सुधार के लिए आवेदनकर्ता मोहन लाल हरिजन निवासी रूण्डेड़ा से संपर्क किया और शिविर में ही सभी आवश्यक पूर्ति करवाकर योजना के तहत स्वीकृति जारी की।

**मावली.** क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाड़िया के निर्देशन में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी प्रवीण मीणा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। पशुपालन विभाग की ओर से जारी मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 6 माह के शिशु को प्रथम अन्न ग्रहण समारोह, गोद भराई समारोह, 3 वर्ष के बालक को पहली बार आंगनवाड़ी केंद्र में प्रवेश करने पर अभिनंदन एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार वितरण किया गया। पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व के पट्टे वितरित किए गए।

03/07/2025 | Udaipur Zila | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

# कागज़ों में गुम हुई पुरखों की ज़मीन अन्त्योदय शिविर में मिली वापसी

**मदन चौधरी प्रातः संकलन ( संभाग ब्यूरो चीफ )** उदयपुर। अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मंशा से राज्य सरकार की ओर से शुरू किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आम जन को संबल प्रदान कर रहा है। अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में राजस्व से जुड़े लंबित पेचिदा प्रकरणों का निस्तारण होने से आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। वहीं सरकार योजनाओं का हाथों हाथ लाभ मिलने से उनके जीवन में खुशहाली आ रही है अभियान के तहत सोमवार को गिर्वा ब्लॉक के लकड़वास, खेमरों की भाल, कुराबड़ के जगत, वमु, बड़गांव के कठार, ईसवाल, मावली के गादोली व गोलवाड़ा, भामा के वीर धोलिया, नूरड़, वल्लभनगर के बाठरडा कला व मजावड़ा, भीण्डर के धारता व हीता, गोगुन्दा के रावलिया खुर्द व रावलिया कला, सायरा के रोयड़ा व तिरोल, झाड़ोल के काड़ा, ओगणा, पीलक, अटाटिया, फलासिया में पीपलवास, दमाणा, सरादित, खेरवाड़ा में खाण्डी ओबरी, परबोला, नयागांव में महुवाल, मालोफला, ऋषभदेव में पीपली अ , पीपली ब और कटेव कोटड़ा में सामोली, तिलरवा, खुणा, बिकरनी व सुलाव ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए। पुरखों की जमीन वापस मिली, खिला चेहरा पंचायत समिति सायरा की ग्राम पंचायत रोयड़ा में आयोजित शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने यह सिद्ध कर दिया कि जब प्रशासन संवेदनशील हो और तत्परता दिखाए, तो वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान कुछ ही मिनटों में हो सकता है। करीब 80 वर्षीय वृद्ध किसान शंकरिया पुत्र सवा की जमीन वर्षों से कागजों की गलती के कारण विवादित स्थिति में थी। पूर्व में उनके नाम भूमि का आधा हिस्सा (1/2) दर्ज था, लेकिन सेग्रीगेशन (विभाजन) की प्रक्रिया के दौरान तकनीकी त्रुटि से यह घटकर केवल चौथाई (1/4) रह गया। शंकरिया सोमवार को अन्त्योदय शिविर में पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी शुभम भैसारे (आईएएस) एवं तहसीलदार सुरेश मेहता ने मौके पर ही राजस्व टीम को दस्तावेजों की जांच के निर्देश दिए। जांच के कुछ ही मिनटों में त्रुटि की पुष्टि हो गई। तत्काल कार्रवाई करते हुए शंकरिया का 1/2 का वास्तविक हिस्सा रिकॉर्ड में दोबारा दर्ज किया गया, जिससे उन्हें वर्षों बाद न्याय मिला। पुरखों की जमीन वापस मिलने की पुष्टि



हुई, तो वृद्ध शंकरिया की आंखों से झलकती चमक और चेहरे की मुस्कान देखते ही बन रही थी,40 साल बाद मिला घर का मालिकाना हक सायरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तिरोल में आयोजित शिविर में एक वृद्ध ग्रामीण को वर्षों पुरानी पीड़ा से राहत मिली। ग्राम बांसलिया निवासी खेमाराम गमेती पुत्र कालुराम गमेती बीते 40 वर्षों से अपने कच्चे मकान के लिए आवासीय पट्टे की प्रतीक्षा कर रहे थे। तमाम प्रयासों के बावजूद वे अब तक अपने घर का मालिकाना हक प्राप्त नहीं कर पाए थे। शिविर के प्रचार-प्रसार से जानकारी मिलने पर खेमाराम ने सोमवार ग्राम पंचायत तिरोल में आयोजित शिविर में पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी महीप सिंह जागावत ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही नियम 157(1) के अंतर्गत पट्टा स्वीकृत किया। बाघी पट्टा मिलते ही खेमाराम की आंखें भर आईं। केबिनेट मंत्री पहुंचे शिविरों में, ग्रामीणों से संवाद जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सोमवार को ग्राम पंचायत दमाणा, मादला एवं पीपलवारा में आयोजित शिविरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। मंत्री श्री खराड़ी ने शिविरों में आमजन को लाभ वितरित किए। साथ ही पौधरोपण भी किया। मंगलवार को यहां होंगे शिविर अभियान के तहत मंगलवार को गिर्वा में पीपलवास, नयाखेड़ा व चीक डिया, कुराबड़ में वल्लभ, टालीसर, बड़गांव में सरे व वरड़ा, मावली में मोरठ व खरताणा, भामा में रख्याावल व सांगवा, वल्लभनगर में खरसाण व बाठरडाखुर्द,भीण्डर में अमरपुरा खालसा व नांगलिया, गोगुन्दा में मोढी व सेमटाल, सायरा में पलासमा व पणवल, झाड़ोल में गेजवी, राणपुर व कितावती का वास, फलासिया में नेवज व बिरोठी, खेरवाड़ा में कारछाकला व बागपुर, नयागांव में खेड़ाघाटी व चितोड़ा तथा कोटड़ा में जुना पादर, दाड़मिया,जुड़ा,कउचा व डिंगावरी कला में शिविर होंगे।

# शिविरों में सौहार्दपूर्ण तरीके से खुल रही सुलह की राहें, अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित

## समझाइश से निपट रहे बरसों पुराने राजस्व प्रकरण, अन्य विभागों की सेवाओं का भी मिल रहा भरपूर लाभ

उदयपुर (कासं)। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रास्ते और भूमि से जुड़े छोटे-मोटे विवाद परिवारों के बीच बरसों तक मनमुटाव का कारण बने रहते हैं, लेकिन पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर इन विवादों में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं। बरसों पुराने राजस्व प्रकरण आपसी समझाइश से निस्तारित होने से मानमुटाव के बीच गांवों में माहौल खुशनुमा बना हुआ है। इतना ही नहीं शिविरों में अन्य विभागों की सेवाएं भी ग्रामीणों खास कर वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान की पवित्र मंशा के साथ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में 24 जून से 9 जुलाई तक पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत तहसीलवार प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसमें राजस्व, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, विद्युत, पीएचईडी, जल संसाधन, वन, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, चिकित्सा, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आदि की ओर से 63 से अधिक तरह की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उदयपुर जिले में 24 जून से 1 जुलाई तक कुल 152 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविरों में पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए जा रहे हैं। इसमें अब तक जिले भर में 465 लोगों को स्वामित्व कार्ड-पट्टा जारी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग ने 961 जल संरचनाओं की मरम्मत भी कराई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 418 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही योजना के द्वितीय चरण के लिए 986 परिवारों को चिन्हित भी किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 48917 आवेदन भी प्राप्त किए। शिविरों के दौरान विद्युत निगम ने झूलते तारों से जुड़ी 1020 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं विद्युत पोल दुरुस्त करने से 714 केस निपटाए। तारों पर झुकी पेड़ों की टहनियों की छंटाई से जुड़ी 11 हजार 681 शिकायतों का भी निस्तारण किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 241 लंबित कनेक्शन जारी किए। 223 विभागीय जलाशयों की सफाई कराई। लीकेज से जुड़ी 394 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं पाइप लाइन मरम्मत से क्षतिग्रस्त कुल 7882 मीटर सड़कों को दुरुस्त करवाकर राहत प्रदान की। जल संसाधन विभाग ने 21 हजार 856 मीटर नहरों के पटरों की सफाई व मरम्मत का कार्य पूर्ण किया। वहीं 19 हजार 999 मीटर तक नहरों में गाद निकालने की कार्यवाही की। बांधों व नहरों के गेट की मरम्मत व ग्रीस कार्य से जुड़े 43 प्रकरण निस्तारित किए। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से अब तक 213 यूडीआईडी कार्ड वितरित किए। वहीं पीएमजेएवाय के तहत 4052 प्रकरणों में ईकेवायसी पूर्ण की तथा 1880 कार्ड वितरित किए। इसके अलावा शिविर स्थलों पर आयोजित मेडिकल कैम्प में टीबी, एनसीडी के तहत जांच, गर्भवती माताओं की जांच व टीकाकरण आदि कार्य भी किए जा रहे हैं। टीएडी विभाग ने 34 आवासीय स्कूल व छात्रावास भवनों में स्वच्छ सफाई कराई। 13 भवनों की मरम्मत तथा 81 पानी की टंकियों की सफाई कराई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 395 पंजीयन किए। वहीं पोषण ट्रेकर पर एफआरएस एवं ईकेवायसी के 378 प्रकरण निस्तारित किए। विभाग की ओर से शिविर स्थलों पर गर्भवती माताओं की गोद भराई तथा बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से 4716 पेंशन प्रकरणों का सत्यापन किया गया। वहीं खाद्य विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लंबित 1823 प्रकरणों का सत्यापन किया। शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में 2758 शौचालयों की सफाई तथा 484 की मरम्मत कराई गई। 390 अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण किया गया।

### वर्षों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण

**अभियान के तहत** राजस्व विभाग की ओर से बरसों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया जा रहा है। अब तक आयोजित कुल 152 शिविरों में रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए।

### भूमिपुत्रों व पशुपालकों को भी संबल

**अभियान के तहत कृषि** एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से मृदा जांच के लिए 2386 नमूने लिए गए। वहीं 2277 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी जारी किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 233 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वहीं 66 में प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक छोटे-बड़े 54 हजार से अधिक पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं 43 हजार 611 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

दैनिक भास्कर

# उदयपुर जिला 03-07-2025

## आमजन की समस्या का समाधान समय पर हो: एसडीएम




नयागांव | उपखण्ड नयागांव के ग्राम पंचायत थाणा में बुधवार को अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का निरीक्षण नयागांव उपखण्ड अधिकारी सत्यनारायण विश्नोई ने किया। उपखण्ड अधिकारी ने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारी से कहा कि शिविर में आने वाले परिवादियों की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। शिविर में जरूरतमंदों को हाथोंहाथ काम होना चाहिए। इस दौरान जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आधार सत्यापन, पेंशन सत्यापन, जन्म प्रमाण पत्र के परिवाद दर्ज किए गए। शिविर में तहसीलदार हिम्मतराम पटेल, प्रशासनिक अधिकारी नरेश गरासिया, ग्राम सचिव गोविन्दसिंह, प्रशासक कमला गरासिया, रोजगार सहायक दिनेश नायक, जलदाय विभाग की जेईएन लंका परमार, ललित रावल, भगवान गिरी गोस्वामी, भागवती पटेल, हीरालाल गरासिया, एलडीसी जयंतीलाल भील, नारायण मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : शिविरों में सौहार्दपूर्ण तरीके से खुल रही सुलह की राहें, समझाइश से निपट रहे बरसों पुराने राजस्व प्रकरण

## अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित, अन्य विभागों की सेवाओं का भी मिल रहा भरपूर लाभ

उदयपुर, 2 जुलाई। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रास्ते और भूमि से जुड़े छोटे-मोटे विवाद परिवारों के बीच बरसों तक मनमुटाव का कारण बने रहते हैं, लेकिन पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर इन विवादों में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं। बरसों पुराने राजस्व प्रकरण आपसी समझाइश से निस्तारित होने से मानसूनी बयार के बीच गांवों में माहौल खुशनुमा बना हुआ है। इतना ही नहीं शिविरों में अन्य विभागों की सेवाएं भी ग्रामीणों खास कर वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान की पवित्र मंशा के साथ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में 24 जून से 9 जुलाई तक पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत तहसीलवार प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसमें राजस्व, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, विद्युत, पीएचईडी, जल संसाधन, वन, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, चिकित्सा, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आदि की ओर से 63 से अधिक तरह की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उदयपुर जिले में 24 जून से 1 जुलाई तक कुल 152 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

वर्षों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण

अभियान के तहत राजस्व विभाग की ओर से बरसों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया जा रहा है। अब तक आयोजित कुल 152 शिविरों में रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुरेंजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए।

465 को मिले पट्टे

शिविरों में पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए जा रहे हैं। इसमें अब तक जिले भर में 465 लोगों को स्वामित्व कार्ड-पट्टा जारी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग ने 961 जल संरचनाओं की मरम्मत भी कराई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 418 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही योजना के द्वितीय चरण के लिए 986 परिवारों को चिन्हित भी किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 48917 आवेदन भी प्राप्त किए।

भूमिपुत्रों व पशुपालकों को भी संबल

अभियान के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से मृदा जांच के लिए 2386 नमूने लिए गए। वहीं 2277 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी जारी किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 233 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वहीं 66 में प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक छोटे-बड़े 54 हजार से अधिक पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं 43 हजार 611 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

बिजली, पानी, सिंचाई सुविधा में भी राहत

शिविरों के दौरान विद्युत निगम ने झुलते तारों से जुड़ी 1020 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं विद्युत पोल दुरूस्त करने से 714 केस निपटाए। तारों पर झुकी पेड़ों की टहनियों की छंगाई से जुड़ी 11 हजार 681 शिकायतों का भी निस्तारण किया।

जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग ने 241 लंबित कनेक्शन जारी किए। 223 विभागीय जलाशयों की सफाई कराई। लीकेज से जुड़ी 394 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं पाइप लाइन मरम्मत से क्षतिग्रस्त कुल 7882 मीटर सड़कों को दुरूस्त कराकर राहत प्रदान की। जल संसाधन विभाग ने 21 हजार 856 मीटर नहरों के पटरों की सफाई व मरम्मत का कार्य पूर्ण किया। वहीं 19 हजार 999 मीटर तक नहरों में गाद निकालने की कार्यवाही की। बांधों व नहरों के गेट की मरम्मत व ग्रीस कार्य से जुड़े 43 प्रकरण निस्तारित किए।

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े में अब तक रास्तों के 683, बंटवारों के 734 प्रकरण निस्तारित

**ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रास्ते और भूमि से जुड़े छोटे-मोटे विवाद परिवारों के बीच बरसों तक मनमुटाव का कारण बने रहते हैं, लेकिन पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर इन विवादों में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलह की राह खोल रहे हैं। 24 जून से 9 जुलाई तक पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत तहसीलवार प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हो रहे हैं। अभियान के तहत राजस्व विभाग की ओर से बरसों से लंबित प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया जा रहा है। अब तक आयोजित कुल 152 शिविरों में रास्तों से जुड़े 683 प्रकरणों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारों से जुड़े 734 प्रकरण भी सौहार्दपूर्ण माहौल में निस्तारित किए गए। नामांतरण के 4202 प्रकरणों सहित सीमाज्ञान के 1784, पत्थरगढ़ी के 117 तथा लंबित कुरेजात रिपोर्ट के 127 प्रकरण भी निस्तारित हुए। शिविरों में पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए जा रहे हैं। इसमें अब तक जिले भर में 465 लोगों को स्वामित्व कार्ड-पट्टा जारी किया जा चुका है।

इसके अलावा विभाग ने 961 जल संरचनाओं की मरम्मत भी कराई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 418 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही योजना के द्वितीय चरण के लिए 986 परिवारों को चिन्हित भी किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 48917 आवेदन भी प्राप्त किए। अभियान के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से मृदा जांच के लिए 2386 नमूने लिए गए। वहीं 2277 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी जारी किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 233 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वहीं 66 में प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक छोटे-बड़े 54 हजार से अधिक पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं 43 हजार 611 पशुओं का टीकाकरण किया गया। शिविरों के दौरान विद्युत निगम ने झूलते तारों से जुड़ी 1020 शिकायतों का निस्तारण किया। वहीं विद्युत पोल दुरूस्त करने से 714 केस निपटाए। तारों पर झुकी पेड़ों की टहनियों की छंगाई से जुड़ी 11 हजार 681 शिकायतों का भी निस्तारण किया।

दैनिक भास्कर उदयपुर जिला 03-07-2025

# संबल शिविर में ग्रामीणों को नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया

वल्लभनगर | मेनार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के अंतर्गत बहुउद्देशीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।



इस दौरान राजस्व, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जलदाय, बिजली विभाग सहित कई विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर आमजन को सेवाएं दी। शिविर में आए ग्रामीणों को मौके पर नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, उज्ज्वला योजना, चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना जैसे अनेक लाभ दिए गए। उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार ने बताया कि यह शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की सोच को साकार करने की दिशा में एक कदम है। इस तरह के शिविरों से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचता है।

विकास अधिकारी सुनील चौहान ने बताया कि तहसीलदार वल्लभनगर नरेंद्र चौहान ने राजस्व से जुड़ी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शिविर में तहसीलदार वल्लभनगर नरेंद्र चौहान, क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज भीण्डर कैलाश मेनारिया, सरपंच प्रमोद कुमार, उपसरपंच मांगीलाल सिंगावत, मेनार पटवारी सुनील आदि मौजूद रहे।

वल्लभनगर| उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूंडेडा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का लगा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कनिष्ठ लेखाकार विनय गुर्जर ने शिविर पूर्व तैयारी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में दस्तावेजों के अभाव में लंबित आवेदन में सुधार के लिए आवेदनकर्ता रूंडेडा निवासी मोहनलाल हरिजन से संपर्क किया। शिविर में ही सभी आवश्यक पूर्ति करवाकर योजना अंतर्गत स्वीकृति जारी की गई। उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार ने मोहनलाल हरिजन को स्वीकृति की प्रति प्रदान की। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत मोहनलाल को पुत्री काजल के विवाह पर 41 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। लाभार्थी मोहनलाल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - फलोदी

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक नवज्योति anchal - 03 Jul 2025 - Page 11

# ओमपुरा में आयोजित शिविर में 53 सह खातेदारों के मध्य आपसी सहमति से हुआ बंटवारा

नवज्योति/देणोक।

ग्राम पंचायत ओमपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्राम जाखन के कृषक भंवरसिंह राजपूत जिनकी उम्र करीब 75 वर्ष ने उपस्थित होकर खसरा नंबर 1009 का विभाजन करने की गुहार लगाई। तहसीलदार वाणिणी जेण आरण्कुड़ी ने वृद्ध कृषक की मन की भावना का आंकलन करते हुए पटवारी से जमाबंदी ऑनलाइन निकलवाकर देखी तो 53 सह खातेदारों के नाम दर्ज होने से बंटवाड़ा होना संभव नहीं लग रहा था। लेकिन फिर भी तहसीलदार द्वारा भू अभिलेख निरीक्षक श्रीमती सुनीता व पटवारी श्री अशोक मीणा को मौके पर जाकर कृषकों से समझाइस करने हेतु मौके पर भिजवाया। आईएलआर व पटवारी ने सभी कृषकों को बंटवारे का महत्व समझाया तो सभी ने बंटवाड़ा हेतु सहमति प्रकट करने पर सभी को पंचायत भवन बुला कर हस्ताक्षर करवा कर बंटवाड़ा स्वीकार किया गया। उक्त सह खातेदारी में तीन पीढ़ियों के एक साथ नाम थे जो करीब 30 वर्ष से चले आ रहे थे। सहमति बंटवाड़ा होने पर सभी ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की व राजस्व प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ मौके पर निस्तारण

# कलक्टर ने अन्त्योदय संबल शिविर का किया निरीक्षण, सुनी आमजन की परिवेदनाएं




लोहावट. चन्दनगर में शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनती कलक्टर।







पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लोहावट.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को लोहावट उपखंड क्षेत्र की चंदनगर ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों व कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए एवं पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित कराया जाए। शिविर का निरीक्षण कर प्रकरणों की स्थिति, निस्तारण प्रगति और लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। वहीं जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी पूनमचंद, तहसीलदार विजय कुमार भाकर, सरपंच संगीता कड़ेला, उप सरपंच मांगीलाल, शिविर प्रभारी भंवरसिंह, सीबीईओ जयप्रकाश बिश्नोई, मूलाराम कड़ेला, सुखराम दामाणी, ग्राम विकास अधिकारी रतनलाल बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत चंद नगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण भी किया।

**आसोप.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को शिविर लगाया गया। ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास मालवीय ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को 16 विभागों की 63 जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बुजुर्ग भाग लेकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। आसोप व बारासनी में लाभार्थियों को सरकारी योजना से किया लाभान्वित किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश बिश्नोई, विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़, आसोप सरपंच सावित्री देवी, रामकिशोर खदाव, राजस्व विभाग के सीताराम चौधरी, हरिराम भाकल, उप सरपंच कासम खान, दिनेश देवासी आदि मौजूद रहे।

**लोढ़िया.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत के अटल सेवा केंद्र पर शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी गिरिराज विजयवर्गीय ने बताया शिविर में पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, बिजली, पेयजल, कृषि सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी ने आमजन की समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में सीमाज्ञान के सात, बंटवारा के पांच, नामकरण 15 तथा रास्ते के एक मामले का निराकरण किया गया। शिविर में शिविर प्रभारी को ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने बताया कि राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल से ओवर फ्लो से नहर के आसपास के खेतों की फसल नष्ट हो जाती है। फिर सारा पानी गांव में घुस जाता है। ग्रामीणों के मकानों को भी नुकसान पहुंचता है और पानी भी बेकार में बहता है। पानी के उपयोग के लिए गांव स्थित रणना का तालाब को झील का रूप देकर नहर से होने वाला ओवर फ्लो नाले के माध्यम से तालाब में लाया जा सकता है। इस दौरान ग्राम पंचायत लोढ़िया सरपंच लक्ष्मी देवी ओझा, रैनसुख ओझा, अनिल रंगा, कमल किशोर पुरोहित, खेतमल ओझा, ओमप्रकाश, भिखचन्द ओझा सहित ग्रामीण मौजूद रहे। अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जुनेजों की ढाणी ग्राम पंचायत पर गुरुवार को शिविर लगाया जाएगा। सरपंच जुमेला ने बताया कि शिविर में पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान, लंबित नामांतरण, रास्तों से संबंधित प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा आदि का निस्तारण सहित कई विभागों से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

**लोहावट.** क्षेत्र की जम्भेश्वरनगर ग्राम पंचायत में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सरपंच प्रकाश प्रजापत ने दी तथा ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। (निसं)

**सेतरावा.** सेतरावा क्षेत्र के खिरजाखास गांव में बुधवार को आयोजित शिविर में तहसीलदार

### वृद्ध किसान की गुहार आई काम, 30 वर्षों से लंबित तीन पीढ़ियों की खातेदारी विवाद समाप्त



**फलोदी @पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में फलोदी क्षेत्र के बुजुर्ग किसान की गुहार काम आ गई और तीन दशकों से 53 सहखातेदारों मध्य फंसा बंटवारा के विवाद को राजस्व विभाग ने आपसी सहमति से सुलझा में करवा दिया। ग्राम पंचायत ओमपुरा में आयोजित शिविर में ग्राम जाजन निवासी कृषक भंवर सिंह राजपूत ने खसरा संख्या 1009 का बंटवारा कराने की गुहार लगाई। वृद्ध किसान की पीड़ा को समझते हुए तहसीलदार जे.आर. कुड़ी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत ऑनलाइन जमाबंदी मंगवाई और तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक सुनील एवं पटवारी अशोक मीणा को मौके पर भेजने का निर्णय लिया। करीब तीन पीढ़ियों में चली आ रही यह खातेदारी पर जब सभी 53 सह खातेदारों ने आपसी सहमति जताई तो पंचायत भवन में एकत्र कर सभी से हस्ताक्षर करवाए गए और बंटवारा विधिवत स्वीकार कर लिया गया।

रामनिवास मीणा की उपस्थिति में ग्रामीणों के विभिन्न कामकाज निपटाए गए। इस अवसर पर किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण हुआ। सरपंच हम्मीरसिंह देवड़ा व कृषि पर्यवेक्षक देवीसिंह ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।

**पीपाड़सिटी.** ग्राम पंचायत कालाणा में बुधवार को शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी महेन्द्र मोदी ने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों के कार्यों का त्वरित रूप से निस्तारण का निर्देश दिए। सहायक कलक्टर मोहनलाल चौधरी, आरएएस कौशल्या बिश्नोई ने औचक निरीक्षण कर विभागवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान सरपंच जगदीश डूडी, सहायक कृषि अधिकारी रफीक अहमद कुरैशी, प्रगति प्रसार अधिकारी सुमित सांखला, ग्राम विकास अधिकारी अनिल व्यास मौजूद रहे। आज पालड़ीसिद्धा, खोखरी कला, खोखरा पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे।

**गजसिंहपुरा.** क्षेत्र के डांडोल गांव में बुधवार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ के कार्ड वितरण किए गए। ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र गहलोत ने बताया कि शिविर में तहसीलदार खड़काराम चौधरी, विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़, सरपंच सुखराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य जगत सिंह राजपुरोहित, पूर्व सरपंच सवाईसिंह राजपुरोहित, कल्याराम मेघवाल मौजूद रहे।

**चामू.** ग्राम पंचायत कानी बाला में आयोजित शिविर में ग्राम कानी बाला के खातेदार सुमेर, गणेश, धर्मेन्द्र, पिता जगदीश प्रसाद, नीतू, मंजू, पुत्रियां जगदीश प्रसाद, माता देवी पत्नी जगदीश प्रसाद खातेदारी भूमि में नाम दर्ज नहीं था। ऐसे में पटवारी डूंगरसिंह इन्दा ने इनका नाम नामांतरण दर्ज किया। इस दौरान पूर्व सरपंच भंवरसिंह भाटी, शिविर प्रभारी बीडीओ चम्पालाल आचार्य, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार, मोहनराम, आरपीजी पटवारी विमला बाई मीना, लादू सिंह ने लोगों की समस्याओं का समाधान किया।

**तेना.** ग्राम पंचायत तेना में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर मांगें प्रस्तुत की। ग्राम विकास अधिकारी हनुमान शर्मा ने बताया कि विशेष रूप से क्षेत्र में जर्जर हो चुकी विद्युत लाइनों और पुराने खंभों को बदलने, तथा लंबी दूरी से खिंची विद्युत लाइन के बीच नए पोल लगाने के संबंध में ग्रामीणों की ओर से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन दिए गए। इस दौरान पटवारी मनोज मीणा, ईईओ आशीष मिश्रा, एईईओ गणपतलाल सुथार, उपखंड अधिकारी भवानी सिंह चारण, तहसीलदार नेमाराम, बीडीओ धनसिंह, शिविर जिला प्रभारी समुद्र सिंह, सरपंच शायर देवी, भगवान सिंह राठौड़, एईएन वेदप्रकाश शर्मा, पीएचईडी एक्सईएन जीतसिंह, सीडीपीओ विष्णाराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। (निसं)

**नौसर.** स्थानीय ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी लोहावट तहसीलदार विजय भाकर व सह प्रभारी रतनलाल जिलवाल की उपस्थिति में ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनकर कलमबद्ध की गईं। ग्राम विकास अधिकारी सुनील बिश्नोई ने बताया कि शिविर में पैंशन, भौतिक सत्यापन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएमआवास, पीएम आवास सहित योजनाओं के 50 आवेदन जमा हुए।

**देणोक.** ग्राम पंचायत मोडरनिया में आयोजित शिविर में किशनाराम निवासगा को सुनते हुए, रिकॉर्ड खंगाले गए और दस्तावेजों की जांच की गई किशनाराम को सही कर किशनाराम दर्ज किया गया। शिविर स्थल पर ही उन्हें नया रिकॉर्ड का दस्तावेज सौंपा गया। वर्षों पुरानी गलती को सही होते देख किशनाराम के चेहरे पर संतोष और खुशी के भाव थे।

**बालेसर.** नगर पालिका क्षेत्र बालेसर सत्ता में आयोजित शिविर में 61 वर्ष बाद विरासत का म्यूटेशन भर गया। पटवारी महीराम बिश्नोई ने बताया कि एक विशेष पुराने प्रकरण का निस्तारण किया। जिनमें पूर्व सरपंच कालू सिंह इंदा ने अभी तक विरासत का नामांतरण नहीं भरा गया है। ऐसे में तुरंत प्रभाव से कार्यवाही कर 61 वर्षों से लंबित विरासत को ऑनलाइन किया।

### ओमपुरा में ग्रामीणों ने किया शिविर का बहिष्कार



**बापिणी.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत ओमपुरा में लगे शिविर का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए बहिष्कार किया। शिविर शुरू होने से पहले ही ग्रामीण इकट्ठा होकर ग्राम पंचायत ओमपुरा के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर धरने पर बैठ गए। शिविर में आए अधिकारियों व कार्मिकों को रोककर ग्रामीणों ने पहले रोजगार दो, फिर शिविर चलाओ की मांग करते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक नरेगा कार्य शुरू नहीं होंगे, तब तक कस्बे में किसी भी सरकारी कार्यक्रम को नहीं चलने देंगे। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले दो साल से गांव में मनरेगा कार्य पूरी तरह ठप होने से उन्हें रोजगार नहीं मिलने से आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि 24 घंटे में मनरेगा कार्यों की स्वीकृति कर मजदूरों को रोजगार नहीं दिया गया तो ओमपुरा के साथ-साथ क्षेत्र के गांवों से ग्रामीणों को साथ लेकर जिला स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे बापिणी तहसीलदार जेआर कुड़ी और बापिणी विकास अधिकारी हंसराज ने ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया।

# दैनिक नवज्योति

anchal - 03 Jul 2025 - Page 11




# विशनाराम नहीं, अब सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं किशनाराम

## अन्त्योदय संबल पखवाड़े में नाम सुधार कर 10 साल पुरानी गलती का हुआ समाधान

नवज्योति/देणोक।

चेहरा अनुभवों से भरा आंखों में थका हुआ आत्मविश्वास। किशनाराम वर्षों से एक अदृश्य लड़ाई लड़ रहे थे अपने ही नाम की। मानवीय गलती ने उनकी पहचान किशनाराम की जगह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो गई विशनाराम। इस मामूली लगने वाली गलती ने किशनाराम की जिंदगी में वर्षों की दौड़ धूप और मानसिक तनाव जोड़ दिया। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी समस्या आती थीए साथ ही जमीन से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी। उन्होंने इस भूल सुधार के लिए पूर्व में कई प्रयास किए। फॉर्म भरे आवेदन दिए लेकिन हर बार मामला वहीं का वहीं रह गया। लेकिन बदलाव की सुबह अंत्योदय पखवाड़े में आई राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोटानिया के शिविर में किशनाराम ने एक बार फिर अपनी गुहार लगाई। इस बार सिर्फ उनकी आवाज नहीं सुनी गई बल्कि उसका समाधान भी उसी शिविर में हुआ। शिकायत सुनते ही रिकॉर्ड खंगाले गए ग्रामीणों से पुष्टि करवाई गई दस्तावेजों की जांच की गई और तत्क्षण प्रक्रिया पूरी कर विशनाराम को सही कर किशनाराम दर्ज कर दिया गया। शिविर स्थल पर ही उन्हें नया रिकॉर्ड का दस्तावेज सौंपा गया। वर्षों पुरानी गलती को सही होते देख किशनाराम के चेहरे पर संतोष और खुशी के भाव थे। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पखवाड़े के दौरान इस प्रकार की समस्याओं के त्वरित समाधान से आमजन में विश्वास बढ़ा है। शिविरों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जमीनी स्तर तक पहुँचाया जा रहा है।

नवज्यो
वि
पंचायत
शिविर
श्वेता
दिशा नि
दिलवा

ब

नवज्
उ
ग्रामीण
का मि
बादल
5 बज
दौर
हल्की
सुहाव
घटोर,
की ढा
सहित
हुई।

अ
मेघरा
टेकरी
भी टू
शेड व

पत्रिका

## फलोदी के राणीसर सरोवर को 16 दिन की सामूहिक मेहनत से मिला नया जीवन

# श्रमवीरों की साधना से मुस्कुराया राणीसर तालाब



राणीसर सरोवर की सीढ़ियों से मलबा हटाते श्रमवीर। पत्रिका



अभियान के अंतिम दिन मानसूनी हवाओं के बीच चली श्रम साधना। पत्रिका

### 'अमृतं जलम्' और 'वन्दे गंगाजल' संरक्षण अभियान

### अब मानसून की बूंदों से फिर जलेगी उम्मीद की लौ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फलोदी @पत्रिका.** राजस्थान पत्रिका के 'अमृतं जलम्' और 'वन्दे गंगाजल' संरक्षण अभियान के अंतर्गत फलोदी स्थित ऐतिहासिक राणीसर सरोवर को पुनर्जीवित करने का सपना आखिरकार साकार हो गया है। बीते 16 दिनों तक श्रमवीरों की अथक मेहनत, समर्पण और जनभागीदारी ने इस बदहाल पड़े सरोवर को एक बार फिर संजीवनी दी है। सरोवर से मलबा, प्लास्टिक और गाद को हटाकर इसे मानसूनी जल ग्रहण के लिए तैयार कर दिया गया है।

राजस्थान पत्रिका
अमृतं जलम्
आओ, भगीरथ बनें!

### इन्द्रदेव ने स्वीकारी श्रमवीरों की साधना

राणीसर सरोवर का श्रमदान व सफाई अभियान गुरुवार की शाम को पूरा हो गया और अंतिम चरण के साथ ही इन्द्रदेव भी मुस्कुराए और बारिश की बूंदों से सरोवर को भरने का संदेश दिया। ऐसे में अब जबकि मानसून की पहली बूंदें धरती को छूने लगी हैं, राणीसर सरोवर में जल संचयन की संभावनाएं भी खिल उठी हैं।

### हाथों से मिले हाथ, बदलाव की राह हुई सुगम

इस अभियान में फलोदी शहर के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर भागीदारी की। विशेष बात यह रही कि श्रमदान के साथ मशीनों की तकनीक का भी उपयोग किया गया, जिससे सरोवर की पारंपरिक जलस्रोत को मानसूनी बारिश के लिए समय पर तैयार कर दिया गया, वहीं स्वेच्छा से जुटे श्रमवीरों ने एकजुटता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की मिसाल पेश की।

### सिर उठाकर मुस्कुराएगा राणीसर

गौरतलब है कि एक समय था जब राणीसर सरोवर गांव की जीवनरेखा माना जाता था, लेकिन वर्षों की उपेक्षा के कारण यह सरोवर मलबे और कचरे का ढेर बन गया था, लेकिन अब यह जल संचयन, भूजल स्तर सुधार, सिंचाई, पशुपालन और पारिस्थितिक संतुलन के लिए फिर से सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है।

### मलबा निकाला बाहर

सरोवर से मलबा हटाने का कार्य गुरुवार को पूर्ण हो गया है। यहां के श्रमवीरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय प्रशासन और राजस्थान पत्रिका की टीम ने मिलकर इस तालाब की उसकी पुरानी गरिमा लौटाने का बीड़ा उठाया था।

### जनसहयोग बना बदलाव की कुंजी

राणीसर सरोवर को स्वच्छ बनाने के लिए समस्त महाजन संस्था के राजस्थान संयोजक प्रमुख रविंद्र कुमार जैन की प्रेरणा पर गिरीश भाई शाह, देवेंद्र जैन मंत्री, भारतीय किसान संघ के सम्माननीय अध्यक्ष नरेश व्यास, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार व्यास, साईराम माली, दलाराम माली, सरीता टाक, धनसुख टाक, शुभमित सम्पतलाल सारड़ा, मधुसूदन बोहरा, राजेश बोहरा, अशोक कानूगा, महेन्द्र बोहरा, विनोद छंगाणी, गोविंदकिशन शर्मा, राजू शर्मा, महावीर व्यास, जितेन्द्र बोहरा, महेन्द्र बावली, अशोक कानूगा व कई लोगों ने लगातार सहभागिता निभाई। वहीं समाजसेवी डूंगर गुचिया, निखिल गुचिया, जयप्रकाश मानजी बोहरा, विक्रम सोनू बोहरा, प्रकाश व्यास ने अपने संसाधन उपलब्ध करवाकर बारिश से पहले दो दिनों में सरोवर को स्वच्छ बनाने में भूमिका निभाई। मनमोहन छंगाणी, सुरेश व नरेश पुरोहित, पुष्करणा सखी, इन्द्रा बोहरा, सुनील सोनी, इन्द्रा बोहरा ने भी एक-एक दिन मशीनरी देकर अभियान को सम्बल दिया।

### कलक्टर ने सौंदर्यीकरण व पौधरोपण के कार्यों को धरातल पर उतारने के दिए निर्देश



**फलोदी.** राणीसर सरोवर जिला कलक्टर को सरोवर की ऐतिहासिक व जनभागिता की जानकारी देते हुए। पत्रिका

**फलोदी @पत्रिका.** सरोवर में चल रहे श्रमदान और जनसहभागिता को जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने सम्मान देने की पहल की है। कलक्टर ने बुधवार को सरोवर पर चल रहे स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया और भामाशाहों एवं आमजन की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त विक्रम सिंह चारण को सरोवर में वर्षा जल की आवक और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों पर सर्वे करवा कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर चौहान ने सरोवर के आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए सघन पौधरोपण की आवश्यकता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान इस सरोवर सहित शिवसर तालाब सहित अन्य जल स्रोतों के आसपास भी पौधरोपण किए जाएं। इससे न केवल पर्यावरण संतुलन सुधरेगा, बल्कि क्षेत्र का सौंदर्य भी निखरेगा।

Mai

# कलक्टर ने प्लास्टिक की थैलियो को जब्त कर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये

## रणीसर, शिवसर तालाब एवं कृत्रिम झील पर सफाई, पानी की आवक एवं सौंदर्यकरण के लिये आयुक्त को सर्वे करवाने के निर्देश

● सच मीडिया



**फलोदी अशोक कुमार मेघवाल।** जिला कलक्टर फलोदी श्वेता चौहान ने बुधवार को शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था एवं जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर में प्लास्टिक की थैलियों के चलते होने वाली गंदगी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त विक्रम सिंह चारण को सख्त कार्रवाई करते हुए थैलियां जब्त करने एवं सफाई करवाने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने रणीसर तालाब पर पहुंचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भामाशाहों एवं आमजन द्वारा किये जा रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। तालाब पर सफाई कार्यों की सराहना करते हुए कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तालाब में पानी की आवक तथा सौंदर्यकरण कार्यों के संबंध में सर्वे करवाते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने शिवसर तालाब का भी जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण करवाने को कहा है। कलक्टर चौहान ने कृत्रिम झील का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने तथा सफाई करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिये पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलोदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

# कलक्टर ने प्लास्टिक की थैलियों को जब्त कर सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

नवज्योति/फलोदी।




जिला कलक्टर फलोदी श्वेता चौहान ने बुधवार को शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था एवं जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर में प्लास्टिक की थैलियों के चलते होने वाली गंदगी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त विक्रमसिंह चारण को सख्त कार्रवाई करते हुए थैलियां जब्त करने एवं सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रणीसर तालाब पर पहुंचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भामाशाहों एवं आमजन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। तालाब पर सफाई कार्यों की सराहना करते हुए कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तालाब में पानी की आवक तथा सौंदर्यकरण कार्यों के संबंध में सर्वे करवाते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिवसर तालाब का भी जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में सघन पौधरोपण करवाने को कहा है। कलक्टर चौहान ने कृत्रिम झील का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने तथा सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिए पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलोदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

जोधपुर/फलोदी भास्कर 03-07-2025

# जिला कलक्टर का शहर दौरा: प्लास्टिक पर सख्ती और तालाबों के सौंदर्यीकरण के निर्देश

## जल स्रोतों की सफाई, पौधारोपण और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना बनाने के भी दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | फलोदी



बुधवार को जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था और जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर सख्त नाराजगी जताते हुए नगर परिषद आयुक्त को तत्काल कार्रवाई कर थैलियां जब्त करवाने और सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलक्टर के कार्यभार ग्रहण करने के महज एक सप्ताह बाद ही शहर के भ्रमण से जनता के बीच सकारात्मक संदेश गया। लोगों में उम्मीद जगी कि अब शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर ठोस कार्यवाही होगी।

### जल स्रोतों पर विशेष ध्यान

कलक्टर चौहान ने रानीसर तालाब का निरीक्षण कर 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत भामाशाहों और आमजन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों की सराहना की। उन्होंने तालाब में पानी की आवक, सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद को सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शिवसर तालाब का भी दौरा किया और वर्षा ऋतु के दौरान वहां सघन पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। कृत्रिम झील (वाटर रिजरवायर) का निरीक्षण करते हुए कलक्टर ने आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियां हटवाने और पूर्ण सफाई करवाने को कहा। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र के विकास के लिए पीएचईडी अधिकारियों से समन्वय कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि फलोदी जिले के प्रमुख तालाबों पर खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट और अन्य रोचक पहलुओं को शामिल करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने वाली कार्य योजना तैयार की जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

# कलक्टर ने प्लास्टिक की थैलियो को जब्त कर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये

## >> रणीसर, शिवसर तालाब एवं कृत्रिम झील पर सफाई, पानी की आवक एवं सौंदर्यकरण के लिये आयुक्त को सर्वे करवाने के निर्देश

बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** जिला कलक्टर फलोदी श्वेता चौहान ने बुधवार को शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था एवं जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर में प्लास्टिक की थैलियों के चलते होने वाली गंदगी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त विक्रम सिंह चारण को सख्त कार्रवाई करते हुए थैलियां जब्त करने एवं सफाई करवाने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने रणीसर तालाब पर पहुंचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भामाशाहों एवं आमजन द्वारा किये जा रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। तालाब पर सफाई कार्यों की सराहना करते हुए कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तालाब में पानी की आवक तथा सौंदर्यकरण कार्यों के संबंध में सर्वे करवाते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने शिवसर तालाब का भी जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण करवाने को कहा है। कलक्टर चौहान ने कृत्रिम झील का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने तथा सफाई करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिये पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट



प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलोदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

# विशनाराम नहीं, अब सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं किशनाराम

## अन्त्योदय संबल पखवाड़े में नाम सुधार कर 10 साल पुरानी गलती का हुआ समाधान



दैनिक पर्यटन बाजार

**फलौदी।** चेहरे पर अनुभवों की लकीरें और आंखों में उम्मीद की चमक। किशनाराम बीते दस वर्षों से अपने ही नाम की एक गलती से जूझ रहे थे। सरकारी रिकॉर्ड में उनका नाम 'किशनाराम' की जगह 'विशनाराम' दर्ज हो गया था। यह त्रुटि मामूली प्रतीत होती है, लेकिन इसके कारण किशनाराम को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और जमीन से जुड़े कानूनी कार्यों में लगातार अड़चनें आती रहीं। उन्होंने कई बार नाम सुधार के प्रयास किए—फॉर्म भरे, आवेदन दिए—लेकिन समाधान नहीं हुआ। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोटानिया में आयोजित शिविर में किशनाराम ने एक बार फिर अपनी पीड़ा व्यक्त की। इस बार उनकी बात सिर्फ सुनी ही नहीं गई, बल्कि त्वरित कार्रवाई भी हुई। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने तुरंत रिकॉर्ड की जांच की, ग्रामीणों से पुष्टि करवाई और दस्तावेजों के आधार पर नाम सुधार की प्रक्रिया पूरी की। शिविर स्थल पर ही किशनाराम को नया संशोधित दस्तावेज़ सौंपा गया। वर्षों की पीड़ा का समाधान पाकर किशनाराम भावुक हो उठे।

उनके चेहरे पर संतोष और राहत के भाव थे। इस शिविर ने न सिर्फ एक गलती सुधारी, बल्कि एक आम नागरिक को उसका अधिकार लौटाया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित ऐसे जनसेवा शिविर आमजन को राहत और भरोसा दे रहे हैं। तत्परता से हो रही समस्याओं की सुनवाई और समाधान ने ग्रामीणों का सरकारी व्यवस्था पर विश्वास और भी मजबूत किया है।

# फलोदी जिला कलक्टर ने शहर का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## तालाबों के सौंदर्यीकरण व स्वच्छता पर दिए सख्त निर्देश

दैनिक पर्यटन बाजार

**फलोदी।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने बुधवार को फलोदी शहर का व्यापक दौरा कर स्वच्छता व्यवस्था, जल स्रोतों की स्थिति तथा सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाई जाए और जहां भी ऐसी थैलियाँ पाई जाएं, उन्हें तत्काल जब्त करते हुए चालानी कार्रवाई की जाए। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।



शहर भ्रमण के दौरान जिला कलक्टर सबसे पहले ऐतिहासिक रानीसर तालाब पहुंचीं, जहां उन्होंने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत भामाशाहों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से चल रहे स्वच्छता कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने तालाब के किनारे चल रहे श्रमदान कार्य की सराहना करते हुए नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि तालाब में पानी की आवक के लिए नालों का निरीक्षण कर उन्हें सुधार किया जाए। साथ ही तालाब के चारों ओर हरियाली, सौंदर्यीकरण, बैठने की व्यवस्था और प्रकाश की समुचित व्यवस्था हेतु सर्वे कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

इसके बाद कलक्टर ने शिवसर तालाब का भी दौरा किया। उन्होंने मानसून के मद्देनज़र तालाब के आसपास सघन पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों, समाजसेवी संस्थाओं और नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि आमजन की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकें।

कृत्रिम झील का निरीक्षण करते हुए जिला कलक्टर ने वहां की अव्यवस्थित झाड़ियों को तुरंत हटवाने, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और क्षेत्र को आकर्षक स्वरूप देने के लिए नगर परिषद और पीएचईडी विभाग को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पर्यटन की दृष्टि से इन जल स्रोतों को विकसित किया जाए। इसके तहत फूड कोर्ट, बच्चों के लिए खेलकूद क्षेत्र, वॉकिंग ट्रैक, बोटिंग सुविधा, ओपन जिम तथा अन्य जन-रुचिकर गतिविधियों को भी शामिल करते हुए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाए।

कलक्टर ने स्पष्ट किया कि शहर में स्वच्छता और जल स्रोतों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त से कहा कि वे नियमित निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को चुस्त रखें और जलस्रोतों की देखरेख के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त, पीएचईडी व वन विभाग के अधिकारी, अभियंता, सफाई निरीक्षक, स्थानीय पार्षदगण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की इस पहल से शहर में साफ़-सफाई, जल संरक्षण और पर्यटन विकास की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वहीं आमजन व भामाशाहों की भागीदारी से स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत चंद्र नगर में अन्त्योदय संबल शिविर का किया निरीक्षण, आमजन की सुनी परिवेदनाएं

## ग्रामीणों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**दैनिक पर्यटन बाजार**

**फलोदी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को लोहावट उपखंड की ग्राम पंचायत चंद्र नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने औचक निरीक्षण कर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के सभी कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए एवं पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित कराया जाए। शिविर का निरीक्षण कर प्रकरणों की स्थिति, निस्तारण प्रगति और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने शिविर के दौरान राजस्व वाद को सुलझाने, आपसी समझाइश से रास्ते खुलवाने, पत्थरगढ़ी, स्वामित्व पट्टा वितरण, आयुष्मान कार्डो का वितरण शीघ्रता से पूरा करने, प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के लाभार्थियों को कार्ड जारी करने तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड, ऑनलाइन प्रमाण-पत्र निर्माण, कुपोषित-एनिमिक बच्चों एवं टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग और सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शिविर के दौरान ही संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर दिवस पर प्राप्त समस्त आवेदनों का मौके पर ही सत्यापन अनिवार्य रूप से हो।

इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए कहा। शिविर में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन शिविरों के माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिला है, जिससे उन्हें बड़ी राहत प्राप्त हुई है। इस दौरान उपखंड अधिकारी पूनम चंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# चंद्र नगर में अन्त्योदय संबल शिविर में कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

## ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**( कार्यालय संवाददाता )**

**फलोदी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को लोहावट उपखंड की ग्राम पंचायत चंद्र नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने औचक निरीक्षण कर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के सभी कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए एवं पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित कराया जाए। शिविर का निरीक्षण कर प्रकरणों की स्थिति, निस्तारण प्रगति और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने शिविर के दौरान राजस्व वाद को सुलझाने, आपसी समझाइश से रास्ते खुलवाने, पत्थरगढ़ी, स्वामित्व पट्टा वितरण, आयुष्मान कार्डों का वितरण शीघ्रता से पूरा करने, प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के लाभार्थियों को कार्ड जारी करने तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड, ऑनलाइन प्रमाण-पत्र निर्माण, कुपोषित-एनिमिक बच्चों एवं टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग और सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शिविर के दौरान ही संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर दिवस पर प्राप्त समस्त आवेदनों का मौके पर ही सत्यापन अनिवार्य रूप से हो।

इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए कहा। शिविर में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन शिविरों के माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिला है, जिससे उन्हें बड़ी राहत प्राप्त हुई है।

इस दौरान उपखंड अधिकारी पूनम चंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

दैनिक नवज्योति anchal - 03 Jul 2025 - Page 5

# कलक्टर ने प्लास्टिक की थैलियों को जब्त कर सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

नवज्योति/फलोदी।

जिला कलक्टर फलोदी श्वेता चौहान ने बुधवार को शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था एवं जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर में प्लास्टिक की थैलियों के चलते होने वाली गंदगी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त विक्रमसिंह चारण को सख्त कार्रवाई करते हुए थैलियां जब्त करने एवं सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रणीसर तालाब पर पहुंचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भामाशाहों एवं आमजन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। तालाब पर सफाई कार्यों की सराहना करते हुए कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तालाब में पानी की आवक तथा सौंदर्यकरण कार्यों के संबंध में सर्वे करवाते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिवसर तालाब का भी जायजा लेते हुए




वर्षा ऋतु में सघन पौधरोपण करवाने को कहा है। कलक्टर चौहान ने कृत्रिम झील का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने तथा सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिए पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलोदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# जिला कलक्टर ने शहर का दौरा करते हुए जांची व्यवस्थाएं

(कार्यालय संवाददाता)

**फलोदी।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने बुधवार को शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था तथा जल स्रोतों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर में प्लास्टिक की थैलियों के कारण होने वाली गंदगी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त को सख्त कार्रवाई करते हुए थैलियां ज़ब्त करने तथा सफ़ाई करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रानीसर तालाब पर पहुंचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भामाशाहों व आमजन द्वारा किए जा रहे सफ़ाई कार्यों का अवलोकन किया। तालाब पर सफ़ाई कार्यों की सराहना करते हुए जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तालाब में पानी की आवक तथा सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में सर्वे करवाते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिवसर तालाब का भी जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने इसके बाद पदमसागर तालाब का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने तथा सफ़ाई करवाने के निर्देश दिए। पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिए पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलौदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

पत्रिका

बचाना है। उन्होंने बताया कि सहयोग रहेगा।

## कलक्टर ने किया शहर का दौरा, जांची व्यवस्थाएं

# प्लास्टिक की थैलियों को जब्त व सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश



**फलोदी @पत्रिका.** जिला कलक्टर श्वेता चैहान ने जिला मुख्यालय की सफाई व्यवस्थाओं की पड़ताल करने के लिए बुधवार को शहर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और शहर में बेतरतीब बिखरी प्लास्टिक की थैलियों के कारण बिगड़ रही सूरत और पसर रही गंदगी को देख उखड़ गई और नगर परिषद् आयुक्त विक्रमसिंह चारण को सख्त कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक की थैलियां जब्त करने और शहर की सफाई करवाने के निर्देश दिए।

कलक्टर श्वेता चौहान ने पिचयार तालाब का भी जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में यहां पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। तीन तालाब झील का अवलोकन करते हुए आयुक्त को अनावश्यक झाड़ियों को हटवाने और सफाई करवाने के निर्देश दिए। कलक्टर ने पर्यटन की दृष्टि से तालाब पर कार्य करवाने के लिए पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण फलौदी जिले में तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ खेलकूद गतिविधियां, फूड कोर्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

03/07/2025 | Jodhana | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े में नाम सुधार कर 10 साल पुरानी गलती का हुआ समाधान

(कार्यालय संवाददाता)

**फलोदी।** चेहरा अनुभवों से भरा, आंखों में थका हुआ आत्मविश्वास। किशनाराम वर्षों से एक अदृश्य लड़ाई लड़ रहे थे अपने ही नाम की। मानवीय गलती ने उनकी पहचान किशनाराम की जगह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो गई विशनाराम। इस मामूली लगने वाली गलती ने किशनाराम की जिंदगी में वर्षों की दौड़-धूप और मानसिक तनाव जोड़ दिया। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी समस्या आती थी, साथ ही जमीन से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी। उन्होंने इस भूल सुधार के लिए पूर्व में कई प्रयास किए। फॉर्म भरे, आवेदन दिए, लेकिन हर बार मामला वहीं का वहीं रह गया।

## लेकिन बदलाव की सुबह अंत्योदय पखवाड़े में आई

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोटानिया के शिविर में किशनाराम ने एक बार फिर अपनी गुहार लगाई। इस बार सिर्फ उनकी आवाज़ नहीं सुनी गई बल्कि उसका समाधान भी उसी शिविर में हुआ। शिकायत सुनते ही रिकॉर्ड खंगाले गए, ग्रामीणों से पुष्टि करवाई गई, दस्तावेज़ों की जांच की गई और तत्क्षण प्रक्रिया पूरी कर 'विशनाराम' को सही कर 'किशनाराम' दर्ज कर दिया गया। शिविर स्थल पर ही उन्हें नया रिकॉर्ड का दस्तावेज सौंपा गया। वर्षों पुरानी गलती को सही होते देख किशनाराम के चेहरे पर संतोष और खुशी के भाव थे। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पखवाड़े के दौरान इस प्रकार की समस्याओं के त्वरित समाधान से आमजन में विश्वास बढ़ा है। शिविरों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से ज़मीनी स्तर तक पहुँचाया जा रहा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - राजसमन्द

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

शिविर | 32 वर्षों की समस्या का एक पल में हो गया समाधान

# एक नाम, तीन दशक और शिविर में बदल गई पूरी जिंदगी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**राजसमंद.** नाथद्वारा उपखंड के राजस्व ग्राम सुरतपुरा निवासी किशन लाल पुत्र जयकिशन ब्राह्मण, जिनका नाम पिछले 32 वर्षों से राजस्व अभिलेखों में अशुद्ध रूप से 'कालू' अंकित था, को अन्ततः राज्य सरकार की अन्त्योदय संबल पखवाड़ा योजना के माध्यम से बड़ी राहत मिली है। दरअसल, किशन लाल के सभी सरकारी दस्तावेजों जैसे- आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड आदि में उनका नाम 'किशन लाल' दर्ज था, लेकिन राजस्व रिकार्ड में गलती से बचपन का पुकार नाम 'कालू' दर्ज हो गया था। इस त्रुटि के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं, ऋण, नामांतरण और संपत्ति से जुड़े किसी भी लाभ से वंचित रहना पड़ रहा था। किशन लाल ने बताया कि इस नाम शुद्धि के लिए उन्होंने वर्षों तक प्रयास किए, वकीलों से सलाह ली, लेकिन सभी ने इसे लंबी और महंगी न्यायालयीन प्रक्रिया बताया। 63 वर्ष की उम्र और सीमित आर्थिक संसाधनों के चलते वे निराश होकर बैठ गए थे। राज्य सरकार द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा - 2025 की सूचना मिलने पर किशन लाल में एक बार फिर उम्मीद जगी। ग्राम पंचायत धामणखेड़ा में आयोजित शिविर में उन्होंने अपनी समस्या उपखंड अधिकारी, नाथद्वारा के समक्ष रखी। उन्होंने यह भी बताया कि वे कम पढ़े-लिखे हैं और न्यायालय की जटिल प्रक्रिया उनके लिए संभव नहीं है। किशन लाल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी ने तुरंत राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। शिविर में ही राजस्व विभाग की टीम सक्रिय हुई और नाम शुद्धि की समस्त प्रक्रिया जैसे-आवेदन, जांच, दस्तावेज सत्यापन, खाता नकल आदि शिविर में ही हाथों-हाथ पूरी कर दी गई। उपखंड अधिकारी द्वारा शिविर में ही नाम शुद्धि का आदेश जारी कर किशन लाल को प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें अपनी जमीन पर मकान बनाने, नामांतरण कराने और ऋण जैसी सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में कोई अड़चन नहीं आएगी। किशन लाल ने अपने अनुभव से यह संदेश दिया कि जब सरकार आमजन का भला करने का संकल्प लेती है, तो कठिन से कठिन कार्य भी सरलता से पूरे हो जाते हैं।



**राजसमंद.** सुरतपुरा में नाम सही का प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी।

03/07/2025 | Rajsamand | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबंल पखवाड़ा शिविर में उमड़े ग्रामीण

# वर्षों बाद मिले मालिकाना हक, सुधारे नाम, मिली खुशी









### पसुन्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में ग्रामवासियो को दिलाया लाभ

खबर सम्राट संवाददाता

[illegible]

### जमाबंदी में 44 साल बाद सही हुआ अमर सिंह का नाम

[illegible]

### 32 साल बाद हुआ नाम में सुधार

[illegible]

### जनसुनवाई का कार्यक्रम जारी

[illegible]

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर में विभागीय गतिविधियां मोनिटरींग के लिये पहुंचे सीएमएचओ

[illegible]

# खबर सम्राट

राजसमंद, गुरुवार, 03 जुलाई, 2025


**ग्राम पंचायत झौर में रात्रि**
राजसमंद। गुरुवार 3 जुलाई को आ
इस दौरान जिला कलक्टर अरुण कु
मौके पर ही समाधान करेंगे। एडीएम

### पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में पूरी हुई वर्षों पुरानी आस, दिनेशनाथ को मिला पुश्तैनी मकान का पट्टा





**खबर सम्राट संवाददाता**

**राजसमंद।** राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांवों में ही सुलझाने के संकल्प के साथ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' का संचालन कर रही है। इस जनकल्याणकारी अभियान के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों को राहत दी जा चुकी है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। शिविरों में समस्याएं मौके पर ही सुनी और तत्काल निस्तारित की जा रही हैं, जिससे आमजन को समय पर मदद और त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को साकार रूप दे रही है। ग्राम पंचायत खाखरमाला के आसन कोटेश्वरी ग्राम निवासी दिनेशनाथ पिता शम्भुनाथ को अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की लंबे समय से आवश्यकता थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण के समय उनका पट्टा मौके पर तैयार कर उन्हें आवास का पट्टा जारी कर दिया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी द्वारा दिनेशनाथ को पट्टा सौंपा गया। पट्टा प्राप्त कर दिनेशनाथ बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से वर्षों पुरानी उनकी समस्या का तुरंत समाधान हो गया, जिसके लिए वे सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से वे अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे के लिए प्रयासरत थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज इस शिविर के माध्यम से जो सहूलियत मिली है, वह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। दिनेशनाथ ने राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना वास्तव में गरीब और वंचित लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया है और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जनकल्याणकारी अभियान के लिए वे तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## शिविर बना सहारा, पुष्पा शर्मा को गांव में ही मिला रोजगार

राज्य सरकार द्वारा गांव-गांव पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' संचालित किया जा रहा है। यह अभियान अब तक हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। अभियान के दौरान आमजन को उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान मिल रहा है, जिससे लोगों को त्वरित राहत प्राप्त हो रही है।

ग्राम टिकर, ग्राम पंचायत खाखरमाला निवासी पुष्पा और उनके पति किशोर शर्मा पशुपालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में पुष्पा, उनके पति किशोर शर्मा और एक पुत्र है। पहले किशोर शर्मा गांव से बाहर मजदूरी करने जाते थे, लेकिन अब परिवार सहित गांव में ही रह रहे हैं।

रोजगार की आवश्यकता महसूस होने पर पुष्पा ने स्वयं पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर, ग्राम पंचायत खाखरमाला में भाग लिया। शिविर में तत्काल उनका नाम जॉब कार्ड में जोड़ा गया और नरेगा पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि कर दी गई। जॉब कार्ड प्राप्त होते ही पुष्पा प्रसन्न हुई और उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

पुष्पा जॉब कार्ड प्राप्त कर अत्यंत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि नरेगा के माध्यम से गांव में ही काम मिलने की उम्मीद जागी है। पुष्पा ने राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से जरूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता मिल रही है और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल वास्तव में गांव-गरीब के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है।

# शिविर में पूरी हुई वर्षों पुरानी आस, दिनेशनाथ को मिला पुश्तैनी मकान का पट्टा

**बढ़ता राजस्थान**



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांवों में ही सुलझाने के संकल्प के साथ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' का संचालन कर रही है। इस जनकल्याणकारी अभियान के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों को राहत दी जा चुकी है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। शिविरों में समस्याएं मौके पर ही सुनी और तत्काल निस्तारित की जा रही हैं, जिससे आमजन को समय पर मदद और त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को साकार रूप दे रही है।

ग्राम पंचायत खाखरमाला के आसन कोटेश्वरी ग्राम निवासी दिनेशनाथ पिता शम्भुनाथ को अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की लंबे समय से आवश्यकता थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर के दौरान, स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण के समय उनका पट्टा मौके पर तैयार कर उन्हें आवास का पट्टा जारी कर दिया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी द्वारा दिनेशनाथ को पट्टा सौंपा गया। पट्टा प्राप्त कर दिनेशनाथ बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से वर्षों पुरानी उनकी समस्या का तुरंत समाधान हो गया, जिसके लिए वे सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षों से वे अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे के लिए प्रयासरत थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज इस शिविर के माध्यम से जो सहूलियत मिली है, वह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। दिनेशनाथ ने राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना वास्तव में गरीब और वंचित लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया है और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जनकल्याणकारी अभियान के लिए वे तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025

# शिविर में पूरी हुई वर्षों पुरानी आस, दिनेशनाथ को मिला पुश्तैनी मकान का पट्टा



**राजसमन्द (पुकार)।** राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांवों में ही सुलझाने के संकल्प के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 का संचालन कर रही है।

इस जनकल्याणकारी अभियान के माध्यम से अब तक कई परिवारों को राहत दी जा चुकी है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। शिविरों में समस्याएं मौके पर ही सुनी और तत्काल निस्तारित की जा रही हैं, जिससे आमजन को समय पर मदद और त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को साकार रूप दे रही है। ग्राम पंचायत खाखरमाला के आसन कोटेश्वर ग्राम निवासी दिनेशनाथ पिता शम्भुनाथ को अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की लंबे समय से आवश्यकता थी। शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण के समय उनका पट्टा मौके पर तैयार कर उन्हें आवास का पट्टा जारी कर दिया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी द्वारा दिनेशनाथ को पट्टा सौंपा गया। पट्टा प्राप्त कर दिनेशनाथ ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से वर्षों पुरानी उनकी समस्या का तुरंत समाधान हो गया, जिसके लिए वे सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से वे अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे के लिए प्रयासरत थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज इस शिविर के माध्यम से जो सहूलियत मिली है, वह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है।

पत्रिका

राजसमंद

RAJSAMAND

बिनोल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर

# शिविर में एक दशक पूर्व की त्रुटी को सुधारा, किसान को मिली राहत



बिनोल में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को राजस्व की प्रतिलिपि प्रदान करते हुए अतिथि। कुंवारिया

**कुंवारिया.** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिनोल में पंडित दीनदयाल सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को कुंवारिया तहसीलदार सीताराम भोलीवाल की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में गांव के किशनलाल सेन राजस्व रिकॉर्ड में हुई अशुद्धि के बारे में विस्तृत जानकारी से अधिकारियों को अवगत करवाया। इस पर भू-अभिलेख निरीक्षक हरलाल पूर्बिया, पटवारी कुलदीप बोलीवाल, अनिल चौधरी ने राजस्व रिकॉर्ड में हुई अशुद्धि के बारे में जांच कराई तो खुलासा हुआ कि किशनलाल सेन ने लगभग 10 वर्ष पूर्व सिंडिकेट बैंक शाखा राजसमंद से लोन लिया था। संशोधन के दौरान बैंक शाखा का नाम आईडीबीआई शाखा राजसमंद दर्ज हो गया, जिससे किशनलाल को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। तहसीलदार कुंवारिया ने प्रकरण अपने क्षेत्राधिकार में होने से तत्काल आवश्यक दस्तावेज तैयार करा खाते में शुद्धि किए जाने के आदेश जारी किए। खाते में शुद्धि हो जाने की जानकारी जब किशनलाल को दी तो वो खुशी से झूम उठा। शिविर में इसी प्रकार से मेडी बाई रेगर के द्वारा समस्या से अवगत कराने पर आवश्यक जांच के बाद में महिला को नीरा जॉब कार्ड, पालनहार योजना, पेंशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ एक साथ में प्रदान किया गया। बिनोल में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की ओर से सीमाज्ञान के पांच, नामांतरण के चार, विभाजन के दो प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कृषि विभाग के द्वारा बीस मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया एक सूक्ष्म सिंचाई योजना का आवेदन तैयार किया। पशु पालन विभाग के द्वारा 180 पशुओं का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, प्रशासक रामलाल गुर्जर, सहायक विकास अधिकारी भगवत सिंह चावड़ा, भूअभिलेख निरीक्षक हरलाल पूर्बिया, ग्राम विकास अधिकारी महावीर सिंह सिसोदिया, पटवारी कुलदीप बोलीवाल, सहायक अभियंता यशोदा नागर, बिनोल जीएसएस अध्यक्ष कालूलाल गुर्जर, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष पालीवाल आदि मौजूद थे।

**लावासरदारगढ़.** ग्राम पंचायत लाविड़ाण में जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट के सान्निध्य में शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार पारसमल मुवाल थे व अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रशासक हीरालाल पालीवाल ने की। शिविर में राजस्व विभाग की ओर से 2 सहमति भूमि विभाजन, 2 रास्ता प्रकरण, 3 नाम शुद्धि, 5 नामांतरण, 5 कृषक श्रेणी प्रमाण-पत्र जारी किए गए। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा लक्षित चौबीस परिवार के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। स्वामित्व योजना के तहत 25 पट्टे वितरित किए गए। जिला प्रमुख के निर्देशानुसार बिजली निगम की ओर से घरेलू कनेक्शन जारी किया गया। शिविर में समाजसेवी माधवलाल जाट, सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार, अधिशासी अभियंता राकेश पालीवाल, पटवारी रमेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी ज्योतिसिंह, गजानंद कुमार व अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## ग्राम पंचायत जीरण में शिविर आज

**देवगढ़.** पं. दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत जीरण में गुरुवार को शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशासक चंदनमल सुथार ने बताया की इस शिविर को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

03/07/2025 | Rajsamand | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 03-07-2025

# 10 वर्ष पूर्व सिंडिकेट बैंक से लिया लोन गलती से आईडीबीआई में दर्ज हो गया, शिविर में हुआ सुधार



कुंवारिया| कस्बे के समीपवर्ती बिनोल में बुधवार को पंडित दिन दयाल संबल पखवाड़ा शिविर कुंवारिया तहसीलदार सीताराम खटीक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में किशनलाल सेन ने तहसीलदार मोतीलाल कुंवारिया के समक्ष राजस्व रिकॉर्ड में हुई अशुद्धि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। भू-अभिलेख निरीक्षक हरलाल पूर्बिया, पटवारी कुलदीप बोलीवाल, अनिल चौधरी से राजस्व रिकॉर्ड में हुई अशुद्धि के बारे में जांच कराई तो पता चला कि किशनलाल सेन ने लगभग 10 वर्ष पूर्व सिंडिकेट बैंक शाखा राजसमंद से बैंक लोन लिया था। सेंविलेशन के दौरान सहवन से बैंक शाखा का नाम आईडीबीआई शाखा राजसमंद दर्ज हो गया, जिससे किशनलाल सेन को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। तहसीलदार ने प्रकरण अपने क्षेत्राधिकार में होने से तत्काल आवश्यक दस्तावेज तैयार कर खाते में शुद्धि किए जाने के आदेश जारी किए। खाते में शुद्धि हो जाने की जानकारी जब किशनलाल को दी तो किशनलाल सेन भावुक हो गए और प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान अतिरिक्त सहायक विकास अधिकारी भगवत सिंह धाभाई, प्रशासक रामलाल गुर्जर, उपजिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, वीडीओ महावीर सिंह खिड़िया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अंत्योदय पखवाड़ा में जिला प्रमुख ने बिजली अधिकारियों को लगाई फटकार



तासलवास(राजसमन्द)| तहसील की लोढियाणा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर प्रभारी तहसीलदार पारसमल बुनकर के सानिध्य में आयोजित किया। कैंप में विद्युत निगम अधिकारी द्वारा केवल तकनीकी कर्मचारियों को शिविर में भेजने पर जिला प्रमुख रतनी देवी चौधरी ने नाराजगी जताई। पेंडिंग पड़े विद्युत कनेक्शन को समय पर पूरा करने की हिदायत दी। शिविर में उपस्थित वीरवास निवासी रमेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि उसने अपने मकान पर बिजली कनेक्शन लेने के लिए 6 दिसंबर 2024 को फाइल लगाई थी। पर के कनेक्शन के लिए उसने निगम कार्यालय के कई चक्कर लगाए। जिला प्रमुख ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उपस्थित अधिकारियों खरी-खरी सुनाई। तुरंत प्रभाव से विद्युत कनेक्शन की फाइल को नियमानुसार पूर्ण कर बिजली कनेक्शन करने के लिए कहा। शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित दो प्रकरण, सहमति विभाजन से दो, रास्ते के तीन प्रकरण, नामांतरण के पांच प्रकरण, बीपीएल परिवार को बैंक खाते से सत्यापन कर पांच परिवारों को लाभान्वित किया गया। तथा 25 स्वामित्व के पट्टे वितरित करते हुए कृषक श्रेणी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर में जिला प्रमुख रत्नीदेवी चौधरी, जिला प्रमुख प्रतिनिधि माधव चौधरी, तहसीलदार पारसमल बुनकर, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुनील त्रिवेदी, सरपंच हीरालाल सालवी, ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार सिंह, आशा धाबाई गलवा, राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, पटवारी कालूराम कुमावत, मनराम मीणा, विकास मीणा, चिकित्सा विभाग से सविता चौधरी, लीला आमेटा, शांता वैष्णव, तकनीकी कर्मचारी दिनेश माली सरदारगढ़, पंकज कुमार, विद्युत निगम से कनिष्ठ अभियंता इमरान शेख, भगवत प्रसाद, कनिष्ठ लिपिक यशवंत खटीक, वार्ड पंच रतनलाल सालवी, केसूलाल भील सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - sirhoi

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मना

## 14 माह से अटकी वृद्धावस्था पेंशन चालू की गई




निम्बज. संबल पखवाड़ा शिविर में पीड़ितों के समाधान किए गए।

**भास्कर न्यूज | निम्बज**

कस्बे के पंचायत भवन में संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन बुधवार को किया। शिविर में बीपीएल परिवार सर्वे, प्रॉपर्टी कार्ड वितरण, पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा नाम जुड़वाने सहित कई आवेदन हुए। शिविर में गांव की नवू देवी ने वृद्धावस्था पेंशन बंद होने की शिकायत की। इस पर तुरंत उनकी पेंशन शुरू करवाई। विधायक मोतीराम कोली, एसडीएम नरेंद्र कुमार जांगिड़, पूर्व सरपंच भवानी सिंह देवड़ा, सरपंच ज्योति देवी, विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी व सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamS

# लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण

भास्कर न्यूज़ | आबूरोड



ग्राम पंचायत सांतपुर में पंडित दिन दयाल कैम्प में 5 लाख तक निशुल्क इलाज हेतु केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान योजना के तहत, नायब तहसीलदार आशू राम के द्वारा पात्र लाभार्थियों को नायब तहसीलदार आसुराम ने आयुष्मान कार्ड वितरित किये। एएनएम अल्पा त्रिवेदी द्वारा कैम्प में उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को बताया गया। एएनएम अल्पा त्रिवेदी, इंद्रा मेहरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चन्दा बारोट, आबेदा बानू, मालती, राधा देवी सहित अन्य कर्मचारी एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

Scanned with CamS

# मोरली में शिविर में निपटाई ग्रामीणों की समस्याएं, खिले चेहरे



**पोसालिया.** मोरली शिविर में पट्टे वितरण करते उपखण्ड अधिकारी तहसीलदार चारण व सरपंच ।

**पोसालिया @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत मोरली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को शिविर हुआ। ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार टांक ने बताया कि शिविर में उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्र ने राज्य व केंन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं का परिलाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग देने का आह्वान किया। पंचायत द्वारा 5 स्वामित्व कार्ड ,10 आवासीय भवनों के पट्टे जारी किए। शिविर में तहसीलदार श्याम सिंह चारण, भू अभिलेख निरीक्षक उमेशकुमार गोयल, अतिरिक्त विकास अधिकारी भबूताराम मीणा, सरपंच संतोषबाई, ग्राम विकास अधिकारी दिलीपकुमार टांक, पटवारी भंवर सिंह, कनिष्ठ सहायक मानसिंह राणावत, रोजगार सहायक उकाराम व सभी विभागों के मौजूद रहे।

Scanned with CamS

# वर्षों से नहीं हो रहा था जमीन बंटवारा, शिविर में किसानों को मिली राहत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रायपुर.** शिविर में बच्चो का स्वागत करते अधिकारी।

**रायपुर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बुधवार को ग्राम पंचायत रायपुर के पंचायत भवन में हुआ। शिविर का आयोजन प्रभारी एवं नायब तहसीलदार जबरसिंह मंडार की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में रायपुर सहित हड़मतियां, अमरापुरा, जालमपुरा, वडवज व कोल्हापुरा के ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली व पशुचिकित्सक सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। शिविर प्रभारी ने संबंधित विभाग से तुरंत समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पेंशन सत्यापन के 141 बकाया जिसमें 6 का सत्यापन किया। खाद्य सुरक्षा के लंबित 20 प्रकरणों में से 15 निस्तारण, स्वामित्व योजना के तहत 19 पट्टे व प्रोपर्टी कार्ड जारी किए। राजस्व विभाग में जमीन के बंटवारा 3 करवाए, पथरगड्डी का 1, धारा 136 के तहत तीन, राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धियां 24 प्रकरण का निस्तारण किया गया व म्यूटेशन 33 किए गए।

शिविर में रामावि रायपुर के पीईईओ अतुल जैन ने बताया कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत राप्राबि भील बस्ती के लिए नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया।

## शिविर में विधायक ने किया पौधरोपण

रायपुर शिविर में पहुंचे रेवदर विधायक मोतीराम कोली के सानिध्य में पंचायत परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार जबरसिंह, शिविर पर्यवेक्षक राजूसिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी हरीश सोनी, प्रशासक छगनलाल कोली, जनप्रतिनिधि पप्पूसिंह देवड़ा वडवज, उपसरपंच सुजानसिंह, सहायक अभियंता कुलदीप शर्मा, व्यवस्थापक थानसिंह इंदा, ग्राम विकास अधिकारी हनुमानाराम विश्नोई सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद थे।

Scanned with CamS

# शिविर में हाथों हाथ पेंशन सत्यापन कर राहत पहुंचाई

## पिंडवाडा की ग्राम पंचायत धनारी में शिविर का हुआ आयोजन

नवज्योति/सिरोही।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर आमजन के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हो रहे है। बुधवार को पिंडवाडा की ग्राम पंचायत धनारी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण मूलाराम ने शिविर प्रभारी को अवगत करवाया कि उनका स्वास्थ्य काफी समय से खराब है एवं वे वर्तमान में श्वसन संबंधी समस्या से पीडित है। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी पेंशन नही मिल रही है। जिस पर नायब तहसीलदार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया। सहायक विकास अधिकारी ने जांच करने पर पाया कि वार्षिक सत्यापन नही करवाने से पेंशन बंद हुई है। जिस पर सहायक विकास अधिकारी के द्वारा पंचायत समिति में



कार्मिक को आवेदक के आधार, जनआधार और बैंक नम्बर भेजकर तत्काल सत्यापन के निर्देश दिए। इस पर पंचायत समिति कार्मिक द्वारा निर्धारित पोर्टल से ओटीपी प्राप्त कर पेंशन सत्यापन किया जाकर पेंशन चालू की गई। अब उन्हें 1250 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिलती रहेगी। मूलाराम ने पेंशन सत्यापन के लिए प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया।

Scanned with CamS

# दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया



नवज्योति/सिरोही।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सुरपगला में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में आमजन द्वारा प्रस्तुत विभिन्न परिवादों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण किया गया। इस दौरान शिविर में फरीद खान पुत्र अफजल खान को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र से फरीद खान को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। फरीद खान ने प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही बेहद खुशी व्यक्त की तथा राज्य सरकार एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamS

# आज यहां आयोजित होंगे शिविर

नवज्योति/सिरोही।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत 3 जुलाई को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत बरलूट व सनपुर, पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत बागसीन व अरठवाडा, पंचायत समिति पिण्डवाडा की ग्राम पंचायत भावरी, केर व नितौडा, पंचायत समिति आबूरोड की ग्राम पंचायत तलेटी व जाम्बुडी तथा पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत भैरूगढ़, मारोल व मकावल में शिविर आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

Scanned with CamS

# मोरली में अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का हुआ आयोजन



## उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र ने दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**नवज्योति/ पोसालिया।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोरली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को शिविर का आयोजन हुआ। ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार टाक ने बताया, शिविर में उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र ने राज्य व केंन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं का परिलाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग देने का आव्हान किया।

ग्रामीणों से आवेदन लेकर संबधित विभाग को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पंचायत की ओर से 5 स्वामित्व कार्ड , 10 आवासीय भवनों के पट्टे जारी किए। शिविर में तहसीलदार श्यामसिंह चारण, भू अभिलेख निरीक्षक उमेशकुमार गोयल, अतिरिक्त विकास अधिकारी भबुताराम मीणा, सरपंच संतोषबाई, ग्राम विकास अधिकारी दिलीपकुमार टाँक,, पटवारी भवर सिंह ,कनिष्ठ सहायक मानसिंह राणावत, रोजगार सहायक उकाराम, वार्ड पंच कैलाश रावल, गोविंद राम, सरपंच प्रतिनिधि शंकरलाल कुम्हार, समाजसेवी देवाराम सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सरपंच संतोष बाई ने आभार व्यक्त किया।

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े के कार्यों में विभिन्न विभागों के कार्य सम्मिलित

**नवज्योति/सिरोही।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर 16 राजकीय विभागों के कार्यों का संपादन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग व श्रम विभाग द्वारा चिन्हित कार्यों के साथ ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पखवाड़े के दौरान महानरेगा योजनांतर्गत खोदे गए गड्ढों की संख्या को सम्मिलित किया गया है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पंजीकरण, पोषण ट्रेकर पर एफआरएस एवं ई केवायसी करना, विभागीय योजनाओं की जानकारी देना, श्रम विभाग के तहत टूलकिट/औजार सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर पंजीकृत करना, विभागीय योजनाओं की जानकारी देना तथा ग्रामीण विकास विभाग के तहत मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पखवाड़े के दौरान महानरेगा योजनांतर्गत खोदे गए गड्ढों की संख्या को सम्मिलित किया गया है। जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के प्रशासनिक नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ.दिनेश राय सापेला ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सम्मिलित किए गए विभागीय कार्यों को भी दैनिक प्रगति प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्रों में संकलित कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

Scanned with CamS

देने का प्रावधान था। इस प्रावधान के तहत

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शिविर के तहत किसानों को मिली राहत, नव प्रवेशित छात्रों का भी किया स्वागत

नवज्योति/ मंडार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन बुधवार को ग्राम पंचायत रायपुर के पंचायत भवन में आयोजित हुआ। शिविर का आयोजन प्रभारी एवं उप तहसीलदार जबरसिंह मंडार की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में रायपुर सहित हडमतियां, अमरापुरा, जालमपुरा, बडवज व कोल्हापुरा के ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली व पशुचिकित्सक सहित विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवगत करवाया। जिसपर शिविर प्रभारी ने संबंधित विभाग से तुरंत प्रभाव से समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पेंशन सत्यापन के 141 बकाया जिसमें 6 का सत्यापन किया, खाद्य सुरक्षा के लंबित 20 प्रकरणों में से 15 निस्तारण, स्वामित्व योजना के तहत 19 पटटे व प्रोपर्टी कार्ड जारी किए गए। इसी तरह राजस्व विभाग में जमीन के बंटवारा 3 करवाएं गए, पथरगड्डी का 1, धारा 136 के तहत तीन, राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धिकरण एवं 24 प्रकरण का निस्तारण किया गया वही शिविर में किसानों के, 33 म्यूटेशन किए गये। शिविर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत बच्चों का किया स्वागत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत आयोजित शिविर में बच्चों का स्वागत किया गया। रामावि रायपुर के पीईईओं अतुल जैन ने बताया की प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती के लिए नव प्रवेशित बच्चो का शिविर प्रभारी द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया।



## शिविर में विधायक ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

रायपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर में पहुंचे रेवदर विधायक मोतीराम कोली के सानिध्य में पंचायत परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार जबरसिंह, शिविर पर्यवेक्षक राजुसिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी हरिश सोनी, प्रशासक छगनलाल कोली, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पप्पुसिंह देवड़ा बडवज, उपसरपंच सुल्तानसिंह, विद्युत विभाग सहायक अभियंता कुलदीप शर्मा, व्यवस्थापक थानसिंह इंदा, ग्राम विकास अधिकारी हनुमानाराम विश्नोई, भू- अभिलेख निरीक्षक शंकरलाल, पटवारी केसी विश्नोई, कनिष्ठ सहायक नरेश नायक, ई- मित्र संचालक भगराज बोराणा व श्रवण कुमार सहित विभिन्न विभागो के कर्मचारीगण मौजूद थे।

Scanned with CamS

# जनकल्याण शिविर में मिल रहा योजनाओं का लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के जिलेभर में आयोजित हो रहे शिविर लोगों के लिए खुशियां लेकर आया। किसी को मालिकाना हक मिला है तो किसी को बंद पड़ी पेंशन का अधिकार मिल रहा है।



पोसालिया। मोरली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवेशोत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी बालक बालिकाओं को तिलक लगाकर स्वागत किया। तहसीलदार, एसबीओ अशोक कुमार, सरपंच संतोष देवी, पीईईओ मोरली निलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र मिलने पर जताई खुशी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को सुरपगला में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में फरीद खान पुत्र अफजल खान को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र से फरीद खान को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## हाथों हाथ पेंशन सत्यापन कर राहत पहुंचाई

पिण्डवाड़ा के धनारी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण मूलाराम ने शिविर प्रभारी को अवगत करवाया कि उनका स्वास्थ्य काफी समय से खराब है एवं वे वर्तमान में श्वसन संबंधी समस्या से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी पेंशन नहीं मिल रही है। जिस पर नायब तहसीलदार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया। सहायक विकास अधिकारी ने जांच करने पर पाया कि वार्षिक सत्यापन नहीं करवाने से पेंशन बंद हुई है। इस पर पंचायत समिति कार्मिक द्वारा निर्धारित पोर्टल से ओटीपी प्राप्त कर पेंशन सत्यापन किया जाकर पेंशन चालू की गई। अब उन्हें 1250 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती रहेगी। मूलाराम ने पेंशन सत्यापन के लिए प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया।



Scanned with CamS



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - पाली

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत आज सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे अंत्योदय संबल पखवाड़ा में भाग लेंगे

मरू लहर न्यूज

**पाली।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत प्रातः10:30 बजे सुमेरपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे साण्डेराव पहुंचेंगे जहां वे विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अपराहं 12:30 बजे साण्डेराव से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे साकदड़ा पहुंचेगे जहां वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में भाग लेंगे। वे सायं 4 बजे साकदड़ा से रवाना होकर सायं 5 बजे सुमेरपुर पहुंचे तथा सांय 7 बजे सुमेरपुर से पालनपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

## आज ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

**मरू लहर न्यूज**

**पाली।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के उदेश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आमजन के अनेक काम हो रहे है। 3 जुलाई को बाली के कूमटिया, बेरडी, बेडा, देसूरी के मादा, सासंरी, मारवाड़ जंक्शन के राणावास, मलसाबावड़ी, फुलाद, गुडा सूरसिंह, पाली के बाणियावास, साकदड़ा, रानी के ढारिया, देवली पाबुजी, रोहट के दिवान्दी, सोनाईलाखा, सोजत के झूपेलाव, धाकड़ी, धीनावास एवं सुमेरपुर के बलूपुरा व नोवी में आयोजित होंगे।

# मांडावास व राणा में शिविरों में आमजन को मिला सम्बल

## आज ग्राम पंचायत मुख्यालय दीवांदी एवं सोनाईलाखा में शिविर होंगे आयोजित

नवज्योति/रोहट। राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को मांडावास व राणा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित हुए। शिविर में एसडीएम पूरण कुमार, तहसीलदार प्रकाश पटेल, नायब तहसीलदार मांगीलाल मीणा, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा, अति. विकास अधिकारी रणवीरसिंह चारण, एसीबीईओ किशनसिंह राजपुरोहित, जलदाय विभाग एईएन पूनम चौधरी, बिजली विभाग के सहायक अभियन्ता विरेन्द्रसिंह पंवार सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। शिविर में मांडावास सरपंच प्रतिनिधि सालगदास वैष्णव, ग्राम विकास अधिकारी श्यामसिंह रतनू, राणा सरपंच राधा पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

**शिविर में इन कार्यों का हुआ निस्तारण :** एसडीएम पूरणकुमार ने बताया कि मांडावास शिविर में पखवाड़ा अवधि के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित सीमाज्ञान के 24, बंटवारा के 3, रास्ते के 3 व नामान्तकरण के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के 10 आवेदनों का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों के 4 पट्टों का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों का सत्यापन, शिक्षा विभाग द्वारा



10 विद्यालयों के परिसरों में शौचालय साफ-सफाई एवं शिक्षा विभाग द्वारा 6 विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 8 लाभार्थियों का सत्यापन, पशुपालन विभाग द्वारा 60 डोज गलघोंटू, 220 टीकाकरण के साथ पशु चिकित्सा से 60 पशुपालकों को लाभान्वित किया, खाद्य सुरक्षा के 2 आवेदनों का निस्तारण, 2 आवेदनों की आधार सीडिंग, 4 राशन कार्ड यूनिट्स की ई-केवाईसी करवाई गई। इसी प्रकार जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा 3 जलाशयों की सफाई एवं 4 लीकेज प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बिजली के झूलते तारों के 2 प्रकरणों, 1 तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड़ों की छंगाई, 1 विद्युत खम्भे की मरम्मत का निस्तारण, कृषि विभाग द्वारा 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, चिकित्सा विभाग द्वारा 2 टीकाकरण, 85 टीबी स्क्रैनिंग, 25 एएनसी जांच, 20 बी.पी / शुगर के मरीजों की चिकित्सा कुल 252 विभिन्न रोग के मरीजों की जांच एवं चिकित्सा सलाह प्रदान की गई। हरियालो राजस्थान के तहत 43 पौधारोपण किया गया। इसी प्रकार राणा शिविर के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित नामान्तरण के 9, आपसी सहमति से बंटवारे का 1 प्रकरण का निस्तारण किया। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के 2 आवेदनों का निस्तारण, मनरेगा के तहत 8 कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 22 लाभार्थियों का सत्यापन, शिक्षा विभाग द्वारा 8 विद्यालयों के परिसरों में शौचालय साफ-सफाई एवं शिक्षा विभाग द्वारा 3 विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 30 लाभार्थियों का सत्यापन, पशुपालन विभाग द्वारा 60 डोज गलघोंटू, 246 टीकाकरण के साथ पशु चिकित्सा से 52 पशुपालकों को लाभान्वित किया, खाद्य सुरक्षा के 46 आवेदनों का निस्तारण, 24 आवेदनों की आधार सीडिंग, 57 राशन कार्ड यूनिट्स की ई-केवाईसी करवाई गई। इसी प्रकार जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा 6 जलाशयों की सफाई एवं 04 लीकेज प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विद्युत खम्भे की मरम्मत के 01 प्रकरण का निस्तारण, कृषि विभाग द्वारा 43 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, चिकित्सा विभाग द्वारा 1 टीकाकरण, 84 टीबी स्क्रैनिंग, 25 एएनसी जांच, 22 बी.पी/शुगर के मरीजों की चिकित्सा कुल 112 विभिन्न रोग के मरीजों की जांच एवं चिकित्सा सलाह प्रदान की गई।

**पौधरोपण किया:** हरियालो राजस्थान के तहत 52 पौधारोपण किया गया। गुरुवार को ग्राम पंचायत दिवान्दी व सोनाईलाखा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित होंगे।

# ग्राम पंचायतों में आज लेंगे शिविर

**पाली@पत्रिका.**पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन गुरुवार को होगा। जिले के कूमटिया, बेरडी, बेडा, मादा, सासंरी, राणावास, मलसाबावड़ी, फुलाद, गुडा सूरसिंह, बाणियावास, साकदड़ा, ढारिया, देवली पाबुजी, दिवान्दी, सोनाईलाखा, झूपेलाव, धाकड़ी, धीनावास, बलूपुरा व नोवी में शिविर लगाए जाएंगे।

# संबल पखवाड़ाः 46 स्कूटियों का किया वितरण

## आवंटित स्कूटी वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल

नवज्योति/पाली।

राज्य सरकार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली स्कूटी वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया, जिला नोडल स्कूटी में बुधवार को विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षता में संबल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई के तहत 46 स्कूटियों का वितरण किया। इस पखवाड़े में राज्य सरकार से सत्र 2022-23 की प्राप्त 73 स्कूटियों का पात्र छात्राओं को वितरण का लक्ष्य प्रदान किया था। जिसके क्रम में 28 जून को 27 स्कूटी के ई-वाउचर रिडंपशन कर छात्राओं को वितरित की तथा बची हुई 46 छात्राओं के जन आधार पर राज्य सरकार की ओर से ई-वाउचर भेजे जिनमें से 43 ई-वाउचर का रिडंपशन करवा आयोजित समारोह में वितरण किया। तीन छात्राओं के ई-वाउचर रिडंपशन में तकनीकी समस्या होने से प्रक्रियाधीन है, जल्द ही इनका भी निस्तारण कर दिया जाएगा। प्राचार्य राजपुरोहित ने बताया, सत्र 2022-23 में पाली जिले से विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 160 छात्राएं चयनित हुई थी जिनमें से पूर्व में 47 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया जा चुका था। इस पखवाड़े में 73 स्कूटियों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया, विधायक भीमराज भाटी ने कहा, मेधावी छात्राओं ने संघर्ष से यह मुकाम पाया है। आप सभी मेधावी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। परिवार की बालिकाओं द्वारा मेहनत कर मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूटी प्राप्त की है इसलिए हमें गर्व होना चाहिए।



### लक्ष्य हासिल करने को किया प्रेरित

प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं से कहा, राज्य सरकार ने आपको स्कूटी दी है, इससे प्रेरणा लेकर आप आगे और मेहनत करें एवं अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों, अभिभावकों, छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके स्कूटी कमेटी के डॉ. अपूर्व माथुर, विनिता अरोड़ा, श्यामलाल तोषावरा एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद रहे

### इन छात्राओं को मिली स्कूटी

कार्यक्रम में चेनादेवी, प्रमिला, पूजा, मीनाक्षी सोनी सुमन कंवर, प्रियांशी, ममता पटेल, पलक, सरोज नीकू कंवर, दिशा राजपुरोहित, वर्षा तंवर, नीरू चौधरी, रविना मीणा, शोबा राजपुरोहित, कविता कंवर, शोभा, लक्ष्मी, रिंकू चौधरी, उर्मिला देवी, शोमा गोदारा, शोभा परिहार, पिंकी कुमारी, योग्यता सिरवी, तुलसी कुमारी, मनीषा, आशा कुमारी, सूमन, प्रियका गहलोत, मंजू कुमारी, टीना, सोनाली, ममता, प्रियंका राज, उत्तम कंवर, कृष्णा कंवर, निकिता कुमावत, कुसुम पंवार, भाग्यश्री, मधु तिगया, पूजा, वसुंधरा कुमारी, सुमन मीणा, संगीता, मनीषा चौधरी एवं रेखा को स्कूटी वितरित की।

# कैबिनेट मंत्री कुमावत आज दौरे पर रहेंगे अंत्योदय संबल पखवाड़ा में भाग लेंगे



सुमेरपुर (हुक्मनामा समाचार)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमनुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत प्रात:10:30 बजे सुमेरपुर से प्रस्थान कर प्रात: 11 बजे साण्डेराव पहुंचेंगे जहां वे विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम करेंगे तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अपराहं 12:30 बजे साण्डेराव से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे साकदड़ा पहुंचेगे जहां वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में भाग लेंगे। वे सायं 4 बजे साकदड़ा से रवाना होकर सायं 5 बजे सुमेरपुर पहुंचे तथा सांय 7 बजे सुमेरपुर से पालनपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# आवंटित स्कूटी वितरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंतयोदय संबंल पखवाड़ा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राज्य सरकार के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली स्कूटी वित्तरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिला नोडल स्कूटी में विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षता में संबल पखवाड़ा 24 जून से 09 जुलाई के तहत 46 स्कूटियों का वितरण किया गया। इस पखवाड़े में राज्य सरकार से सत्र 2022-23 की प्राप्त 73 स्कूटियों का पात्र छात्राओं को वितरण का लक्ष्य प्रदान किया था, जिसके क्रम में 28 जून को 27 स्कूटी के इ-वाउचर रिडम्पशन कर छात्राओं को वितरित की गई व शेष बची 46 छात्राओं के जन आधार पर राज्य सरकार द्वारा ई-वाउचर भेजे गये जिनमें से 43 इ-वाउचर का रिडम्पशन करवाकर आयोजित समारोह में वितरण किया गया। तीन छात्राओं के इ-वाउचर रिडम्पशन में तकनीकी समस्या होने के कारण प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही इनका भी निस्तारण कर दिया जाएगा। प्राचार्य राजपुरोहित ने बताया कि सत्र 2022-23 में पाली जिले से विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 160 छात्राएं चयनित हुई थी जिसमें से पूर्व में 47 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया जा चुका था। इस पखवाड़े में 73 स्कूटियों का वितरण किया गया हैं।

### संघर्ष से पाया मुकाम : भाटी

विधायक भीमराज भाटी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेधावी छात्राओं ने संघर्ष से यह मुकाम पाया है। परिवार की बालिकाओं द्वारा मेहनत कर मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूटी प्राप्त की है। इसलिए हमें गर्व होना चाहिए। बालिकाएं अपने बलबूते पर सभी क्षेत्रो में अपना परचम लहरा रही है। इसी प्रकार आप आगे बढ़ते रहते रहे मेहनत करते रहे एवं अपने परिवार, गांव, जिले, राज्य एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करें। प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि स्कूटी वितरण की प्रेरणा प्राप्त कर आप आगे और मेहनत करें एवं अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों, अभिभावकों, छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्कूटी कमेटी के डॉ अपूर्व माथुर, विनिता अरोड़ा, श्यामलाल तोत्सावरा, एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंत्योदय सम्बल पखवाड़ाः कलक्टर ने किया खारिया सोडा और भैसाणा शिविरों का निरीक्षण

**जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज़**

**पाली।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आमजन के अनेक काम हो रहे है जिले के सभी ब्लाक में कल भी शिविरों का आयोजन किया गया ।

बाली उपखंड क्षेत्र की ग्राम खेतरली, काकराडी व ठण्डीबेरी में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार देसूरी के माण्डीगढ़ व पनोता, मारवाड़ जंक्शन के बांसोर, भगोड़, चौकडिया व जोजावर में, पाली के बोमादडा व गुडा एंदला, रानी के इंदरवाडा व वणदार, रोहट के कलाली व वायद, सोजत के रेंदड़ी, भैसाणा व खारिया सोड़ा एवं सुमेरपुर क्षेत्र के सिन्दरू व लापोद में अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुये।



जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने किया सोजत में खारिया सोडा और भैंसाणा में आयोजित हुये शिविरों का निरीक्षण किया और शिविर में आये लोगों से जानी समस्यायें निस्तारण के लिये निर्देश दिये। जिला कलक्टर मंत्री आज आयोजित हो रहे शिविरों में निरीक्षण के लिये सोजत पहुचे और वहां लोगों से शिविर में लेकर आये लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर आमजन से प्राप्त हुए परिवादों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। बिजली विभाग को ढीले तारों को सही करने, विधुत लाईन से सटे पेडो की कटाई, पीएचईडी विभाग को पानी की टंकियों की सफाई, कृषि विभाग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करने के निर्देश दिये। साथ ही समाज कल्याण विभाग को ग्राम पंचायत वाईज पेंशन सत्यापन से वंचित रहे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन करने, राजस्व विभाग को बंटवाड़ा, म्यूटेशन, पंचायतीराज विभाग से स्वामित्व कार्ड वितरण करने इत्यादि।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत आज सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे
## अंत्योदय संबल पखवाड़ा में भाग लेंगे

**जनगण न्यूज**

**पाली।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत प्रातः10:30 बजे सुमेरपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे साण्डेराव पहुंचेंगे जहां वे विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अपराहं 12:30 बजे साण्डेराव से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे साकदड़ा पहुंचेंगे जहां वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में भाग लेंगे। वे सायं 4 बजे साकदड़ा से रवाना होकर सायं 5 बजे सुमेरपुर पहुंचे तथा सांय 7 बजे सुमेरपुर से पालनपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

## आज ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

### जनगण न्यूज

**पाली।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के उदेश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आमजन के अनेक काम हो रहे है। 3 जुलाई को बाली के कूमटिया, बेरडी, बेडा, देसूरी के मादा, सासंरी, मारवाड़ जंक्शन के राणावास, मलसाबावड़ी, फुलाद, गुडा सूरसिंह, पाली के बाणियावास, साकदड़ा, रानी के ढारिया, देवली पाबुजी, रोहट के दिवान्दी, सोनाईलाखा, सोजत के झूपेलाव, धाकड़ी, धीनावास एवं सुमेरपुर के बलूपुरा व नोवी में आयोजित होंगे।

# पीथाराम और रकमों बाई को शिविर में मिला आर्थिक सम्बल, 5 लाख रूपये की सहायता राशि का चैक दिया

**( मरूनाद न्यूज ) पाली, 02 जुलाई।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि जो अन्तिम छोर पर व्यक्ति है और योजनाओ के लाभ से वंचित रह गया और विभिन्न संबधित विभागों के कोई काम हो तो उसका त्वरित कार्य कर उन्हें लाभ दिलाया जा सके। राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभार्थ करने के उदेश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में ग्रम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जो ग्रामीणों के लिये वरदान बनकर आया है और ग्रामीणों एवं आमजन के कई काम हो रहे है। आज ऐसा ही वाक्या पाली जिले के ब्लाक बाली में बुधवार को ग्राम पंचायत कुरण, में शिविर आयोजित हुआ। जो पीथाराम और रकमो बाई के लिये आर्थिक सम्बल लेकर आया। आज आयोजित शिविर में ग्राम–कोतीवाडा तहसील–बाली के निवासी पीथाराम पुत्र मंशाराम गरासिया के पुत्र दिनेश कुमार की स्कूल से घर जाते समय 30 जून 24 को विद्युत दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिससे वे राज्य सरकार की ओर से विधुत विभाग द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि के 5,00,000/– अक्षरे पाँच लाख रूपये का चेक नं. 208841 आज प्रदान किया गया और उसे आर्थिक रूप से मदद करने का प्रयास किया गया। पीथाराम को ये आर्थिक सम्बल प्राप्त हुआ सहायता राशि का चैक प्राप्त कर पीथाराम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत का शिविर आयोजन करने एवं सहायता प्रदान करने पर भावनात्मक धन्यवाद ज्ञापित किया।



# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्तयोदय संबंल पखवाडा में आवंटित स्कूटी वित्तरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया



(मरूनाद न्यूज) पाली, 02 जुलाई। राज्य सरकार के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली स्कूटी वित्तरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिला नोडल स्कूटी में बुधवार को विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षकता में संबल पखवाडा 24 जून से 09 जुलाई के तहत 46 स्कूटियों का वितरण किया गया। इस पखवाड़े में राज्य सरकार से सत्र 2022-23 की प्राप्त 73 स्कूटियों का पात्र छात्राओं को वितरण का लक्ष्य प्रदान किया था, जिसके क्रम में 28 जून को 27 स्कूटी के ई-वाउचर रिडम्पशन कर छात्राओं को वितरित की गई व शेष बची 46 छात्राओं के जन आधार पर राज्य सरकार द्वारा ई-वाउचर भेजे गये जिनमें से 43 ई-वाउचर का रिडम्पशन करवाकर आयोजित समारोह में वितरण किया गया, तीन छात्राओं के ई-वाउचर रिडम्पशन में तकनीकी समस्या होने के कारण प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही इनका भी निस्तारण कर दिया जायेगा। प्राचार्य राजपुरोहित ने बताया कि सत्र 2022-23 में पाली जिले से विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 160 छात्राएं चयनित हुई थी जिसमें से पूर्व में 47 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया जा चुका था। इस पखवाडें में 73 स्कूटियों का वितरण किया गया हैं। उन्होंने बताया कि विधायक भीमराज भाटी द्वारा छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि मेधावी छात्राओं ने संघर्ष से यह मुकाम पाया है। आप सभी मेधावी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। परिवार की बालिकाओं द्वारा मेहनत कर मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूटी प्राप्त की है इसलिये हमें गर्व होना चाहिये। आज बालिकाएं अपने बलबूते पर सभी क्षेत्रो में अपना परचम लहरा रही है। इसी प्रकार आप आगे बढ़ते रहते रहे मेहनत करते रहे एवं अपने परिवार, गांव, जिले, राज्य एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करें। प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राज्य सरकार द्वारा आपको स्कूटी प्रदान की गयी है इससे प्रेरणा प्राप्त कर आप आगे और मेहनत करें एवं अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों, अभिभावकों, छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्कूटी कमेटी के डॉ अपूर्व माथुर, विनिता अरोड़ा, श्यामलाल तोल्सावरा, एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई जिनमें चेनादेवी, प्रमीला, पूजा, मिनाक्षी सोनी, सुमन कंवर, प्रियाशी, ममता पटेल, पलक, सरोज, नीकू कवर दिशा राजपुरोहित, वर्षा तंवर, नीरू चौधरी, रविना मीणा, शोभा राजपुरोहित, कविता कंवर, शोचा, लक्ष्मी, रिंकू चौधरी, उर्मिला देवी, शोमा गोदारा, शोमा परिहार, पिंकी कुमारी, योग्यता सिरवी, तुलसी कुमारी, मनीषा, आशा कुमारी, सुमन, प्रियका गहलोत, मंजू कुमारी, टीना, सोनाली, ममता, प्रियका राज, उत्तम कंवर, कृष्णा कंवर, निकिता कुमावत, कुसुम पंवार, भाग्यश्री, मधू तिगया, पूजा, वसुंधरा कुमारी सूमन मीणा, संगीता, मनीषा चौधरी एवं रेखा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत आज इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

**( मरूनाद न्यूज )**
**पाली, 02 जुलाई ।**
राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के उदेश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आमजन के अनेक काम हो रहे है। 03 जुलाई को बाली के कूमटिया, बेरडी, बेडा, देसूरी के मादा, सासंरी, मारवाड़ जंक्शन के राणावास, मलसाबावड़ी, फुलाद, गुडा सूरसिंह, पाली के बाणियावास, साकदड़ा, रानी के ढारिया, देवली पाबुजी, रोहट के दिवान्दी, सोनाईलाखा, सोजत के झूपेलाव, धाकड़ी, धीनावास एवं सुमेरपुर के बलूपुरा व नोवी में आयोजित होंगे।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर सुनी समस्याएं, किया समाधान

नाना | नाना ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संवेदना पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रशासन द्वारा आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में बाली उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई, विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा एवं तहसीलदार जितेंद्र सिंह चंपावत के निर्देशन में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया।

# दयालपुरा में संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन



**गिरादड़ा.** दयालपुरा शिविर में जानकारी लेते उपखंड अधिकारी व प्रधान।

**गिरादड़ा @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल अंतोदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन बुधवार को दयालपुरा गांव में हुआ। शिविर में राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, पेयजल विभाग, डिस्कॉम, खाद्य सुरक्षा व चिकित्सा विभाग की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्मिकों ने पौधरोपण किया। इस दौरान पाली उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्रसिंह राणावत व पाली प्रधान मोहिनीदेवी पुखराज पटेल ने शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों व अधिकारियों से जानकारी ली। राणावत ने शिविर के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पुखराज पटेल, जनप्रतिनिधि हितेशसिंह, विरेन्द्रसिंह मादड़ी, उपसरपंच श्रवण बंजारा, ग्राम विकास अधिकारी हुकमीचंद, कनिष्ठ सहायक दुदाराम गुर्जर, पटवारी गोपालसिंह, कौशल्या, वार्ड पंच दुर्गाराम पटेल, नारायण लाल मेघवाल कई ग्रामीण व अधिकारी मौजूद रहे।

# बालिकाओं का इंतजार खत्म, मिली स्कूटी



**पाली.** बालिका को स्कूटी प्रदान करते विधायक।

**पाली @ पत्रिका.** बालिकाओं के स्कूटरी पाने का इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के तहत राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में स्कूटी वितरण किया गया। प्राचार्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षता में 43 स्कूटियों का वितरण किया गया। सत्र 2022-23 की प्राप्त 73 स्कूटियों का वितरण किया जाना था। जिसमे से 46 छात्राओं के जन आधार पर राज्य सरकार की ओर से ई-वाउचर भेजे गए थे। जिनमें से 43 ई वाउचर का रिडम्पशन करवाकर समारोह में वितरण किया गया। तीन छात्राओं के ई-वाउचर रिडम्पशन में तकनीकी समस्या होने के कारण स्कूटी नहीं दी गई। इस मौके स्कूटी कमेटी के डॉ. अपूर्व माधुर, विनिता अरोडा, श्यामलाल तोषावरा आदि मौजूद रहे।





# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्तयोदय संबंल पखवाडा में आवंटित स्कूटी वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया, पखवाडे के तहत स्कूटी वितरण

मरु लहर न्यूज

**पाली।** राज्य सरकार के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली स्कूटी वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है।

राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिला नोडल स्कूटी में आज विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षता में सम्पन्न पखवाडा 24 जून से 09 जुलाई के तहत 46 स्कूटियों का वितरण किया गया।

इस पखवाड़े में राज्य सरकार से सत्र 2022-23 की प्राप्त 73 स्कूटियों का पात्र छात्राओं को वितरण का लक्ष्य प्रदान किया था, जिसके क्रम में 28 जून को 27 स्कूटी के ई-वाउचर रिडम्पशन कर छात्राओं को वितरित की गई व शेष बची 46 छात्राओं के जन आधार पर राज्य सरकार द्वारा ई-वाउचर भेजे गये जिनमें से 43 ई-वाउचर का रिडम्पशन करवाकर आयोजित समारोह में वितरण किया गया, तीन छात्राओं के ई-वाउचर रिडम्पशन में तकनीकी समस्या होने के कारण प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही इनका भी निस्तारण कर दिया जायेगा।

प्राचार्य राजपुरोहित ने बताया कि सत्र 2022-23 में पाली जिले से विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 160 छात्राएं चयनित हुई थी जिसमें से पूर्व में 47 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया जा चुका था। इस पखवाड़े में 73 स्कूटियों का वितरण किया गया हैं। उन्होंने बताया कि विधायक भीमराज भाटी द्वारा छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि मेधावी छात्राओं ने संघर्ष से यह मुकाम पाया है। आप सभी मेधावी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। परिवार की बालिकाओं द्वारा मेहनत कर मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूटी प्राप्त की है इसलिये हमें गर्व होना चाहिये। आज बालिकाएं अपने बलबूते पर सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है। इसी प्रकार आप आगे बढ़ते रहते रहे मेहनत करते रहे एवं अपने परिवार, गांव, जिले, राज्य एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करें।

प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राज्य सरकार द्वारा आपको स्कूटी प्रदान की गयी है इसमे प्रेरणा प्राप्त कर आप आगे और मेहनत करें एवं अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें।

कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों, अभिभावकों, छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्कूटी कमेटी के डॉ अपूर्व माथुर, विनिता अरोड़ा, श्यामलाल तोलावत, एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई जिनमें चेतादेवी, प्रमीला, पूजा, मिनाक्षी सोनी, सुमन कंवर, प्रियांशी, ममता पटेल, पलक, सरोज, नीकू कवर दिशा राजपुरोहित, वर्षा तंवर, नीरू चौधरी, रविना मीणा, शोभा राजपुरोहित, कविता कंवर, शोभा, लक्ष्मी, रिंकू चौधरी, उर्मिला देवी, शोभा गोदारा, शोभा परिहार, पिंकी कुमारी, योग्यता सिरवी, तुलसी कुमारी, मनीषा, आशा कुमारी, सुमन, प्रियका गहलोत, मंजू कुमारी, टीना, सोनाली, ममता, प्रियंका राज, उत्तम कंवर, कृष्णा कंवर, निकिता कुमावत, कुसुम पंवार, भाग्यश्री, मधु डिंगया, पूजा, वसुंधरा कुमारी सुमन मीणा, संगीता, मनीषा चौधरी एवं रेखा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - सलूंबर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर
उदयपुर जिला 03-07-2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर • सेमारी में 92 वर्षीय वालू डांगी का पेंशन का हुआ सत्यापन

# मानपुर में अंत्योदय संबल शिविर में पहुंचे कलेक्टर, लोगों की समस्याएं सुनकर अफसरों को निस्तारण के दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | उदयपुर

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बुधवार को जिले के ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सचिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जायजा लेकर उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम परमजीत सिंह, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आज यहां लगेंगे शिविर :** अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत भबराना, निंबोद, ईंटाली, चन्दौड़ा, कलाल, धाना, सराड़ी, कमूनी, सेरिया, पलोदड़ा, अमरपुरा, मानपुरियों का गुड़ा, भोरा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**जयसमंद |** जयसमंद ब्लॉक के सिंघटवाड़ा ग्राम पंचायत में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर जयसमंद नायब तहसीलदार रमेशचन्द्र ननोमा, जयसमंद अतिरिक्त बीडीओ सुरेशचंद्र खटीक, प्रधानाचार्य देवीलाल मीणा तथा सरपंच गौतमलाल मीणा की मौजूदगी में हुआ। शिविर में 36 मृदा कार्ड, 39 पेंशन सत्यापन, 28 विद्युत पोल की मरम्मत, 7 नवीन पेंशन स्वीकृति, 1 जॉब कार्ड, 5 नामांतरण, 1 बंटवारा, 9 सीमाज्ञान, 4 आपसी सहमति से बंटवारा, 5 बीज किट, 3 क्षय रोगियों की पहचान की गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश कलाल, भेरुलाल मीणा, भू-अभिलेख चंद्र सालवी, पटवारी रंजीता मीणा व कनिष्ठ सहायक नरेंद्र मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी, कार्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

**कूण |** ग्राम पंचायत विजोथा के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी लसाड़िया विकास अधिकारी मंजू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया गया। जिनमें सीमाज्ञान 7, पत्थरगढ़ी 1, सहमति विभाजन 5, पेंशन सत्यापन 55, बीपीएल खाता सत्यापन 12, लंपी बिमारी के 700, टीकाकरण के 60 कार्य किए गए। इस दौरान पीईईओ विजोथा दलीचंद कीर, आरआई गौतमलाल मीणा, पटवारी जगदीप सिंह चुंडावत आदि मौजूद रहे।


कूण


बड़ावली

**सलूंबर |** ग्राम पंचायत सुरखंड खेड़ा पंचायत समिति सेमारी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा - 2025 के अन्तर्गत पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया।

दरअसल शिविर मे 92 वर्षीय वालू डांगी निवासी सुरखंड खेड़ा निवासी का पेंशन सत्यापन नहीं होने की बात सामने आई। वृद्ध एवं बीमार होने से समय पर पेंशन सत्यापन नहीं करा सके। उपखण्ड अधिकारी निरोश कुमार कलाल ने विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह द्वारा प्रार्थीया के घर पर अति. विकास अधिकारी रमालाल गढ़वी, स्थानीय सरपंच मांगीलाल मीणा व वार्ड पंच हीरालाल पटेल तथा ग्राम विकास अधिकारी खुमाण सिंह को भेजकर पेंशन सत्यापन करवाया। इस दौरान वालू डांगी ने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें अपनी पेंशन समय पर मिल जाएगी और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में कोई अड़चन नहीं आएगी।

कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इस दौरान, ग्राम पंचायत ओड़ा के भगवतीलाल, लक्ष्मीलाल, सुरेशकुमार पिता रूप मीणा द्वारा अपनी सामलाती भूमि खाता न 421 के बंटवारे हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

शिविर में राजस्व विभाग की टीम कैम्प प्रभारी नायब तहसीलदार जयसमंद रमेशचंद्र ननोमा, भू अभिलेख निरीक्षक चंद्र सालवी, पटवारी हल्का रंजीता मीणा ने मौके पर ही बंटवारा प्रकरण तैयार कर नामांतरण दर्ज कराया गया।

शिविर में सरपंच गौतम लाल मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक, ग्राम विकास अधिकारी यशवंत कलाल की उपस्थिति में पेंशन स्वीकृत की गई।

इस जनकल्याणकारी अभियान के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों को राहत दी जा चुकी है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। शिविरों में समस्याएं मौके पर ही सुनी और तत्काल निस्तारित की जा रही हैं, जिससे आमजन को समय पर मदद और त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को साकार रूप दे रही है।




पंचायत समिति सराड़ा की ग्राम पंचायत उदपुरिया जागीर में हुए शिविर मे प्रभारी जितेन्द्र सिंह चुण्डावत के निर्देशानुसार लाभार्थी गुलाब सिंह पिता भेरुसिंह को आवासीय (पुराने आबादा) भूमि का पट्टा त्वरित कार्यवाही कर मौके पर दिया गया। विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने गुलाब सिंह को पट्टा सौंपा गया।

**कूण |** ग्राम पंचायत कूण के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी रामजी लाल गुजर तहसीलदार लसाड़िया ने बताया की शिविर में सीमाज्ञान 10, नामांतरण 15, शुद्धि पत्र 3, सहमति विभाजन 5, पेंशन सत्यापन 18, बीपीएल खाता सत्यापन 46, फैमिली सर्वे 55, ई-केवाईसी 199, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 31, पशुओं का टीकाकरण 82 व 3 विद्युत पोल खड़े करवाए। शिविर में आरआई पवन कुमार मीणा, कपिल मेहता पटवारी, पंचायत प्रशासक धर्म चन्द मीणा, मनोज गुजर, शांति लाल नागदा, प्रेमशंकर मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, लक्ष्मा पाटीदार, पायल चौधरी, निरंजना आमेटा, विद्यालय सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बड़ावली |** ग्राम पंचायत बड़ावली के राजस्व गांव गोपालपुर के किसान शंकरलाल, मोहनलाल पुत्र भेरा उर्फ भेरु की गोपालपुर में स्थित खातेदारी भूमि का राजस्व रिकार्ड में आपसी सहमति नहीं बन पाने से बंटवारा नहीं हो पा रहा था। बुधवार को सीनियर सैकंडरी स्कूल परिसर में दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़े के तहत लगे शिविर में सेमारी उपखंड अधिकारी निरोश कलाल के समक्ष उपस्थित होकर सहमति से विभाजन कर रिकॉर्ड में खाते अलग-अलग दर्ज करने का निवेदन किया। भू-अभिलेख निरीक्षक दिनेश मीणा एवं बड़ावली पटवारी गजेंद्र गोस्वामी ने मौके पर जाकर खातेदार के बीच आपसी सहमति करवाकर मौके एवं कब्जे कास्त अनुसार बंटवारा फेहरिस्त बनाई। शिविर में तहसीलदार डूंगरलाल प्रजापत के समक्ष उपस्थित होकर किसानों ने राजस्व रिकार्ड में बंटवारा फेहरिस्त अनुसार अलग-अलग खाते दर्ज करने की रजामंदी दी। तहसीलदार ने हाथों-हाथ बंटवारा आदेश जारी कर आदेश की प्रति काश्तकारों को बड़ावली सरपंच पुष्पा देवी मीणा के हाथों प्रदान की। दो पीढ़ी गुजरने के बाद सामलात भूमि के हुए बंटवारे से काश्तकारों के चेहरे खिल उठे। शिविर में 9 बंटवारे, 22 सीमा ज्ञान, 21 नामांतरण दर्ज हुए। इस दौरान विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी रमालाल गढ़वी, उपसरपंच शांतिलाल डेंगर, केसरसिंह राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र पटेल, प्रगति प्रसार अधिकारी गिरीश डांगी उपस्थित थे।

**दैनिक नवज्योति** aas pas - 03 Jul 2025 - Page 8

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : आमजन को किया जा रहा लाभान्वित : कलक्टर



पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा... जिलेभर में लगे शिविर, समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीण

# बरसों पुराने जमीन बंटवारे का शिविर में निस्तारण



@ बड़ावली



@ गींगला



@ जयसमंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सलूम्बर.** जिला कलक्टर अवधेश मीना ने बुधवार को पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। लोगों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाड़े को सफल बनाने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का मौके पर कार्य करना तथा उनकी समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को शत प्रतिशत लाभान्वित करना है। इस दौरान एसडीएम परमजीत सिंह, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आज यहां होंगे शिविर :** गुरुवार को ग्राम पंचायत भबराना, निंबोदा, ईंटाली, चन्दौड़ा, कलाल, धाना, सराडी, कढ़ूनी, सेरिया, पलोदड़ा, अमरपुरा, मानपुरियों का गुड़ा, भरेव में शिविर का आयोजन होगा।

**जयसमंद.** पंचायत समिति के सिगटवाड़ा ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार जयसमंद रमेशचन्द्र ननोमा, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, प्रधानाचार्य देवीलाल मीणा, सरपंच गौतमलाल मीणा आदि ने आमजन को योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 36 मृदा कार्ड, 39 पेंशन सत्यापन, 28 विद्युत पोल की मरम्मत, 7 नवीन पेंशन स्वीकृति, 1 जॉब कार्ड, 5 नामांतरण, 1 बंटवारा, 9 सीमाज्ञान, 4 आपसी सहमति से बंटवारा, 5 बीज किट, 3 क्षय रोगियों की पहचान की गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी यशवंत कलाल, केशुलाल मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक चंदा सालवी, पटवारी रंजीता मीणा, कनिष्ठ सहायक महेंद्र मीणा आदि उपस्थित थे।

**बड़ावली.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत पंचायत समिति सेमारी की ग्राम पंचायत बड़ावली में शिविर लगा। राजस्व गांव गोपालपुर के शंकरलाल, मोहनलाल पिता भैरा के सह खातेदारी भूमि का राजस्व रिकॉर्ड में आपसी सहमति नहीं बन पाने से बंटवारा नहीं हो पा रहा था। शिविर में एसडीएम निलेश कलाल के समक्ष सह खातेदार द्वारा उपस्थित होकर सहमति से विभाजन कर रिकॉर्ड में खाते अलग-अलग दर्ज कराए गए। जिसमें भू अभिलेख निरीक्षण दिनेश मीणा, पटवारी गजेन्द्र गोस्वामी, तहसीलदार डूंगरलाल प्रजापत ने राजीनामा करवाई। तहसीलदार सेमारी द्वारा हाथों-हाथ बंटवारा आदेश जारी कर आदेश की प्रति काश्तकारों को सरपंच पुष्पा देवी मीणा के हाथों से प्रदान किया। दो पीढ़ी गुजरने के बाद शामलात भूमि के हुए बंटवारे से काश्तकारों के चेहरे खिल उठे। 9 बंटवारे, 22 सीमा जानकारी, 21 नामांतरण दर्ज किए गए। इसके साथ ही ग्रामीणों को अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित किया। इस दौरान विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामलाल गाडरी, उपसरपंच शांतिलाल टेलर, केशरसिंह राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र पटेल, प्रगति प्रसार अधिकारी गिरीश डांगी सहित सामाजिक न्याय कृषि पशुपालन महिला और बाल विकास जलदाय विभाग रसद विभाग के कार्मिक रहे।

**सराड़ा.** ग्राम पंचायत डिगरी व उदपुरिया जागीर में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों को शिविर में अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। उपखंड अधिकारी निलेश कलाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में बीपीएल परिवारों को वंचित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए परिवारों का नामांकन किया गया। साथ ही आबादी भूमि आवासीय पट्टे वितरित किए गए। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण, खाद्य सुरक्षा के पेंडिंग आवेदन का निस्तारण, पेंशन के सत्यापन से वंचित लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान सराड़ा तहसीलदार अम्बा रानी सामनिया, सराड़ा विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुंडावत, सरपंच लक्ष्मण लाल मीणा, सरपंच धर्मी देवी मीणा, पूर्व सरपंच कालूलाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

## 199 ई-केवाईसी, 31 को बांटे मृदा स्वास्थ्य कार्ड



**कूण.** ग्राम पंचायत कूण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। प्रभारी तहसीलदार लसाड़िया रामजीलाल गुर्जर, सह प्रभारी सहायक अभियंता कूण अजय आसवानी के नेतृत्व में राजस्व विभाग में सीमाज्ञान 10, नामान्तरण 15, शुद्धि-पत्र 3, सहमति विभाजन 5, पंचायतीराज विभाग में पेंशन सत्यापन 18, बीपीएल खाता सत्यापन 46, परिवार का सर्वे 55, ई-केवाइसी 199, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 31, पशु विभाग के टीकाकरण 82, विद्युत निगम में 3 जगह पोल सही कराना सहित समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान आरआई पवन कुमार भील, पटवारी कपिल मेहता, प्रशासक धर्मचन्द मीणा, मनोज गुर्जर, शान्तिलाल नागदा, प्रेमशंकर मीणा आदि मौजूद रहे।

**गींगला.** उथरदा ग्राम पंचायत में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। साथ ही कई प्रकरणों हाथों-हाथ निस्तारण किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल चौधरी, सरपंच नरिमा मीणा, नायब तहसीलदार रोड़ीलाल मीणा, सहायक विकास अधिकारी अनिल चाष्टा, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार कटारा, पटवारी नरेश जोशी, कनिष्ठ सहायक कुलदीप पाण्डे आदि मौजूद रहे।

# सफलता की कहानी: भूमि का सहमति से विभाजन से लाभार्थियों की लौट आई मुस्कान

## दो पीढ़ी गुजरने के बाद शामलात भूमि का हुआ बटवारा

■ सच बेखौफ



सलूंबर। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत जिले में जिला कलेक्टर अवधेश मीना के निर्देशन मे "पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 2025" के तहत ग्राम पंचायत बड़ावली पंचायत समिति सेमारी मे आयोजित शिविर मे शंकरलाल, मोहनलाल पिता भेराजी नि.गोपालपुर तहसील सेमारी के लिये वरदान सिद्ध हुआ। इन कृषको के ग्राम गोपालपुर मे स्थित सहखातेदारी भूमि का राजस्व रेकर्ड में आपसी सहमती नही बन पाने से बंटवारा नही हो पा रहा था। शिविर मे निलेश कलाल उपखण्ड अधिकारी सेमारी के समक्ष सहखातेदार द्वारा उपस्थित होकर सहमित से विभाजन कर रिकार्ड मे खाते अलग अलग दर्ज करने का निवेदन किया गया। जिस पर उपखण्ड अधिकारी तुरंत संज्ञान लेते हुए दिनेश जी मीणा भू अभिलेख निरीक्षक एवं गजेन्द्र गिरी गोस्वामी पटवारी बड़ावली द्वारा मौके पर जाकर खातेदारान के बीच आपसी सहमति कराकर मौके एवं कब्जे काश्त अनुसार बंटवारा फ़ेहरिस्त बनाई एवं शिविर मे तहसीलदार सेमारी डूंगरलाल प्रजापत के समक्ष उपस्थित होकर कृषको ने राजस्व रिकार्ड मे बंटवारा फ़ेहरिस्त अनुसार अलग अलग खाते दर्ज करने की रजामंदी दी। तहसीलदार सेमारी द्वारा हाथो हाथ बंटवारा आदेश जारी कर आदेश की प्रति काश्तकारो को पुष्पादेवी सरपंच ग्राम पंचायत बड़ावली के हाथो से प्रदान किया गया। दो पीढी गुजरने के बाद शामलात भूमि के हुये बंटवारे से काश्तकारो मे चेहरे पर मुस्कान उभर आई। इस दौरान उन्होंने भावुक होते हुए माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, जिला कलक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को "पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा" के तहत शिविर आयोजन कर बरसो से लम्बित कार्य पूरा करने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। शिविर में इसके अलावा कुल 09 बटवारे एवं 22 सीमा जानकारी एवं कुल 21 नामांतकरण दर्ज हुए।

# सफलता की कहानी: जनाधार में नाम जोड़कर पेंशन सत्यापन किया




**सच बेखौफ**

सलूंबर। राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अवधेश जी मीणा व अतिरिक्त जिला कलेक्टर राज लक्ष्मी गहलोत के निर्देशन में ग्राम पंचायत सिंघटवाड़ा पंचायत समिति जयसमंद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा एवं धरती आबा जन भागीदारी अभियान का आयोजन हुआ। शिविर में लाभार्थी देवा मीणा पिता भेरा ने कैंप प्रभारी रमेश चंद्र ननोमा को कैम्प में पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसने मेरा नाम जनाधार में जुड़ा नही होने से पिछले कई समय पेंशन नही मिल पा रही थी। इस प्रकरण को कैंप प्रभारी रमेश चंद्र नमोमा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए हाथों हाथ शिविर में ही जनाधार में नाम जुड़वाया गया जिससे देवा मीणा को पुनः अब पेंशन का लाभ मिल सकेगा। कैम्प में मेरा नाम जनाधार में जुड़ने से हाथों हाथ पेंशन पास हो गई। इस दौरान लाभार्थी देवा मीणा ने माननीय मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन द्वारा आम जन के प्रति संवेदनशीलता के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। शिविर में सरपंच गौतम लाल मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक, ग्राम विकास अधिकारी यशवंत कलाल की उपस्थिति में पेंशन स्वीकृत की गई।

# 92 वर्षीय वालु डांगी का पेंशन का हुआ सत्यापन, सहारा बना पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर

■ सच बेखौफ

सलूंबर। ग्राम पंचायत सुरखण्ड खेडा पंचायत समिति सेमारी मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा - 2025 के अन्तर्गत पचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। दरअसल शिविर मे 92 वर्षीय वालु डांगी निवासी सुरखंड खेड़ा निवासी का पेंशन सत्यापन नहीं होने की बात सामने आई क्यूंकि वालु डांगी वृद्ध एवं बीमार होने से समय पर पेंशन सत्यापन नहीं करा सके यह बात उपखण्ड अधिकारी निलेश कुमार कलाल के समक्ष सामने आई वालु डांगी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी ने तुरंत राहत प्रदान करने के निर्देश दिए उन्होंने तुरंत ही विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह के द्वारा प्रार्थीया के घर पर अति0 विकास अधिकारी रामलाल गाडरी, स्थानीय संरपच मांगीलाल मीणा व वार्ड पंच हीरा लाल पटेल तथा ग्राम विकास अधिकारी खुमाण सिंह को भेजकर प्रार्थीया का पेंशन सत्यापन करवाया गया। वालु डांगी ने इस त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य जो लंबे समय से लंबित था, वह बिना किसी खर्च और भागदौड़ के एक ही दिन में, वह भी अपने घर में ही पूरा हो गया। यह वास्तव में राज्य सरकार की संवेदनशीलता और अन्त्योदय संबल पखवाड़ा की सार्थकता को सिद्ध करता है। इस दौरान वालु डांगी ने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें अपनी पेंशन समय पर मिल जाएगी।

# 92 वर्षीय वालु डांगी का पेंशन का हुआ सत्यापन, सहारा बना पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर** । ग्राम पंचायत सुरखण्ड खेडा पंचायत समिति सेमारी मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा - 2025 के अन्तर्गत पचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। दरअसल शिविर मे 92 वर्षीय वालु डांगी निवासी सुरखंड खेड़ा निवासी का पेंशन सत्यापन नहीं होने की बात सामने आई क्यूंकि वालु डांगी वृद्ध एवं बीमार होने से समय पर पेंशन सत्यापन नहीं करा सके यह बात उपखण्ड अधिकारी निलेश कुमार कलाल के समक्ष सामने आई वालु डांगी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी ने तुरंत राहत प्रदान करने के निर्देश दिए उन्होंने तुरंत ही विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह के द्वारा प्रार्थीया के घर पर अति० विकास अधिकारी रामलाल गाडरी, स्थानीय संरपच मांगीलाल मीणा व वार्ड पंच हीरा लाल पटेल तथा ग्राम विकास अधिकारी खुमाण सिंह को भेजकर प्रार्थीया का पेंशन सत्यापन करवाया गया। वालु डांगी ने इस त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य जो लंबे समय से लंबित था, वह बिना किसी खर्च और भागदौड़ के एक ही दिन में, वह भी अपने घर में ही पूरा हो गया। यह वास्तव में राज्य सरकार की संवेदनशीलता और अन्त्योदय संबल पखवाड़ा की सार्थकता को सिद्ध करता है। इस दौरान वालु डांगी ने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें अपनी पेंशन समय पर मिल जाएगी और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में कोई अड़चन नहीं आएगी। वालु डांगी ने अपने अनुभव से यह संदेश दिया कि जब सरकार आमजन का भला करने का संकल्प लेती है, तो कठिन से कठिन कार्य भी सरलता से पूरे हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो पीढी गुजरने के बाद शामलात भूमि का हुआ बटवारा

# भूमि का सहमति से विभाजन से लाभार्थियों की लौट आई मुस्कान

● पदमावत मीडिया



सलूंबर। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत जिले में जिला कलेक्टर अवधेश मीना के निर्देशन मे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 2025 के तहत ग्राम पंचायत बड़ावली पंचायत समिति सेमारी मे आयोजित शिविर मे शंकरलाल, मोहनलाल पिता भेराजी नि.गोपालपुर तहसील सेमारी के लिये वरदान सिद्ध हुआ। इन कृषको के ग्राम गोपालपुर मे स्थित सहखातेदारी भूमि का राजस्व रेकर्ड में आपसी सहमती नही बन पाने से बंटवारा नही हो पा रहा था। शिविर मे निलेश कलाल उपखण्ड अधिकारी सेमारी के समक्ष सहखातेदार द्वारा उपस्थित होकर सहमित से विभाजन कर रिकार्ड मे खाते अलग अलग दर्ज करने का निवेदन किया गया। जिस पर उपखण्ड अधिकारी तुरंत संज्ञान लेते हुए दिनेश जी मीणा भू अभिलेख निरीक्षक एवं गजेन्द्र गिरी गोस्वामी पटवारी बड़ावली द्वारा मौके पर जाकर खातेदारान के बीच आपसी सहमति कराकर मौके एवं कब्जे काश्त अनुसार बंटवारा फेहरिस्त बनाई एवं शिविर मे तहसीलदार सेमारी डूंगरलाल प्रजापत के समक्ष उपस्थित होकर कृषको ने राजस्व रिकार्ड मे बंटवारा फेहरिस्त अनुसार अलग अलग खाते दर्ज करने की रजामंदी दी। तहसीलदार सेमारी द्वारा हाथो हाथ बंटवारा आदेश जारी कर आदेश की प्रति काश्तकारो को पुष्पादेवी सरपंच ग्राम पंचायत बड़ावली के हाथो से प्रदान किया गया। दो पीढ़ी गुजरने के बाद शामलात भूमि के हुये बंटवारे से काश्तकारो मे चेहरे पर मुस्कान उभर आई। इस दौरान उन्होंने भावुक होते हुए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, जिला कलक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को ÷पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत शिविर आयोजन कर बरसो से लम्बित कार्य पूरा करने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। शिविर में इसके अलावा कुल 09 बटवारे एवं 22 सीमा जानकारी एवं कुल 21 नामांतकरण दर्ज हुए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों के द्वारा आमजन को किया जा रहा है लाभान्वित: जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बुधवार को पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरीक्षण के दौरान पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुचाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि पखवाडे का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 24 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025 जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बताया कि यह अभियान जनकल्याण के संकल्प के साथ आमजन की सेवा को समर्पित है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को धरातल पर साकार करना इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। जिसके तहत आयोजित शिविरों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुँचाना है, इस संबंध में जिला कलेक्टर संबंधित अधिकारियों को सक्रिय व सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बताया कि जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिदिन शिविर लगाये जा रहे है। शिविरों को 09 जुलाई तक संचालित किया जाएगा इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन के कई कार्य किये जा रहे हैं जिनका त्वरित निस्तारण करवाकर आमजन को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया है। ऊर्जा विभाग द्वारा अबतक बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने के प्रकरण, विद्युत पोल सही करवाने के व तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड़-पौधों की कटिंग करवाने के प्रकरणों का निस्तारण किया गया है शेष प्रकरणों पर कार्य जारी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अबतक लंबित नल कनेक्शनों के प्रकरण, पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाने के, पीएचईडी स्रोतों के लंबित विद्युत कनेक्शन प्रकरण, ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहे आकस्मिक कार्यों के सत्यापन के प्रकरण, लीकेज की मरम्मत के प्रकरण, अंतिम छोर पर जल-दबाव जांच करने के प्रकरण का निस्तारण किया गया है शेष प्रकरणों पर कार्य जारी है तथा शिविरों के माध्यम से आमजन को लाभान्वित कर राहत प्रदान की जा रही है। जिला कलेक्टर ने कहा इन शिविरों में किये गये कार्यों की जिला प्रशासन एवं निरीक्षण के लिए नियुक्त विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से शिविरों में पहुंच कर जमीनी स्तर पर समीक्षा की जाकर सभी स्तरों पर व्यापक मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जा रही है जिससे अभियान को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंशानुरूप सफल बनाया जा सके।



## आज यहां आयोजित किए जाएंगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत जिले में चलाए जा रहे शिविर आज 3 जुलाई को ग्राम पंचायत भबराना, निंबोदा, ईंटाली, चन्दौड़ा, कलात, थाना, सराडी, कडूनी, सेरिया, फलोदड़ा, अमरपुरा, मानपुरियों का गुड़ा, भरेव ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान एसडीएम परमजीत सिंह, एसीईओ दिनेश चंद पाटीदार सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रातःकाल
Udaipur Dak Edition | 2025-07-03 | Page- 5
epaper.pratahkal.com

# जिला कलक्टर ने किया शिविर का निरीक्षण

**सलूंबर (प्रातःकाल संवाददाता)।** जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बुधवार को पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरीक्षण के दौरान पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुचाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया है।

Powered by Bharati Web

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा एवं धरती आबा जन भागीदारी अभियान शिविर का आयोजन







राजस्थान धड़कन न्यूज़ नरेश शर्मा। जयसमंद सलूंबर जयसमंद पंचायत समिति के सिंघटवाड़ा ग्राम पंचायत में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन। नायब तहसीलदार जयसमंद रमेश चन्द्र ननोमा, जयसमंद पंचायत समिति अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, प्रधानाचार्य देवी लाल मीणा तथा सरपंच गौतम लाल मीणा की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 36 मृदा कार्ड, 39 पेंशन सत्यापन, 28 विद्युत पोल की मरम्मत, 7 नवीन पेंशन स्वीकृति, 1 जॉब कार्ड, 5 नामांतरण, 1 बटवारा, 9 सीमाज्ञान, 4 आपसी सहमति से बटवारा, 5 बीज किट, 3 क्षय रोगियों की पहचान की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेशानुसार जिला कलेक्टर अवधेश मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत के निर्देशन में शिविर का आयोजन सिघटवाडा ग्राम पंचायत जयसमंद पंचायत समिति में आयोजित किया। शिविर में रामा देवा, होमा भैरा पिता वाला मीणा निवासी कृष्णपुरा द्वारा सामलाती खाता संख्या 125 के बंटवारे के लिए आवेदन किया। कैंप प्रभारी रमेश चंद्र ननोमा नायब तहसीलदार जयसमन्द भू अभिलेख निरीक्षक चंदा सालवी, पटवारी रंजीता मीणा टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके पर ही बटवारा नामा तैयार कर स्वीकृत किया नामांतरण दर्ज किया।सरपंच गौतम लाल मीणा अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक उपस्थित रहे 30 वर्षों से सामलाती खाता होने से खातेदारों को विभिन्न प्रकार की निजी लाभ व सरकारी योजनाओं में समस्या आ रही थी। खातेदारों द्वारा खुशी जाहिर की गई। सरकार एवं प्रशासन को धन्यवाद किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी यशवंत कलाल, केशु लाल मीणा, भू-अभिलेख चंदा सालवी, पटवारी रंजीता मीणा, कनिष्ठ सहायक महेंद्र मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# दैनिक नवज्योति

aas pas - 03 Jul 2025 - Pag


रहे ।

नवज्योति/सराड़ा। पंचायत समिति सराडा की ग्राम पंचायत उदपुरिया जागीर में शिविर प्रभारी जितेन्द्र सिंह चुण्डावत के निर्देशानुसार लाभार्थी गुलाब सिंह पुत्र भेरुसिंह को आवासिय (पूराने आवास) भूमि का पटटा त्वरित कार्यवाही कर मौके पर दिया गया। पंचायत समिति सराडा की ग्राम पंचायत उदयपुरिया जागीर के गुलाब सिंह पुत्र भेरू सिंह को अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की लंबे समय से आवश्यकता थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर के दौरान, स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनका पट्टा मौके पर तैयार कर उन्हें आवास का पट्टा जारी कर दिया गया। शिविर में विधायक शान्ता अमृत लाल मीणा द्वारा गुलाब सिंह को पट्टा सौंपा गया। पट्टा प्राप्त कर गुलाब सिंह प्रसन्न हुए और उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बीकानेर

—:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::—

# राहतकारी साबित हो रहे अन्त्योदय संबल पखवाड़े के शिविर

## अधिकारियों की समझाइस पर आपसी सहमति से हुआ खाता विभाजन





## किसानों को मिला कृषि विभाग की सब्सिडी योजनाओं का लाभ

## भामाशाह परिवार ने पशु चिकित्सालय के लिए दान की भूमि

## छतरगढ़ की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ और सत्तासर का निरीक्षण

# मोतीगढ़ में विद्यालय भवन जर्जर होने की मिली सूचना, तत्काल उपयुक्त भवन में शिफ्ट करने के दिए निर्देश

### सतासर में राजस्व विभाग ने किए 12 सीमाज्ञान, 6 बंटवारे, प्रोग्रेस और बढ़ाने के दिए निर्देश





**रामेश्वरलाल आचार्य**
**युगपक्ष ब्यूरो**

छतरगढ़। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत एडीएम प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने बुधवार को छतरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ तथा सत्तासर में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। शिविर निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के जर्जर होने की जानकारी मिलने पर उपखंड अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रिंसिपल व सरपंच को संयुक्त मौका निरीक्षण कर अनुपयोगी भवनों की सूची में से उपयुक्त भवन का चयन कर नियमानुसार आवंटन की तत्काल कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा गांव में 2 टंकियों में से 1 टंकी में कनेक्शन नहीं होने की शिकायत पर विभाग के अधीक्षण अभियंता को दूरभाष पर तुरन्त ही कनेक्शन करवाकर जलापूर्ति शुरू करवाने के निर्देश दिए। शिविर में एडीएम ने पेंशनरों का सत्यापन शत-प्रतिशत करने, मृदा कार्डों को अविलम्ब वितरित करने व पूरे क्षेत्र में रैंडमली मृदा जांच करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

इसके अलावा एडीएम प्रशासन ने पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी देने, ई-मित्र संचालक को उनके अधीन आने वाली सेवाओं की सूची तैयार कर चस्पा करने, वन विभाग के अधिकारियों को शिविर स्थल पर ही पौधों का वितरण करने, विद्युत विभाग के अधिकारियों को कैंपों में होने वाले कार्यों की एक दिवस पूर्व ही तैयारी पूर्ण करने, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कैंप में होने वाले कार्यों की जानकारी न होने पर विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी के साथ शिविर में उपस्थित होकर जनता के कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत सत्तासर के कैंप निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग में 12 सीमाज्ञान, 6 बंटवारे के कार्य किए जाने पर कार्मिकों को और अधिक प्रयास किया जाकर अधिकाधिक खाता विभाजन करने के निर्देश दिए गए। एडीएम प्रशासन द्वारा खाता विभाजन आदेश मौके पर ही वितरित किए गए। क्षेत्रवासियों द्वारा पानी की टंकी बंद रहने की शिकायत पर श्री कुमावत ने जलदाय विभाग के एक्सईएन को बंद पड़ी पानी टंकी को अविलम्ब चालू करने के निर्देश प्रदान किए। शिविर निरीक्षण के दौरान छतरगढ़ एसडीएम श्री पवन कुमार और तहसीलदार श्री विवेक चौधरी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

बीकानेर ज़िला 03-07-2025

# शिविर में दानदाता भी पहुंच रहे, सींथल में पशु हॉस्पिटल के लिए दान की 1200 गज जमीन

## अंत्योदय पखवाड़ा के तहत लगे शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान

भास्कर न्यूज़ | नापासर



नापासर. सीथल में भूमि दान करते भामाशाह।

सीथल, रायसर, नौरंगदेसर और खारड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर बुधवार को लगे। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, खाद्य सुरक्षा, उपनिवेशन, कृषि, सामाजिक सुरक्षा सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सींथल में तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, सरपंच मन्नू देवी बीठू, एडवोकेट गणेशदान बीठू, ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ आचार्य ने ग्रामीणों के कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया।

शिविर में पशु चिकित्सालय भवन के लिए भूमि दान दी गई। दानदाता गोपालदान और रमेशदान बीठू ने अपने पिता हजारीदान बीठू की स्मृति में 1200 वर्गगज खातेदारी भूमि दान में दी। सरपंच मन्नू देवी की प्रेरणा से हुई इस पहल पर तहसीलदार ने तुरंत विभाग को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत नौरंगदेसर में उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़, तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई, सरपंच भागवानराम मेघवाल, खेताराम मेघवाल और ग्राम विकास अधिकारी कौशल्या पुरोहित ने शिविर में भाग लेकर ग्रामीणों के पेंशन सत्यापन और अन्य कार्य मौके पर निपटाए। ग्राम पंचायत रायसर में उपखंड अधिकारी कुणाल राहड, नायब तहसीलदार भवानी शंकर रेगर, सरपंच महेंद्र मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी विजयपाल जांघू की मौजूदगी में भूमि विभाजन, नामांतरण, शुद्धिकरण, पेंशन सत्यापन जैसे कार्य पूर्ण किए गए। ग्राम पंचायत खारड़ा में तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, सरपंच बिमला देवी सारस्वत, श्रीचंद सारस्वत, पंचायत समिति सदस्य रवि सारस्वत,व ग्राम विकास अधिकारी मनोज बाला चौधरी की उपस्थिति में शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलवाया गया।

पूगल संवाददाता के अनुसार ग्राम पंचायत रामड़ा में संबल पखवाड़ा शिविर के तहत लोगों के कार्य मौके पर निस्तारित किए गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष डूंगर राम सेन ने विकास अधिकारी गोपाराम मेघवाल से ग्राम पंचायत भवन के मुख्य द्वार का निर्माण करवाने की मांग की। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेंद्र पांडे, सरपंच छोटू राम धर्ट, ग्राम विकास अधिकारी कपिल देदड़, किशन सिंह पड़िहार आदि उपस्थित थे।

# अधिकारियों की समझाइश से बनी आपसी सहमति, तत्काल हुआ खाता विभाजन

बीकानेर,(कार्स)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बज्जू खालसा के ग्राम बरसलपुर में बुधवार को आयोजित शिविर में ओमप्रकाश व किशनलाल के खेत का खाता विभाजन आपसी सहमति से किया गया।

शिविर प्रभारी ने बताया कि चक 6 बीडीई निवासी ओमप्रकाश व किशनलाल की कुल 73 बीघा कमाण्ड भूमि का खाता विभाजन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लम्बे समय से अटका हुआ था। कैम्प में तहसीलदार बिहारीलाल व शिविर प्रभारी किसनाराम प्रजापत ने समझाइश कर प्रार्थियों को खाता विभाजन के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। इसके बाद ओमप्रकाश व किशनलाल ने आपसी सहमति से आवेदन प्रस्तुत किया। तहसीलदार ने आवेदन स्वीकार करके 19 हेक्टेयर भूमि का खाता विभाजन किया। बेहद आसानी से काम हो जाने के कारण लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद किया और राज्य सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करने का आह्वान किया।

शिविर में 45 वर्षीय ईश्वरराम ने बताया कि पिछले कुछ सालों से उनका टीबी का उपचार चल रहा है। यह बीमारी होने कारण शरीर में पहले जैसी चुस्ती-फुर्ती नहीं रही। इस कारण वे अपने पोषण का ध्यान ज्यादा नहीं रख पाते हैं। लेकिन जब ईश्वरराम को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविरों की जानकारी मिली तो उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्या बताई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पौष्टिक आहार के लिए भी टीबी रोगियों को दी जाने वाली निक्षय पोषण किट के बारे में बताया। आवश्यक जांचें निःशुल्क जांच कर, दवाईयां दी। साथ ही निक्षय पोषण किट का वितरण किया।

ईश्वरराम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर लगाये जा रहे इन शिविरों के लिए आभार जताया और कहा कि निक्षय पोषण किट रोगियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बज्जू खालसा की ग्राम पंचायत भूरासर में बुधवार को आयोजित शिविर में कृषि कार्यों की दक्षता एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत सब्सिडी जारी की गई।

शिविर में भूरासर के चक 17 एजीएम के कृषक नौरंग लाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक कल्याण योजनान्तर्गत डिग्गी निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की सब्सिडी जारी की गई। नौरंगलाल ने बताया कि सिंचाई जल संरक्षण की समस्या से निजात मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। साथ ही नौरंग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर सुपुर्द किया गया। इस श्रृंखला में एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन (एसएमएएम) योजना के तहत कृषक रूपाराम को मल्टी क्रॉप थ्रेसर यंत्र की सब्सिडी 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। प्रार्थी ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक यंत्रों से जोड़ना अति आवश्यक है। इससे खेती की लागत घटेगी और मुनाफे में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जा रही सब्सिडी, किसानों के लिए बेहद मददगार साबित होगी। रूपाराम ने शिविर के माध्यम से वंचित पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए आभार जताया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को बीकानेर के लालमदेसर, सुरधना, पीथलाना, कदराबा व जालालसर, लूणकरणसर के राजासर उर्फ कारणीसर ढाणी पाण्डुसर व शेखसर, श्रीडूंगरगढ़ के जैतासर मिंगसरिया, जैसलसर व बिग्गा कोलायत के गुड़ा मण्डाल चारनवान व बडू, बज्जू के रणजीतपुरा व चारणवाला, पूगल के डेलीतलाई व सम्मेवाला छत्तरगढ़ के केलाँ व राजासर भाटियान खाजूवाला के 2 केजेडी और नोखा के जसरासर, सोमलसर, सीया व मालासर ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जायेंगे। अनूपगढ़ ग्राम पंचायत 12 ए की में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल अभियान का आयोजन किया गया।



बज्जू खालसा के ग्राम बरसलपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में आपसी समझाइश से खातेदारों में सहमति बनने पर खाता विभाजन का पत्र सौंपा।

■ चक 6 बीडीई निवासी ओमप्रकाश व किशनलाल की कुल 73 बीघा कमाण्ड भूमि का खाता विभाजन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लम्बे समय से अटका हुआ था

पत्रिका

# सतासर में राजस्व विभाग ने किए 12 सीमाज्ञान, 6 बंटवारे

## एडीएम प्रशासन ने छतरगढ़ की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ और सत्तासर शिविरों का किया निरीक्षण

**बीकानेर @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बुधवार को छत्तरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ तथा सत्तासर में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने गांव में 2 टंकियों में से 1 टंकी मे कनेक्शन नहीं होने की शिकायत की। इस पर विभाग के अधीक्षण अभियंता को दूरभाष पर तुरन्त ही कनेक्शन करवाकर जलापूर्ति शुरू करवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सतासर के कैंप निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग में 12 सीमाज्ञान, 6 बंटवारे के कार्य किए जाने पर कार्मिकों को और अधिक प्रयास किया जाकर अधिकाधिक खाता विभाजन करने के निर्देश दिए गए।

03/07/2025 | Bikaner City | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# भामाशाह परिवार ने पशु चिकित्सालय के लिए दान की भूमि

**बीकानेर @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सींथल में आयोजित शिविर के दौरान पशु चिकित्सालय के लिए भूमि दान की गई। लंबे समय से पशु चिकित्सालय भवन के अभाव से जूझ रहे गांव के लिए दानदाता परिवार ने भूमि की अमूल्य सौगात दी।

सरपंच मनुदेवी बिठू के प्रयासों से भामाशाह गोपालदान एवं रमेशदान बिठू ने अपनी खातेदारी भूमि में से 50 गुणा 96 फुट (लगभग 1200 वर्ग गज) भूमि अपने पिता हजारीदान की पुण्य स्मृति में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए दान दी। यह भूमि गांव की आबादी से सटी हुई है, जिससे पशुपालकों को आने-जाने में सुविधा होगी।

03/07/2025 | Bikaner City | Page : 8
Source : https://epaper.patrika.com/

# भामाशाह परिवार ने पशु चिकित्सालय के लिए दान की भूमि

सींथल। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सिंथल में आयोजित शिविर के दौरान एक सार्थक पहल देखने को मिली। लंबे समय से पशु चिकित्सालय भवन के अभाव से जूझ रहे गांव के लिए आज दानदाता परिवार ने भूमि की अमूल्य सौगात दी। सरपंच मनुदेवी बिठू के प्रयासों से भामाशाह श्री गोपालदान एवं रमेशदान पुत्र हजारीदान बिठू ने अपनी खातेदारी भूमि में से 50 गुणा 96 फुट (लगभग 1200 वर्ग गज) भूमि अपने पिता हजारीदान की पुण्य स्मृति में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए दान दी। यह भूमि गांव की आबादी से सटी हुई है, जिससे पशुपालकों को आने-जाने में सुविधा होगी। शिविर प्रभारी तहसीलदार राजकुमारी ने मौके पर ही संबंधित विभाग को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इस पहल पर गांव के लोगों ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कार्य गांव के पशुधन स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# भामाशाह ने पशु चिकित्सालय के लिए दान की भूमि

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सिंथल में आयोजित शिविर के दौरान एक सार्थक पहल देखने को मिली। लंबे समय से पशु चिकित्सालय भवन के अभाव से जूझ रहे गांव के लिए आज दानदाता परिवार ने भूमि की अमूल्य सौगात दी। सरपंच मनुदेवी बिठू के प्रयासों से भामाशाह श्री गोपालदान एवं रमेशदान पुत्र हजारीदान बिठू ने अपनी खातेदारी भूमि में से 50×96 फुट भूमि अपने पिता हजारीदान की पुण्य स्मृति में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए दान दी। यह भूमि गांव की आबादी से सटी हुई है, जिससे पशुपालकों को आने-जाने में सुविधा होगी। शिविर प्रभारी तहसीलदार राजकुमारी ने मौके पर ही संबंधित विभाग को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इस पहल पर गांव के लोगों ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# किसानों को मिला कृषि विभाग की सब्सिडी योजनाओं का लाभ

**रायसिंह राव**

बज्जू खालसा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बज्जू खालसा की ग्राम पंचायत भूरासर में बुधवार को आयोजित शिविर में कृषि कार्यों की दक्षता एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत सब्सिडी जारी की गई। शिविर में भूरासर के चल 17 एजीएम के कृषक नौरंग लाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक कल्याण योजनान्तर्गत डिग्गी निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की सब्सिडी जारी की गई। नौरंगलाल ने बताया कि सिंचाई जल संरक्षण की समस्या से निजात मिलेगी और उसकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। साथ ही नौरंग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर सुपर्द किया गया। उसने जरुरतमंद किसानों के लिए जनकल्याण परियोजनाएं चलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस श्रृंखला में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन (एसएमएएम) योजना के तहत कृषक रूपराम को मल्टी क्रॉप थ्रेसर यंत्र की सब्सिडी 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। प्रार्थी ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक यंत्रों से जोड़ना अति आवश्यक है। इससे खेती की लागत घटेगी और मुनाफे में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जा रही सब्सिडी, किसानों के लिए बेहद मददगार साबित होगी। रूपराम ने शिविर के माध्यम से वंचित पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

**Government of India**
**Ministry of Environment, Forest & Climate Change**
Regional Office, Gandhinagar, A Wing- 407 & 409, "Aranya Bhawan",
Near Ch-3 Circle, Sector-10a, Gandhi Nagar-382010
Email: iro.gandhinagar-mefcc@gov.in

सत्यमेव जयते

Online Proposal No.: FP/RJ/PetrolPump/449584/2023 Dated: 15/04/2025

To,
Principal Secretary (Forest and Environment),
Department of Forest and Wildlife
Government of Rajasthan,
Vaniki Path, Near Secretariat
Jaipur-302005 (Rajasthan)

**Subject**

Proposal for non-forestry use of 0.3389 ha of forest land under Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 in favour of M/s Indian Oil Corporation Limited for Bikaner Territorial Division in Forest Division, District BIKANER (RAJASTHAN)-[illegible]

**Sir/Madam,**

This is in reference to the online proposal No. FP/RJ/PetrolPump/449584/2023 dated 19/10/2023 on the above-mentioned subject seeking prior approval of the Central Government in accordance with section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and to say that the proposal has been examined by Regional as per rules. After the examination, the undersigned directed to convey the "In- Principle/Stage-I" approval of the Central Government under section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 for the Proposal for non-forestry use of 0.3389 ha of forest land under Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 in favour of M/s Indian Oil Corporation Limited for Bikaner Territorial Division in Forest Division, District BIKANER (RAJASTHAN) subject to the fulfilment of the following conditions:-

**1. General Conditions**

| S. No | Conditions |
|---|---|
| 1.1 | Legal status of the diverted forest land shall remain unchanged. |
| 1.2 | Compensatory afforestation over the degraded forest land double in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the State Forest Department at the cost of the User Agency; Or Compensatory afforestation over the non-forest land equal in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the State Forest Department at the cost of the User Agency. |
| 1.3 | The non-forest land identified for raising compensatory afforestation shall be transferred and mutated in favour of the State Forest Department before issue of the Stage-II clearance. |
| 1.4 | The non-forest land transferred and mutated in favour of the State Forest Department shall be notified by the State Government as RF under Section-4 or PF under Section-29 of the Indian Forest Act, 1927 or under the relevant Section(s) of the local Forest Act, 1927 latest within a period of six months from the date of issue of Stage-II approval. The Nodal Officer shall report compliance in this regard along with a copy of the original notification declaring the non-forest land under Section-4 or Section 29 of the Indian Forest Act, 1927, as the case may be, within the stipulated period to the Central Government for information and record. |
| 1.5 | The land identified for the purpose of CA shall be clearly depicted on a Survey of India toposheet of 1:50000 scale. |
| 1.6 | The User Agency shall transfer the cost of raising and maintaining the compensatory afforestation, at the current wage rate, to the State Forest Department. The scheme may include appropriate provision for anticipated cost increase for works scheduled for subsequent years. |
| 1.7 | The State Government shall charge the Net Present Value (NPV) of the forest land being diverted under this proposal from the User Agency as per the orders of the Hon'ble Supreme Court of India dated 28.03.2008, |

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# अधिकारियों की समझाइश से बनी आपसी सहमति, तत्काल हुआ खाता विभाजन

## मुख्यमंत्री की पहल ला रही रंग, पलक झपकते हो रहे ग्रामीणों के काम

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बज्जू खालसा के ग्राम बरसलपुर में बुधवार को आयोजित शिविर में ओमप्रकाश व किशनलाल के खेत का खाता विभाजन आपसी सहमति से किया गया।

शिविर प्रभारी ने बताया कि चक 6 बीडीई निवासी ओमप्रकाश व किशनलाल की कुल 73 बीघा कमाण्ड भूमि का खाता विभाजन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से अटका हुआ था। कैम्प में तहसीलदार श्री बिहारीलाल व शिविर प्रभारी श्री किसनाराम प्रजापत ने समझाइश कर, प्रार्थियों को खाता विभाजन के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताया।

इसके पश्चात ओमप्रकाश व किशनलाल ने आपसी सहमति से आवेदन प्रस्तुत किया। तहसीलदार ने आवेदन स्वीकार करके 18 हेक्टेयर भूमि का खाता विभाजन किया। बेहद आसानी से काम हो जाने के कारण लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद दिया और राज्य सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करने का आह्वान किया।

**टीबी रोगियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मददगार साबित हो रही निक्षय पोषण किट**

शिविर में 45 वर्षीय ईश्वरराम ने बताया कि पिछले कुछ सालों से उनका टीबी का उपचार चल रहा है। यह बीमारी होने कारण शरीर में पहले जैसी चुस्ती-फुर्ती नहीं रही। इस कारण वे अपने पोषण का ध्यान ज्यादा नहीं रख पाते हैं।

लेकिन जब ईश्वरराम को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविरों की जानकारी मिली तो उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्या बताई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पौष्टिक आहार के लिए भी टीबी रोगियों को दी जाने वाली निक्षय पोषण किट के बारे में बताया आवश्यक जांचें निःशुल्क जांच कर, दवाईयां दी। साथ ही निक्षय पोषण किट का वितरण किया। ईश्वरराम ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर लगाए जा रहे इन शिविरों के लिए आभार जताया और कहा कि निक्षय पोषण किट रोगियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

# किसानों को मिला कृषि विभाग की सब्सिडी योजनाओं का लाभ

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बज्जू खालसा की ग्राम पंचायत भूरासर में बुधवार को आयोजित शिविर में कृषि कार्यों की दक्षता एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत सब्सिडी जारी की गई।

शिविर में भूरासर के चल 17 एजीएम के कृषक नौरंग लाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक कल्याण योजनान्तर्गत डिग्गी निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की सब्सिडी जारी की गई। नौरंगलाल ने बताया कि सिंचाई जल संरक्षण की समस्या से निजात मिलेगी और उसकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। साथ ही नौरंग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर सुपर्द किया गया। उसने जरुरतमंद किसानों के लिए जनकल्याण परियोजनाएं चलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

इस श्रृंखला में सबङ्कमिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन (एसएमएएम) योजना के तहत कृषक रूपराम को मल्टी क्रॉप थ्रेसर यंत्र की सब्सिडी 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। प्रार्थी ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक यंत्रों से जोड़ना अति आवश्यक है। इससे खेती की लागत घटेगी और मुनाफे में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जा रही सब्सिडी, किसानों के लिए बेहद मददगार साबित होगी।

रूपराम ने शिविर के माध्यम से वंचित पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को बीकानेर के लालमदेसर, सुरधना चौहानान, बदरासर व जलालसर, लूणकरणसर के राजासर उर्फ करणीसर, ढाणी पाण्डुसर व शेखसर, श्रीडूंगरगढ़ के जेतासर, मिंगसरिया, जैसलसर, व बिग्गा, कोलायत के गुड़ा, मण्डाल चारनान व मढ़, बज्जू के रणजीतपुरा व चारणवाला, पूगल के डेलीतलाई व सम्मेवाला, छत्तरगढ़ के केलां व राजासर भाटियान, खाजूवाला के 2 केएलडी और नोखा के नाथूसर, शोभाणा, सोवा व साधासर ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# एडीएम प्रशासन ने छत्तरगढ़ की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ और सत्तासर का किया निरीक्षण

<u>राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर</u>

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत एडीएम प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने बुधवार को छत्तरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत मोतीगढ़ तथा सत्तासर में लगे शिविरों का निरीक्षण किया।

शिविर निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के जर्जर होने की जानकारी मिलने पर उपखंड अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रिंसिपल व सरपंच को संयुक्त मौका निरीक्षण कर अनुपयोगी भवनों की सूची में से उपयुक्त भवन का चयन कर नियमानुसार आवंटन की तत्काल कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा गांव में 2 टंकियों में से 1 टंकी में कनेक्शन नहीं होने की शिकायत पर विभाग के अधीक्षण अभियंता को दूरभाष पर तुरन्त ही कनेक्शन करवाकर जलापूर्ति शुरू करवाने के निर्देश दिए। शिविर में एडीएम ने पेंशनरों का सत्यापन शत-प्रतिशत करने, मृदा कार्डों को अविलम्ब वितरित करने व पूरे क्षेत्र में रैंडमली मृदा जांच करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

इसके अलावा एडीएम प्रशासन ने पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी देने, ई-मित्र संचालक को उनके अधीन आने वाली सेवाओं की सूची तैयार कर चस्पा करने, वन विभाग के अधिकारियों को शिविर स्थल पर ही पौधों का वितरण करने, विद्युत विभाग के अधिकारियों को कैंपों में होने वाले कार्यों की एक दिवस पूर्व ही तैयारी पूर्ण करने, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कैंप में होने वाले कार्यों की जानकारी न होने पर विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी के साथ शिविर में उपस्थित होकर जनता के कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत सत्तासर के कैंप निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग में 12 सीमाज्ञान, 6 बंटवारे के कार्य किए जाने पर कार्मिकों को और अधिक प्रयास किया जाकर अधिकाधिक खाता विभाजन करने के निर्देश दिए गए। एडीएम प्रशासन द्वारा खाता विभाजन आदेश मौके पर ही वितरित किए गए।

क्षेत्रवासियों द्वारा पानी की टंकी बंद रहने की शिकायत पर श्री कुमावत ने जलदाय विभाग के एक्सईएन को बंद पड़ी पानी टंकी को अविलम्ब चालू करने के निर्देश प्रदान किए । शिविर निरीक्षण के दौरान छत्तरगढ़ एसडीएम श्री पवन कुमार और तहसीलदार श्री विवेक चौधरी उपस्थित रहे।

# पशुचिकित्सालय के लिए भूमि दान

**बीकानेर, (कासं)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सींथल में आयोजित शिविर के दौरान एक सार्थक पहल देखने को मिली। लम्बे समय से पशु चिकित्सालय भवन के अभाव से जूझ रहे गांव के लिए आज दानदाता परिवार ने भूमि की अमूल्य सौगात दी।

सरपंच मनुदेवी बिठू के प्रयासों से भामाशाह गोपालदान एवं रमेशदान पुत्र हजारीदान बिठू ने अपनी खातेदारी भूमि में से 5096 फीट (लगभग 1200 वर्ग गज) भूमि अपने पिता हजारीदान की पुण्य स्मृति में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए दान दी। यह भूमि गांव की आबादी से सटी हुई है, जिससे पशुपालकों को आने-जाने में सुविधा होगी। शिविर प्रभारी तहसीलदार राजकुमारी ने मौके पर ही संबंधित विभाग को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

**बुलंद राजस्थान**

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को बीकानेर के लालमदेसर, सुरधना चौहानान, बदरासर व जलालसर, लूणकरणसर के राजासर उर्फ करणीसर, ढाणी पाण्डुसर व शेखसर, श्रीडूंगरगढ़ के जेतासर, मिंगसरिया, जैसलसर, व बिग्गा, कोलायत के गुड़ा, मण्डाल चारनान व मढ़, बज्जू के रणजीतपुरा व चारणवाला, पूगल के डेलीतलाई व सम्मेवाला, छत्तरगढ़ के केलां व राजासर भाटियान, खाजूवाला के 2 केएलडी और नोखा के नाथूसर, शोभाणा, सोवा व साधासर ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - अलवर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त कश्तकार अरसद के चेहरे पर छाई मुस्कान

महानगर संवाददाता

**अलवर।** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं।

इसी कड़ी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ़ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरुस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया , तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरुस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।



# शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या



**महानगर संवाददाता**

**अलवर** । अलवर जिले की मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में आज पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया। ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी। इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम कराने के उद्देश्य से अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर




## शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या

● जयपुर, गुलाबी टाइम्स

**अलवर** । अलवर जिले की मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में आज पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया। ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी। इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम कराने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुए अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर

## शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले की मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया। ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी। इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम कराने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुए अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया।

दैनिक भास्कर
अलवर जिला 03-07-2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा: शिविर में समस्याओं का समाधान किया गया



माचाड़ी| ग्राम पंचायत अलेई में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया।तहसीलदार डॉ विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम, आंगनबाड़ी कर्मी, जलदाय विभाग, वन विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया। राजस्व विभाग की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं विवादित रास्ते व अतिक्रमण की प्रमुख समस्या को समझाइश कर निपटारा कराया। इस दौरान कैंप प्रभारी आईएएस शाहीन अंजुम, सेक्टर स्वास्थ्य सुपरवाइजर डालचंद, सरपंच राजेश मीना, संदीप शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार सैनी, कृषि पर्यवेक्षक सरिता मीना, पशुपालन विभाग से मोहन लाल मीना आदि मौजूद रहें।

पत्रिका

# बालेटा के शिविर में सालों से जमीन के बंटवारे को लेकर समस्या हुई दूर



मालाखेड़ा @ पत्रिका. पण्ड़ित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में तहत बालेटा में लगे शिविर में ग्राम के खातेदार प्यारेलाल, भूदरराम, श्योदयाल बैरवा की जमीन बंटवारे की समस्या हुई हल। वर्षो से राजस्व विभाग कर्मियों की उदासीनता के चलते हो रहे थे परेशान। प्रार्थना पत्र देकर उन्होंने बताया भाईयों के मध्य कई पीढ़ियों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था। बुधवार को उपखंड अधिकारी नवज्योति कांवरिया, तहसीलदार मेघा मीणा के निर्देशन के पश्चात हलका पटवारी पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक ने सभी भाईयों को में जमीन के बंटवारे के बारे में सभी भाईयो ने एक जगह एकत्रित होकर बंटवारे की पत्रावली तैयार की गई और उसको स्वीकृत कर बंटवारे के नामांतरण खोलने को अधिकारियों ने तस्दीक किया।

# शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त, कश्तकार अरसद के चेहरे पर छाई मुस्कान

**अलवर।** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी



रिकॉर्ड को दुरूस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया , तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरूस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा

# शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त,कश्तकार अरसद के चेहरे पर छाई मुस्कान

**मरूधर विशेष**

**अलवर (मनोज बेनीवाल )** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत



के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया , तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरूस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या सुलझी




**अलवर, 3 जुलाई ( निसं )।** अलवर जिले की मालाखेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया।

ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षो से काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी।

इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम कराने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुए अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया।

# शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** अलवर जिले की मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में आज पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया। ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी।

इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े शिविर में फरियादियों की सुनी समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम श्रीचंद्पुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत तहसीलदार शरद कुमार राठिया की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरियादियों की समस्या सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए गये ।महिला बाल अधिकारी विभाग द्वारा तीन छोटी बच्चियों का केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा,अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल मीणा कृषि विभाग से आरती मीणा ,महिला बाल विकास से पूनम वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, शांति मीणा पीएचडी विभाग से नंदराम मीना, शिक्षा विभाग से प्राचार्य अमित कुमार मीणा, कमलेश कुमार गुप्ता, आयुर्वेदिक विभाग से डॉ रमेश चंद कोहली, हल्का पटवारी सविता गुर्जर, विद्युत विभाग से महेंद्र यादव, हरीश महावर जल संसाधन विभाग से सूबेदार सिंह सीबीईओ कार्यालय से कविता शर्मा, समाज कल्याण विभाग से रवि कुमार स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी गोरन्ती मीना, एलडीसी कविता परेवा, आनंदी लाल कुमावत, स्थानीय सरपंच उर्मिला बैरवा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहितास शर्मा, वार्ड पंच प्रतिनिधि पवन कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच रंगलाल मीणा, मनोहर लाल बैरवा सहित स्थानीय लोग व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कई विभागों की योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित

**मालाखेड़ा, 3 जुलाई (निसं)।** पंचायत समिति मालाखेड़ा की ग्राम पंचायत जमालपुर में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संभल पखवाड़ा के अंतर्गत बहुविभागीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि, पंचायती राज, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को मृदा परीक्षण कार्ड, जमाबंदी नकल, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने व हटाने सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

विकास अधिकारी राजबाला मीणा ने बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पंचायत प्रशासक कुशमा चौधरी, समाजसेवी भारत चौधरी, वार्ड पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में पंचायत परिसर के बाहर पौधारोपण भी किया गया, जिसमें विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# अंत्योदय पखवाड़े शिविर में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, राजगढ़।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम श्रीचंद्पुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत तहसीलदार शरद कुमार राठिया की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरियादियों की समस्या सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए गये।महिला बाल अधिकारी विभाग द्वारा तीन छोटी बच्चियों का केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा,अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल मीणा कृषि विभाग से आरती मीणा ,महिला बाल विकास से पूनम वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, शांति मीणा पीएचडी विभाग से नंदराम मीना, शिक्षा विभाग से प्राचार्य अमित कुमार मीणा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलेई, श्रीचंदपुरा, नीमला में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अलेई ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजगढ़ तहसीलदार डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह नरूका और कैंप प्रभारी आईएएस शाहीन अंजुम मौजूद रहे। इस अवसर पर सेक्टर स्वास्थ्य सुपरवाइजर डालचंद, सरपंच राजेश मीना, संदीप शर्मा, कृषक मित्र सुरेश चंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह, पंचायत सहायक राजकुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।



# ग्राम पंचायत सौंखरी में अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर का हुआ आयोजन

## सफलता की कहानी ग्रामवासियान गुर्जर का नंगला तन सौखरी की जुबानी

मरूधर विशेष

**कठूमर।** दिनेश लेखी।उपखण्ड की ग्राम पंचायत सौंखरी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर बुधवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर आयोजित किया। शिविर में अजीत सिंह पुत्र यादराम गुर्जर, रूप सिंह पुत्र केदार जाति गुर्जर निवासी गुर्जर का नंगला तन सोंखरी के लोगो ने बताया कि हमारे गाँव में श्मशान घाट के लिए कोई भी भूमि दर्ज रिकार्ड नहीं है तथा हम श्मशान घाट के नाम भूमि दर्ज करवाने के लिए 15-20 साल से प्रयासरत है लेकिन भूमि नाम नहीं हो पा रही है। इस समस्या को लेकर गांव वालों ने शिविर में उपस्थित तहसीलदार कठूमर के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर अपनी समस्या बताई तो तहसीलदार ने तत्काल कानूनगो व पटवारी को बुलाया और और श्मशान हेतु उचित भूमि का चयन कर नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये। वही तहसीलदार के निर्देशों की पालना में पटवारी व कानूनगो जी द्वारा जो जगह मौके पर श्मशान के काम आ रही भूमी का प्रस्ताव तैयार कर तहसीलदार कठूमर को प्रस्तुत किया। उक्त प्रस्तावों पर तहसीलदार ने हस्ताक्षर कर एसडीएम को भिजवा दिया। इस मौके पर गांव वालों ने कहा कि हमें बिना परेशान हुए अपनी समस्या का समाधान करवाने में सफलता मिली। जिसके लिए गांव वालों ने प्रशासन को धन्यवाद दिया।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त, कश्तकार अरसद के चेहरे पर छाई मुस्कान

किशनगढ़ टाइम्स



**अलवर।** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया , तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरूस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना करते हुए मु यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# अंत्योदय शिविर ग्रामीणों के लिए लेकर आया सौगात

किशनगढ़ टाइम्स

**अलवर ।** राज्य सरकार द्वारा अंतिम छोर के तक के व्यक्तिग्नों को लाभांवित करने हेतु लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत आयोजित शिविर आमजन के लिए सौगात लेकर आ रहें है। इसी कडी में राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत मोतीवाडा में आयोजित शिविर में ग्राम मोतीवाडा निवासी श्रीमीना, चिंरजी लाल बैरवा, रामहेत बैरवा, रामदयाल बैरवा आदि लोगों से समझाईश कर आपसी विवाद को समाप्त कराकर आम रास्ते को खुलवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आपसी विवाद होने के कारण काफी समय पुराना आम रास्ता बंद था जिससे आमजन को निकलने, पशुओं को लाने-ले जाने व बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी। कै प आयोजित होने की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रकरण के बारे में अवगत कराया। जिस पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा तुरन्त संज्ञान लेते हुए आपसी विवाद को समझाई कर मौके पर वर्षो से बंद आम रास्ते को सहमति से खुलवाकर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है। जिससे सभी ग्रामीण बहुत खुश है और मु यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्तकरते हैं।

# वर्षों पुरानी समस्या के हल होने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**किशनगढ़ टाइम्स**

**अलवर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में आमजन के हाथों-हाथ काम होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है। शिविरों में ग्रामीण क्षेत्र के लोग बढ चढकर अपने जरूरी कामों को करा रहे है तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से भी जागरूक हो रहे हैं। गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत दौंगडी में अन्त्योदय संबल आयोजन हुआ जिसमें ग्राम झारेडा निवासी जुबेदा व तैयब दोनों की खातेदारी भूमि को आपसी सहमति से संयुक्त खाते से पृथक-पृथक किया गया। लाभार्थियों ने बताया कि जानकारी के अभाव में हम हमारी खातेदारी को अलग नहीं करवा पा रहे थे। अंत्योदय शिविर की सूचना उपखण्ड प्रशासन द्वारा दिए जाने पर आयोजित शिविर में पहुंचे, जहां प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान कर रजामंदी कराकर हमारी खातेदारी भूमि का मौके पर ही पूर्ण विभाजन कर दिया गया। इसके लिए लाभार्थियों ने मु यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन का आभार जताया।

# ग्राम पंचायत सौंखरी में अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर का हुआ आयोजन

किशनगढ़ टाइम्स/दिनेश लेखी/ कठूमर। उपखण्ड की ग्राम पंचायत सौंखरी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर बुधवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर आयोजित किया। शिविर में अजीत सिंह पुत्र यादराम गुर्जर, रूप सिंह पुत्र केदार जाति गुर्जर निवासी गुर्जर का नंगला तन सोंखरी के लोगो ने बताया कि हमारे गाँव में श्मशान घाट के लिए कोई भी भूमि दर्ज रिकार्ड नहीं है तथा हम श्मशान घाट के नाम भूमि दर्ज करवाने के लिए 15-20 साल से प्रयासरत है लेकिन भूमि नाम नहीं हो पा रही है। इस समस्या को लेकर गांव वालों ने शिविर में उपस्थित तहसीलदार कठूमर के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर अपनी समस्या बताई तो तहसीलदार ने तत्काल कानूनगो व पटवारी को बुलाया और और श्मशान हेतु उचित भूमि का चयन कर नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये। वही तहसीलदार के निर्देशों की पालना में पटवारी व कानूनगो जी द्वारा जो जगह मौके पर श्मशान के काम आ रही भूमी का प्रस्ताव तैयार कर तहसीलदार कठूमर को प्रस्तुत किया। उक्त प्रस्तावों पर तहसीलदार ने हस्ताक्षर कर एसडीएम को भिजवा दिया। इस मौके पर गांव वालों ने कहा कि हमें बिना परेशान हुए अपनी समस्या का समाधान करवाने में सफलता मिली। जिसके लिए गांव वालों ने प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के तहत होगे शिविर आयोजित

**अलवर ( देश की उड़ान )** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आज जिले की 2 व 3 जुलाई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे है। आज बुधवार को अलवर तहसील की ग्राम पंचायत सैंथली एवं किथूर, रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत ठेंगी का बास एवं ललावंडी, नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ, राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत नीमला एवं अलेई, टहला तहसील की ग्राम पंचायत श्रीचंदपुरा, प्रतापगढ तहसील की ग्राम पंचायत आगर एवं भूरियावास, थानागाजी तहसील की ग्राम पंचायत नांगलबानी, कठूमर तहसील की ग्राम पंचायत खेरलीरेल, खेडाकल्याणपुर एवं सौंखरी, मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर, बालेटा एवं मोहब्बतपुर, लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत कफनवाडा, सौराई एवं नागरखानजादी, रैणी तहसील की ग्राम पंचायत पाडा एवं डोरोली में शिविर आयोजित हुए। इसी प्रकार 3 जुलाई को अलवर तहसील की ग्राम पंचायत जाजोर, चिकानी एवं नांदनहेडी, रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत ढाढोली, जातपुर एवं सैंथली, नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत धनेटा, राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत ढिगावडा एवं थाना, टहला तहसील की ग्राम पंचायत बलदेवगढ, थानागाजी तहसील की ग्राम पंचायत दुहार चोगान, गुवाडा भोपाला एवं जोधावास, कठूमर तहसील की ग्राम पंचायत कुट्टीन साहबदास, दारोदा, सौंखर एवं खौंखर, मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत बिलंदी, खारेडा एवं भडकोल, गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत खरसंकी, लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत इटेडा, मोलिया एवं शीतल, रैणी तहसील की ग्राम पंचायत रामपुरा एवं भूडा में शिविर आयोजित होंगे।

# शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या

अलवर (का.सं.)

**अलवर जिले की मालाखेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया।**

ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी। इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम करने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुए अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया।

**शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त, काश्तकार अरशद के चेहरे पर छाई मुस्कान**

आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ़ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरुस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरशद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोड़ने के लिए अवगत कराया, तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममोज के स्थान पर अरशद पुत्र ममोज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरशद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरुस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।



# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना शिविर हुआ आयोजित

**अलवर न्यूज**

**इकलेश शर्मा खेड़ली।** पंडित दीनदयाल अंत्योदय संभल पखवाड़ा खेरली रेल ग्राम पंचायत में उपखंड अधिकारी श्यामसुंदर चेतीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें पीएम आवास हेतु पात्र परिवारों से आवेदन लिए गए इसके अलावा विद्युत विभाग द्वारा मौके पर ही विद्युत लाइनों को टाइट करने की परिवेदनाओं को स्वीकार कर मौके पर ही बिजली के तारों को ठीक किया गया इसके अलावा राजस्व विभाग से संबधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया इस मौके पर उपखंड अधिकारी द्वारा समस्त कर्मचारियों को उचित समय पर राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में तहसीलदार मदन जाट,नायब तहसीलदार दिनेश मीणा,ग्राम पंचायत सरपंच प्रशांत सिंह, गांव विकास अधिकारी अमित कुमार, आदित्येन्द्र कुमार,संतोष कुमार, पटवारी शिवराम सिंह,प्रधानाचार्य सुनीता बाई मीणा, कृषि विभाग से पुष्पेंद्र कुमार, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, विवेक शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## जयपुर संभाग

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत 2 व 3 जुलाई को होंगे शिविर आयोजित

गजानंद जांगिड़/ कंट्री विजन/ थानागाजी।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आज जिले की 2 व 3 जुलाई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को अलवर तहसील की ग्राम पंचायत सैंथली एवं किथूर, रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत ठेंगी का बास एवं ललावंडी, नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ, राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत नीमला एवं अलेई, टहला तहसील की ग्राम पंचायत श्रीचंदपुरा, प्रतापगढ तहसील की ग्राम पंचायत आगर एवं भूरियावास, थानागाजी तहसील की ग्राम पंचायत नांगलबानी, कठूमर तहसील की ग्राम पंचायत खेरलीरैल, खेडाकल्याणपुर एवं सौंखरी, मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर, बालेटा एवं मोहब्बतपुर, लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत कफनवाडा, सौराई एवं नागरखानजादी, रैणी तहसील की ग्राम पंचायत पाडा एवं डेरोली में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 3 जुलाई को अलवर तहसील की ग्राम पंचायत जाजोर, चिकानी एवं नांदनहेडी, रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत ढढीकर, जातपुर एवं सैंथली, नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत धनेटा, राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत डिगावडा एवं थाना, टहला तहसील की ग्राम पंचायत बलदेवगढ, थानागाजी तहसील की ग्राम पंचायत दुहार चोगान, गुवाडा भोपाला एवं जोधावास, कठूमर तहसील की ग्राम पंचायत कुठीन साहब्दास, दारोदा, सौंखर एवं खोंखर, मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत बिलंदी, खारेडा एवं भडकोल, गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत खरसंकी, लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत इटेडा, मोलिया एवं शीतल, रैणी तहसील की ग्राम पंचायत रामपुरा एवं भूडा में शिविर आयोजित होंगे।

# अंत्योदय पखवाड़े शिविर में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, राजगढ़।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम श्रीचंदपुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत तहसीलदार शरद कुमार राठिया की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरियादियों की समस्या सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए गये महिला बाल अधिकारी विभाग द्वारा तीन छोटी बच्चियों का केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल मीणा कृषि विभाग से आरती मीणा ,महिला बाल विकास से पूनम वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, शांति मीणा पीएचडी विभाग से नंदराम मीना, शिक्षा विभाग से प्राचार्य अमित कुमार मीणा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलेई, श्रीचंदपुरा, नीमला में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अलेई ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजगढ़ तहसीलदार डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह नरूका और कैंप प्रभारी आईएएस शाहीन अंजुम मौजूद रहे। इस अवसर पर सेक्टर स्वास्थ्य सुपरवाइजर डालचंद, सरपंच राजेश मीना, संदीप शर्मा, कृषक मित्र सुरेश चंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह, पंचायत सहायक राजकुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।



# अंत्योदय संबल शिविर में महिला अधिकारिता विभाग ने मनाया बेटी जन्मोत्सव



## अलवर न्यूज

**अलवर।** ब्लाक थानागाजी की ग्राम पंचायत भूरियावास, नांगलबानी और आगर में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्राम पंचायत नांगलबानी में उपखण्ड अधिकारी महोदया पिंकी गुर्जर व सरपंच तनुजा अग्रवाल की उपस्तिथि में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उपस्थित लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई और पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता अशोक कुमार गुर्जर के द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना व समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।बेटी जन्मोत्सव का आयोजन कर समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया तथा बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा प्रदान की जाए।कार्यक्रम में साथीन हीरा गुर्जर महिला पर्यवेक्षक गिरिजा शर्मा व समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिविर में मिनटों में जमाबंदी में त्रुटि हुई दुरुस्त, कश्तकार अरसद के चेहरे पर छाई मुस्कान



**अलवर।** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कडी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त कर मौके पर ही राहत मिली। लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा। शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया , तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरूस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# जमाबंदी में त्रुटि मिनटों में दुरुस्त

**अलवर, 3 जुलाई ( निसं )।** आमजन को गांव-गांव जाकर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत अलवर जिले में लगाए जा रहे शिविर आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में अलवर जिले की नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ में आयोजित शिविर में अरशद के जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त कर मौके पर ही राहत मिली।

लाभार्थी अरसद ने बताया कि जमाबंदी रिकॉर्ड में स्वयं के नाम व पिता के नाम के मध्य पुत्र दर्ज नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी, जिससे कोई भी काम नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से पता चला कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है जिसमें राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी आदि में होने वाली त्रुटियों को सही किया जाने का काम होगा।

शिविर में आने पर जब राजस्व विभाग के अधिकारियों को मेरी जमाबंदी में मेरे व पिता के नाम मध्य पुत्र जोडने के लिए अवगत कराया, तब अधिकारियों ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर मौके पर ही जांच की तथा अरशद ममरेज के स्थान पर अरसद पुत्र ममरेज शुद्ध करके कुछ ही मिनटों में मुझे हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थी ने अरसद ने मौके पर ही कुछ मिनट में जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटि दुरूस्त होने पर व हाथों-हाथ जमाबंदी की नकल मिलने पर राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# शिविर में फरियादियों की सुनी समस्याएं




■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र के ग्राम श्रीचंदपुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत तहसीलदार शरद कुमार राठिया की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में उपखंड के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे फरियादियों की समस्या सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए गए महिला बाल अधिकारी विभाग द्वारा तीन छोटी बच्चियों से केक कटवा कर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा,अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल मीणा, कृषि विभाग से आरती मीणा ,महिला बाल विकास से पूनम वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, शांति मीणा पीएचडी विभाग से नंदराम मीना, शिक्षा विभाग से प्राचार्य अमित कुमार मीणा, कमलेश कुमार गुप्ता,आयुर्वेदिक विभाग से डॉ रमेश चंद कोहली, हल्का पटवारी सविता गुर्जर, विद्युत विभाग से महेंद्र यादव ,हरीश महावर चिकित्सा विभाग से डॉक्टर रोहित गोयल, अनिल सैनी,शीतल रेवाड़िया, जल संसाधन विभाग से सूबेदार सिंह सीबीईओ कार्यालय से कविता शर्मा ,समाज कल्याण विभाग से रवि कुमार स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी गोरन्ती मीना एलडीसी कविता परेवा, आनंदी लाल कुमावत,राशन डिलर विश्राम सेन,अमरचन्द मीणा, सतीश यादव, रामेश्वर मीणा,स्थानीय सरपंच उर्मिला बैरवा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहिताष शर्मा, वार्ड पंच प्रतिनिधि पवन कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच रंगलाल मीणा, मनोहर लाल बैरवा सहित स्थानीय लोग व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा हुआ बेटी जन्मोत्सव का आयोजन



**लक्ष्मण वर्मा दिव्यांग जगत**

सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्राम टोडा की ग्राम पंचायत भूरियावास , ब्लाक थानागाजी की ग्राम पंचायत भूरियावास में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्राम पंचायत भूरियावास में उपखण्ड अधिकारी पिंकी गुर्जर की के सानिध्य में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें उपस्थित लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई और विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बेटी जन्मोत्सव का आयोजन कर समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के कार्यकर्ता द्वारा हेल्पडेस्क लगा कर लोगों की सहायता की , वही उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर ने शिविर में लोगो की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया गया । कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर , तहसीलदार , सरपंच अरविंद कुमार सहित अनेक विभागों के कर्मचारी व सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पत्रिका

# प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, हटाया सिवायचक भूमि से अतिक्रमण



अलावडा @ पत्रिका. रामगढ़ के अलावड़ा में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। तहसीलदार अंकित गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर से सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। यह कार्रवाई शाम को दो घंटे तक चली।

रामगढ़ से अलावड़ा मुख्य मार्ग की सड़क के किनारे कमल भट्टे के समीप जमीन के रास्ते पर सड़क के आसपास रहने वाले परिवारों ने ईंधन, बटेवडा आदि डालकर अतिक्रमण कर रखा था। इसे बुधवार को पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर से हटा दिया गया। इस दौरान तहसीलदार अंकित गुप्ता, पटवारी सोनू मीणा, एएसआई समुंदर सिंह, गिरदावर रामेश्वर, चौकी इंचार्ज राजेश सारण सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# पीएम आवास हेतु पात्र परिवारों से आवेदन लिए

खेड़ली| ग्राम पंचायत खेरली रेल में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत भवन पर बुधवार को कठूमर एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया जिसमें पीएम आवास हेतु पात्र परिवारों से आवेदन लिए गए। इसके अलावा बिजली विभाग द्वारा मौके पर ही लाइनों को सही करने की परिवेदनाओं को स्वीकार कर तारों को ठीक किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने कर्मचारियों को उचित समय पर राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार मदन जाट, नायब तहसीलदार दिनेश मीणा, ग्राम पंचायत सरपंच प्रशांत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर अलवर जिला 03-07-2025

# मलावली से जोहड़ तक जाने वाले आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया



लक्ष्मणगढ़| एसडीएम मोहकम सिंह सिनसिनवार के आदेश पर बुधवार को तहसीलदार ममता कुमारी ने मलावली गांव पहुंचकर मलावली से जोहड़ तक जाने वाले आम रास्ते से अतिक्रमण को हटाकर रास्ता खुलवाया। पटवारी हल्का सीमा कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों ने लगातार उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार को शिकायत दर्ज कराकर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। इससे गांव का मुख्य रास्ता होने के कारण कीचड़ युक्त गन्दे पानी से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। इसको लेकर तहसीलदार ममता कुमारी ने ग्रामीणों की समझाइश पर आपसी सहमति से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाया।

## अलावड़ा: अतिक्रमण हटाया, 2 घंटे कार्रवाई

अलावड़ा| रामगढ़ रोड पर कमल भट्टे के समीप प्रशासन ने सिवायचक भूमि पर किए गए अवैध कब्जे हटाए। तहसीलदार अंकित गुप्ता के नेतृत्व में शाम 5 बजे कार्रवाई की गई। यहां लोगों ने लकड़ी-उपले आदि डालकर अतिक्रमण कर रखा था। जिसे जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। इस दौरान पटवारी सोनू मीणा, एएसआई समुंदर सिंह, गिरदावर रामेश्वर चौधरी, चौकी इंचार्ज राजेश सारण सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। गौरतलब है कि अतिक्रमण से रास्ता बाधित हो रहा था। जिसे लेकर लगातार ग्रामीण शिकायत कर रहे थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर

# शिविर में सुलझी श्मशान घाट के रास्ते की वर्षों पुरानी समस्या



**खबरों की दुनिया**

**अलवर ।** मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत जमालपुर, मोहब्बतपुर बालेटा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित हुआ जिसमें मिर्जापुर के ग्रामीणों की श्मशान घाट के लिए रास्ता दिए जाने की परिवेदना पर राजस्व विभाग की टीम ने हाथों-हाथ प्रकरण पर संज्ञान लेकर रास्ते के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया। ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट का रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि जब ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो श्मशान घाट के लिए रास्ता मिलने की उम्मीद जगी। इस पर सभी ग्रामीण शिविर में पहुंचे जहां राजस्व विभाग की टीम को रास्ते की परिवेदना दी गई। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शिविर में मौके पर ही रास्ते के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया। उन्होंने कहा कि रास्ते की परिवेदना पर प्रशासन द्वारा तुरन्त संज्ञान लेने से सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं, इसके लिए सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हैं, जिन्होंने आमजन के मौके पर काम कराने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुए अंत्योदय शिविर का आयोजन कराया। इस मौके पर शिविर प्रभारी नवज्योति कांवरिया. तहसीलदार मेघा मीणा. विकास अधिकारी राजबाला मीणा. नायब तहसीलदार विपिन खोकड. ग्राम विकास अधिकारी लाखन सिंह. हिमांशु गौतम.हेमंत सेन समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित है

## शिविर मे बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनान्तर्गत बेटी जन्मोत्सव मनाया

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत डोरोली व पाडा पंचायत में शिविर हुए आयोजित





**सितारा न्युज नेटवर्क**

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुख्यालय डोरोली और पाड़ा मे बुधवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुए।

बुधवार को डोरोली पंचायत मुख्यालय पर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनान्तर्गत बेटी का जन्मोत्सव कार्यक्रम कराया गया एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ दिलाई गई और समाज मे लिंगानुपात मे सुधार हो इसके लिए भी समझाया गया तथा महिलाओ की गरिमा एवं सुरक्षा को ध्यान मे रखकर उनके लिए सरकार द्वारा जो कल्याणकारी योजनाऐ चला रखी है उन सभी योजनाओ की भी जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम मे रैणी-उपखंड अधिकारी हरकेश मीना के सानिध्य मे शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ और इस दौरान सभी विभागो के सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारी /कर्मचारीगण व बीएलओ और महिला बाल विकास से सुपरवाइजर मौजूद रही। मिडिया को यह सारी जानकारी महिला अधिकारिता विभाग से खेला बाई मीना के द्वारा दी गई है।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - जैसलमेर

—:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::—

# यहां भी शिविर में हुए विविध कार्य

**पोकरण.** क्षेत्र के सनावड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया। सहायक शिविर प्रभारी व अतिरिक्त विकास अधिकारी भगवानसिंह ने शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सरकारी योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि शिविर में सीमाज्ञान के 3, नामांतरणकारण के 3, रास्तों के 2, आपसी सहमति से बंटवारे का एक प्रकरण निस्तारित किया गया। इसी प्रकार 14 मृदाओं के नमूने लिए गए और 8 जनों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। सूक्ष्म सिंचाई योजना के 12 ऑनलाइन आवेदन किए गए और 7 जनों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। साथ ही अन्य प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

वर्ष-4 अंक : 10

जैसलमेर, बुधवार 2 जुलाई 2025

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा - 2025

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत धऊआ में आयोजित शिविर का निरीक्षण

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश



जैसलमेर देजर्ट स्टॉर्म न्यूज

**जैसलमेर।** जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने सोमवार को जैसलमेर जिले की ग्राम पंचायत धऊआ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का अवलोकन किया एवं लाभार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर स्थल पर समय पर उपस्थित रहे एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को नियमानुसार उचित राहत पहुंचाने का प्रयास करें।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने शिविर में आए ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण भी करवाया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 24 जून से शुरू हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 9 जुलाई तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 16 विभागों के 63 कार्यों का चिह्निकरण कर आमजन के ज्यादा से ज्यादा कार्य करवाकर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी।

जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित इन शिविरों में आए और अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करवाए ताकि समयबद्ध इन समस्याओं का नियमानुसार उचित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम में सभी विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक अर्थात् प्रशासन आपके द्वार पहुंचा हैं। आप इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। साथ ही, जिला कलक्टर ने शिविर में सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण

### अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए नियमानुसार उचित कार्यवाही के दिए निर्देश

मरुलहर न्यूज



जैसलमेर। जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर की सभी ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार गरीब को गणेश मानते हुए उनकी समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य वंचित वास्तविक लाभार्थी एवं पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।जिला कलक्टर सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।शिविर के दौरान जिला कलक्टर ने शिविर प्रभारी से विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक पात्र लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप एक भी पात्र व्यक्ति सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।उल्लेखनीय है कि इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है।

राज्य सरकार द्वारा 24 जून से शुरू हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 9 जुलाई तक जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 16 विभागों के 63 कार्यों का चिह्निकरण कर आमजन के ज्यादा से ज्यादा कार्य करवाकर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है।

# ग्राम पंचायत बोड़ाना में आयोजित शिविर में लंबित प्रकरणों का निस्तारण

भास्कर न्यूज | नाचना

जिले के ग्राम पंचायत बोड़ाना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 16 विभागों की 63 जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं से लाभान्वित किया गया।

इस दौरान विकास अधिकारी नाचना सुरेश चंद्र वर्मा, तहसीलदार बाप हनुमानराम भील, तहसीलदार उपनिवेशन तहसील नाचना नंबर-1 राजवीर चौधरी, जिला परिषद सदस्य उत्तमसिंह, सरपंच बोड़ाना नरेन्द्रसिंह, सरपंच टावरीवाला सांगसिंह, पंचायत समिति सदस्य नगाराम सुथार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, बंटवारा, नामांतरण, रास्तों और भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही बीपीएल परिवारों को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के लिए पात्रता सत्यापन और आवेदन की प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई। पंचायती राज विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व पट्टों का वितरण किया गया।

# सफलता की कहानी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025

## वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का हुआ समाधान

## पांच सह खातेदारों को मिला अपनी जमीन का मालिकाना हक

**जैसलमेर डेजर्ट स्टॉर्म न्यूज**

**जैसलमेर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 24 जून से शुरु हुए शिविर लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन शिविरों के माध्यम से सरकार का मुख्य ध्येय वंचित, वास्तविक लाभार्थी एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाना है। राज्य सरकार इस दिशा में गरीब को गणेश स्वरुप मानते हुए उनकी समस्याओं को आयोज्य शिविरों के जरिए मौके पर ही समाधान को लेकर कृत संकल्पित है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जैसलमेर जिले की ग्राम पंचायत कजोई में वर्षो से ग्राम-कजोई एवं स्वामीजी की ढाणी की सरहद पर स्थित रास्ते पर विवाद चल रहा था। ग्राम पंचायत कजोई में आयोजित शिविर की बदोलत इस समस्या का स्थाई समाधान हुआ। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के पीड़ित काश्तकारों द्वारा इस संबंध में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया एवं अपनी पीड़ा को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस विवादित रास्ते की वजह से कई वर्षो से गांवों का विकास बाधित हो रहा था।



उपखण्ड अधिकारी भणियाणा महेश चन्द्रमान ने इस समस्या को गंम्भीरता से लेते हुए तुरंत हलका पटवारी राज कुमार सहित राजस्व दल को मौके पर भेजकर इस विवाद की वास्तविकता का पूरा पता लगाया एवं इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाते हुए इस समस्या का त्वरित निस्तारण करवाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किए।

शिविर के दौरान वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का समाधान, राजस्व ग्राम कजोई के पांच सह खातेदारों को अपनी जमीन का मालिकाना हक, इन काश्तकारों को जमाबंदी नकल सहित अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण होने पर ग्रामीणों एवं काश्तकारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार, जिला प्रशासन, उपखण्ड अधिकारी, शिविर प्रभारी एवं राजस्व अधिकारियों सहित उपस्थित सभी कार्मिकों का मुक्त कंठों से धन्यवाद दिया। साथ ही ग्रामीणजनों ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का सहृदय कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया।

# कलक्टर ने शिविर का औचक निरीक्षण किया

# समस्याओं के स्थायी समाधान का निर्देश

जैसलमेर (**मरुमहिमा**)। जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जिले सहित प्रदेशभर की सभी ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार गरीब को गणेश मानते हुए उनकी समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य वंचित, वास्तविक लाभार्थी एवंपंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना है।

सिंह ने ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शिविर के दौरान जिला कलक्टर ने शिविर प्रभारी से विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक पात्र लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप एक भी पात्र व्यक्ति सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

उल्लेखनीय है कि इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार द्वारा 24 जून से शुरू हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 9 जुलाई तक जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 16 विभागों के 63 कार्यों का चिन्हीकरण कर आमजन के कार्य करवाएं।



## केवी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

जैसलमेर (**मरुमहिमा**)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल जैसलमेर में सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 9 में कुछ रिक्तियों के लिए प्रवेश के लिए योग्य विद्यार्थियो के आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। प्राचार्य, विशनसिंह राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में प्रवेश के लिए पंजीकरण फॉर्म वेबसाइट से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरा हुआ फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप वायुसेना स्थल के मुख्य द्वार पर 5 जुलाई तक प्रातः 9 से 12 बजे तक जमा करवाएं जा सकते हैं।

मरु लहर (दैनिक) | शेष / विशेष | बाड़मेर,

# वर्षों से लंबित जमीन बंटवारे को शिविर में सुलझाया

मरुलहर न्यूज

जैसलमेर। उपखण्ड क्षेत्र भणियाणा के गुंदाला गांव में पिछले काफी लंबे समय से भाईयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद को भणियाणा उपखण्ड अधिकारी महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल ने गुंदाला गांव में आयोजित शिविर में एक दिन में सुलझा लिया गया जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुंदाला निवासी पेपसिंह दुर्जनसिंह लालसिंह खेतसिंह जीवराजसिंह प्रहलादसिंह व राम कंवर के बीच में जमीन बंटवारे को लेकर आपसी सहमति नहीं बन रही थी जिसके चलते हर वर्ष आपसी कलह उत्पन्न होती थी जिसको लेकर मंगलवार को सभी भाईयों ने गुंदाला गांव में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा कार्यक्रम में पहुंचकर एसडीएम महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल के समक्ष जमीन बंटवारे को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल ने राजस्व विभाग की निर्देशित करते हुए संबंधित जमीन मौका निरीक्षण करवाकर परिजनों से समझाइश करके उनकी सहमति अनुसार जमीन का बंटवारा करवाया जिस सभी काश्तकारों ने राजस्थान सरकार एवं एसडीएम महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल का आभार जताया इस दौरान शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी रमेशचन्द्रलाल भू अभिलेख निरीक्षक लालसिंह हल्का पटवारी मनसुख पालीवाल हेमंत कुमार मीणा व कालराम गुर्जर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



## बीएलओ का एक दिवसीय

दैनिक भास्कर जैसलमेर-पोकरण भास्कर 02-07-2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कजोई में शिविर आयोजित

भास्कर न्यूज़ | फलसूंड



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत का कजोई मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के सालों से चले आ रहे रास्ते के विवाद का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही कजोई एवं स्वामीजी की ढाणी की सरहद पर स्थित रास्ते पर विवाद की वजह से ग्रेवल सड़क निर्माण का काम बाधित हो रहा था। पीड़ित काश्तकारों द्वारा प्रार्थना पत्र देने पर शिविर प्रभारी व भणियाणा उपखंड अधिकारी महेशचंद्र मान ने तुरंत हल्का पटवारी राज कुमार सहित राजस्व दल को मौके पर भेजकर विवाद का निस्तारण करवाया एवं निर्माण कार्य चालू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त बीडीओ मगाराम सुथार, सरपंच जवाराराम मेघवाल, निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष मदनसिंह जोधा, ग्राम विकास अधिकारी गुलाबसिंह राठौड़, पटवारी प्रदीपदान, राजकुमार, एएनएम बेबी कंवर, कनिष्ठ अभियंता राजूराम चौधरी, रामुदान, नारायणसिंह, खंगारसिंह, हीरदान, महिपालसिंह, आवड़दान व गनी खान मौजूद रहे।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर का फतेहगढ़ में निरीक्षण

## कलक्टर ने समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**जैसलमेर @ पत्रिका** . पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े-2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार स्थायी समाधान के निर्देश दिए।कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेशभर की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इन शिविरों के माध्यम से वंचित और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब को गणेश मानते हुए सीधे संवाद के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कर रही है।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने शिविर प्रभारी से विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभांवित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। कलक्टर ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य सरल, सुगम और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से योजनाओं का लाभ आमजन को देना है। पखवाड़े के दौरान जिलेभर में आयोजित शिविरों में राज्य सरकार की ओर से चिह्नित 16 विभागों के 63 कार्यों के माध्यम से लोगों को राहत दी जा रही है।

मरु लहर (दैनिक)

# न्यूज इन बाक्स

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तयोदय सम्बल पखवाडा

# आज इन पंचायतों में लगेगें शिविर

**मरुलहर न्यूज**

**जैसलमेर**। जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतियोदय संबल पखवाडा शिविरो का आयोजन 24 जून से शुरू हो गया है एवं ये शिविर 09 जुलाई तक चलेगें।अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम ने शिविर कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 02 जुलाईए मंगलवार को ग्राम पंचायत माधोपुरा नेडान तोगा डांगरी उण्डा बारट का गांव दांतल एवं ग्राम पंचायत कुछडी दव खुहड़ी भू तथा पिथला में अंत्योदय संबल शिविर लगेंगे। उन्होंने इन ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामीणजनों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इन शिविरों में पहुंच कर योजनाओं का पूरा.पूरा लाभ उठावें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तयोदय सम्बल पखवाडा, इन पंचायतों में लगेगें शिविर

**जैसलमेर डेजर्ट स्टॉर्म न्यूज़**

**जैसलमेर।** जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतियोदय संबल पखवाडा शिविरो का आयोजन 24 जून से शुरु हो गया है एवं ये शिविर 09 जुलाई तक चलेगें।

अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम ने शिविर कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 01 जुलाई को ग्राम पंचायत सनावड़ा,सांकड़ा एवं ग्राम पंचायत मण्डाई, फतेहगढ़, पाबनासर तथा ग्राम पंचायत गुंदाला, भीखोड़ाई नई, कजोई, ग्राम पंचायत बांधा, लूणार, पोछिणा, शेखासर, नेहड़ाई व खींया में अंत्योदय संबल शिविर लगेंगे। उन्होंने इन ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामीणजनों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंच कर योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठावें।

जैसलमेर-पोकरण भास्कर 02-07-2025

निरीक्षण • कलेक्टर ने फतेहगढ़ में शिविर का किया निरीक्षण, योजनाओं से लाभान्वित करने के दि

# ग्रामीणों की समस्याओं का स्थाई समाधान करें :कले

भास्कर न्यूज | जैसलमेर

कलेक्टर सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत फतेहगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर प्रतापसिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर की सभी ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार गरीब को गणेश मानते हुए उनकी समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य वंचित, वास्तविक लाभार्थी एवं पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना है। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शिविर के दौरान कलेक्टर ने शिविर प्रभारी से विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक पात्र लोगों को



जैसलमेर. शिविर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

सरकार की ज
योजनाओं से ला
निर्देश दिए। साथ
कि संबंधित वि
इस बात का विशे
राज्य सरकार की
एक भी पात्र व्य
इन जनकल्याणक
लाभ से वंचित नही

जिले में प
उपाध्याय अंत्योदय
शिविरों का आयो
किया जाएगा। ए
बताया कि बुधवार
माधोपुरा, नेडान,
उग्हा, बारट का
पंचायत कुछड़ी,
तथा पिथला में
शिविर लगेंगे।
पंचायतों के सभी
किया कि वे अ
संख्या में इन शि
योजनाओं का पूरा

# सफलता की कहानी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा-2025

# सांधुवा निवासी किसान भींयाराम के लिए शिविर हुआ वरदान साबित

**जैसलमेर डेजर्ट स्टॉर्म न्यूज**

**जैसलमेर।** मरुस्थलीय जैसलमेर जिले की ग्राम पंचायत लोरडीसर के सांधुवा निवासी किसान भींयाराम पुत्र विरधाराम जाति जाट के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर वरदान साबित हुआ है। किसान भींयाराम को सोमवार को शिविर के दौरान खसरा नम्बर 137/23 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना -पीडीएमसी 01/कृषक कल्याण कोष/राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार योजना/ अटल भू-जल परियोजना के तहत ऑनलाईन आवेदन के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-27 में फार्म पोण्ड की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

उल्लेखनीय हैं कि किसान भींयाराम ने विगत 02 अप्रेल, 2023 को आवेदन किया था। लम्बे समय से इसकी स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत लोरडीसर में आयोजित शिविर की जब भींयाराम को जानकारी मिली तो उन्होंने शिविर में आकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा बताई। संबंधित अधिकारियों ने संवेदनशीलता के साथ ही उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुना एवं उसे आश्वास



दिया कि आपका कार्य मौके पर ही करवाए जाने के प्रयास किए जाएगें।

शिविर में संबंधित अधिकारियों ने प्रकरण की गंम्भीरता से समझते हुए नियमानुसार किसान भींयाराम को फार्म पोण्ड की स्वीकृति प्रदान की। लम्बे इन्तजार के बाद किसान भींयाराम को जब यह स्वीकृति मिली तो वह खुशी से झूम उठा और राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का मुक्तकंठों से आभार एवं साधुवाद व्यक्ति किया। पोण्ड निर्माण के पश्चात किसान भींयाराम को अपने खेत में सिंचाई के लिए सामने आ रही परेशानियों को समाधान होगा एवं वर्तमान में चल रहे वर्षा के मौसम में उनको जल संग्रहण में सहयोग मिलेगा जिससे आने वाली रबी फसल के लिए उसके पास पर्याप्त जल संग्रहण होगा एवं वह अच्छी फसल हासिल कर सकेगा। मौके पर शिविर में भींयाराम ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आज इन पंचायतों में लगेंगे अंत्योदय संबल शिविर

**जैसलमेर @ पत्रिका** . पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले में शिविरों का आयोजन 24 जून से जारी है, जो 9 जुलाई तक चलेगा। शिविरों में ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम ने जानकारी दी कि 2 जुलाई को ग्राम पंचायत माधोपुरा, नेडान, तोगा, डांगरी, उण्डा, बारट का गांव, दांतल, कुछड़ी, दव, खुहड़ी, भू और पिथला में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दैनिक भास्कर
जैसलमेर-पोकरण भास्कर 02-07-2025

# सालों से लंबित जमीन बंटवारे के मामलों का शिविर में निस्तारण



भणियाणा. प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

भास्कर न्यूज | भणियाणा

उपखंड क्षेत्र भणियाणा के गुंदाला गांव में पिछले काफी लंबे समय से भाइयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद को भणियाणा उपखंड अधिकारी महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल ने गुंदाला गांव में आयोजित शिविर में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निस्तारण किया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुंदाला निवासी भेवरसिंह, दुर्जनसिंह, लालसिंह, खेतसिंह, जीवराजसिंह, प्रहलादसिंह व राम कंवर के बीच में जमीन बंटवारे को लेकर आपसी सहमति नहीं बन रही थी। जिसके चलते हर साल दोनों पक्षों के बीच विवाद हो रहा था। मंगलवार को सभी भाइयों ने गुंदाला गांव में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम में पहुंचकर एसडीएम महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल के समक्ष जमीन बंटवारे को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल ने राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए संबंधित जमीन मौका निरीक्षण करवाकर परिजनों से समझाइश करके उनकी सहमति अनुसार जमीन का बंटवारा करवाया। सभी काश्तकारों ने राजस्थान सरकार एवं एसडीएम महेशचंद्र मान व तहसीलदार भूपेंद्र कुमार मेघवाल का आभार जताया। इस दौरान शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वरलाल, भू अभिलेख निरीक्षक लालसिंह, हल्का पटवारी धनसुख पालीवाल, हेमंत कुमार मीणा व बलराम गुर्जर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025: सफलता की कहानी

# वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का हुआ समाधान

### पांच सह खातेदारों को मिला अपनी जमीन का मालिकाना हक

मरुलहर न्यूज

**जैसलमेर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले सहित प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 24 जून से शुरू हुए शिविर लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन शिविरों के माध्यम से सरकार का मुख्य ध्येय वंचित वास्तविक लाभार्थी एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाना है।

राज्य सरकार इस दिशा में गरीब को गणेश स्वरुप मानते हुए उनकी समस्याओं को आयोज्य शिविरों के जरिए मौके पर ही समाधान को लेकर कृत संकल्पित है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जैसलमेर जिले की ग्राम पंचायत कजोई में वर्षों से ग्राम.कजोई एवं स्वामीजी की ढाणी की सरहद पर स्थित रास्ते पर विवाद चल रहा था। ग्राम पंचायत कजोई में आयोजित शिविर की बदौलत इस समस्या का स्थाई समाधान हुआ।

शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के पीड़ित काश्तकारों द्वारा इस संबंध में प्रार्थना.पत्र प्रस्तुत किया गया एवं अपनी पीड़ा को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस विवादित रास्ते की वजह से कई वर्षों से गांवों का विकास बाधित हो रहा था।उपखण्ड अधिकारी भणियाणा महेश चन्द्रमान ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत हलका पटवारी राज कुमार सहित राजस्व दल को मौके पर भेजकर इस विवाद की वास्तविकता का पूरा पता लगाया एवं इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाते हुए इस समस्या का त्वरित निस्तारण करवाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किए।

शिविर के दौरान वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का समाधान राजस्व ग्राम कजोई के पांच सह खातेदारों को अपनी जमीन का मालिकाना हक इन काश्तकारों को जमाबंदी नकल सहित अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण होने पर ग्रामीणों एवं काश्तकारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकारए जिला प्रशासन उपखण्ड अधिकारी शिविर प्रभारी एवं राजस्व अधिकारियों सहित उपस्थित सभी कार्मिकों का मुक्त कंठों से धन्यवाद दिया। साथ ही ग्रामीणजनों ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का सहृदय कोटि.कोटि आभार व्यक्त किया।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - झालावाड़

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर
दि 03-7-2025

पखवाड़ा • बीपीएल में चयनित लाभार्थियों का सर्वे कर लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया

# पिपलोद : शिविर में स्वामित्व योजना में पुश्तैनी भूखंड के पट्टे वितरित किए

भास्कर न्यूज | झालरापाटन

पिपलोद ग्राम पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्वामित्व योजना में पुश्तैनी भूखंड के पट्टे दिए।

बीपीएल में चयनित लाभार्थियों का सर्वे कर लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया। खाद्य सुरक्षा के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, जॉब कार्ड बनाए एवं आवास योजना की बकाया किश्तों के लिए यूसी सीसी प्रेषित की गई। चिकित्सा विभाग ने टीबी मरीजों को खाद्य किट वितरित किए। प्रधान भावना झाला उपस्थित रही। पौधरोपण का कार्य किया। कैंप में ममता शर्मा, राधेश्याम राठौर, बालचंद राठौर, नायब तहसीलदार हरिशंकर जांगिड़, प्रधानाध्यापिका संतोष शर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



झालरापाटन. पिपलोद शिविर में पुश्तैनी भूखंड के पट्टे वितरित करते हुए।

## माथनिया में वर्षों पुराने भूमि विवाद का निबटारा

रायपुर| माथनिया ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय संबल पखवाड़े में माथनिया गांव में वर्षों से चले रहे भूमि विवाद को तहसीलदार जगदीशसिंह झाला, प्रधान सीताबाई भील, जिला परिषद सदस्य फतेहसिंह सोनगरा एवं गोविंद सिंह झाला ने समझाइश कर सहमति बंटवारे के लिए राजी किया। इसके फलस्वरूप 15 काश्तकारों के मध्य 4 खातों का कुल रकबा 28 बीघा 07 बिस्वा भूमि का सहमति बंटवारा किया गया।

## शिविर में जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र समेत कई काम हुए



मिश्रौली. पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर में मौजूद अधिकारी।

मिश्रौली| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में ग्राम पंचायत मिश्रौली में एक शिविर का आयोजन में किया। शिविर के प्रभारी एईएन हेमंत कश्यप रहे।

मुख्य अतिथि प्रशासक जगपाल सिंह चौहान थे। इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में जन्म, मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्रों, नाम शुद्धि, बंटवारा, कृषि अनुदान से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान की गईं। मौके पर प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को तत्काल सौंपकर निस्तारण प्रक्रिया में ले लिया गया, जिससे ग्रामीणों को समय पर राहत मिल सके।

## सहमति से वर्षों पुराना बंटवारे का विवाद सुलझाया

पिड़ावा| रमाय दलपत ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को कई योजनाओं का लाभ मिला।

शिविर प्रभारी तहसीलदार महावीर पंवार ने बताया कि सारंगाखेड़ा का एक बंटवारे का दो पक्षों में पुराना विवाद चल रहा था। पक्षकार सारंगाखेड़ा निवासी जनस बाई, कृष्णा बाई और विक्रम सिंह के बीच बंटवारे का विवाद चल रहा था। शिविर में पहुंचे पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से बंटवारा करवाया गया। शिविर में मेहरबान सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सहित कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बकानी में सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान किए

बकानी| अंत्योदय संबल पखवाड़े में मोड़ी ग्राम पंचायत में बुधवार को शिविर आयोजित किया। शिविर में रास्तों के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी किए। राजस्व विभाग से संबंधित मामलों को प्राथमिकता दी गई। मौके पर समस्याओं का निस्तारण किया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों का आधार सीडिंग आदि किए। इस अवसर तहसीलदार गजेंद्र शर्मा, कानूनगो जयराज मेंडोत, प्रशासक रामीबाई, ग्राम विकास अधिकारी आशिष, पटवारी जगदीश उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
दि 03-7-2025

# पचोला, बिंदाखेड़ा व बांसखेड़ी लोढान पंचायत में लगे शिविर




अकलेरा| ग्राम पंचायत पचोला, बिंदाखेड़ा एवं बासखेड़ी लोढान में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्तोदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविर में मुख्य अतिथि विधायक गोविंद रानीपुरिया ने शिरकत की और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

विधायक ने किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे तारबंदी, नामांतरण बटवारा, पशुओं का मंगला बीमा टीका लगवाना, बिजली, नल कनेक्शन, पेंशन, खाद्य सुरक्षा आदि का निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए। विधायक ने योजनाओं से लोगों को रूबरू किया। शिविर में तहसीलदार रामकुमार पुनिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश मंगल, उपजिला प्रमुख बैनाथ मीणा, अकलेरा मंडल अध्यक्ष अनिमेष गोयल, भालता मंडल अध्यक्ष परमानन्द रुहेला, भोनीसिंह गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिविर में की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण



छोटी सुनेल@ पत्रिका. क्षेत्र के मथानिया गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण किया गया।चिकित्सा प्रभारी डॉ.रामेश्वर परिहार बताया कि चिकित्सा टीम ने शिविर में आए मरीजों का परीक्षण जैसे बीपी, शुगर, टीबी, स्क्रीनिंग नवजात व शिशु का टीकाकरण कर मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया। एक टीबी मरीज को पोषण किट प्रदान किया गया। चिकित्सा टीम में प्रभारी डॉ.रामेश्वर परिहार, नर्सिंग अधिकारी ओमप्रकाश मेहरा, राजेश दांगी , सीएचओ ऐश्वर्य जैन समेत अन्य मौजूद रहे।

दैनिक दिशा ध्वज

दि 03-7-2025



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में

# प्रशासनिक तत्परता से कई समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

दिशा न्यूज। झालावाड,

पंचायत समिति डग की ग्राम पंचायत देवगढ़ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बना। शिविर के दौरान तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया की सक्रिय भूमिका में कई वर्षो से लंबित समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

खमला गांव के बहादर सिंह राजपूत काफी समय से ई–मित्र पर केवाईसी नहीं होने से परेशान थे, जिसे देखते हुए तहसीलदार ने पटवारी मनोज कुमार को निर्देशित किया। तत्पश्चात तुरंत ई–केवाईसी पूर्ण कर प्रार्थी का पीएम सम्मान निधि ऐप से सत्यापन किया गया। वहीं, जमुनिया गांव के अभय सिंह, कैलाश सिंह, लालूबाई एवं किशन सिंह का वर्ष 2017 से खसरा नंबर 242 को लेकर नामांतरण संबंधी विवाद चल रहा था। इस प्रकरण का भी मौके पर उपस्थित रहकर बंटवारा कर समाधान किया गया। इसके अलावा तिपानिया गांव के खसरा नंबर 252 को लेकर भगू बाई एवं श्यामू बाई के मध्य चल रहे आपसी भूमि विवाद का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना, बल्कि ग्रामीणों में विश्वास और समाधान की भावना भी जागृत हुई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में वर्षों पुराना बंटवारा विवाद सहमति से सुलझा



दिशा न्यूज। झालावाड,

जिले की तहसील पिड़ावा की ग्राम पंचायत रमायदलपत में बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में कई वर्ष पुराना एक शामलाती खाता विवाद सहमति से सुलझाया गया, जिससे न केवल राजस्व रिकार्ड में सुधार हुआ बल्कि खातेदारों के लिए विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। यह विवाद खाता संख्या 13 ख. सं. 534/821 से संबंधित था, जिसमें कुल भूमि रकबा 1.3911 हैक्टयर था।

ग्राम पंचायत रमायदलपत के ग्राम सारंगाखेड़ा के निवासी कृष्णा बाई, जनस बाई, विक्रम सिंह के मध्य वर्षों से विवादित उक्त आराजी के विवाद को राजस्व प्रशासन द्वारा सहमति से सुलझाया गया। दस्तावेजों की समीक्षा, पक्षकारों की उपस्थिति और आपसी सहमति के आधार पर भूमि का विभाजन कराया गया।

***प्रशासन की संवेदनशील पहल***–जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा सहमति से विभाजन के अधिकतम प्रकरणों के निस्तारण के आदेश की पालना में उपखंड अधिकारी के निर्देशन में शिविर प्रभारी तहसीलदार पिड़ावा ने राजस्व टीम के साथ मिल कर उक्त विभाजन को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न करवाया गया। बंटवारा आपसी सहमति से कराने पर लाभान्वित काश्तकारों के समस्त परिजनों द्वारा विधिक एवं अन्य कार्यवाहियों में खर्च होने वाले धन एवं समय की बचत होने एवं आपसी सौहार्द को बनाए रखने पर राजस्थान सरकार व स्थानीय प्रशासन का शिविर आयोजित करने पर धन्यवाद दिया गया।

दैनिक दिशा ध्वज
दि 03-7-2025

(55)



# 10 खातेदारों के मध्य समझाइश करवाकर बंटवारा करवाया

दिशा न्यूज। झालावाड,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को तहसील पचपहाड़ की ग्राम पंचायत भीलवाडी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पिपलिया के गांव पिपलिया में 25 वर्षों से लम्बित चल रहे 1.22 हैक्टेयर रकबे के खाते के विभाजन की समस्या का समाधान करवाया गया।

उक्त प्रकरण में खाते में 10 काश्तकार होने की वजह से खातेदारों में आपसी सहमति नहीं बन रही थी। इस पर तहसीलदार के निर्देशन में कानूनगो और पटवारी के द्वारा समझाइश करने पर आपसी सहमति से इनका बंटवारा किया गया। बंटवारा होने पर सभी खातेदार प्रसन्न हुए सभी खातेदारों को अब राजस्व कृषि सहित अन्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। सभी ने खुशी जाहिर की एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

(56)



# शिविर में आवेदन करने पर मौके पर ही खाते में हुआ शुद्धिकरण

दिशा न्यूज। झालावाड,
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत पिपलोद में आयोजित शिविर में दो खातेदारों द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि उनके राजस्व रेकार्ड जमाबन्दी के खातों में प्रविष्टी में अशुद्धि होने से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है व बैंक संबंधी कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार हरिशंकर जांगिड़ के निर्देशानुसार राजस्व टीम द्वारा तुरन्त वर्षों पुराना राजस्व रेकार्ड अवलोकन कर खातेदार प्रेमचन्द पुत्र रामनारायण के रेकार्ड में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टी निवासी छापलीकलां के स्थान पर सही प्रविष्टी निवासी पिपलोद किया गया। प्रार्थी द्वारा मौके पर ही राजस्व रेकार्ड में शुद्धि होने पर खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। कैम्प में आबादी भूमि के 5 पट्टों का वितरण व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 10 आवेदनों का भी निस्तारण किया गया।

## आज इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

(57)

दिशा न्यूज। झालावाड,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत 03 जुलाई गुरुवार को जिले में ग्राम पंचायत मूण्डला, मोडी भीमसागर, लायफल, लीमी, रायपुर, शेरपुर, सरखेड़ी, सलोतिया, बैरागढ़, बोरखेड़ी गुजरान, बोरबंद, रीछवा, रीझोन, रेपला, मोगरा, श्रीछत्रपुरा, सरोद, पारापीपली, पीपल्यांखुर्द, बर्डियाबीरजी, बड़ोदिया, बोरदा, मण्डावर, मनोहरथाना, रवास्या व शोरती में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा ने दी।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

(58)

दिशा न्यूज। झालावाड,
जिले में आगामी समय में मोहर्रम, कावड़ यात्रा, गुरू पूर्णिमा एवं सावन माह के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन के संदर्भ में कानून व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला मजिस्ट्रेट अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में 3 जुलाई को प्रातः 10 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

दैनिक पैंतरा

दि. 03-7-2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में प्रशासनिक तत्परता से कई समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान



पैंतरा न्यूज

झालावाड़, 02 जुलाई। पंचायत समिति डग की ग्राम पंचायत देवगढ़ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बना।

शिविर के दौरान तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया की सक्रिय भूमिका में कई वर्षों से लंबित समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

खमला गांव के बहादुर सिंह राजपूत काफी समय से ई-मित्र पर केवाईसी नहीं होने से परेशान थे, जिसे देखते हुए तहसीलदार ने पटवारी मनोज कुमार को निर्देशित किया। तत्पश्चात तुरंत ई-केवाईसी पूर्ण कर प्रार्थी का पीएम सम्मान निधि ऐप से सत्यापन किया गया।

वहीं, जमुनिया गांव के अभय सिंह, कैलाश सिंह, लालूबाई, एवं किशन सिंह का वर्ष 2017 से खसरा नंबर 242 को लेकर नामांतरण संबंधी विवाद चल रहा था। इस प्रकरण का भी मौके पर उपस्थित रहकर बंटवारा कर समाधान किया गया। इसके अलावा निपानिया गांव के खसरा नंबर 252 को लेकर भग्गू बाई एवं श्यामू बाई के मध्य चल रहे आपसी भूमि विवाद का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना, बल्कि ग्रामीणों में विश्वास और समाधान की भावना भी जागृत हुई।

# 10 खातेदारों के मध्य समझाइश करवाकर बंटवार करवाया



पैंतरा न्यूज

झालावाड़, 02 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को तहसील पचपहाड़ की ग्राम पंचायत भीलवाड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पिपलिया के गांव पिपलिया में 25 वर्षों से लम्बित चल रहे। 22 हैक्टेयर रकबे के खाते के विभाजन की समस्या का समाधान करवाया गया।

उक्त प्रकरण में खाते में 10 काश्तकार होने की वजह से खातेदारों में आपसी सहमति नहीं बन रही थी। इस पर तहसीलदार के निर्देशन में कानूनगो और पटवारी के द्वारा समझाइश करने पर आपसी सहमति से इनका बंटवारा किया गया। बंटवारा होने पर सभी खातेदार प्रसन्न हुए सभी खातेदारों को अब राजस्व कृषि सहित अन्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। सभी ने खुशी जाहिर की एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

दैनिक चम्बल सन्देश
दि. 03-7-2025

(35)

(69)

# पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में दिख रहा लोगों का उत्साह

**झालरापाटन.** ग्राम पंचायत पिपलोद में आयोजित शिविर में दो खातेदारों द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि उनके राजस्व रेकार्ड जमाबन्दी के खातो में प्रविष्टी में अशुद्धि होने से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है व बैंक संबंधी कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार हरिशंकर जागिड़ के आदेशानुसार राजस्व टीम द्वारा तुरन्त वर्षों पुराना राजस्व रेकार्ड का अवलोकन कर खातेदार प्रेमचन्द पुत्र रामनारायण के रिकॉर्ड में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टी निवासी ढाबलीकलां के स्थान पर सही प्रविष्टी निवासी पिपलोद किया गया।



**बकानी.** ग्राम पंचायत मोड़ी में राजीव गांधी सेवा केन्द्र में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कई विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। शिविर जन सेवाओं की सुनिश्चित् उपलब्धता को लेकर दिशा-निर्देश देना रहा। शिविरों मे रास्तों के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी आदि बंटवारे किए गए।

**झालावाड़.** तहसील पचपहाड़ की ग्राम पंचायत भीलवाड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पिपलिया के गांव पिपलिया में 25 वर्षों से लम्बित चल रहे 1.22 हैक्टेयर रकबे के खाते के विभाजन की समस्या का समाधान करवाया गया। पंचायत समिति डग की ग्राम पंचायत देवगढ़ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बना।

खमला गांव के बहादुर सिंह राजपूत काफी समय से ई-मित्र पर केवाईसी नहीं होने से परेशान थे, जिसे देखते हुए तहसीलदार ने पटवारी मनोज कुमार को निर्देशित किया। इसके बाद तुरंत ई-केवाईसी पूर्ण कर प्रार्थी का पीएम सम्मान निधि एप से सत्यापन किया गया।



वहीं, जमुनिया गांव के अभय सिंह, कैलाश सिंह, लालूबाई एवं किशन सिंह का वर्ष 2017 से नामांतरण संबंधी विवाद चल रहा था। इस प्रकरण का भी मौके पर उपस्थित रहकर बंटवारा कर समाधान किया गया। इसके अलावा निपानिया गांव के भगु बाई एवं श्यामू बाई के मध्य चल रहे, आपसी भूमि विवाद का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया।

जिले की तहसील पिड़ावा की ग्राम पंचायत रमायदलपत में बुधवार को आयोजित शिविर में कई वर्ष पुराना एक शामलाती खाता विवाद सहमति से सुलझाया गया, जिससे न केवल राजस्व रिकार्ड में सुधार हुआ, बल्कि खातेदारों के लिए विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। ग्राम पंचायत रमायदलपत के ग्राम सारंगाखेड़ा के निवासी कृष्णा बाई, जनस बाई, विक्रम सिंह के मध्य वर्षों से विवादित उक्त आराजी के विवाद को राजस्व प्रशासन द्वारा सहमति से सुलझाया गया।

## आज इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत 3 जुलाई गुरुवार को जिले में ग्राम पंचायत मुण्डला, मोड़ी भीमसागर, लायफल, लीमी, रायपुर, शेरपुर, सरखेड़ी, सलोतिया, बैरागढ़, बोरखेड़ी गुजरान, बोरबंद, रीछवा, रीझोन, रेपला, मोगरा, श्रीछत्रपुरा, सरोद, पारापीपली, पीपल्याखुर्द, बर्डियाबीरजी, बड़ोदिया, बोरदा, मण्डावर, मनोहरथाना, रवास्या व शोरती में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दैनिक जन नायक

दि. 03-7-2025

# शिविर में 25 वर्षों से लंबित खाता विभाजन सहमति से सम्पन्न



जननायक संवाददाता

**मनोहरथाना।** ग्राम मनपसर खाता संख्या 130 का 25 वर्षों से लंबित खाता विभाजन सहमति से सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत मनपसर में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय संबल योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु आरएएस तहसीलदार बीएल मीना ने बताया शिविर में खाता संख्या 130, खसरा संख्या 976, रकबा 0.8013 हैक्टेयर का खाता विभाजन किया गया। यह खाता विगत लगभग 25 वर्षों से शामलाती प्रविष्टि के रूप में दर्ज था। जिसमें जगदीश पुत्र फूलचंद एवं रामकिशन पुत्र फूलचंद का 1/2-1/2 हिस्सा दर्ज था। हालांकि विवाद की स्थिति नहीं थी, फिर भी अभिलेखीय स्थिति स्पष्ट न होने के कारण खातेदारों को योजनाओं का लाभ लेने, सीमाज्ञान कराने, कृषि कार्यों व ऋण संबंधित प्रक्रियाओं में कठिनाई हो रही थी। शिविर में दोनों पक्षों की सहमति से खाता विभाजन की कार्रवाई की गई। इससे दोनों खातेदार अब योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

साथ ही सीमाज्ञान, कृषि विद्युत कनेक्शन, ऋण आदि कार्यों में भी सुविधा मिलेगी। इस कार्य में नायब तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर, हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं राजस्व विभाग का सहयोग रहा।

दोनों पक्षों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, उपखंड प्रशासन एवं राजस्व विभाग का आभार व्यक्त किया। बासखेड़ी मेवातियान में भी शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान प्रशासक सरपंच अनिता वर्मा मौजूद रही।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - भरतपुर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# खातेदारी भूमि के विभाजन की वर्षो पुरानी समस्या का हुआ निराकरण

गर्वित हिन्दुस्तान



**भरतपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधी वर्षों से लम्बित समस्याओं का निराकरण कर काश्तकारों को लाभान्वित किया जा रहा है। उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत खैरी की निवासी भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर वरदान साबित हुआ। परिवार में खातेदारों की संख्या बढने के साथ समय पर खातेदारी भूमि का विभाजन नहीं होने से संयुक्त खातेदारों का सरकार की अनुदान योजनाओं, कृषि विभाग की बीमा योजना एवं अन्य नवाचारों का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड रहा था। सभी ने खाता विभाजन के अनेकबार प्रयास किये लेकिन आपसी सहमति नही बन पा रही थी। इसके कारण एक दशक से अधिक समय से यह समस्या चली आ रही थी। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी काश्तकारों को मिली उन्होंने पुनः प्रयास कर इस समस्या को दूर करने के लिए शिविर स्थल पहुंचे। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत आयोजित शिविर में भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान निवासी खैरी के द्वारा शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार वैशाली धाकड के समक्ष अपनी समस्या रखी। प्रार्थियों ने खाता संख्या 356 का आपसी सहमति से विभाजन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी द्वारा प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पटवारी हल्का एवं भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाये जाकर तस्दीक किये गये। समस्त खातेदारान द्वारा सहमति से विभाजन होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजन से एक साथ गांव में सभी खातेदार उपस्थित हो जाते हैं, जिससे घर बैठे समस्या का हल हो पाया है।

# अंत्योदय संबल अभियान में घर का सपना हुआ पूरा, मिला आवासीय पट्टा

**गर्वित हिन्दुस्तान**

**भरतपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में श्रीमति रामकली पति रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्राम पंचायत इटामडा निवासी श्रीमति रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित षिविर में पहुँची। कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। श्रीमति रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया। श्रीमति रामकली ने बिना किसी परेषानी एवं मौके पर ही योजना से लाभान्वित किये जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# अंत्योदय संबल अभियान में मिला आवासीय पट्टा

भरतपुर,(निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में रामकली पत्नि रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

ग्राम पंचायत इटामडा निवासी रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर में पहुंची।




अंत्योदय संबल अभियान में रामकली को आवासीय पट्टा सौंपा।

कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया। रामकली ने मौके पर ही योजना से लाभान्वित किये जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर - 03/7/2025

# वर्षों से लंबित भूमि विवाद का हुआ समाधान

भरतपुर| मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जनकल्याण के लिए चलाया जा रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आ रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर वर्षों पुरानी खातेदारी विवाद की समस्या का मौके पर ही समाधान हुआ, वहीं दूसरी ओर एक महिला को अपने घर का सपना पूरा करने का अधिकार मिला। जिला प्रशासन के इस अभियान की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे गांव-गांव में राहत पहुंचाने वाली पहल बताया।

उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत खैरी की निवासी भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह, रामकिशोर व अन्य खातेदार वर्षों से खातेदारी भूमि के विभाजन को लेकर परेशान थे। आपसी सहमति के अभाव में खाता संख्या 356 का विभाजन संभव नहीं हो पा रहा था, जिससे सरकारी योजनाओं, बीमा लाभ और कृषि नवाचारों से वंचित रहना पड़ रहा था। जैसे ही इन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी मिली, वे शिविर स्थल पहुंचे और नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़ के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। त्वरित कार्यवाही करते हुए पटवारी हल्का व भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर तस्दीक किया गया।

इसी प्रकार पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामड़ा निवासी रामकली गुर्जर को भी वर्षों से अपने आवासीय पट्टे का इंतजार था। पट्टे के अभाव में बैंक से लोन भी नहीं मिल पा रहा था। जब उन्हें अंत्योदय शिविर की जानकारी मिली, तो वे गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर में पहुंचीं और विकास अधिकारी भुसावर से अपनी समस्या साझा की। प्रशासन की तत्परता दिखाते हुए सभी दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण कर, मौके पर ही उन्हें आवासीय पट्टा जारी किया गया।

दैनिक भास्कर - 03/7/2025

# वर्षों से लंबित खातेदारी जमीन के विवाद का हुआ समाधान, महिला को मिला आवासीय पट्टा

भास्कर न्यूज़| भरतपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जनकल्याण के लिए चलाया जा रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आ रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर वर्षों पुरानी खातेदारी विवाद की समस्या का मौके पर ही समाधान हुआ, वहीं दूसरी ओर एक महिला को अपने घर का सपना पूरा करने का अधिकार मिला। ग्रामीणों का कहना है कि इस पखवाड़े ने हमारी वर्षों पुरानी समस्याओं का घर बैठे समाधान किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के इस अभियान की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे गांव-गांव में राहत पहुंचाने वाली पहल बताया।

उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत खरैरी की निवासी भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह, रामकिशोर पुत्र हप्पूराम व अन्य खातेदार वर्षों से खातेदारी भूमि के विभाजन को लेकर परेशान थे। आपसी सहमति के अभाव में खाता संख्या 356 का विभाजन संभव नहीं हो पा रहा था, जिससे सरकारी योजनाओं, बीमा लाभ और कृषि नवाचारों से वंचित रहना पड़ रहा था। जैसे ही इन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी मिली, वे शिविर स्थल पहुंचे और नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़ के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

त्वरित कार्यवाही करते हुए पटवारी हल्का व भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर तस्दीक किया गया। सभी खातेदारों ने आपसी सहमति से विभाजन स्वीकार कर जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**रामकली को मिला घर बनाने का कानूनी हक:-**

इसी प्रकार पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामड़ा निवासी रामकली पत्नी रामसहाय गुर्जर को भी वर्षों से अपने आवासीय पट्टे का इंतजार था। पट्टे के अभाव में बैंक से लोन भी नहीं मिल पा रहा था।

जब उन्हें अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर की जानकारी मिली, तो वे गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर में पहुंचीं और विकास अधिकारी भुसावर से अपनी समस्या साझा की। प्रशासन की तत्परता दिखाते हुए सभी दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण कर, मौके पर ही उन्हें आवासीय पट्टा जारी किया गया। पट्टा पाकर रामकली की आँखों में खुशी साफ झलक रही थी। शिविर में लोगों को योजनाओं को लाभ मिला है।

दैनिक नवज्योति - 03/7/2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़े में किया पट्टे वितरण

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, रूपवास।** ग्राम पंचायत सज्जनवास में प. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन तहसीलदार अमित शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच कम प्रशासक सुशील चौधरी थे। तहसीलदार शर्मा ने पट्टों का वितरण किया। वही राजस्व के मामलों को सुनकर उनके निस्तारण की कार्यवाही की। विशिष्ट अतिथि एडीओ दाऊदयाल शर्मा, सचिव रसीद खान, संतोष शुक्ला, पीईईओ सतीश तिवारी, प्रवर्तन निरीक्षक गुरप्रीत सिंह, जेईएन शिवकुमार बैरवा, प्रेमसिंह डीलर, देवीचरन शर्मा, मनोज खंडूजा थे। प्रशासक सुशील चौधरी ने शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। तथा पेंशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना के फार्म भरकर जमा किये। इसके बाद सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने विभागों की चल रही योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया। अंत में पंचायती राज, चिकित्सा, खाद्य सुरक्षा, कृषि विभाग योजनाओं की जानकारी दी। वही रास्तों को खुलवाने, सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, पानी की टंकियों की सफाई कराने व स्कूलों की नियमित जांच करने की बात कही।



प्रातः काल - 03/7/2025

# अंत्योदय संबल अभियान में घर का सपना हुआ पूरा मिला आवासीय पट्टा

भरतपुर ( प्रा.सं. )। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा



है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में रामकली पत्नि रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया। जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

ग्राम पंचायत इटामडा निवासी रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पड़ोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर में पहुॅची। कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया।

दैनिक नवज्योति - 03/7/2025

# खातेदारी भूमि के विभाजन की वर्षों पुरानी समस्या का हुआ निराकरण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भरतपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फयंदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधी वर्षों से लम्बित समस्याओं का निराकरण कर काश्तकारों को लाभान्वित किया जा रहा है। उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत खरैरी की निवासी भगवानदेई पत्नी ब चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर वरदान साबित हुआ। परिवार में खातेदारों की संख्या बढने के साथ समय पर खातेदारी भूमि का विभाजन नहीं होने से संयुक्त खातेदारों का सरकार की अनुदान योजनाओं, कृषि विभाग की बीमा योजना एवं अन्य नवाचारों का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड रहा था। सभी ने खाता विभाजन के अनेकबार प्रयास किये लेकिन आपसी सहमति नही बन पा रही थी। इसके कारण एक दशक से अधिक समय से यह समस्या चली आ रही थी। रा य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी काश्तकारों को मिली उन्होंने पुनः प्रयास कर इस समस्या को दूर करने के लिए शिविर स्थल पहुंचे। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत आयोजित शिविर में भगवानदेई पत्नी ब चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान निवासी खरैरी के द्वारा शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार वैशाली धाकड के समक्ष अपनी समस्या रखी। प्रार्थियों ने खाता संख्या 356 का आपसी सहमति से विभाजन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी द्वारा प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पटवारी हल्का एवं भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाये जाकर तस्दीक किये गये। समस्त खातेदारान द्वारा सहमति से विभाजन होने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजन से एक साथ गांव में सभी खातेदार उपस्थित हो जाते है; जिससे घर बैठे समस्या का हल हो पाया है।

समाचार जगत - 03/7/2025

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे लगाए दर्जनों छाया व फलदार पौधे

भुसावर, **समाचार जगत ब्यूरो**. उपखंड भुसावर के गांव सुहारी स्थित राजकीय विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां आमजन ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवाया। जिस पर उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं सरकार की योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक कर लाभ लेने को लेकर अपील की। विद्यालय के पीटीआई विनोद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जहां विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायांदार, फलदार व औषधीय पौधे लगाये गये। वहीं उपस्थित आमजन को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पेड लगाने को लेकर अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार राजेन्द्र मोहन, प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश मीणा, व्याख्याता नवलसिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति
03/7/2025

# अंत्योदय संबल अभियान में घर का सपना हुआ पूरा

**भरतपुर।** पंडित द्रीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में श्रीमति रामकली पत्नि श्री रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतज़ार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्राम पंचायत इटामडा निवासी श्रीमति रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित षिविर में पहुँची। कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। श्रीमति रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया।

हुक्मनामा समाचार
03/7/2025

# अंत्योदय संबल अभियान में घर का सपना हुआ पूरा मिला आवासीय पट्टा



भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा ामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंलवार को पंचायत समिति भुसावर की ाम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में मति रामकली पत्नि रामसहाय ुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया या। जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। ाम पंचायत इटामडा निवासी मति रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ाम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए ेरा स्थित राजीव ांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर में पहुँची। कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की ई।

राजस्थान पत्रिका - 03/7/2025

# कलक्टर ने जिले के वैर एवं भुसावर उपखण्ड के शिविरों का किया निरीक्षण



भरतपुर/का.सं.। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने पं. दीनदयाल उपध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत जिले के भुसावर उपखण्ड के घाटरी एवं वैर उपखण्ड के आमौली ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को सरकार की मंशानुरूप अधिक से अधिक लोगों को मौके पर लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिविरों में सभी पात्रजनों को मौके पर लाभान्वित करते हुये समस्याओं का संवेदनशीलता से सुनकर निराकरण करें। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्मिकों को काश्तकारों से संबंधित समस्याओं का पहले से चिन्हिकरण कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। रास्तों, सार्वजनिक चारागाह, सिवायचक भूमि से अतिक्रमण संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण करें। आपसी सहमति से बटवारा, खाता विभाजन, पत्थरगढी, सीमाज्ञान के प्रकरणों में त्वरित राहत प्रदान करें। उन्होंने पंचायत राज विभाग एवं समाज कल्याण व रसद विभाग के कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन, आधार सीडिंग आदि कार्य मौके पर कर पात्रता के आधार पर शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलक्टर ने विद्युत निगम को ढीले तारों को ठीक करने, वर्षा को देखते हुये ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के सुरक्षित रख-रखाव की जांच करने, जलदाय विभाग को पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई एवं लीकेज ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविर से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में स्थानीय कार्मिक आमजन को शिविरों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी देकर जागरूक करें।

सांध्य ज्योति दर्पण - 03/7/2025

# खातेदारी भूमि के विभाजन की वर्षों पुरानी समस्या का एक दिन में हुआ निराकरण

भरतपुर 3 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधी वर्षो से लम्बित समस्याओं का निराकरण कर काश्तकारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत खरैंरी की निवासी भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर वरदान साबित हुआ। परिवार में खातेदारों की संख्या बढने के साथ समय पर खातेदारी भूमि का विभाजन नहीं होने से संयुक्त खातेदारों का सरकार की अनुदान योजनाओं, कृषि विभाग की बीमा योजना एवं अन्य नवाचारों का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड रहा था। सभी ने खाता विभाजन के अनेकबार प्रयास किये लेकिन आपसी सहमति नही बन पा रही थी। इसके कारण एक दशक से अधिक समय से यह समस्या चली आ रही थी। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी काश्तकारों को मिली उन्होंने पुन: प्रयास कर इस समस्या को दूर करने के लिए शिविर स्थल पहुंचे।

पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत आयोजित शिविर में भगवानदेई पत्नी बच्चूसिंह एवं रामकिशोर पुत्र हप्पूराम एवं अन्य खातेदारान निवासी खरैंरी के द्वारा शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार वैशाली धाकड के समक्ष अपनी समस्या रखी। प्रार्थियों ने खाता संख्या 356 का आपसी सहमति से विभाजन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी द्वारा प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पटवारी हल्का एवं भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाये जाकर तस्दीक किये गये। समस्त खातेदारान द्वारा सहमति से विभाजन होने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजन से एक साथ गांव में सभी खातेदार उपस्थित हो जाते हैं, जिससे घर बैठे समस्या का हल हो पाया है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला -श्रीगंगानगर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

सीमा सन्देश 03/07/25

आयोजन • अन्तोदय संबल शिविर में फरियादियों को मिली राहत

# वर्षों पुराने भूमि खाता विभाजन के काम तुरंत हुए

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला



ग्राम पंचायत मटीलीराठान में अन्तोदय संबल पखवाड़े में मटीलीराठान में शिविर लगाया गया। प्रशासक सीमा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में रणजीत कुमार उपखण्ड अधिकारी, डॉ. विक्रम सिंह तहसीलदार, आदराम नायक नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मटीलीराठान शिविर में सहमति खाता विभाजन हेतु टेकचंद पुत्र बीरबलराम, बिमला पत्नी बीरबलराम, रोहित पुत्र बीरबलराम, सुनील कुमार पुत्र गणपतराम ने प्रार्थना पत्र पेश कर बताया कि 14 एफ बड़ा द्वितीय के संयुक्त खाता संख्या 10/9 में मुरब्बा नंबर 19 रकबा 4.301 हैक्टेयर नहरी कृषि भूमि दर्ज रिकॉर्ड है। संयुक्त खाता होने के कारण किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, फसल बीमा करवाने, खाद बीज सब्सिडी लेने, फसल विक्रय करने तथा कृषि से संबंधित योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है।

मौके पर ही इनके सभी कार्य करते हुए खाता विभाजन आदेश जारी कर दिये। वहीं, 2 अमनदीप कौर पत्नी जंग सिंह व जंग सिंह पुत्र करतार सिंह जाति बाजीगर की कृषि भूमि की संयुक्त जमाबंदी खाता में 14 सह काश्तकार हैं। अमनदीप कौर व जंग सिंह ने उप खंड अधिकारी श्रीगंगानगर कार्यालय में खाता विभाजन हेतु वाद प्रस्तुत कर दिया। पक्षकारों को सुनवाई नोटिस जारी किए गए। शिविर सह प्रभारी आदराम नायक नायब तहसीलदार मिर्जेवाला, सुरेन्द्र सिंह भू अभिलेख निरीक्षक, पटवारी आकाश मान चक 2 एल बड़ा में पहुंचे। रिपोर्ट बनाकर विभाजन प्रस्ताव तैयार किया। इसकी रिपोर्ट उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत की। पुराने मामले में त्वरित कार्यवाही से फरियादियों को बड़ी राहत मिली।

सीमा-स॰ संदेश 03/7/25

# 14 एफएफ के शिविर में 100 प्रकरणों का निस्तारण



**सीमा सन्देश # बालाराजपुरा।**

14 एफएफ पंचायत भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संविद पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी अजीत गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। राजस्व, पंचायत, स्वच्छ भारत, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि व विद्युत विभागों ने मौके पर ही 100 से अधिक प्रकरणों का समाधान किया। चिकित्सा जांच, टीकाकरण, पौधरोपण, नामांतरण, आधार सीडिंग जैसी सेवाएं दी गईं। ग्रामवासियों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गजसिंहपुर तहसीलदार मुकेश खरिया, करणपुर के सहायक विकास अधिकारी परमानंद व सरपंच हरदेव सिंह सहित कार्मिक व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

लोक-सम्राट 03/07/25



# राजस्व रिकॉर्ड में रामचन्द्र का नाम शुद्धिकरण किया

श्रीगंगानगर।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 11ईईए में शिविर आयोजित किया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप शिविर में आने वाले अधिकतम नागरिकों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।

शिविर के दौरान किसान रामचन्द्र ने उपस्थित होकर बताया कि उसकी कृषि भूमि चक 83 एलएनपी में है तथा राजस्व रिकॉर्ड में रामचन्द्र की जगह मेरा नाम रामचन्द्द दर्ज हो गया है। इस कारण से मुझे सामाजिक योजनाओं व राजस्व, कृषि, उद्यान योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए शिविर प्रभारी ने गलत नाम रामचन्द की जगह शुद्धिकरण करते हुए रामचन्द्र दर्ज करवा दिया। रामचन्द्र ने बताया कि मैं काफी लम्बे समय से नाम शुद्धिकरण को लेकर परेशान था लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, वो आमजन के लिये लाभकारी है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - दौसा

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

राज० पत्रिका 03/07/25

# जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा कराएं: मीना



**लालसोट @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत लखनपुर, रतनपुरा एवं बिलोना खुर्द पर शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम विजेन्द्र कुमार मीना ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत लखनपुर में एक वृद्ध नागरिक स्वयं आवेदन करने में असमर्थ था, उसका खाद्य सुरक्षा आवेदन मौके पर ही ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन करवाया गया। ग्रामवासियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन कार्य आधे गांव में ही पूर्ण किए जाने एवं शेष भाग में कार्य नहीं होने की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि वे निरीक्षण कर शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं एवं समस्त ग्रामवासियों को लाभान्वित करें। एसडीएम ने राजस्व विभाग की भूमि पर अतिक्रमण एवं सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने संबंधी शिकायत का संज्ञान लेते हुए पटवारी एवं गिरदावर को मुआयना कर कार्रवाई करने को कहा। (नि.प्र.)

# शिविर में ग्रामीणों को बांटे पट्टे

**बांदीकुई (बड़ियाल कलां).** पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पीचूपाडा खुर्द में किया गया। इसमें विधायक भागचंद टांकडा, उपखंड अधिकारी रामसिंह राजावत ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। रास्तों में भरने वाले पानी की समस्या से अवगत कराया। इस पर विधायक ने शीघ्र समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर शिविर प्रभारी उपतहसीलदार अंगदराम मावरिया, एसीबीईईओ विनोद कुमार मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी मातादीन मीणा, गिरदावर रमेश चंद सैनी, रामावतार सैनी, पटवारी मनमोहन, ग्राम विकास अधिकारी विवेक चौधरी, स्वच्छता प्रभारी राजेन्द्र सैनी आदि मौजूद थे। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। वहीं ग्रामीणों को पट्टे भी वितरित किए। खाद्य सुरक्षा के आवेदनों का सत्यापन किया गया।

दै. भास्कर 03/07/25

जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर • शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पहुंच रहे

# किसी का जमीन विवाद खत्म हुआ, तो किसी की पेंशन शुरू, नामांतरण खुलने से भी मिली राहत



दौसा। शिविर में परिवादियों को लाभान्वित करते अधिकारी।



बांदीकुई ग्रामीण। शिविर में पट्टे वितरित करते विधायक।



महवा। सालिमपुर में पट्टे वितरित करते विधायक राजेंद्र मीणा।

भास्कर संवाददाता | दौसा

शिविरों में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मौके पर ही काम होने से आमजन राहत मिल रही है। किसी के रुके हुए सीमा ज्ञान, नामांतरण एवं सहमति से जमीन विभाजन जैसे काम हो रहे हैं, तो किसी को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिले की ग्राम पंचायत बावड़ी खेड़ा के संपत जोगी के तीन बेटे घनश्याम, राधेश्याम व भगवान सहाय तथा लल्लूराम माली के बेटे गंगा सहाय वगैरह का न्यायालय में काफी समय से भूमि बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन का विभाजन नहीं होने से विवाद बढ़ता जा रहा था। इसी बीच ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ, जहां उन्होंने अपनी सह खातेदारी भूमि के विभाजन के लिए आवेदन किया। एसडीएम एवं तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व टीम ने प्रार्थी के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत प्रार्थी की भूमि में सह खातेदारों से आपसी समझाइश करवाकर मौके पर ही जमीन का विभाजन करवा दिया। इससे न्यायालय में काफी समय से चल रहे भूमि बंटवारा विवाद खत्म हो गया और उनकी परेशानी खुशी में बदल गई।

मिंटू खारवाल का खुला भूमि नामांतरण : पंचायत समिति लवाण के हरपट्टी निवासी मिंटू खारवाल का कई दिनों पहले खातेदारी भूमि का नामांतरण खोलने के लिए आवेदन किया हुआ था, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण काम नहीं हो पा रहा था। इन्होंने पंचायत में लगे शिविर में नामांतरण के लिए आवेदन किया, जहां राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कार्मिकों की मौजूदगी से तकनीकी समस्या का समाधान कर मौके पर ही नामांतरण खोल दिया। जिससे उन्हें राहत मिली।

### कजोड़ गुर्जर का हुआ वार्षिक पेंशन सत्यापन

पंचायत समिति लवाण की ग्राम पंचायत डुंगरावता में आयोजित शिविर के दौरान ही कजोड़ गुर्जर का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का वार्षिक सत्यापन होने से राहत मिली। वह इस सत्यापन को लेकर विगत काफी दिनों से परेशान हो रहा था, लेकिन शिविर में आने मात्र से उसकी समस्या का समाधान हो गया।

### सिंगवाड़ा गांव के किशन गुर्जर को मिली पशु बीमा पॉलिसी

ग्राम सिंगवाड़ा के रहने वाले किशन गुर्जर को ग्राम पंचायत में लगे शिविर के दौरान ही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। किशन गुर्जर ने बताया कि उन्होंने इस योजना के तहत पशुओं का बीमा कराया था, जिसकी आज पॉलिसी मिल चुकी है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके जानवरों का बीमा हो गया है। इस पॉलिसी ने उसे किसी पशु की अनहोनी होने पर आर्थिक नुकसान की चिंता से मुक्त कर दिया है। शिविर के दौरान ही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

## विधायक ने पट्टे बांटे, लोगों ने पानी भराव की समस्या बताई

बांदीकुई ग्रामीण| ग्राम पंचायत पीचूपाड़ा खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक भागचंद टांकड़ा व एसडीएम रामसिंह राजावत ने पट्टे वितरित किए। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि गांव के रास्तों पर इन दिनों बरसात का पानी भरा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पंचायत में शिकायत की गई। इस पर विधायक ने मौके पर ही ग्राम पंचायत को पानी भराव की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा लेना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें। जिससे लोगों को लाभ मिल सके। नायब तहसीलदार अंगदराम नार्वरिया ने बताया कि शिविर में खाद्य सुरक्षा के आवेदनों का सत्यापन, पीएम किसान सम्मान निधि सत्यापन, राजस्व रिकार्ड में नाम शुद्धि, रास्तों का प्रकरण, सीमांकन सहित अन्य कार्य किए गए। इस मौके पर एसीबीईओ विनोद कुमार मीणा, मातादीन मीना, गिरदावर रमेशचंद सैनी, रामावतार सैनी, मनमोहन पटवारी, विवेक चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पंचायत में शिकायत की गई। इस पर विधायक ने मौके पर ही ग्राम पंचायत को पानी भराव की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

## जरूरतमंदों को दिलाया योजनाओं का लाभ

महवा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सालिमपुर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का जायजा लेने पहुंचे विधायक राजेंद्र मीणा ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की और मौके पर ही लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय को साकार करते हुए हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना है। शिविर में पेंशन, चिकित्सा सहाय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुर रोजगार गारंटी, शिक्षा सहाय पालनहार योजना और अ जनसेवा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिलाया। शिविर दौरान आधार सीडिंग, ई-पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, पा जांच जैसी सेवाएं एक ही पंडाल नीचे उपलब्ध कराई गईं। लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र प्र किए। इस अवसर पर बड़ी सं में ग्रामीण मौजूद थे।

## बीछा में एसडीएम ने गतिविधियों का जायजा लि

रामगढ़ पचवारा| ग्राम पंचायत बीछा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसका एसडीएम बद्रीनारायण मीणा ने कैंप में गतिविधियों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में किसानों को मृदा स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशनधारी व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निरंतर भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 हजार गड्ढे खोदने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रतीका रूप से गड्ढों की खुदाई भी की राजस्व विभाग अंतर्गत नामांतरण प्रकरणों के निस्तारण को लेकर निर्देश दि कैंपों की प्रभावी निगरानी बनाए को लेकर तहसीलदार पचवारा मदन लाल मीणा नियमित निरीक्षण करने के नि दिए। इस दौरान प्रधान डॉ. कौश मीणा, तहसीलदार मदन लाल मी अतिरिक्त विकास अधिकारी सिंह मीणा, सरपंच विष्णु मुकेश हाड़ोत्या आदि मौजूद रहे।

दै. भास्कर 03/07/2025

# ग्रामीणों ने सड़क, पानी व गंदगी की समस्याएं बताई

लालसोट। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत उपखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत बिलौना खुर्द का दौरा कर योजनाओं समीक्षा की। यहां ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से गांव में पेयजल संकट, कच्ची और खराब सड़क, बारिश में जलभराव, रास्तों में गंदगी और आवागमन में परेशानी की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में रास्तों में पानी भर जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है।

उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही संबंधित विभागों को समस्या निराकरण के निर्देश दिए और कहा कि ग्राम पंचायत और मनरेगा कार्मिक गांव की टूटी सड़कें और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। ग्रामीणों ने राजस्व भूमि पर अतिक्रमण और सार्वजनिक रास्तों को बाधित करने की भी शिकायत की। उपखंड अधिकारी ने पटवारी और गिरदावर को मौके पर जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर सरपंच हंसराज मीणा भी उपस्थित रहे।



लालसोट। बिलौना खुर्द में पट्टा जारी करते एसडीएम विजेंद्र मीणा।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : आज कई पंचायतों में शिविर

दौसा| पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में शिविर लगेंगे। कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत महेश्वरा कलां, बांदीकुई की बिवाई, झूपडीन, सोडाला, बसवा की मुही, सिकराय की हींगवा, गनीपुर, गुमानपुरा, देवरी, महवा की कमालपुर, टुडियाना, बालाहेड़ी, मंडावर की लौटवाड़ा, टीकरी किलानौत, लालसोट की गोल, इंदावा, संवासा, नांगल राजावतान की नांगल राजावतान, रामगढ़ पचवारा की गांगल्यावास एवं नयावास, लवाण की डिगारिया, सैंथल की बडौली एवं तीतरवाड़ा में शिविर लगेंगे।

इसी प्रकार शुक्रवार को दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल चांपा, बांदीकुई की नांगल झामरवाड़ा, ऊनबड़ागांव, पामाड़ी, बसवा की गुढ़ाकटला, सिकराय की घूमणा, जयसिंहपुरा, शेखपुरा एवं अगावली, महवा की रसीदपुर, गगवाना, बाड़ा कुंजर, मंडावर की महु खुर्द, पावर, लालसोट की कांकरिया, खटवा, शिवसिंहपुरा, नांगल राजावतान की छारेड़ा, रामगढ़ पचवारा की बिदरखां, भांवता, लवाण की रजवास, सैंथल की सिंदोली में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को लालसोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खटूंबर एवं श्यामपुरा कलां में शिविर लगेंगे।

## चौबडीवाला में शिविर का आयोजन

बसवा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत चौबड़ीवाला में शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर एसडीएम रेखा मीणा ने लोगों को योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही समस्याओं का समाधान किया।

जयपुर महानगर टाइम्स 03/07/25

## कैंप में स्वामित्व योजना के 2 हजार 706 कार्ड वितरित

दौसा। पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविरों में 24 जून से अब तक में सीमाज्ञान के 400, नामांतरण के 551 एवं सहमति विभाजन के 55 प्रकरणों का निस्तारण और 77 प्रकरणों में कुर्रेजात की रिपोर्ट कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया।

इसके साथ ही 543 राजस्व प्रकरणों में अभिलेख एवं पत्रावलियां अधीनस्थ न्यायालयों से उच्चतर न्यायालयों में प्रेषित करने तथा 568 प्रकरणों में पक्षकारान को न्यायालय के नोटिस तामील कराने का कार्य किया गया है, जिससे

दै० नवज्योति 03/07/25

# एसडीएम ने लाखनपुर, रतनपुरा और बिलौना खुर्द ग्राम पंचायतों में चल रहे शिविरों का किया निरीक्षण







न्यूज सर्विस/नवज्योति, लालसोट। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत लाखनपुर, रतनपुरा एवं बिलौना खुर्द में आयोजित शिविरों का उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना ने द्वारा निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना ने द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाखनपुर, रतनपुरा एवं बिलोना खुर्द का निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी मीना ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत लाखनपुर में एक वृद्ध नागरिक, जो अस्वस्थता के कारण स्वयं आवेदन करने में असमर्थ थे का खाद्य सुरक्षा आवेदन मौके पर ही ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन करवाया गया तथा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन कार्य केवल आधे गांव में ही पूर्ण किए जाने एवं शेष भाग में कार्य नहीं होने की शिकायत की गई। इस संबंध में उपखंड अधिकारी मीना द्वारा सहायक अभियंता, जलदाय विभाग, लालसोट को निर्देशित किया गया कि वे स्थल का निरीक्षण कर शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं एवं समस्त ग्रामवासियों को लाभान्वित करें।

इसके अतिरिक्त एक प्रकरण राजस्व विभाग की भूमि पर अतिक्रमण एवं सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने संबंधी शिकायत का संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित पटवारी एवं गिरदावर को निर्देशित किया गया कि वे स्थल का मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करें। ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र हितग्राहियों को पंचायत द्वारा प्राप्त पट्टों का समय पर पंजीकरण करवाने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना द्वारा ग्राम पंचायत लाखनपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनपुरा एवं ग्राम पंचायत बिलोना खुर्द में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता का संदेश दिया गया। शिविरों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिकों सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सालिमपुर में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

# विधायक राजेंद्र मीणा ने किया अवलोकन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, महुवा। ग्राम पंचायत सालिमपुर में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, ने शिविर का अवलोकन कर मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सालिमपुर सरपंच मौसम देवी मीणा भी वहां मौजूद रही। विधायक मीणा ने कहा कि यह शिविर अंत्योदय की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों, लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय को केंद्र में रखकर सरकार द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना, श्रमिक कार्ड



पंजीयन, कृषि संबंधित योजनाएं आदि शामिल रहीं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान भी किया। विधायक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिविर में विधायक और एसडीएम ने की जनसुनवाई

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बांदीकुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आईटी केंद पिचूपाड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक भागचंद टाकड़ा, एसडीएम राम सिंह राजावत ने जनसुनवाई की। इस दौरान विधायक ने पट्टे वितरित कर वृक्षारोपण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने रास्ते में पानी भराव की समस्या से विधायक को अवगत कराया। जिस पर विधायक ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। शिविर म विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान नव तहसीलदार अंगदराम, गिरधर रमेश चंद सैनी, राम अवतार सैनी, पटवारी मनमोहन सहित अन्य उपस्थित थे।

# पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े में लोगों के मौके पर हो रहे हैं काम

न्यूज सर्विस/नवज्योति, दौसा। राज्य सरकार की ओर से हर वर्ग के कल्याण और उत्थान की प्रतिबद्धता की सोच के साथ शुरू हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत लग रहे शिविरों में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मौके पर ही काम होने से आमजन राहत महसूस कर रहा है। बिना के रुके हुए सीमा ज्ञान, नामान्तरण एवं सहमति से जमीन विभाजन जैसे काम हो रहे हैं तो किसी को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लवाण पंचायत समिति के हरपुरा निवासी मिट्ठू खारवाल का कई दिनों पहले खातेदारी भूमि का नामांतरण खोलने के लिए आवेदन किया हुआ था लेकिन तकनीकी समस्या के कारण काम नहीं हो पा रहा था। इन्होंने आज डूंगरावता में लगे शिविर में नामान्तरण के लिए आवेदन किया। जहां राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कार्मिकों की मौजूदगी से तकनीकी समस्या का समाधान कर मौके पर ही नामान्तरण खोल दिया। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन, तहसीलदार एवं पटवारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## कजोड़ गुर्जर का हुआ वार्षिक पेंशन सत्यापन

लवाण पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डूंगरावता में बुधवार को आयोजित शिविर के दौरान ही कजोड़ गुर्जर का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का वार्षिक सत्यापन होने से राहत मिली। वह इस सत्यापन को लेकर विगत काफी दिनों से परेशान हो रहे थे लेकिन आज शिविर में आने मात्र से उनकी समस्या का समाधान हो गया।

## किशन गुर्जर को मिली पशु बीमा पॉलिसी

लवाण पंचायत समिति के सिमलावा के रहने वाले किशन गुर्जर को ग्राम पंचायत में लगे शिविर के दौरान ही मुख्यमंत्री भामाशाह पशु बीमा योजना की पॉलिसी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। किशन गुर्जर ने बताया कि उन्होंने इस योजना के तहत पशुओं का बीमा करवाया था जिसकी आज पॉलिसी मिल चुकी है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके जानवरों का बीमा हो गया है। इस पॉलिसी ने उसे किसी पशु की अनहोनी होने पर आर्थिक नुकसान की चिंता से मुक्त कर दिया है।

## भूमि बंटवारे का विवाद सुलझाया

नकाड़ा [illegible] की बगड़ीखेड़ा ग्राम पंचायत के सम्पत जोशी के तीन बेटी रामअवतार, राधेश्याम एवं भगवानसहाय तथा लड्डूराम माली के पुत्री गंगासहाय वगैरह का न्यायालय में काफी समय से भूमि बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन का विभाजन नहीं होने से वह परेशान हो रहे थे। इसी बीच मंगलवार को उनकी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। जहां उन्होंने अपनी खातेदारी भूमि के विभाजन के लिए आवेदन किया। उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व टीम ने प्रार्थी के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 53 के तहत प्रार्थी की भूमि में सहखातेदारों से आपसी समझाइश करवाकर मौके पर ही जमीन का विभाजन करवा दिया। इससे न्यायालय में काफी समय से चल रहे भूमि बंटवारा विवाद खत्म हो गया और उनकी परेशानी खुशी में बदल गई। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान के लिए मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर पुनीत कार्यों का जरिया बनकर लोगों के चेहरों पर खुशियां लाने का काम कर रहे हैं।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

# जिला - करौली

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा • रेवई गांव के शिविर का भरतपुर संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने किया अवलोकन

# संभागीय आयुक्त ने शिविर का लिया जायजा, रोगियों को किट बांटे


हिन्डौनसिटी। संभागीय आयुक्त टीना सोनी ने मरीजों को चिकित्सा विभाग की किट बांटी।


मासलपुर। शिविर में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।


सूरौठ। ग्राम पंचायत खिजूरा में संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया।

हिंडौनसिटी (ग्रामीण)। रेवई

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत हिन्डौन की ग्राम पंचायत रेवई के अटल सेवा केन्द्र पर शिविर का बुधवार को भरतपुर की संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जनता की समस्याओं का गंभीरता से समाधान के निर्देश दिए।

एसडीएम हेमराज गुर्जर ने बताया कि रेवई पंचायत के अटल सेवा केन्द्र पर पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का संभागीय आयुक्त टीना सोनी ने निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की योजनाओं का निचले स्तर के गरीबों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। शिविर में परिवादियों को लाभ मिलना चाहिए। संभागीय आयुक्त सोनी ने एनएचएम की निशुल्क किट बनाकर 3 क्षय रोगियों को किट वितरण की। संबल पखवाड़ा शिविर में एसडीएम हेमराज गुर्जर, विकास अधिकारी लाखनसिंह कुंतल, डीओआईटी शर्मा, बीसीएमओ प्रभाकर मित्तल, पीएचसी स्वास्थ्य से पवीन राजा खान, एएनएम सविता, आशा, ग्रामदा जैन सहित, ग्राम विकास अधिकारी सहित 14 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तरह करसाई शिविर प्रभारी तहसीलदार हरसहाय मीना व गंगरा मीना में नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता व विकास अधिकारी ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में 14 विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने समस्याओं का समाधान किया। विकास अधिकारी ज्ञान सिंह ने बताया कि करसाई व गंगरा मीना के अटल सेवा केन्द्र पर पं.दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के शिविर में राजस्व प्रकरण सीमाज्ञान, पत्थर गढ़ी, नामांतरण, रास्ता से प्रकरणों का निस्तारण, सहमति बटवारा, बिजली समस्या, जल जीवन मिशन, स्कूलों में प्रवेशोत्सव, आयुष्मान कार्ड वितरण, पशुओं के टीकाकरण, आबादी पट्टे आदि से संबंधित परिवादियों की समस्याओं का समाधान किया। शिविर में शिक्षा विभाग प्रवेशोत्सव पर 378 नवीन बच्चों को प्रवेश दिया। 223 छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म राशि हस्तांतरित की।

कृषि विभाग ने 25 कृषकों को किट वितरण की। बिजली व पानी की समस्याओं का समाधान किया। करसाई पंचायत के अटल सेवा केन्द्र पर अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में तहसीलदार हरसहाय मीना, विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, करसाई सरपंच रितु देवी, ग्राम विकास अधिकारी दलवीरसिंह, गंगरा मीना में पटवारह नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, सरपंच करम सिंह, ग्राम विकास अधिकारी नरेश हैरत एवं 14 विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। गंगरा मीना में 20 पशुओं का उपचार किया। बिजली निगम में 35 प्रकरण का निस्तारण किया।

## ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें : करौली विधायक

मासलपुर। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की कार्रवाई की जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जाए। विधायक गुर्जर ने यह बात मासलपुर तहसील की ग्राम पंचायत मुकलानी मुख्यालय पर शिविर में कही। कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करना है।

साथ ही पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अपने-अपने विभाग की योजनाओं से पात्र परिवारों को लाभान्वित करने की कार्रवाई करें। विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करें। विधायक गुर्जर को ग्रामीणों ने बिजली और पेयजल समस्या के बारे में अवगत कराया तो उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्या समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर प्रभारी बीडीओ मोहनलाल शर्मा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, सामाजिक अधिकारिता विभाग, बिजली निगम, चिकित्सा विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग और जलदाय विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

शिविर में चिकित्सा विभाग के 234 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग के 4, सीमा ज्ञान और 3 रास्ता प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग के 66, खाद्य विभाग के 74 प्रकरण, वन विभाग ने 150 पौधे वितरित किए। पंचायती राज विभाग के 17 बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया। वृक्षारोपण के लिए 2000 गड्ढे खोदे गए। 750 वृक्षारोपण किए गए और जल संरक्षण के दो कार्य पूरे कराए गए। जलदाय विभाग ने पानी की टंकी की सफाई और लीकेज दुरुस्त करने का कार्य किया। सामाजिक अधिकारिता विभाग के 10 पेंशनों का सत्यापन किया गया। वन विभाग के 450 नए पंजीकरण किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के 206 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## पीएम स्वामित्व योजना : आबादी के पट्टे जारी किए

हिंडौन ग्रामीण-सूरौठ। ग्राम पंचायत खिजूरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 7 आबादी पट्टे जारी किए गए। 5 सीमाज्ञान, 25 लंबित नामांतरण और 4 रास्तों के प्रकरण निस्तारित किए गए। 17 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। 5 पेंशन सत्यापन किए गए। हरियाली राजस्थान अभियान के तहत 120 पौधे लगाए गए। विकास अधिकारी लखन सिंह, शिविर प्रभारी रेणु कुमारी, शिविर समन्वय अधिकारी प्रमोद पाठक, प्रधानाचार्य प्रकाश मित्तल, सुभाष शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिला स्तर से उप निदेशक आयुर्वेद चंद कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया।

## लोगों ने कीचड़ की समस्या से अवगत कराया

डहरिया। शिविर में लोगों ने नादौती के सीधे रास्ते में हो रहे कीचड़ की समस्या से तहसीलदार को रूबरू कराकर अवगत कराया। प्रशासन ने मनरेगा के तहत ग्रेवल सड़क बनाने का लोगों को आश्वासन दिलवाया।

शिविर प्रभारी तहसीलदार दीनदयाल प्रजापत ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर 24 जून से 9 जुलाई तक शिविर होंगे। उन्होंने कहा कि शिविर के पीछे सरकार की मंशा है कि लोगों को शिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर सभी विभागों से संबंधित कार्य आसानी से हो सकें। उन्होंने लोगों से शिविर का अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की। हेमराज मीना, धोलेरी मीना, जनक राज मीना ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गांव से नादौती के सीधे रास्ते में बारिश के दिनों में हो रहे कीचड़ की समस्या से अवगत कराया। शिविर में सरपंच मधुबन सिंह राजपूत, कुलदीप मीना, लवकुश मीना, मनोहरी मीना, धारा सिंह मीना, रामी मीना आदि मौजूद रहे।

## शिविर में तहसीलदार ने 18 साल से चल रहे विवाद का समाधान किया

करौली। ग्राम पंचायत करीरी में बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लोगों के आवेदन लेकर मौके पर ही समस्या का समाधान किया। शिविर में सबसे अधिक भीड़ सुरक्षा के परिसर कतार लगी रही। शिविर प्रभारी तहसीलदार सौरभ गुर्जर ने 20 किसानों को भूमि मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया। बताया कि राजस्व विभाग द्वारा 18 नामांतरण खोले गए। एक सीमा ज्ञान किया गया। शिविर में 18 साल से चला आ रहा विवाद का समाधान किया। पंचायत समिति के जेईएन शिवदयाल मीना, वीडीओ कृपाल मीना, एलडीसी महेंद्र राजपूत, 3 जन्म प्रमाण पत्र, 3 मृत्यु प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र संशोधन, 15 जॉब कार्ड बनाए गए। पशुपालन विभाग से बृजमोहन मीना द्वारा मिनिरल मिक्सचर, 200 टीकाकरण किया गया। पशुओं के पेट में कीड़े की दवा वितरण की गई। चिकित्सा विभाग से डॉ.आलोक गुर्जर, कल्पना शर्मा, रमाकांत मीणा द्वारा आवश्यकता अनुसार मरीज को दवा वितरण की गई।

# करीरी शिविर में 10 विभागों ने दी सेवाएं

भास्कर न्यूज | टोडाभीम

ग्राम पंचायत करीरी में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर सरपंच लक्ष्मीदेवी की अध्यक्षता में हुआ।

तहसीलदार सौरभ गुर्जर ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाएं घर-घर तक पहुंचाना, समस्याओं का मौके पर समाधान करना और ग्रामीण जीवन को सरल एवं सुगम बनाना है। बताया कि शिविर में सीमाज्ञान, नामांतरण, आपसी सहमति से खातों का विभाजन, पत्थरगढ़ी, रास्तों के विवादों का समाधान जैसे राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास विभाग ने बीपीएल सर्वे का पात्र परिवारों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिए। स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरित किए, चिकित्सा विभाग ने आयुष्मान कार्ड बनाए। जलदाय


शिविर में महिला कृषक को मृदा कार्ड प्रदान करते तहसीलदार।

विभाग ने नल कनेक्शन जारी करने, टंकियों की सफाई एवं जल गुणवत्ता जांच जैसे कार्य किए। कृषि विभाग ने मृदा नमूने एकत्र कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए, जबकि वन विभाग ने ग्रामीणों को निःशुल्क पौधे वितरित किए। बिजली निगम ने झूलते तारों, खंभों की मरम्मत की और शिक्षा विभाग ने प्रवेशोत्सव के माध्यम से बच्चों का नामांकन बढ़ाने की गतिविधियां संचालित की। पशुपालन विभाग ने टीकाकरण, बीमा प्रमाण पत्र और पशु जांच सेवाएं भी उपलब्ध कराईं।

### समस्याओं का मौके पर समाधान

श्रीमहावीरजी (ग्रामीण)। ग्राम पंचायत पैची मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हुआ। प्रशिक्षु तहसीलदार विनीता मीणा ने परिवादियों की समस्याओं का विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर तुरंत समाधान करवाया। तहसीलदार विनीता मीणा ने राजीव गांधी सेवा केंद्र और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत अंजीर, अमरूद, जामुन, करंज के पौधे लगाए।

शिविर में तहसीलदार ने पिछले साल विद्यालय परिसर में लगाए गए हजारों पौधों को जीवित देखा तो उन्होंने प्रधानाचार्य और वृक्षारोपण प्रभारी के कार्यों की सराहना की। साथ ही ग्राम पंचायत ने विद्यालय का सहयोग करने पर सराहना की। इसके साथ ही तहसीलदार ने बिजली के तारों के झूलने की शिकायत मिलने पर बिजली निगम के कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## कई महीनों से अटका नामांतरण खोला


करौली। भोपुर में आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारी- कर्मचारी व लोग

भास्कर न्यूज | करौली

कस्बे के अटल सेवा केंद्र पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर हुआ। तहसीलदार मुकुट सिंह गुर्जर ने बताया कि गांव रामपुर के रामभरोस का विरासत का नामांतरण खुलवाने के लिए कई महीनों से कार्यालयों के चक्कर काट रहा था लेकिन शिविर में मौके पर ही नामांतरण खोल दिया। एसडीओ रमेश शर्मा ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में राजस्व विभाग ने मौके पर 1 बंटवारा प्रकरण, सीमाज्ञान के 2 प्रकरण, रास्ता प्रकरण दो और नामांतरण के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया। कृषि विभाग ने 16 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। पशुपालन विभाग ने 109 पशु लाभान्वित किए। बिजली निगम ने 4 प्रकरणों का निस्तारण किया। चिकित्सा विभाग ने 115 लोगों का प्राथमिक उपचार किया और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 कार्ड बांटे गए।

दैनिक भास्कर
करौली 03-07-2025

कैंप • गुढ़ाचंद्रजी राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान शिविर लगा

# किसानों को सिखाई प्राकृतिक खेती करने की तकनीक

भास्कर न्यूज | डहरिया

गुढ़ाचंद्रजी राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान के तहत शिविर हुआ जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करते हुए खेती करने की अपील की। साथ ही उनको इसकी तकनीक भी समझाई। सहायक कृषि अधिकारी क्षेत्र में 125 किसानों के 50 हैक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है। घर पर ही कीट व रोग हेतु जैविक दवा तथा जैविक खाद बनाना सिखाया जाएगा।



डहरिया। प्राकृतिक खेती जागरूकता शिविर में मौजूद किसान।

सहायक कृषि अधिकारी कैलाश चंद्रवाल ने बताया कि किसान अधिक उत्पादन प्राप्त करने की होड़ में काफी कीटनाशक, खरपतवार नाशक तथा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं। इससे मिट्टी की सेहत खराब हो रही है। साथ ही लोगों में तरह-तरह की बीमारियां जन्म ले रही है। फल-सब्जियों सहित खाद्य पदार्थों का स्वाद भी बिगड़ता जा रहा है। इससे छुटकारा पाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग अब राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के तहत प्राकृतिक खेती की शुरुआत कर रही है। इसके तहत जैव उर्वरक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जैव उर्वरक व आदानों पर अनुदान दिया जाएगा।

चंद्रवाल ने बताया कि जागरूकता अभियान में किसानों को प्राकृतिक खेती सिखाई जाएगी ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ सके तथा पानी जहरीला होने से बच सकें। मनुष्य को शुद्ध प्राकृतिक भोजन उपलब्ध हो सके और पर्यावरण भी शुद्ध हो सकें। विभिन्न बीमारियों से भी छुटकारा मिल सके। किसानों के पास उपलब्ध साधनों जैसे जंगली पौधे, गो मूत्र, खरपतवार, गोबर, छाछ, नीम पत्ती, आक, धतूरा, पार्थेनियम घास, खेती के अपशिष्ट पदार्थ आदि से घर पर ही बनाना सिखाया जाएगा। जैविक तरीके से कीटनाशक दवा, रोग नियंत्रण दवा, फफूंद नाशक दवा, जैविक उर्वरक आदि जैसे बीजामृत, जीवामृत, दसपर्णी अर्क, घनामृत, वर्मी कम्पोस्ट खाद, हरी खाद, सुपर कम्पोस्ट, आदि घर पर ही बनाने का तरीका सिखाया जाएगा। ताकि किसानों को कीट व रोग नियंत्रण तथा पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध हो सके तथा अनावश्यक हो रहे कीटनाशक, खरपतवार नाशक, तथा रासायनिक उर्वरकों के खर्चे से बच सके।

सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि बढ़ती बीमारियों को देखते हुए प्राकृतिक खेती की बहुत आवश्यकता है। कृषि विभाग प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान चला रही है। राजीविका मैनेजर सुनीता कंवर ने कहा कि समूह कृषि सखी भी किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक कर रही है। शिविर में हरिओम मीना कृषि पर्यवेक्षक गुढ़ाचंद्रजी, देवेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह राजपूत सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नादौती.** रौंसी गांव में शिविर में पौधा रोपण करतीं नायब तहसीलदार।



कुड़गांव. शिविर में प्रमाण पत्र सौंपते तहसीलदार एवं अन्य।



गुढ़ाचंद्रजी. भीलापाड़ा गांव में शिविर में पोषण किट वितरित करते अधिकारी।

**नादौती.** उपखण्ड की ग्राम पंचायत रौंसी में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में शिविर प्रभारी व नायब तहसीलदार विनीता मीणा ने ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने। उन्होंने शिविर अधिकारियों से फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर व राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में नायब तहसीलदार विनीता मीणा सहित सरपंच सीताराम मीना व अधिकारियों ने हरित राजस्थान कार्यक्रम के तहत अंजीर, अमरूद, जामुन, करंज के पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नायब तहसीलदार मीणा ने गत वर्ष विद्यालय परिसर में रोपे पौधों को देखा और प्राचार्य हेमराज मीना व प्रभारी रामजीत पटेल की सराहना की। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा विद्यालय के भौतिक व शैक्षणिक विकास में दिए सहयोग की प्रशंसा की। ग्रामीणों द्वारा की गई बिजली के तारों के झूलने की शिकायत पर बिजली विभाग के कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए अविलंब झूलते तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा की गई सिवायचक व चारागाह भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर गिरदावर व हल्का पटवारियों को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत के कर्मचारियों को सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के निर्देश दिए। शिविर में टी.बी. मुक्त करने के लिए टी.बी. मरीजों के लिए पोषण किट का वितरण की। साथ ही गांव को टी.बी.मुक्त बनाने को लेकर शपथ दिलवाई गई। शिविर के कार्यक्रमों में सरपंच सीताराम मीना, प्राचार्य हेमराज मीना, सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार मीणा, छात्रावास अधीक्षक उदयभान सिंह गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी छुट्टन लाल मीना, वृक्षारोपण प्रभारी रामजीत पटेल, गिरदावर धनेश कुमार मीणा, पटवारी गुमान सिंह जाटव, मुनेश कुमार मीणा, डॉक्टर राकेश कुमार मीणा, एसटीएस राजीव कुमार गुप्ता, प्राचार्य हंसराज मीना, व्याख्याता लखनलाल मीना, नरेश कुमार मीणा, केवलराम मीणा, सीएचओ चन्द्रशेखर गुर्जर सहित सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

**कुड़गांव.** समीपवर्ती गांव सलेमपुर के अटल सेवा केंद्र में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे और राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनको लाभान्वित किया। तहसीलदार दिलीप कुमार अग्रवाल ने बताया शिविर में एक काश्तकार खातेदार जिसका नाम लगभग 40 वर्ष पूर्व से सही दर्ज नहीं था। उसकी जमाबंदी और दस्तावेजों में नाम अलग-अलग होने से उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके अलावा उसे अन्य कार्यों में भी परेशानी हो रही थी। शिविर में इनका सही नाम शिवराज सिंह पुत्र अनूप सिंह दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जिससे खातेदार बहुत ही खुश हुआ। उसने बताया कि मैं बहुत वर्षों से परेशान था। मेरा नाम सही नहीं हो रहा था। लेकिन शिविर में नाम सही दर्ज होने से अब उसके कार्य आसानी से हो सकेंगे। तहसीलदार ने बताया शिविर में लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

**गुढ़ाचंद्रजी.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत भीलापाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर लोगों की समस्याओं को निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। लोगों को शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। इसके बाद बीसीएमओ डॉक्टर राजेश कुमार मीणा व सरपंच रेखा देवी ने 5 टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान की।

बीसीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जून से सघन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हो चुका है। इस अभियान के तहत लोगों को टीबी की बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर आईटी केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान तहसीलदार दीनदयाल सारस्वत, अतिरिक्त विकास अधिकारी बालमुकुंद गुप्ता, नोडल अधिकारी डॉक्टर उर्वशी गोचर आदि मौजूद रहे।


कार्यालय प्राचार्य, स्वर्गीय
राजकीय स्नातकोत्तर महा
(नोडल महा
क्रमांक 373
विज्ञ
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,
अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा घोषित विद्या
के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर हेतु गैस



03/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# विधायक ने शिविर का लिया जायजा, बिजली बंद होने पर जताई नाराजगी




**मासलपुर.** शिविर में मौजूद विधायक व अन्य अधिकारी कर्मचारी।

**मासलपुर.** क्षेत्र की डुकावली पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में विद्युत आपूर्ति नहीं होने एवं विद्युत निगम की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचने पर विधायक ने नाराजगी जताई। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक से विद्युत लाइन के तार ढीले होने एवं नियमित बिजली सप्लाई नहीं होने की शिकायत की। इस पर विधायक ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। शिविर में विधायक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविरों में राजस्व, जलदाय, पशुपालन, आयुष्मान, कृषि, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान किया जा रहा हैं। इधर शिविर में 11 बजे तक ग्रामीणों की काफी संख्या कम नजर आई।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 4 एवं 2 रास्ता प्रकरण का निस्तारण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 17 बीपीएल परिवारों का सर्वे,19 बैंक खातों का सत्यापन व 2 वर्षा जल संरक्षण एवं 10 पैंशन सत्यापन कार्य किए गए। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 40 आधार सीडिंग एवं 34 ई-केवाईसी की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी.रोग से ग्रसित व्यक्तियों को पोषण किट वितरण किए गए।

03/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# समस्याओं का किया समाधान



**करीरी मेरेडा@ पत्रिका.** ग्राम पंचायत करीरी में बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लोगों के आवेदन लेकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया। खाद्य सुरक्षा के आवेदन सर्वाधिक आए। शिविर प्रभारी तहसीलदार सीमा गुर्जर ने 20 किसानों को भूमि मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया गया। हल्का पटवारी मनीष कुमार अवस्थी ने 18 नामांतरण खोले, एक सीमा ज्ञान किया गया। एक बंटवारा किया गया जो 18 वर्षों से लंबित चल रहा था। इस दौरान जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड भी बनाए गए।

शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच लिछमा देवी, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि विजय सहित पंचायत समिति जेईएन शिवदयाल मीना, ग्राम विकास अधिकारी कृपाल मीणा, एलडीसी धर्मेंद्र राजपूत, पशुपालन विभाग से बृजमोहन मीणा, चिकित्सा विभाग से डॉ. अशोक गुर्जर गुर्जर, कल्पना शर्मा, दयाराम मीणा आदि मौजूद रहे।

03/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

अधिकारियों को दिए निर्देश

# संभागीय आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



**करौली.** रेवई में शिविर का निरीक्षण करतीं संभागीय आयुक्त।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**करौली.** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने बुधवार को उपखंड हिण्डौन की ग्राम पंचायत रेवई में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने महिलाओं से बातचीत कर सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिकाधिक पौधरोपण की अपील की, जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम महाभियान को सफल बनाया जा सके।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने शिविर परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने शिविर में आए आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति पत्र, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व मेडिकल किट लाभार्थियों को वितरित किए। उन्होंने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर, विकास अधिकारी लाखन सिंह सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

03/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/



# प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - झुंझुनूं

—:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर
झुंझुनू भास्कर 03-07-2025

झुंझुनूं, गुरुवार, 3 जुलाई, 2025 आषाढ़, शुक्ल पक्ष-8,

# 21 ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे अंत्योदय शिविर

झुंझुनूं | जिले में चल रहे अंत्योदय संबल पखवाड़े में गुरुवार व शुक्रवार के शिविरों का कार्यक्रम जारी हुआ है। गुरुवार को जिले की 21 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाएंगे। इसमें सूरजगढ़ के घंडावा व देवरोड़, बुहाना के मुरादपुर, खेतड़ी के खरखड़ा, रसूलपुर व नांगलिया गुर्जरवास, उदयपुरवाटी के किशोरपुरा व छापोली, मलसीसर के झटावाखुर्द व बाडेट, नवलगढ़ के ढक्का की ढाणी, टोंकछीलरी व देवपुरा, मंडावा के वाहिदपुरा व हेतमसर, चिड़ावा के सोलाना व गोवला, झुंझुनूं के बड़ागांव, भड़ौंदा कलां, छऊ व बिशनपुरा में शिविर आयोजित होंगे। वहीं शुक्रवार को बुहाना के श्यामपुरा मैनाना, सूरजगढ़ के दोबड़ा व भगीना, खेतड़ी के शिमला, देवता व सिहोड़, उदयपुरवाटी के दीपपुरा व पापड़ा, मलसीसर के निराधनू व कालियासर, नवलगढ़ के मोहनवाड़ी, झाझड़ व बसावा, मंडावा के मौजास व तोलियासर, चिड़ावा के चनाना व भुकाना, झुंझुनूं के हांसलसर, छावसरी, इस्लामपुर व पातुसरी में शिविर लगाएंगे।

आरोपी का कोई पता नहीं च

# ग्राम पंचायत मेहरादासी में आयोजित अन्त्योदय पखवाड़ा शिविर

# ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए श. सुरेन्द्र कुमार मोगा के स्मारक हेतु भूमि का पट्टा आवंटित



जयपुर गुलाबी टाइम्स

झुंझुनूं ( विद्याधर आजाद )। ग्राम पंचायत मेहरादासी में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ऑपरेशन सिन्दूर में देश सेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए गांव के सपूत शहीद सुरेन्द्र कुमार मोगा की स्मृति में स्मारक निर्माण हेतु भूमि का पट्टा आवंटित किया गया। ज्ञातव्य है कि शहीद सुरेन्द्र कुमार मोगा का अंतिम संस्कार दिनांक 12 मई को ग्राम पंचायत मेहरादासी के खसरा नम्बर 196 की आबादी भूमि पर सैन्य सम्मान के साथ किया गया था। आज शिविर में इसी स्थल पर शहीद के स्मारक के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत 42×58 फीट (270.66 वर्ग गज) का एक पट्टा नि:शुल्क आवंटित किया गया। शहीद वीरांगना सीमा देवी ने भूमि पट्टा प्रदान करने पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

ग्रामवासियों ने भी शहीद के सम्मान में उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की और शिविर की सार्थकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित सरपंच ओमप्रकाश मोगा, उपखण्ड अधिकारी मण्डावा मुनेश कुमारी, विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण मीणा, तहसीलदार मण्डावा डॉ. सुरेन्द्र भास्कर, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी नाथू सिंह, कनिष्ठ सहायक सुमन सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम ठाठवाड़ी में संबल पखवाड़ा शिविर के तहत मिला मालिकाना हक, ग्रामीणों में खुशी की लहर

जयपुर गुलाबी टाइम्स



झुंझुनूं, ( विद्याधर आजाद )। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को खेतड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत ठाठवाड़ी में अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर राहत और अधिकार सुनिश्चित किए गए।

शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाठवाड़ी के चार परिवारों – लीलाराम पुत्र दीनदयाल, बाबूलाल पुत्र गुगनराम, महावीर पुत्र महादाराम, और सैमसुदीन पुत्र सलामुदीन – को प्रॉपर्टी पार्सल एवं पट्टों का वितरण किया गया। पट्टे मिलने पर परिवारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया।

राजस्व विभाग द्वारा शंकरलाल निवासी डोसी के विरासत नामांतरण प्रकरण का मौके पर ही ऑनलाइन आवेदन कर स्वीकृति दी गई। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आपसी सहमति से खाता विभाजन भी संपन्न किया, जिससे संबंधित परिवार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए प्रसन्नता प्रकट की। शिविर में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 4 लाभार्थियों का सत्यापन कार्य भी संपन्न हुआ। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 2000 गड्ढे खोदे गए और 450 पौधे लगाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया गया, जिससे महिलाओं में आत्मीयता और सुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई। शिविर में उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी, नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला, सहायक विकास अधिकारी डॉ. ताराचंद शर्मा, सरपंच किशोरीलाल राव सहित ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के समापन पर ग्रामीणों ने राजस्थान सरकार एवं समस्त उपखंड प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन को उनके अधिकार समय पर मिलते हैं, जिससे समस्या का समाधान और विकास का विश्वास साकार होता है।

पुलिस की विशेष गश्त तथा ताजियों के रणजीत गोदारा समेत संबंधि

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः आज व कल विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे अंत्योदय शिविर

जयपुर गुलाबी टाइम्स

**झुंझुनूं,( विद्याधर आजाद )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत जिले में 3 व 4 जुलाई को चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। शिविर प्रात: 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक संचालित होंगे। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि 3 जुलाई को सूरजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत घंडावा व देवरोड़, बुहाना उपखंड की ग्राम पंचायत मुरादपुर, खेतड़ी उपखंड के ग्राम पंचायत खरखड़ा, रसूलपुर व नांगलिया गुर्जरवास, उदयपुरवाटी उपखंड की ग्राम पंचायत किशोरपुरा व छापोली, मलसीसर उपखंड की ग्राम पंचायत झटावा खुर्द व बाडेट, नवलगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत ढाका की ढाणी, टोंक छीलरी व देवपुरा, मंडावा उपखंड की ग्राम पंचायत वाहिदपुरा व हेतमसर, चिड़ावा उपखंड की ग्राम पंचायत सोलना व गोवला, झुंझुनू उपखंड की ग्राम पंचायत बड़ागांव, भड़ौदा कला, छऊ व बिशनपुरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे । वहीं 4 जुलाई को बुहाना उपखंड की ग्राम पंचायत श्यामपुरा मैनाना, सूरजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत दोबड़ा व भगीना, खेतड़ी उपखंड के ग्राम पंचायत शिमला, देवता व सीहोड़, उदयपुरवाटी उपखंड की ग्राम पंचायत दीपपुरा व पापड़ा, मलसीसर उपखंड की ग्राम पंचायत निराधनु व कालियासर, नवलगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत मोहनवाड़ी, झाझड़ व बसावा, मंडावा उपखंड की ग्राम पंचायत तोलियासर व मौजवास, चिड़ावा उपखंड की ग्राम पंचायत चनाना व भुकाना, झुंझुनू उपखंड की ग्राम पंचायत हांसलसर, छावसरी, इस्लामपुर व पातुसरी में शिविर आयोजित किए जाएंगे ।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बारां

—:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::—

पत्रिका

# शिविर में ग्रामीणों को किया लाभांवित




**बोहत @ पत्रिका.** कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार लोकेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शिविर में किसानों ने खेतों की ओर सूली के माल की नष्ट की गई ग्रेवल सडक का पुनः निर्माण करने की मांग की। चिकित्सा विभाग से डॉ. दिव्य गुप्ता ने टीबी मरीज अनुभव बैरवा को क्षय पोषण किट दिया। ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड, आवासीय पट्टे, लंबित नामांतरण, सफाई, पेंशन सत्यापन आदि का निस्तारण किया। राशन डीलरों ने आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी भी की। विकास अधिकारी कमल सिंह आमेरा, सरपंच बाबूलाल चंदेल, ग्राम विकास अधिकारी पिंकी कश्यप आदि मौजूद रहे।

03/07/2025 | Baran | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# योजनाओं का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**बारां.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर न केवल जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का माध्यम बन रहे हैं, बल्कि वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान कर आमजन को राहत भी दे रहे हैं। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि 3 जुलाई को जिले के लिसाड़िया, माथना, पाटोंदा, बड़गांव, ईश्वरपुरा, छत्रपुरा, जैपला, कोटड़ापार, भावपुरा, बिलेंडी, मोठपुर, खरखड़ा रामलोथान, गदरेटा, ऊनी, सनवाड़, ख्यावदा व छत्रगंज जलवाड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## पुरानी समस्याओं का निस्तारण

ग्राम दीगोद जागीर के बलदेवपुर में खसरा नंबर 353 पर वर्षों से अवरुद्ध पड़े सार्वजनिक रास्ते को शिविर के दौरान खुलवाया गया। शिविर के तहत एक ही दिन में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान हुआ है।ग्राम कोयला निवासी रमेश चंद्र को स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति का अधिकार पत्र (पट्टा) जारी किया गया। उन्होंने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार जताया। ग्राम मानपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी बाई को मल्टी पेरामीटर वाटर क्वालिटी फील्ड टेस्टिंग किट प्रदान की गई, जिससे वे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकेंगी। ग्राम बड़ां निवासी रामगोपाल रैगर सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु लंबे समय से प्रयासरत थे। उन्हें पखवाड़ा शिविर में ही आवेदन कराने, तहसील से स्वीकृति प्राप्त करने एवं पंचायत समिति से पेंशन आदेश वितरण की सुविधा एक ही दिन में प्रदान की गई।

## शिविर में किया शिकायतों का निस्तारण



**अटरू.** ग्राम पंचायत कुंजेड में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के एलडीसी अनिल मीणा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रशासक राजेश पाटनी ने किया। शिविर में स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण किए गए, आयुष्मान कार्ड बनाए, नामांतरण, मृदा कार्ड, पेंशन का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके अलावा शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## तारबंदी योजना बनी किसानों का संबल

हिंगोनिया निवासी किसान मुकेश कुमार मीना ने बताया कि आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें तारबंदी योजना के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में ही उन्हें योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे अब वे अपने खेत की सुरक्षा कर पाएंगे। उन्होंने इस सहयोग के लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार का आभार जताया।

## मिला मालिकाना हक

पंचायत बोहत में आयोजित शिविर में भवानीशंकर मेहरा के आवासीय मकान के मालिकाना हक के दस्तावेज न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामान करना पड रहा था। शिविर में पट्टे, प्रॉपर्टी पार्सल प्राप्त कर मालिकाना हक मिला तो उनके चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई।

03/07/2025 | Baran | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर

बारां 03-07-2025

## दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाए

अटरू | क्षेत्र की जीरोद, कुंजेड़ व भैंसड़ा ग्राम पंचायतों में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किए गए। एसडीएम ओमप्रकाश चंदेलिया ने बताया कि इस शिविरों में रास्ते, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, आपसी सहमति से खाता विभाजन, लंबित नामांतकरण, मकानों का पट्टा वितरण, खाद्य सुरक्षा के लंबित आवेदन, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, स्कूलों के शौचालयों की साफ-सफाई आदि प्रकरणों का निस्तारण किया गया। गुरुवार को ग्राम पंचायत मोठपुर एवं ग्राम पंचायत खरखड़ा रामलोथान में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में तहसीलदार मंजूर अली दीवान, बीडीओ राहुल कुमार बैरवा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

बारां 03-07-2025

# शिविर में विभिन्न समस्याओं का किया समाधान

## बोहत, बंजारी, सहजनपुर और कोयला गांव में लगाए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

भास्कर न्यूज | बोहत

कस्बे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया।

शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार लोकेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शिविर में 13 विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। ग्रामीणों ने सूली के माळ की नष्ट की गई ग्रेवल सडक का पुन: निर्माण करने की मांग की। ग्रामीणों के स्वामित्व कार्ड, आवासीय पट्टे, लंबित नामांतरण, सफाई, पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा व जॉब कार्ड जैसी कई समस्याओं का समाधान किया गया। राशन डीलरों ने खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों के सदस्यों के आधार कार्ड सीडिंग एवं ई-केवाईसी की। शिविर में मांगरोल पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी कमल सिंह आमेरा, सरपंच बाबूलाल चंदेल, वीडीओ पिंकी कश्यप, सह शिविर प्रभारी भू-अभिलेख निरीक्षक मनीष मीणा, शौकत अली, नसरिता कुमावत, रोहित किराड़, एएनएम खुशबू सहित रसद, पशुपालन, शिक्षा, कृषि, वन, बिजली, पीएचईडी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



बोहत. शिविर में ग्रामीण को योजना का प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी।

## आपसी सहमति से किया रास्ते का खुलासा

छीपाबड़ौद| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बंजारी व सहजनपुर में बुधवार को शिविर आयोजित किए गए। जिनमें 16 विभागों से संबंधित आमजन के कार्य किए गए।

सहजनपुर में शिविर में ग्रामीणों ने खेतों पर जाने का रास्ता खुलासा करने करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार त्रिलोकचंद शर्मा ने मौके पर ही खाताधारकों को बुलाकर आपसी सहमति से रास्ता खुलासा करवाया। इस रास्ते के खुलासा होने से कई खाताधारकों को लाभ मिला। बंजारी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के 2, नामांतरण के 6, रास्ता खुलासे के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया। पंचायतराज विभाग ने एक पट्टा दिया। बिजली निगम ने प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्रवाई करते हुए खंभे के झूलते तारों को सही करवाया, कई पोल सही करवाए तथा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंटाई करवाई। कृषि विभाग ने 12 मृदा नमूने लिए एवं 22 मृदा कार्ड भी वितरित किए। इस दौरान शिविर प्रभारी सुरेंद्र सिंह गुर्जर, कानूनगो ललित शाक्यवाल, पटवारी शुभम, ग्राम विकास अधिकारी किशनदास स्वामी, डाटा एंट्री सहायक राकेश शर्मा मौजूद थे।

## शिविर में मिला मकान पट्टा, खिल उठे चेहरे

कोयला| कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों को मकान पट्टा वितरण, राशन कार्ड की ई-केवाईसी, भूमि नामांतरण से संबंधित कार्य किए गए।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। आबादी क्षेत्र के मकान का पट्टा मिलने कर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। रमेशचंद्र ने बताया कि मकान पट्टा मिलने से वह बैंक ऋण प्राप्त कर सकता है। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अजय पालीवाल ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, बिजली निगम, जलदाय विभाग सहित 16 विभागीय अधिकारियों ने आमजन के काम किए। इस दौरान सह प्रभारी कमल यादव, खाद्य सुरक्षा के ईओ देवाराम सारण, पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन, कोयला प्रशासक प्रवीण गौतम, कृषि पर्यवेक्षक सुरेश मेहता सहित कई लोग शामिल हुए।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – जयपुर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

# ग्राम पंचायत सांभरिया और बराला शिविर में 25 पट्टे बांटे

## ग्रामीणों ने सड़क समस्या का ज्ञापन सौंपा, 15 विभागों ने अपने - अपने कार्य निपटाए

भास्कर न्यूज | माधोगढ़ (टूंगा)

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बुधवार को ग्राम पंचायत सांभरिया और बराला में आयोजित हुआ। अध्यक्षता भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन मीना ने की। उनके साथ सांभरिया सरपंच निर्मला शर्मा और बराला सरपंच तेज कंवर मौजूद रही। शिविर में 15 विभागों के कर्मचारी पहुंचे। कार्यक्रम के बीच पहुंचे भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन मीना का ग्रामीणों और सरपंचों ने स्वागत किया। प्रत्याशी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत सांभरिया ग्राम पंचायत ने 1 पट्टा व 9 प्रोपर्टी पार्सल तथा ग्राम पंचायत बराला में ग्रामीणों को मौके पर ही 24 पट्टे व 23 प्रोपर्टी पार्सल दिए। वर्षों से लंबित चल रहे नामांतरण प्रकरण भी खोले गए। ग्रामीणों की मांग पर प्रत्याशी मीना ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को स्वीकृति लेकर सांभरिया से मुण्डली तक जल्द सड़क बनाने को कहा। बिजली, चिकित्सा, कृषि, खाद्य, पशुपालन समेत 15 विभागों के साथ ग्राम विकास अधिकारी नरेश मीना ने ग्रामीणों के कार्य निपटाए।



माधोगढ़। शिविर में ग्रामीणों को पट्टा वितरित करते अधिकारी।

# महादेवपुरा, गोरुनाथ का मृत्यु के 30 साल बाद बना मृत्यु प्रमाण पत्र

भास्कर न्यूज | कोटखावदा

ग्राम पंचायत मुख्यालय महादेवपुरा में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी कोटखावदा नायब तहसीलदार केंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि महादेवपुरा निवासी गोरुनाथ पुत्र मुकुलनाथ की 13 मई 1994 में मौत हो जाने के बाद भी उसकी पत्नी मोता देवी के अनपढ़ होने के कारण पति की मौत के 30 साल बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाई थी। बुधवार को पत्नी मोता देवी व पुत्र राजू कैम्प में पहुंचे और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर शिविर प्रभारी से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने को कहा।

शिविर प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक गोरुनाथ के मृत्यु संबंधी आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाए और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ऑनलाइन करवाया जा कर शिविर में ही महिला को पति की मौत का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया।शिविर प्रभारी केंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया शिविर के दौरान 19 नामांतरण, 2 आपसी सहमति से बटवारा,7 शुद्धि, 6 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 21 पट्टे बनाए गए। वहीं बिजली विभाग के 44 प्रकरण दर्ज हुए जिनमें सभी का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 76 मृदा स्वास्थ्य कार्ड व 62 नमूने लिए गए। वन विभाग की ओर से 2 हजार पौधे वितरण किए गए। साथ अन्य विभागों की शिकायतों का भी मौके पर समाधान किया गया।इस दौरान सरपंच रेणु बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी आलोक शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



कलवाड़ा । लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

## ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

कलवाड़ा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत भंभोरिया में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी प्रभावी मानी जाएंगी जब उनका लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

प्रशासक रामफूल चौधरी ने कहा की सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को सालों से अटके कामों को करवाने में आसानी होती है। आमजन का शिविर के माध्यम से समय व वित्तीय बचाव होता है। शिविर में 37 पेंशन सत्यापन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 8 जल संरक्षण कृषि सिंचाई योजना आवेदन, राजस्व विभाग द्वारा शुद्धिकरण, सहमति तकासमा नामांतरण का निस्तारण, 10 कार्य नरेगा, केंद्र वित्त आयोग सम्बन्धित कार्य 15, मिशन हरियाला राजस्थान के तहत 520 पौधे लगाए गए। साथ ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई रस्म करवाई गयी। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी हिम्मत सिंह, सांगानेर तहसीलदार कार्तिकेय लाटा, विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति, अतिरिक्त विकास अधिकारी अखिलेश शर्मा, प्रशासक रामफूल चौधरी, पटवारी विजयलक्ष्मी, वीडीओ राकेश वर्मा, कनिष्ठ सहायक भगवान मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर पहुंचे आजमनगर, अंत्योदय शिविर का किया निरीक्षण, निस्तारित करवाई समस्याएं

चाकसू। चाकसू क्षेत्र की ग्राम पंचायत आजमनगर में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी शिविर स्थल पर पहुंचे और शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर सोनी ने शिविर में मौजूद आमजन से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित व पारदर्शिता से दिलाना है। मौके पर मौजूद ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन की समस्याओं के समाधान में जुटे रहे।

कलेक्टर के दौरे के चलते चाकसू क्षेत्र के सरकारी दफ्तरों में भी दिन भर हलचल नजर आई। आम दिनों में सुनसान रहने वाले सरकारी कार्यालयों में बुधवार को गहमागहमी रही। अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे और अपनी सीटों पर कार्यरत दिखाई दिए।

शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, खाद्य सुरक्षा, पालनहार योजना, राजस्व प्रकरणों, श्रम विभाग के प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य शिविर सहित कई विभागों की योजनाओं के तहत जन समस्याओं का निस्तारण किया गया।

कलेक्टर सोनी ने शिविर में आए लोगों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और किसी भी समस्या के समाधान के लिए शिविर का भरोसा करें।

## सोनू सैनी को मिला आवासीय पट्टा

तामड़िया। चाकसू उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सवाई माधोसिंहपुरा में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी चाकसू तहसीलदार विपुल चौधरी रहे। सहायक शिविर प्रभारी गिरदावर रामराय शर्मा ने बताया कि अंत्योदय संबल शिविर में आमजन को राहत देते हुए राजस्व विभाग ने 21 नामान्तरण, 15 सीमाज्ञान, 1 पत्थरगढ़ी, 3 आपसी सहमति से बंटवारे व 4 रास्तों के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पंचायतीराज विभाग की ओर से 11 पट्टे जारी कर लोगों को मालिकाना हक प्रदान किया। कृषि विभाग की ओर से 75 मिट्टी के नमूने लिए एवं 85 किसानों को मृदा कार्ड वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से 563 लोगों की बीपी व शुगर की जांचें कर दवाइयां व परामर्श दिया गया। वन विभाग की ओर से 1600 पौधे वितरित किए गए। शिविर में सबसे अहम कार्य सवाई माधोसिंहपुरा निवासी सोनू सैनी को पट्टा जारी कर किया गया। इस दौरान सोनू सैनी ने बताया कि बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए बैंक से लोन के लिए मकान के पट्टे की आवश्यकता थी। बिना पट्टे के कोई भी बैंक लोन देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर में पंचायतीराज विभाग व ग्राम पंचायत ने आवासीय मकान का पट्टा जारी कर खुशियों की सौगात दी। अब उक्त पट्टे पर निःसंकोच ऋण लेकर बच्चों को उच्च शिक्षा अर्जित करवा सकता हूं।

# मंमाणा : जनसमस्या समाधान के लिए अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन




मंमाणा। शिवर में पात्र लोगों को प्रमाण पत्र वितरित करते सरपंच।

भास्कर न्यूज | मंमाणा

ग्राम पंचायत मुख्यालय मंमाणा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबल पखवाड़े के तहत बुधवार को शिविर का आयोजन सरपंच मांगीलाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को लाभ दिया गया। लोगों की समस्याएं सुनी गई।ग्राम विकास अधिकारी दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में राजस्व विभाग की तरफ से 26 नामांतरण प्रकरणों का मौके पर निपटारा हुआ। रास्ता प्रकरण निस्तारण 6, आपसी सहमति से 4 बंटवारे, कृषि विभाग द्वारा 105 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए,180 मृदा नमूने लिए गए। पंचायत राज विभाग द्वारा 30 लोगों को स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड दिए गए ।पेंशन का सत्यापन 42 का किया गया। उपखंड अधिकारी योगेश देवल, तहसीलदार मदन परमार विकास अधिकारी अंकिता पारासर, उपसरपंच हरदीन जाजड़ा सहित सभी विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद थे।

## मोहब्बतपुरा व हीरापुरा में शिविर का आयोजन आज

रेनवाल मांजी। ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा व हीरापुरा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर आयोजित होगा। शिविर के संचालन के लिए उपखंड अधिकारी राजेश मीणा ने शिविर प्रभारी के साथ सह शिविर प्रभारी मौजूद रहेंगे।

शिविर बिजली, शिक्षा, पंचायती राज, राजस्व, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी विभागों की आमजन की समस्याएं शिविर दूर होगी। एसडीएम मीणा ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

# नौरंगपुरा में शिविर आयोजित 12 पट्टे वितरित किए गए



सांभरलेक। नौरंगपुरा में पट्टे वितरित करते जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

भास्कर न्यूज | सांभरलेक

पंचायत समिति सांभरलेक की ग्राम पंचायत नौरंगपुरा में बुधवार को विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया।

कनिष्ठ सहायक ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को 12 पट्टे वितरित किए गए। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण, सरपंच श्रवणलाल जांदू, ग्राम विकास अधिकारी अनिल जांगिड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मिला पट्टा तो छीतर मल को मिला समाज मे सम्मान



**राजस्थान दर्शन**

सिवाना | समदड़ी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोतीसरा में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विभिन्न प्रकार की योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर प्रभारी [illegible] देवड़ा ने किया। ग्राम पंचायत ने कुल स्वामित्व योजना के तहत 150 पट्टे वितरित किए गए। वहीं राशन कार्ड सीडिंग केवाईसी, जन आधार, तारबंदी, खेतलाई, कृषि, बिजली, फसल बीमा, पीएम किसान योजना सहित विभिन्न योजनाओं में ग्रामीणों को लाभ दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासक फतेहसिंह, ग्राम विकास अधिकारी [illegible] देवड़ा, पटवारी [illegible] बिश्नोई, कनिष्ठ सहायक [illegible] सहित कई

## योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले: बाठिया

कल्याणपुर | भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक गणपत बाठिया ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत जाजवी में चल रहे शिविर में भाग लिया।

बाठिया ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गांव, ढाणी और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप सरकार यह

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में निपटाए लोगों के काम



बायतु,[illegible] में कर्मचारी व ग्रामीण पौधारोपण करते हुए।

बायतु | पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत [illegible] में राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर लगा।

तहसीलदार सुरेश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है। इसके तहत जरूरतमंदों को विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया। शिविर में राजस्व विभाग लंबित [illegible] और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में कृषि विभाग नमूने के लिए गए। नए खाद्य सुरक्षा योजनाओं में पात्र परिवारों और सदस्यों का आधार सीडिंग किया गया। शिविर में हरियालो राजस्थान योजनांतर्गत पौधारोपण किया गया। शिविर में तहसीलदार सुरेश चौधरी, सहायक विकास अधिकारी [illegible] चौधरी, [illegible], पटवारी [illegible], ग्राम विकास अधिकारी [illegible], कनिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी [illegible], सरपंच [illegible] देवी, सरपंच प्रतिनिधि [illegible], [illegible] व अन्य ग्रामीण

# 'अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाए'



**कल्याणपुर @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को कांकराला में आयोजित शिविर का प्रधान श्रवणसिंह राजपुरोहित ने निरीक्षण किया।

अधिकारियों से शिविर में किए जाने वाले कार्य व ग्रामीणों ने योजना लाभ के बारे में जानकारी ली। कहा कि जागरुक होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य है। इस अवसर पर विकास अधिकारी महेश सिंह दौलाराम कुंआ सरपंच कल्याणपुर, समीम खां सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ शिक्षा का आधार



बालोतरा. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बालोतरा जिले में शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को एक व्यापक स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य जिले के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित करना, विद्यार्थियों , शिक्षकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना , स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। जिला शिक्षा अधिकारी रामावतार रावल ने बताय कि नए सत्र के शुभारंभ पर जिले वे सभी विद्यालयों स्वच्छता अभियान वे साथ प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है नव प्रवेश छात्र छात्राओं का तिलव लगा स्वागत किया । विद्यार्थियो शिक्षकों व कर्मचारियों ने कक्षाओं शौचालयों, खेल के मैदानों, विद्यालय सफाई की। ठोस अपशिष्ट के उचि निपटान के लिए डस्टबिन की व्यवस्था । छात्रों को कचरे को सही जगह डालने के लिए प्रेरित किया ।

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# बालोतरा की 18 पंचायतों में शिविर, आमजन को मिली राहत और योजनाओं का मिला लाभ

मरुमंच न्यूज

बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बालोतरा जिले की 18 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। यह पखवाड़ा 24 जून से 06 जुलाई तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। बुधवार को बालोतरा जिले की नेवाई, थोबड़ी, पचपदरा, जोगासर, कोड़वा, रिड़ियातालर, मटों की ढाणी, खोखर, पादरड़ी कलां, कांखी, मोतीसरा, मजल, अंबों का बाड़ा, खारा महेचान, धुड़ीया मोतीसिंह, टापूबेरी, एड माननी और नेहरों की ढाणी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।

### मौके पर ही समाधान, ग्रामीणों को मिली राहत

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे। कई ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याएं मौके पर ही सुलझा ली गईं। नामांतरण (म्यूटेशन), सीमाज्ञान, रास्ते के विवाद और अन्य भूमि संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया गया, जिससे वर्षों पुराने विवाद भी सुलझे।

पंचायतों में पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड भी वितरित किए गए। पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से लाभान्वित किया गया। साथ ही बिजली, पानी और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी सुनी गईं और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।



### अंत्योदय की भावना हो रही साकार

ग्रामीणों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि शिविर में आने से मेरा काम बहुत आसानी से हो गया, जिसके लिए मुझे पहले कई दिन भटकना पड़ता था। यह सरकार की बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने ग्राम कल्याण को चलाई गई इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### गुरूवार को यहां आयोजित होगें शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को बालोतरा जिले की भीमरलाई, खट्टू, बरिया परेवा, जिम्माणियों की ढाणी, नौसर, पूनियों का तला, खोखर पूर्व, मोकड़ा, धीरा, सैला, ईटवाया, रामपुरा, ढीढस, सिणधरी चारणान, मनावास, बिलावास, तालबानियों की ढाणी एवं लूणावास कला ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जावेगा।

*गरीबी मुक्त राजस्थान की दिशा में मुख्यमंत्री की बड़ी पहल*

# 'पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू

## पहले चरण में 5 हजार गांवों का चयन, 300 करोड़ रुपयों से ग्रामीण बीपीएल को मिलेगा संबल

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के गांवों को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश के बीपीएल ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए शुरू की गई पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत पहले चरण में 5 हजार गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों के चयनित बीपीएल परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### गरीबी रेखा से उबरे परिवारों को मिलेंगे 21 हजार

योजना के तहत ऐसे परिवार जो अपने प्रयासों से गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं, उन्हें सम्मान स्वरूप 21 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। ऐसे 22,400 परिवारों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जाएगी। अब तक 17 हजार 891 परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया जा चुका है।

### पहले चरण में 30,631 बीपीएल परिवार चिह्नित

योजना के पहले चरण में राज्य के 5002 गांवों में कुल 30,631 बीपीएल परिवारों को चिह्नित किया गया है। चिह्नित परिवारों का भौतिक सर्वे पूर्ण कर लिया गया है तथा इनका बीपीएल जनगणना 2002 के आंकड़ों का मिलान कर वेब पोर्टल पर सर्वे इन्द्राज कर दिया गया है।

### बीपीएल परिवारों को एक लाख तक सहायता

योजना के तहत बीपीएल परिवारों को स्वरोजगार और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों के लिए अधिकतम एक लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। इसी तरह स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रति परिवार 15 हजार रुपए तक की कार्यशील पूंजी दी जाएगी।

### उत्कृष्ट जिलों को मिलेगा विशेष पुरस्कार

इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को प्रोत्साहन के रूप में विशेष वित्तीय पुरस्कार भी दिए जाएंगे। त्रैमासिक रैंकिंग के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले जिलों को क्रमशः 50 लाख, 35 लाख और 25 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

### दूसरे चरण में अब तक 22,872 परिवारों का सर्वे

योजना के दूसरे चरण में भी 5002 गांवों को चयनित किया गया है, जहां बीपीएल परिवारों का सर्वेक्षण जारी है। इन गांवों में भी योजना के तहत योग्य परिवारों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 22 हजार 872 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मोतीसरा में शिविर आयोजित

**नवज्योति/मोकलसर।**

कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोतीसरा में बुधवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार की योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर प्रभारी चंपालाल देवड़ा ने किया। ग्राम पंचायत ने कुल स्वामित्व योजना के तहत 150 पटटे वितरित किए गए । वही राशन कार्ड सीडिंग कैवाईसी,जन आधार, तारबंदी, खेततलाई,कृषि,विद्युत,ममता कार्ड,फाइलें,नामांतरण, पीएम किसान योजना सहित ग्रामीणों को लाभ दिया गया इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासक फतेह सिंह,ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह देवड़ा,पटवारी राजेंद्र विश्नोई,कनिष्ठ सहायक रूपाराम विराश, एएनएम सीता,उगनता,ईमित्र व बैंक बीसी निर्मलकुमार,सुरक्षा गार्ड जबराराम मौजूद रहे।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित



**मोतीसरा/बालोतरा।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोतीसरा में 2 जुलाई को अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार की योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर प्रभारी चंपालाल देवड़ा ने किया। ग्राम पंचायत ने कुल स्वामित्व योजना के तहत 150 पट्टे वितरित किए गए। वही राशन कार्ड सीडिंग कैवाईसी, जन आधार, तारबंदी, खेततलाई, कृषि, विद्युत, ममता कार्ड, फाइलें, नामांतरण, पीएम किसान योजना सहित ग्रामीणों को लाभ दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासक फतेह सिंह, ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह देवड़ा, पटवारी राजेंद्र विश्नोई, कनिष्ठ सहायक रूपाराम विराश, एएनएम सीता, उगनता, ईमित्र व बैंक बीसी निर्मल कुमार, सुरक्षा गार्ड जबराराम मौजूद रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विद्यालयों में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

# स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ शिक्षा का आधार: रावल





बालोतरा न्यूज

बालोतरा। दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बालोतरा जिले में शिक्षा विभाग द्वारा एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित करना, विद्यार्थियों और शिक्षकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है।

जिला शिक्षा अधिकारी रामावतार रावल ने बताया कि नए सत्र के शुभारंभ के साथ ही जिले के सभी विद्यालयों स्वच्छता अभियान के साथ प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत नव प्रवेश छात्र छात्राओं का तिलक लगा स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण के लिए विद्यालयों के अंदर और बाहर स्वच्छ वातावरण को प्रयास किए जा रहे है। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों में व्यक्तिगत स्वच्छता तथा आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को दैनिक आदत का हिस्सा बनाने के साथ व्यवहारिक परिवर्तन लाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर की सफाई के लिए कक्षाओं, शौचालयों, खेल के मैदानों, विद्यालयों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल, शौचालयों को क्रियाशील और स्वच्छ रखना साथ ही उनके नियमित रखरखाव पर ध्यान देना संबंधी कार्य किए गए। इस दौरान बच्चों को ठोस अपशिष्ट के उचित निस्तारण के लिए डस्टबिन की व्यवस्था और छात्रों को कचरे को सही जगह डालने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को खाना खाने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत यह स्वच्छता अभियान हमारे विद्यालयों को न केवल स्वच्छ बनाएगा बल्कि एक स्वस्थ मानसिकता और अनुशासित नागरिक तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ शिक्षा का आधार होते हैं। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# बालोतरा की 18 पंचायतों में शिविर, आमजन को मिली राहत और योजनाओं का मिला लाभ




मरुलहर न्यूज

बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बालोतरा जिले की 18 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। यह पखवाड़ा 24 जून से 06 जुलाई तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। बुधवार को बालोतरा जिले की नेवाई, गोपड़ी, पचपदरा, जोगासर, बोड़वा, रिड़ियातालर, मठे की ढाणी, खोखर, पादरड़ी कलां, कांखी, मोतीसरा, मजल, अंबो का बाड़ा, खारा महेचान, धुड़ीया मोतीसिंह, टाकुबेरी, एड मानजी और नेहरों की ढाणी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।

## मौके पर ही समाधान, ग्रामीणों को मिली राहत

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे। कई ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याएं मौके पर ही सुलझा ली गईं। नामांतरण (म्यूटेशन), सीमाज्ञान, रास्ते के विवाद और अन्य भूमि संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया गया, जिससे वर्षों पुराने विवाद भी सुलझे।

पंचायतों में पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड भी वितरित किए गए। पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से लाभान्वित किया गया। साथ ही बिजली, पानी और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी सुनी गईं और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।

## अंत्योदय की भावना हो रही साकार

ग्रामीणों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि शिविर में आने से मेरा काम बहुत आसानी से हो गया, जिसके लिए मुझे पहले कई दिन भटकना पड़ता था। यह सरकार की बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने ग्राम कल्याण को चलाई गई इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## गुरूवार को यहां आयोजित होगें शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को बालोतरा जिले की भीमरलाई, खटटू, वरिया बरंचा, बिम्बाणियों की ढाणी, नौसर, पूनियों का तला, खोखर पूर्व, सोहड़ा, धीरा, मैला, ईंटवाया, रामपुरा, ढीढस, सिणधरी चारणान, मनावास, विलावास, तालबानियों की ढाणी एवं लूणाकला ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बाड़मेर

–:: समाचार कतरन – 03 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर 03—07—2025

# सरकार खुद चलकर आपके द्वार आई है योजनाओं का लाभ प्राप्त करें: मेघवाल

भास्कर न्यूज | चौहटन

चौहटन उपखंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का मंगलवार को ग्राम पंचायत गोलियार और चौहटन आगोर में आयोजन हुआ। इस अवसर पर चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने शिविर में मौजूद 16 विभागों के अधिकारियों से विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के तहत सम्पादित कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। गोलियार ग्राम पंचायत में शिविर को संबोधित करते हुए विधायक मेघवाल ने कहा कि सरकार खुद चलकर आपके द्वार आई है। उन्होंने आम जनता से अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लेने की अपील की। इससे पूर्व शिविर में उपस्थित उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने विभागवार गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया।

इस अवसर पर विधायक मेघवाल ने शिविर में मौजूद लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण कर आम जनता को राहत देने के निर्देश दिए। विधायक मेघवाल ने कहा कि सरकार गरीब जनता के लिए हर संभव मदद के लिए प्रयासरत रहती है।



चौहटन. पौधरोपण करते विधायक।

शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ नरसिंगदास ने मंगला पशु बीमा योजना, रास्ता खोलो अभियान, नामांतरण, तरमीम शुद्धि, कृषि जोतों के बंटवारे, विद्युत, पेयजल कनेक्शन, उन्नत खाद-बीज, मृदा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच का लाभ लेने, जल संरक्षण और पौधरोपण की आम जनता से अपील की। इस मौके तहसीलदार जोताराम मीणा, नायब तहसीलदार रमेश कुमार, बीसीएमओ बांकाराम ढाका ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ग्राम पंचायत गोलियार शिविर में स्वामित्व योजना के तहत 6 खाताधारकों को पट्टे वितरित किए। शिविर में सरपंच तीजो, वीडीओ घमूराम, पटवारी जितेन्द्र शर्मा, पूर्व सरपंच जेताराम, पूर्व सरपंच भीखाराम, सरपंच प्रतिनिधि मगाराम सहित सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे।

चौहटन आगोर शिविर में पेंशन के सत्यापन किए व मिट्टी के सैंपल लेकर किसानों को रिपोर्ट दी। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि सरूपाराम, वीडीओ प्रेमाराम, पटवारी जसाराम, डिस्कॉम सहायक अभियंता अमित छीपा, पीईईओ संगीता जोशी, पीएचईडी जेईएन सौरभ, कृषि अधिकारी भंवरलाल, नरेश विराट, बीरबल बिश्नोई, लेखराज सोनी, भागीरथ, ठाकराराम मौजूद रहे।

## दैनिक भास्कर 03—07—2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में लोगों के काम निपटाए

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति गडरारोड की ग्राम पंचायत देरासी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देरासी के सलमान खान, हबीब खान व हसन खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम हसन दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम शेरू को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी अमरसिंह से करवाई और ग्राम पंचायत देरासी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमानखान, हबीबखान, हसनखान के पिता का नाम होता खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हसन दर्ज था। मामले आम में पुकारा, जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के पिता का नाम होता खान के स्थान पर हसन करने की स्वीकृति प्रदान की। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सम्मानजनक हसन दर्ज हो गया। शेर मोहम्मद के आवेदन पर उसके अन्य दस्तावेजों और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर शेरू के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए।

गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत भाखरपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में अनेक आमजन को राहत मिली। इसी क्रम में भाखरपुरा निवासी ईशाराम पुत्र सोनाराम मेघवाल को उनके पुत्र मुकेश की बीमारी के इलाज के लिए शिविर के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। ईशाराम ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश को हिमोफीलिया नामक गंभीर बीमारी है, जिसका महंगा इलाज जोधपुर में उपलब्ध था। पहले उन्हें इलाज के लिए जोधपुर बार-बार जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ रही थी।



सेड़वा. संबल शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीण

भास्कर न्यूज | सेड़वा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत सिंहड़ा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। इस अवसर पर ब्लॉक विकास अधिकारी चम्पालाल अणदाराम की उपस्थिति रही।

उनके साथ अतिरिक्त अधिशासी कानूनी ईश्वरलाल परिहार, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रभुसिंह परिहार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार नायक, ग्राम विकास अधिकारी लालाराम, एलडीसी इंदाराम, पटवारी भागीरथ गुर्जर, पटवारी जगाराम और सरपंच लालूराम भील समेत कुल सोलह विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में मौके पर ही कई लाभार्थियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया और तुरंत लाभ प्राप्त किया। खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पांच परिवारों को लाभान्वित किया गया। जमाबंदी खाते में नाम दुरुस्ती से जुड़े पांच मामलों का शिविर में ही समाधान किया गया। इसके अलावा अन्य विभागों से जुड़ी जनकल्याणकारी गतिविधियों का भी त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर स्थल पर सोलह विभागों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए। सभी विभागों ने ग्राम पंचायत परिसर में 50 पौधे लगाए गए।

# गुड़ामालानी में रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्तों को खुलवाया

भास्कर न्यूज | गुड़ामालानी

राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शुरू किए गए रास्ता खोलो अभियान के तहत गुड़ामालानी उपखंड क्षेत्र में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खोलने की कार्रवाई जोर-शोर से चल रही है। उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीना के मार्गदर्शन में तहसील गुड़ामालानी और नोखड़ा में बंद रास्तों को चिह्नित कर उनके लिए एक कैलेंडर निर्धारित किया गया है।

इसको लेकर में बुधवार को राजस्व टीम ने पटवार मंडल धोलानाडा के राजस्व ग्राम सिवकार और धोलानाडा में पुलिस प्रशासन के सहयोग से बंद रास्तों को खुलवाया। इस कार्रवाई से सैकड़ों लोगों को आवागमन के लिए सुगम रास्ता मिला, जिसके लिए ग्रामीणों ने राजस्व विभाग को धन्यवाद दिया।

रास्ता खोलने की इस कार्रवाई में नोखड़ा तहसीलदार पारस कुमार राणा, भू-अभिलेख निरीक्षक अनमोल राम, पटवारी खुमाराम और पुलिस बल शामिल रहे। तहसीलदार



राणा ने चेतावनी दी कि खोले गए रास्तों पर दोबारा अतिक्रमण करने पर धारा-91 के तहत कार्रवाई होगी। जिसमें तीन माह की जेल की सजा का प्रावधान है। आगामी दिनों में इस अभियान के तहत राजस्व ग्राम सिमाणों की ढाणी, निम्बलकोट और फगेनी धतवालों की ढाणी में बंद रास्तों को खोलने की योजना है।

उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीना ने आमजन से अपील की है कि तहसील गुड़ामालानी और नोखड़ा में अतिक्रमण किए गए रास्तों की जानकारी उपखंड कार्यालय में दें, ताकि अभियान के तहत इन्हें खोलकर जनता को राहत प्रदान की जा सके।

# दैनिक नवज्योति 03—07—2025

## सफलता की कहानी : पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर बना राहत का माध्यम, चनणी देवी को मिली पेंशन सत्यापन की राहत

नवज्योति/बाड़मेर।

राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय मांगता में आयोजित शिविर में चनणी देवी पत्नी दमाराम भील के लिए राहत और खुशी की सौगात लेकर आया। विगत कई दिनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन नहीं होने से चनणी देवी पेंशन लाभ से वंचित चल रही थी और ई-मित्र केन्द्रों के चक्कर काट रही थी। शनिवार



को आयोजित इस विशेष शिविर में शिविर प्रभारी चौरमाराम बिश्नोई तहसीलदार धोरीमना एवं सह प्रभारी पोकराराम सहायक विकास अधिकारी के निर्देशन में मौके पर ही उनका पेंशन सत्यापन किया गया। सत्यापन की त्वरित कार्यवाही होने पर चनणी देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस शिविर में कुल 15 पेंशनरों का सत्यापन किया गया, जिससे उन्हें शीघ्र पेंशन लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उपस्थित लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आमजन के लिए वास्तविक सहायता का जरिया बनकर उभरा है। यह शिविर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पट्टे वितरित

नवज्योति/बाड़मेर।

बाड़मेर जिले की ग्राम पंचायत लंगेरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्रामीणों को पट्टे एवं जॉबकार्ड वितरण किए किए। खुमानसिंह लंगेरा ने बताया कि इस मौके पर भाजपा नेता भूरसिंह लंगेरा भाजपा जिला महामंत्री रणवीरसिंह भादू, लंगेरा सरपंच बबूदेवी, नायब तहसीलदार विष्णु कुमार भारद्वाज, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश जांगिड़, उप सरपंच मंजू कंवर सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने कार्य करवाकर लाभ प्राप्त किया।



# शिविर में 13 खातेदारों को मिला अलग-अलग खातेदारी हक

नवज्योति/धनाऊ।

पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत तहसील धनाऊ की ग्राम पंचायत कितनोरिया मे कैम्प आयोजित किया गया।

शिविर कैम्प मे कैम्प प्रभारी तहसीलदार धनाऊ विनोद कड़वासरा, भू.अ. निरीक्षक बिरमदान व पटवारी हल्का बाबूलाल उपस्थित रहे। कैम्प मे ग्राम पंचायत के सरपंच भीखाराम ने ग्राम के एक खाता विभाजन के बारे मे बताया जिसमे पुराने समय से विवाद चल रहा था। कैम्प प्रभारी विनोद कड़वासरा ने तत्परता दिखाते हुए सम्बंधित पक्षकारान से वार्ता कर सहमति बनाई तथा सहमति व आपसी रजामंदी पश्चात पटवारी हल्का बाबूलाल ने तुरन्त खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार किया जिस पर समस्त काश्तकार आलमा पति मुरीद, इसमाइल पुत्र अलावक्स, जाकुब पुत्र अलावक्स, जामीन पति मुरीद, बचु पुत्र जुसब, मलुक पुत्र मुरीद, मारवी पति अलावक्स, मीठा पत्नी जुसब, लालु पुत्र मामद, शेरखा पुत्र अलावक्स, सखी पुत्र बचु, सुखीया पुत्र जुसब, सलीम पुत्र अलावक्स, ने सहमति हस्ताक्षर किये व कैम्प मे ही विभाजन आदेश जारी कर राजस्व रेकार्ड अमलदरामद के निर्देश दिये तथा बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति को कैम्प का लाभ मिले, कैम्प मे मिले अपने खातेदारी हक पाकर समस्त खातेदारान खुश हुए व राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने आमजन की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कैम्प आयोजन का आदेश दिया व प्रशासन को हमारे द्वार भेजा।

# दैनिक नवज्योति 03—07—2025

## सफलता की कहानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर



### ईशराराम के पुत्र मुकेश के लिए शिविर बना वरदान हिमोफीलिया के इंजेक्शन की नजदीक सीएचसी में हुई

नवज्योति/बाड़मेर।

बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत भाखरपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में अनेक आमजन को राहत मिली। इसी क्रम में भाखरपुरा निवासी ईशराराम पुत्र छोगाराम मेघवाल को उनके पुत्र मुकेश की बीमारी के इलाज हेतु शिविर के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। ईशराराम ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश को हिमोफीलिया नामक गंभीर बीमारी है, जिसका महंगा इलाज जोधपुर में उपलब्ध था। पहले उन्हें इलाज के लिए जोधपुर बार-बार जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं। शिविर में जब उन्होंने अपनी समस्या उपस्थित अधिकारियों को बताई तो गुड़ामालानी उपखण्ड अधिकारी केशव मीणा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर मुकेश के लिए निकटवर्ती गुड़ामालानी सीएचसी में ही दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करवा दी। अब मुकेश को जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा और इलाज पास में ही मिल सकेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। ईशराराम ने शिविर के आयोजन हेतु उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ, सरपंच, प्रशासनिक अधिकारियों और माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का आभार प्रकट किया और राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की प्रशंसा की।

**सफलता की कहानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा**

## किसानों को मिला सम्मान, राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकारों के नाम किए सही

नवज्योति/बाड़मेर।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति गडरारोड की ग्राम पंचायत देताणी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देताणी के सलमान खान, हबीब खान व हसन खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम हाकम दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम शेरू को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी से करवाई और ग्राम पंचायत देताणी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमानखान, हबीबखान, हसनखान के पिता का नाम होला खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हाकम दर्ज था। मजमे आम से पूछताछ, जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के पिता का नाम होला खान के स्थान पर हाकम करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सम्मानजनक हाकम दर्ज हो पाया। शेर मोहम्मद के आवेदन पर उसके अन्य दस्तावेजों और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर शेरू के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में हाथों-हाथ काम होने पर प्रार्थी सलमान खान, हबीब खान, हसन खान और शेर मोहम्मद ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर की बदौलत हमें तहसील और उपखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े, शिविर में हाथों-हाथ समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री और प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद।



# दैनिक नवज्योति 03—07—2025

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आपसी सहमति से 105 बीघा भूमि का हुआ बंटवारा

नवज्योति/बाड़मेर।

राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत खारची मुख्यालय पर आयोजित शिविर आमजन के लिए संबल सिद्ध हो रहा है।



बुधवार को आयोजित इस शिविर में मोसेरी गांव के कमलसिंह, गणेशसिंह, जामसिंह व मेहरसिंह जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। वर्षों से चला आ रहा इनका संयुक्त खातेदारी विवाद शिविर में मौजूद अधिकारियों के सहयोग से सुलझ गया। शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया। खातेदारों ने इसे अपने जीवन की बड़ी राहत बताते हुए शिविर को वास्तविक अंत्योदय का उदाहरण बताया और सभी खुशी-खुशी अपने घर लौटे।

# दैनिक मरू लहर 03—07—2025

## सफलता की कहानी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर बना आमजन के लिए संबल

# शिविर बना ईशराराम के पुत्र मुकेश लिए वरदान

### हिमोफीलिया के इंजेक्शन की नजदीक सीएचसी में हुई व्यवस्था

बाड़मेर। बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत भाखरपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में अनेक आमजन को राहत मिली। इसी क्रम में भाखरपुरा निवासी श्री ईशराराम पुत्र श्री छोगाराम मेघवाल को उनके पुत्र मुकेश की बीमारी के इलाज हेतु शिविर के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। ईशराराम ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश को हिमोफीलिया नामक गंभीर बीमारी है, जिसका महंगा इलाज जोधपुर में उपलब्ध था। पहले उन्हें इलाज के लिए जोधपुर बार-बार जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही थीं। शिविर में जब उन्होंने अपनी समस्या उपस्थित अधिकारियों को बताई तो गुड़ामालानी उपखण्ड अधिकारी केशव मीणा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर मुकेश के लिए निकटवर्ती गुड़ामालानी सीएचसी में ही दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करवा दी। अब मुकेश को जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा और इलाज पास में ही मिल सकेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। ईशराराम ने शिविर के आयोजन हेतु उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ, सरपंच, प्रशासनिक अधिकारियों और माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी का आभार प्रकट किया और राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की प्रशंसा की।

## सफलता की कहानी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# किसानों को मिला सम्मान, राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकारों के नाम किए सही

## होता खान के स्थान पर हारूण और शेरू के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज किया गया

### मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का जताया आभार

मरुलहर न्यूज

बाड़मेर। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति गडरारोड़ की ग्राम पंचायत देताणी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देताणी के सलमान खान, हबीब खान व हसण खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम हारूण दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम शेरू को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड़ ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी अभयसिंह से करवाई और ग्राम पंचायत देताणी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमानखान, हबीबखान, हसणखान के पिता का नाम होता खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हारुण दर्ज था। मजमे आम में पूछताछ, जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के पिता का नाम होता खान के स्थान पर हारूण करने की स्वीकृती प्रदान की गई। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सम्मानजनक हारूण दर्ज हो पाया। शेर मोहम्मद के आवेदन पर उसके अन्य दस्तावेजों और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर शेरू के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

शिविर में हाथों-हाथ काम होने पर प्रार्थी सलमान खान, हबीब खान, हसण खान और शेर मोहम्मद ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर की बदौलत हमें तहसील और उपखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े, शिविर में हाथों-हाथ समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री जी और प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# दैनिक मरू लहर 03—07—2025

सफलता की कहानी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर बना आमजन के लिए संबल

## आपसी सहमति से 105 बीघा भूमि का हुआ बंटवारा

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत खारची मुख्यालय पर आयोजित शिविर आमजन के लिए संबल सिद्ध हो रहा है।

बुधवार को आयोजित इस शिविर में मोसेरी गांव के कमलसिंह, गणेशसिंह, जामसिंह व मेहरसिंह जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। वर्षों से चला आ रहा इनका संयुक्त खातेदारी विवाद शिविर में मौजूद अधिकारियों के सहयोग से सुलझ गया।

शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए।

ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया। खातेदारों ने इसे अपने जीवन की बड़ी राहत बताते हुए शिविर को वास्तविक अंत्योदय का उदाहरण बताया और सभी खुशी-खुशी अपने घर लौटे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## शिविर बना राहत का माध्यम, चनणी देवी को मिली पेंशन सत्यापन की राहत

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय मांगता में आयोजित शिविर में चनणी देवी पत्नी श्री दमाराम भील के लिए राहत और खुशी की सौगात लेकर आया।

विगत कई दिनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन नहीं होने से चनणी देवी पेंशन लाभ से वंचित चल रही थीं और ई-मित्र केन्द्रों के चक्कर काट रही थीं। शनिवार को आयोजित इस विशेष शिविर में शिविर प्रभारी वीरमाराम विश्नोई तहसीलदार धोरीमना एवं सह प्रभारी पोकराराम सहायक विकास अधिकारी के निर्देशन में मौके पर ही उनका पेंशन सत्यापन किया गया।

नमस्कार नेशन 03–07–2025

# किसानों को मिला सम्मान, राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकारों के नाम किए सही

**होता खान के स्थान पर हारुण और शेरु के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज किया गया**

नमस्कार नेशन



**बाड़मेर.** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति गडरारोड की ग्राम पंचायत देताणी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देताणी के सलमान खान, हबीब खान व हारुण खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम 'हारुण' दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम 'शेरु' को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी अमनदीप से करवाई और ग्राम पंचायत देताणी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमानखान, हबीबखान, हारुणखान के पिता का नाम होता खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हारुण दर्ज था। सबसे आम में पूछताछ, जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के पिता का नाम होता खान के स्थान पर हारुण करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सम्मानजनक हारुण दर्ज हो पाया। शेर मोहम्मद के आवेदन पर उसके अन्य दस्तावेजों और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर शेरु के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में हाथों-हाथ काम होने पर प्रार्थी सलमान खान, हबीब खान, हारुण खान और शेर मोहम्मद ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'इस शिविर की बदौलत हमें तहसील और उपखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े, शिविर में हाथों-हाथ समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री और प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# शिविर बना राहत का माध्यम, चनणी देवी को मिली पेंशन सत्यापन की राहत

नमस्कार नेशन



**बाड़मेर,** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय मांगता में आयोजित शिविर में चनणी देवी पत्नी दमाराम भील के लिए राहत और खुशी की सौगात लेकर आया। विगत कई दिनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन नहीं होने से चनणी देवी पेंशन लाभ से वंचित चल रही थी और ई-मित्र केन्द्रों के चक्कर काट रही थी। शनिवार को आयोजित इस विशेष शिविर में शिविर प्रभारी वीरमाराम विश्नोई तहसीलदार धोरीमन्ना एवं सह प्रभारी पोकरराम सहायक विकास अधिकारी के निर्देशन में मौके पर ही उनका पेंशन सत्यापन किया गया। सत्यापन की त्वरित कार्यवाई होने पर चनणी देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस शिविर में कुल 15 पेंशनरों का सत्यापन किया गया, जिससे उन्हें शीघ्र पेंशन लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उपस्थित लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आमजन के लिए वास्तविक सहायता का जरिया बनकर उभरा है। यह शिविर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है

# नमस्कार नेशन 03—07—2025

## शिविर बना ईशराराम के पुत्र मुकेश लिए वरदान, हिमोफीलिया के इंजेक्शन की नजदीक सीएचसी में हुई व्यवस्था

नमस्कार नेशन



**बाड़मेर**, बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत भालरपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में अनेक आमजन को राहत मिली। इसी क्रम में भालरपुरा निवासी ईशराराम पुत्र छोगाराम मेघवाल को उनके पुत्र मुकेश की बीमारी के इलाज हेतु शिविर के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। ईशराराम ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश को हिमोफीलिया नामक गंभीर बीमारी है, जिसका महंगा इलाज जोधपुर में उपलब्ध था। पहले उन्हें इलाज के लिए जोधपुर बार-बार जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही थीं। शिविर में जब उन्होंने अपनी समस्या उपस्थित अधिकारियों को बताई तो गुड़ामालानी उपखण्ड अधिकारी केशव मीणा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर मुकेश के लिए निकटवर्ती गुड़ामालानी सीएचसी में ही दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करवा दी। अब मुकेश को जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा और इलाज पास में ही मिल सकेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। ईशराराम ने शिविर के आयोजन हेतु उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ, सरपंच, प्रशासनिक अधिकारियों और माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया और राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की प्रशंसा की।

## आपसी सहमति से 105 बीघा भूमि का हुआ बंटवारा



नमस्कार नेशन

**बाड़मेर**, राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत खारची मुख्यालय पर आयोजित शिविर आमजन के लिए संबल सिद्ध हो रहा है।बुधवार को आयोजित इस शिविर में मोसेरी गांव के कमलसिंह, गणेशसिंह, जामसिंह व मेहताबसिंह जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। वर्षों से चला आ रहा इनका संयुक्त खातेदारी विवाद शिविर में मौजूद अधिकारियों के सहयोग से सुलझ गया। शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया। खातेदारों ने इसे अपने जीवन की बड़ी राहत बताते हुए शिविर को 'वास्तविक अंत्योदय' का उदाहरण बताया और सभी खुशी-खुशी अपने घर लौटे

# दैनिक मरू मंच 03—07—2025

## सफलता की कहानी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

**किसानों को मिला सम्मान, राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकारों के नाम किए सही**

**होता खान के स्थान पर हारुण और शेरु के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज किया गया**

**मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का जताया आभार**

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति गडरारोड़ की ग्राम पंचायत देताणी में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देताणी के सलमान खान, हबीब खान व हसन खान ने उपस्थित होकर अपने पिता का सम्मानजनक नाम 'हारुण' दर्ज करवाने और शेर मोहम्मद ने स्वयं का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम 'शेरू' को सही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

शिविर प्रभारी ईश्वर लाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड़ ने प्रार्थना पत्र की जांच हल्का पटवारी अभयसिंह से करवाई और ग्राम पंचायत देताणी के सरपंच से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राप्त जांच के अनुसार सलमानखान, हबीबखान, हसनखान के पिता का नाम होता खान दर्ज हो गया था जो आम बोलचाल में बोला जाता था। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम हारुण दर्ज था। मजमे आम में पूछताछ, जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के पिता का नाम होता खान के स्थान पर हारुण करने की स्वीकृती प्रदान की गई। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सम्मानजनक हारुण दर्ज हो पाया। शेर मोहम्मद के आवेदन पर उसके अन्य दस्तावेजों और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर शेरू के स्थान पर शेर मोहम्मद दर्ज करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

शिविर में हाथों-हाथ काम होने पर प्रार्थी सलमान खान, हबीब खान, हसण खान और शेर मोहम्मद ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर की बदौलत हमें तहसील और उपखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े, शिविर में हाथों-हाथ समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री जी और प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

## सफलता की कहानी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर बना राहत का माध्यम, चनणी देवी को मिली पेंशन सत्यापन की राहत

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय मांगता में आयोजित शिविर में चनणी देवी पत्नी श्री दमाराम भील के लिए राहत और खुशी की सौगात लेकर आया।

विगत कई दिनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन नहीं होने से चनणी देवी पेंशन लाभ से वंचित चल रही थीं और ई-मित्र केन्द्रों के चक्कर काट रही थीं। शनिवार को आयोजित इस विशेष शिविर में शिविर प्रभारी वीरमाराम विश्नोई तहसीलदार धोरीमना एवं सह प्रभारी पोकराराम सहायक विकास अधिकारी के निर्देशन में मौके पर ही उनका पेंशन सत्यापन किया गया। सत्यापन की त्वरित कार्रवाई होने पर चनणी देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

इस शिविर में कुल 15 पेंशनरों का सत्यापन किया गया, जिससे उन्हें शीघ्र पेंशन लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उपस्थित लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आमजन के लिए वास्तविक सहायता का जरिया बनकर उभरा है। यह शिविर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# दैनिक मरू मंच 03—07—2025

सफलता की कहानी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## शिविर बना ईशराराम के पुत्र मुकेश लिए वरदान

### हिमोफीलिया के इंजेक्शन की नजदीक सीएचसी में हुई व्यवस्था

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत भाखरपुरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में अनेक आमजन को राहत मिली। इसी क्रम में भाखरपुरा निवासी श्री ईशराराम पुत्र श्री खेंगाराम मेघवाल को उनके पुत्र मुकेश की बीमारी के इलाज हेतु शिविर के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई।

ईशराराम ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश को हिमोफीलिया नामक गंभीर बीमारी है, जिसका महंगा इलाज जोधपुर में उपलब्ध था। पहले उन्हें इलाज के लिए जोधपुर बार-बार जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही थीं। शिविर में जब उन्होंने अपनी समस्या उपस्थित अधिकारियों को बताई तो गुड़ामालानी उपखण्ड अधिकारी केशव मीणा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर मुकेश के लिए निकटवर्ती गुड़ामालानी सीएचसी में ही दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करवा दी। अब मुकेश को जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा और इलाज पास में ही मिल सकेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है।

ईशराराम ने शिविर के आयोजन हेतु उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ, सरपंच, प्रशासनिक अधिकारियों और माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी का आभार प्रकट किया और राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की प्रशंसा की।

सफलता की कहानी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल

शिविर बना आमजन के लिए संबल

## आपसी सहमति से 105 बीघा भूमि का हुआ बंटवारा

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत खारची मुख्यालय पर आयोजित शिविर आमजन के लिए संबल सिद्ध हो रहा है।

बुधवार को आयोजित इस शिविर में मोसेरी गांव के कमलसिंह, गणेशसिंह, जामसिंह व मेहरसिंह जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। वर्षों से चला आ रहा इनका संयुक्त खातेदारी विवाद शिविर में मौजूद अधिकारियों के सहयोग से सुलझ गया। शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए।

ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया। खातेदारों ने इसे अपने जीवन की बड़ी राहत बताते हुए शिविर को वास्तविक अंत्योदय का उदाहरण बताया और सभी खुशी-खुशी अपने घर लौटे।